३१। नैको, थोरी भी लाज नहीं छुटी ॥ इति इरिप्रकाशे ॥

समान-लज्जाकामा वर्णन।

मूल। समरसमसरसकोचवस बिवसनठिकुहठराय।
फिरिफिरिउझकतिफिरिदुरति दुरिदुरिउझकतिजाय॥३२॥

टीका।—सखी का वचन सखी से। समरस (कहैं समान है गुण) समर काम और सकोच (कहैं लाज काम) इन दोनौं के बस हो, अबस हुई, नहीं ठीक ठहराती। फिरि फिरि कर झाँकती है, फिर छिपती है, छिप छिप कर झाँकती है आ के। तातपर्य यह कि नायक मुझे न देखे, और मैं उसे देखूँ, कै और कोई मुझे नायक को देखते न देखे॥ यमकालंकार, लाटानुप्रास। समरससमरस यमक्र। फिरि फिरि दुरि दुरि लाटा स्पष्ट है॥

मूल। करेचाहसोंचटकिकै खरेउडनैहैंमैन।
लाजनवायेतरफरत करतखूँदसीनैन॥ ३३॥

टीका।—सखी का वचन सखी से। ए सखी देख। किये, प्यार से मार के, खरे उडनेवाले काम ने। लाज ने नीचे किये तौ करते हैं नाच सा नैन। चुटक कोडा। चुटकना मारने को कहते हैं, और खूँद घोडे के नाचने को। तातपर्य यह कि काम ने ऊँचे किये, और लाज ने नीचे। इस से काम लाज समान हैं॥ उपमानलुप्तोपमालंकार।

दोहा। नैन यहाँ उपमेय है सो वाचक परमान।
खूँद धर्म, हय ना कह्यो लुप्ता यह उपमान॥

मूल। कुटैनलाजनलालचौ प्यौलखिनैहरगेह।
मटपटातलोचनखरे भरेसकोचसनेह॥ ३४॥

टीका।—सखी का वचन सखी से। छुटती नहीं लाज और न लालच छुटै, नायक को देख कर पीहर के घर में। घबराते हैं नैन खरे (कहैं बहुत) भरे हुए

३३। खरेउडौहैंमैन॥ इति पाठान्तरम्॥ मैन, बाह-रूपी जो छडी, ता सौं मारि के अति उडौहौं कये॥ इति हरिप्रकाशे॥

लाज और प्रीति से। तात्पर्य यह कि लाज काम समान हैं नायका को॥
पर्यायालंकार।

दोहा। एक विषै जहँ बहु बसै सो पर्याय प्रकास।
लोचन थल में सटपटी सकुच नेह की बास॥

मूल। पियबिछुरनकौदुमहदुख हरखिजातप्यौमार।
दुरजोधनलौंदेखियत तजतप्रानइहिबार॥ ३५॥

टीका।—सखी का वचन सखी से। नायक के बिछुडने का बहुत दुख है, और बहुत सुख है पीहर के घर जाने का नायका को। दुर्योधन की भाँति देखते हैं, कि छोडै जीव इस समैं। दुर्योधन को श्राप था, कि तुझे शोक हर्ष जब एक समय होगा तब तू मरेगा। यहाँ नायका को काम लाज समान हैं। इस से शोक हर्ष है। इहि बार में दो अर्थ, इस समैं, और यह बाल। र-कार ल-कार एक है॥ पहले अर्थ में उपमेयलुप्ता और दूसरे में पूर्णोपमालंकार है। दुर्योधन लौं तजत प्राण। दुर्योधन उपमान, लौं वाचक, प्राण तजना धर्म। दूजे में दुर्योधन उपमान, बाल उपमेय, लौं वाचक, प्राण तजना धर्म॥

स्वकीया मध्या वर्णन।

मूल। पतिरतिकीबतियांकही सखीनसखीमुसकाय।
कैकैसबैटलाटली अलीँचलीँमुखपाय॥ ३६॥

टीका।—सखी का वचन सखी से। नायक ने काम-केलि की बातें कहीं। नायका ने सखी को देखा मुसका कर। कर कर सब मिस सखी चलीं सुख पा कर अपने अपने घर॥ पर्यायोक्ति अलंकार।

दोहा। छल करि साधिय इष्ट जहँ पर्यायोक्ति सु गाय।
उठिबो इष्ट सु मिसनि सौं उठी यहाँ यह भाय॥

३६। सब सखी टलाटली करि के, एक को एक ने धक्का दियो, ऐसे चली सुख पाय के चली। टलाटली छल सौं घर सूनो करनो इष्ट साध्यो॥ इति इरिप्रकाशें॥

मूल। सकुचसुरतआरंभही बिकुरीलाजलजाय।
ढरकिढारढरिढिगभई ढीठढिठाईआय ॥ ३७ ॥

टीका।—सखी का वचन सखी से। संकोच काम केलि के आरंभ-ही में जुदा हुआ, लाज से लज्जित हो के। सकुच के दो अर्थ, एक सकुचना, और सुकडना। यहाँ दोनौं बने हैं। लुढकने की भाँति प्रसन्न हो निकट हुई, निलज्ज ढिठाई आ के नायका के॥ वृत्त्यनुप्रास अलंकार।

छंद। वृत्त्यनुप्रासहि जोइ। वर्ण मिलता होइ॥

सब भेदन करनकौविदा प्रौढा वर्णन।

मूल। सबअँगकारिराखौसुघर नायकनेहसिखाय।
रसज्ञतनेतिअनंतगति पुतरीपातुरराय ॥ ३८ ॥

टीका।—सखी नायक से नायका के नेच की पुतलियौं की शोभा कहती है। सब भेद से कर रक्खी है चतुरी नायक-प्रेम ने सिखा के। नायक संगीत के सब भेद जानने-करने-वाले को कहते हैं। अनुराग के साथ लेती है अनगिनती गति। पुतली पातुर-राय है कहैं नाचनेवालियौं की सरदार है॥ सविषय-सावयवरूपकालंकार।

दोहा। रूपक सविषय सावयव सकल अंग जु बखान।
पुतरी पातुर कहि कही सब निबाहि अंग मान॥

मदनभरा प्रौढा वर्णन।

मूल। बिहँसिबुलायबिलोकिउत प्रौढतियारसघूमि।
पुलकिपसीजतिपूतकौ पियचूम्योमुखचूमि ॥ ३९ ॥

टीका।—सखी का वचन सखी से। मुसका कर बुला के देख कर उधर (कहैं

३७। ढरकिढारढरिढिग॥ इति पाठान्तरम्॥ ढार सौं, आछी तरह सौं। ढरकि के, सरकि के। ढरि के, राजी होय के। ढिग, नजीक भई॥ इति हरिप्रकाशे॥

३८। नाच की चारि अंग हैं, नाचिबो, गाइबो, बजाइबो, भाव बताइबो। नेच-रूपी नायक चारिहु अंग में सिखाय के सुचरि करि राखी है॥ इति हरिप्रकाशे॥

नायक की ओर) प्रौढा स्त्री मत्त ही, फुरहरीले पसीजतो है बेटे का पति का चूमा मुख चूम कर॥ तातपर्य यह, कि सौत के बेटे का मुँह पति ने चूमा। उस का मुख चूम, इस ने पति के मुख चूमने का सुख माना। इस से सात्त्विक भाव हुआ इसे॥ असंगति अलंकार।

सोरठा। मन मनमथ मद धारि चहिये पिय मुख चूमिबो।
चूम्यो सुत-मुख नारि सु असंगति यह जान चित॥

मूल। सोवत लखि मनमान धरि ढिग सोयो पिय आय।
रही मुपन मिस लगन मिल छिय हिय भेंटि पटाय॥ ४०॥

टीका।—सखी का वचन सखी से। सोवते देख कर मन में क्रोध किये नायका के निकट सोया नायक आ के। नायका नींद को मिलन से मिल रही नायक की छाती से लिपट कर॥ तातपर्य यह कि काम की अधिकाई से मान छोड, नीद के मिस छाती से चिपट रही॥ पर्यायोक्ति अलंकार।

छंद। सुपन मिलन मिस धारि। इष्ट सिद्ध किय नारि॥

परकीया प्रगल्भ

मूल। सिर टेढी भौंहनि दिखाय कै सिर ढाँकि सकुचि मन माहि।
गली ओट ह्वै चली भली बिधि चाहि॥ ४१॥

टीका।—सखी का वचन सखी से। तीनबट और टूँडी दिखा के सिर ढाँकि सुकच में आ के, गली में सखी की ओट ह्वै चली, भली भाँति चाहि (कहँ देख के) नायक को, नायका॥ स्वभावोक्ति अलंकार स्पष्ट है।

दोहा। होय जु काम विकार तें दंपति के तन भाव।
चेष्टा जे बहु भाँति की ते कहिये सब हाव॥

मूल। देखत कछु कौतुक कढ़ते देखौं नैकनिहारि।
कबकी ढिग ठाढी रही टटिया अँगुरिनि फारि॥ ४२॥

४०। मन में मान धरि कै सोवति है। या बात कौं लखि कै (जानि कै) प्यौ (नायक) ढिग (नजीक) आय कै सोयौ॥ इति हरिप्रकाशे॥

४१। समाहि, सँभारि, सँकोच कृत्रिम बताय कै॥ इति हरिप्रकाशे॥

टीका।—सखी का वचन नायक से। देखते ही कुछ तमाशा। इधर देखो थोडा भली भाँति से। कब से टकटकी लगा अटक रही है, टट्टी को उँगलियौं से फाड कर, नायका॥ स्वभावोक्ति अलंकार स्पष्ट है॥

परकीया की प्रथम मिलन वर्णन।

मूल। भौंहनिचासतिमुखनटति आँखनिसौंलपटाति।
ऐंचकुरावतिकरुँचौ आगेआवतिजाति॥ ४३॥

टीका।—सखी का वचन सखी से। भौंहौं से डरातो है, और मुँह से नही नही करती है, और आँखौं से लिपटती जाती है। खैंच के कुडाती है हाथ, पर खिँची हुई आगे आती जाती है, नायक के पास, नायका। आवति जाति कहैं धीरे धीरे आती है॥ स्वभावोक्ति अलंकार स्पष्ट है॥

मूल। दृग्यौंअनदृग्यौंकियौ अँगअँगसबदिखाय।
पैठतिसौंतनमेंसकुचि पैठोचितछिनजाय॥ ४४॥

टीका।—सखी का वचन सखी से। हे सखी, तैं ने देखा। इस नायका ने न देखा किया हमारा, अपना अंग अंग सब दिखा के नायक को। धसती सी शरीर में सुकच के बैठी मन को लजा के अपने॥ स्वभावोक्ति अलंकार स्पष्ट है॥

आकृति गुप्ता वर्णन।

मूल। कारेबरनडरावनौ कतआवतइहिगेह।
कैबान्यौंसखीलखै नगैथरहरीदेह॥ ४५॥

टीका।—नायका का वचन सखी से। नायक को देख सात्विक भाव हुआ, सो सखी से छिपावै है। काले रंग भयावना क्यौं आता है इस घर में। कै बेर देखा मैं ने। ए सखी, इस के देखे से लगती है कँपकँपी शरीर में मेरे॥ व्याजोक्ति अलंकार।

४४। नायक कौं अंग अंग दिखाय कैं, नायक कौं देख्यौ, सो अनदेख्यौ सो कियौ। मानो नाही देख्यौ है॥ इति हरिप्रकाशे॥ प्रविशेव सा निजतनौ वपाभरं तस्कर॥ इति शृङ्गारसप्तशतिकायाम्॥

दोहा। व्याज उक्ति कछु कहि जहाँ　　लेत प्रकार दुराय।
सात्विक दुरयो कहि इहाँ　　स्याम बरन उर लाय॥

मूल। देवरफूलहनेजुसिमु　　उठीहरखिअँगफूल।
हँसीकरतऔरखिसखिनि　　देहदरोरनिभूल॥ ४६॥

टीका।—नायका की पड़ौसिन का वचन निज सखी से, कि मेरे देवर ने फूलौं की कली जो मारी सो हरष कर उठी और अंग फूला (कहैं सात्विक हुआ)। फिर हँसी करते हुए देख औषध सखियौं को शरीर के ददोडौं के भूल से। तातपर्य यह कि मैं ने सात्विक छिपाया सो छिपा।

दोहा। शिष्य तैं सात्विक होत नहि　　देवर धर्म-विरुद्ध॥
इस प्रश्न से बचा के, ऐसे अर्थ किया। सु-कवि समझैंगे इस युक्ति को॥
भ्रांत्यलंकार स्पष्ट है ददोडौं के भ्रम से॥

अन्यवचनविदग्धा-हेतुगर्भा वर्णन।

मूल। इहकाढिमोपायल्यौंमि　　लीनोमरतिजिवाय।
प्रीतिजनावतिभीतिमौं　　मीतजुकाढ्योआय॥ ४७॥

टीका।—पूर्वार्द्ध में नायका का वचन सखी से, उत्तरार्द्ध में सखी का वचन सखी से। इस काँटे ने मेरे पाँव में लग के मुझे लिया मरते हुए जिवाय। नेह जतावती है डर से, प्रीतम ने जो काढा है आ के काँटा। पंचम विभावनालंकार।

दोहा। कारज होय विरुद्ध तें　　यह विभावना गाय।
काँटे तें जीवन भयो　　बिरुध होत दरसाय॥

स्वयंदूतिका वर्णन।

मूल। घामघरीकनिवारियै　　कलितललितअलिपुंज।
जमुनातीरतमालतरु　　मिलतिमालतीकुंज॥ ४८॥

४६। हनेजुइठि॥ इति पाठान्तरम्॥ शिष्य को अन्यय सखी सौं कीजिये, शिष्य अज्ञान जो सखी है, ता कौं हँसी। किंवा नायक ने पड़ोसिन के शिष्य देवर के हाथ फूल दिये॥ इति हरिप्रकाशे॥

टीका।—नायका वचन नायक से। धूप घडी एक टालिये यहाँ। साथ सुंदरता के भौंरों के झुंड गूँज रहे हैं। और यमुना-तट तमाल वृक्षों में मिल रही हैं चँबेली की कुंजैं। तातपर्य यह कि एकांत ठौर है॥ गूढोत्तरालंकार।

दोहा। वचन गूढ निज भाव सौं गूढोत्तर कहि ताहि।
द्रुम घन मालति कुंज में स्वयंदूतता चाहि॥

क्रियाविदग्धा वर्णन।

मूल। हरषिनबोल्योनिरखिललन निरखिअमिलनमंगमाथ।
आखनहीमेंहँसिधर्योउ सीसहियेपरहाथ॥ ४९॥

टीका।—सखी का वचन सखी से। मगन ह्वै न बोली देख नायक से, लख के अनमेल टोल साथ में अपने। आँखौं-ही में हँस कर, रक्खा सिर और छाती पै हाथ नायका ने। तातपर्य यह कि रात को मिलूँगी, कै प्रणाम कर कहा तुम मेरे मन में बसते हो॥ सूक्ष्मालंकार।

दोहा। किहूँ भाव तें जानिये जिय की सूक्ष्म नाम।
हावन में बोधक यहै वरणत जे गुण-धाम॥

मूल। न्हायपहिरिपटउठिकियो बेंदीमिसपरनाम।
दृगचलायघरकौंचलो विदाकियेघनस्याम॥ ५०॥

टीका।—सखी का वचन सखी से। न्हा के, कपडे पहन, उठ कर, किया बिंदी लगाने के बहाने से प्रणाम। और नैन मटका निज घर को चली, श्री-कृष्ण की बिदा कर के॥ पर्यायोक्ति अलंकार। छल बेंदी के, प्रणाम इष्ट साधा॥

४९। आँखिन में हँसी, अपनी निश्चय राजीपनौ जतायौ। मुंह कौ हँसी झूठी भी है, नेत्र कौ क्रिया सच साँच॥ सीस पै हाथ धर्यौ। वेस स्याम है, जब अँधेरा होयगी तब मिलौंगी। हिये हाथ धर्यौ। कुच कौं शंसु कहत हैं। महादेव कूच कौं कहति हौं॥ इति हरिप्रकाशे॥

५०। पटउठिकियो। इति पाठान्तरम्॥ दृग सौं नायक कौं चलाय कै घरैं सिधाय होयगी, अपने घर कौं चली॥ इति हरिप्रकाशे॥

मूल। चितवतजितवतहितहिये कियेतिरीछेनैन।
भीजेतनदोऊकँपैं क्यौंहूँजपानिबरैन॥ ५१॥

टीका।—सखी का वचन सखी से। दंपती देखते हैं, और बढाते हैं प्रीति हृदे की, किये हुए तिरछी आँख। और भीगे शरीर दोनौं काँपते हैं, पर किसी भाँति जप समाप्त होता नही॥ पूर्वार्द्ध में जाति अलंकार स्पष्ट है, और उत्तरार्द्ध में विशेषोक्ति अलंकार। विशेषोक्ति जो हेतु से कारज उपजता नही। काँपना हेतु है, और जप निबडता नही॥

मूल। मुँहधोवतिएडीघसति हँसतिअनँगवतितीर।
धसतिनइंदीवरनयनि कालिंदीकेनीर॥ ५२॥

टीका।—सखी का वचन सखी से। मुँह धोवती है, और एडी रगडती है कामवती नायका तट पर। धसती नही स्याम-कमल-नैनी यमुना के पानी में॥ जाति अलंकार स्पष्ट है। और पर्यायोक्ति भी होती है, क्यौंकि देखना इष्ट छल करि साधती है॥

मूल। नहिअन्हायनहिजायघर चितचिहुँट्यौतकितीर।
परसिफुरहरीलेफिरति बिहसतिधसतिननीर॥ ५३॥

टीका।—सखी का वचन सखी से। न न्हाती है। न घर को जाती है। मन लगा है नायका को तक कर तीर पर। छू के फुरहरी ले फिरती है, मुसकुरा कर धसती नही पानी में नायका॥ पर्यायोक्ति अलंकार। सीत के छल करि बडी बेर देखना इष्ट साधा॥

५१। दंपती नदी में स्नान करि, तहाँ-ई भीजे वस्त्र सौं जप करत हैं, परस्पर देखत हैं। हियो में जो हित है, ता कौं उत्कर्ष करे हैं। बढावत हैं किंवा सीत भयो है, ता सौं हित कौं जितवत हैं, हित सौं सीत कौं दबावत हैं॥ इति हरिप्रकाशे॥

५२। अनगवति, अर्थात् विलंब करती है। इति पाठान्तरम्॥ नायिका नायक को देखती है। इति भावः॥

५३। चुहट्यौ। इति पाठान्तरम्॥ चुहट्यौ है, लागि गयो है। किंवा तीर में नायक कौं ताकि कें, वा को चित्त चिहुँट्यौ, चिपि गयो, नायक में आसक्त भयो। जल को छूइ के फुरहुरी ले के आँग कँपाय के फिरती है॥ इति भावः॥

मूल। चितई ललचौंहैं चखनि डटि घूँघट पटमाहिं।
कुलसौंचली कुवायकै कछेक छबीली छाहिं॥ ५४॥

टीका।—सखी का वचन सखी से, कै नायक का वचन सखी से। देखा नायका ने लालच भरी आँखौं से डट के घूँघट के आँचल में से। फिर कुल से चली कुछा कर छण एक अपनी छबीली छाह नायका नायक के अंग से। छाँह कुलाने का हेतु यह, कि मैं तुम्हारे साथ छाँह समान हूँ॥ स्वभावोक्ति अलंकार स्पष्ट है॥

पर-अपवाद शंकिता वर्णन।

मूल। लाज गहौ बस काज कत घेरत हौ घर जाहिं।
गोरस चाहत फिरत हौ गोरस चाहत नाहिं॥ ५५॥

टीका।—गोपियौं का वचन श्री-कृष्ण से। लाज पकडो। बिना काज क्यौं घेर रहे हो। हम अपने घर जावैं। बातौं का स्वाद चाहते फिरते हो। दही दूध माखन का स्वाद नहीं चाहते हो॥ यमकालंकार।

दोहा। न्यारे न्यारे अर्थ पद इक से यमक बखान।
गोरस पद है भिन्न अरथ वाणी-रस दधि जान।

हेतु-लक्षिता वर्णन।

मूल। सब हीतन सम्मुहानि कत चलति भवनि दै पीठि।
वाहीतन ठहरानि यह किबलिनुमा लौं दीठि॥ ५६॥

टीका।—सखी का वचन सखी से। सब की ओर सामने होती है, और छण में चलती है सब को दे पीठ। और वाही तन (कहैं नायक) की ओर ठहरती है यह किबलिनुमा सी दृष्टि। किबलिनुमा कहैं एक लोहे का पची, डिबिया के अँगूठी में होता है। उसे जिधर चाहो तिधर फेरो पर वह ठहरता है पश्चिम-ही के सनमुख। तैसे इस नायका की भी दृष्टि नायक-ही की ओर ठहरती है॥ पूर्णोपमालंकार।

दोहा। दीठि जान उपमेय है किबलिनुमा उपमान।
लौं वाचक समुझनि धरम पूरन उपमा जान॥

५५। गोरस मेरे की रस, किंवा इंद्रियनि की रस॥ इति इरिप्रकाशे॥

मूल। खरीभरीहूभेटिकै कितहूँछेहूतआय।
फिरेदीठिजुरिदीठिसौं सबकीदीठिबचाय॥ ५७॥

टीका।—सखी का वचन सखी से। बहुत भीड को भी फाड के, किधर भी ही, इधर आ कर फिरै है, नायका की दृष्टि मिल के नायक की दृष्टि से, सब की दृष्टि बचा कर॥ विभावनालंकार।

दोहा। कार्य होय प्रतिबंध जहँ प्रतिछ विभावन सोइ।
भोर बाधकहि प्रतिछ-हूँ दरस काज सिध होइ॥

मूल। कहतनटतरीझतखिजत मिलतखिलतलजियात।
भरेभौनमेंकरतहैं नैननिमेंसबबात॥ ५८॥

टीका।—सखी का वचन सखी से। कहते हैं, नटते हैं, रीझते हैं, खिजलाते हैं, मिलते हैं, खेलते हैं कै फूलते हैं, और लजाते हैं। लोकौं से भरे हुए घर में करते हैं आँखौं-ही में सब बातैं। तात्पर्य यह, कि नायक संकेत जाने को कहता है, नायका नही करती है, नही करने के भाव को देख नायक रीझता है, इस का रीझना देख नायका खिजलाती है, फिर मिल कर नायक प्रसन्न होता है, फिर नायका लजाती है। उत्तरार्ध का अर्थ वैसे-ही है। पूर्वार्ध में कारक-दीपक अलंकार, औ उत्तरार्ध में विभावन।

दोहा। कारक-दीपक एक में क्रम तें भाव अनेक।
जाति चितै आवति हँसति पूछति बात विवेक॥
भयो भौंन बाधक तऊ काज होय सुख बात।
बाधक के परतिच्छ-ही सु विभावन सरसात॥

मूल। दीठिबरतबाँधीअटनि चढिआवतनडरात।
इतउततेंचितदुहुनिकै नटलौंआवतजात॥ ५९॥

टीका।—सखी का वचन सखी से। दृष्टि का रस्सा बाँधा दंपती ने कोठौं पर

५९। दृष्टि सीई है बरत (रसरी), आपनी आपनी अटारी सौं नायक नायिका ने बाँधी है (लगाई है) ता पै मन दौरत है॥ दीठि-बरत इहाँ रूपकालंकार॥ इति इरिप्रकाशे।

से, और चढ कर आवते नही डरते। इधर उधर से मन दोनों के नट की भांति सहज हँसहव आते हैं।१ चित दुहुनि के आवत जात कहूँ आसक्त होते जाते हैं॥ बरत नट से रूपकालंकार स्पष्ट है और पूर्णोपमालंकार। चित उपमेय, नट उपमान, सौं वाचक, आवत जात धर्म॥

मूल। कंजनयनिमंजनकियें बैठीव्यौरतिबार।
कचअँगुरिनबिचदीठिदै चितवतिनंदकुमार॥ ६०॥

टीका।—सखी का वचन सखी से। कमल-नैनी स्नान किये बैठी सुलझाती है बाल। बाल और उँगलियों में दृष्टि दे, देखती है श्री-कृष्ण-चंद्र को॥ पर्यायोक्ति अलंकार।

दोहा। छल करि साधिय इष्ट जहँ पर्यायोक्ति विचारु।
कच व्यौरनि के मिस लहै इष्ट दृष्टि द्युति चारु॥

मूल। जुरेदुहुनिकेदृगभ्रमकि रुकैनझीनेचीर।
हलकीफौजहरौलज्यौं परतिगोलपरभीर॥ ६१॥

टीका।—सखी का वचन सखी से। दोनों के नैन भ्रमकि (कहूँ जलदी कर के) जुरे (कहूँ मिले), रुके नही महीन घूँघट पट में। थोडा कटक आगे का होने से, जैसे पडती है बडे कटक को सुशकिल। तात्पर्य यह कि नायका के नैन बादशाही फौज, और घूँघट पट हरौल, और नायक के नेत्र दक्षिणी कटक। दक्षिण में हरौल की रीति नही॥ दृष्टांतालंकार।

दोहा। भाव बिंब प्रतिबिंब की दृष्टांत सुकवि धीर।
मिले सु दृग दृष्टांत ज्यौं परति गोल पर भीर॥

मूल। पहुँचतिडटिरनसुभटलौं रोकिसकैसबनाहिं।
लाखनहूँकीभीरमें आँखिवहींचलिजाहिं॥ ६२॥

टीका।—सखी का वचन सखी से। पहुँचती हैं अटक के रण के सूरमा की

१। हरौल कहैं हरावल॥ जैसे हरौल की थोरी फौज होय, तो गोल की फौज (जो है बडी फौज) ता पर और पर है॥ इति हरिप्रकाशे॥

भाँति, और रोक सके सब नही। लाखौं मनुष्य की भी भीड में आँखें वहीं चल कर जाती हैं नायका नायक की॥ यहाँ तीन अलंकार हैं। विशेषोक्ति, विभावना और पूर्णोपमा।

दोहा। जहाँ कार्य अनहोन है सु विशेषोकति जान।
कार्य होन बाधकहि छत सु विभावन पहिचान॥
आँख उपमेय, रण-सुभट उपमान, लौं वाचक, पहुँचना धर्म॥

मूल। ऐंचतिसोचितवनचितै भईओटअरसाय।
फिरउझकनकौंमृगनयनि दृगनिलगनियोंलाय॥६३॥

टीका।—सखी का वचन सखी से, कै नायक का वचन सखी से। खैंचती सी दृष्टि से देख के मुझे, हुई ओट में अलसा कर नायका। मैं फिर उस के झाँकने के लिये, हे मृग-नैनी, अपने नैनौं में लगन लगाय रहा हूँ, कि वह मुझे चाहती है, फिर झाँकेगी॥ अनुमानालंकार।

दोहा। मो चितवन कौं ऐंच लिय जानी चाहति मोहि।
या तें फिर वह झाँकिहै अनुमान सु यह टोहि॥

मूल। दूरौखरेसमीपकौं मानलेतमनमोद।
होतदुहूनिकेदृगनहीं बतरसहँसीबिनोद॥६४॥

टीका।—सखी का वचन सखी से। दंपती दूर खडे हैं। तौ भी अति निकट का मान, लेते हैं मन में आनंद। होता है दोनौं की आँखौं-ही में बातौं का रस हाँसी और सुख॥ पहली विभावनालंकार।

दोहा। कारण बिन कारज उदै सु विभावन पहिचान।
खरी समीप नही अवर तासु मोद है जान॥

मूल। जदपिचवायनिचोकनी चलतिचहूँदिससैन।
तदपिनकाँडतदुहूनिके हँसीरसीलेनैन॥६५॥

टीका।—सखी का वचन सखी से। जो भी निंदा-भरी, चिकनी, चलती है

चारौं ओर से सैन (कहैं आँख का इशारा)। तो भी नहीं छोड़ते हैं दोनौं के हाँसी अनुराग-भरे नैन॥

प्रश्न॥ दोहा। सैन चवाव-भरी चलै यह तौ कहनि सुभाव।
प्रश्न चीकनी सैन की अर्थ सुहै किहिँ भाव॥

उत्तर॥ दोहा। जे रूखी इन सौं सुनी तिन की सैन सरोष।
क्यौं कहिबे की ठौर है दुष्ट लगावत दोष॥
जे चिकनी सु हितू लखौ तिन की सैन गनै न।
यह दिठई अति दुहुनि की हँसी न छाँडत नैन॥

तीजी विभावनालंकार।

दोहा। काज होय प्रतिबंध जहँ प्रतिछ विभावन जोइ।
बाधक सैन चवाव छत हँसी काज तउ होइ॥

मूल। मरपटातिसौमसिमुखौ मुखघूँघरपटढाँकि।
पावकझरसौझमकिके गईझरोखाझाँकि॥ ६६॥

टीका।—नायक वचन सखी से। घबराई हुई सी चंद्र-वदनी नायका मुँह घूँघट के पट से ढक के, आग की झाल सी शीघ्रता से, की चमक के, गई है खिड़की में देख कर। पूर्णोपमालंकार स्पष्ट है। अग्नि-मुखी पावक झर सी झमकि॥

आकृति-लक्षिता वर्णन।

मूल। कबकौध्यानलगीलखौं यहघरलगिहैंकाहि।
डरियतभृंगीकीटलौं जिनवहईछेजाहि॥ ६७॥

टीका।—सखी का वचन सखी से। कितनी बेर की यह नायक के ध्यान में

६७। भृंगी की नाम संस्कृत में झिल्लीरव, पूरब में चिरनी। सो कीरा धरि कै अपनी सरूप करि लेत है। इति इरिप्रकाशे॥

लगी है। मैं देखती हूँ यह इस का घर किसे लगेगा (कहैं इस के घर को कौन सँभालिगा)। डरती हूँ भंगी कीट की भाँति (कहैं कुम्हरिया के कीडे की रीति) से न वही ही जाय (कहैं मन कर के कहीं स्वरूप से निरंतर न ही जाय)॥ स्मृति अलंकार स्पष्ट है ध्यान से॥

मूल। रही अचल सी ह्वै मनौ लिखी चित्र की आहि।
तजे लाज डर लोक को कही बिलोकति काहि॥ ६८॥

टीका।—सखी का वचन नायका से। रही अचल सी ही कर, जानौ लिखी हुई चित्र की मूरति ही, और छोडे हुए लाज और भय संसार का। कही देखती ही किसे॥ उत्प्रेक्षालंकार स्पष्ट है॥

मूल। पलनचलैं जकि सी रही थकि सी रहीउसास।
अबही तनरितयौ कहा मनपठयौ कहिँपास॥ ६९॥

टीका।—सखी का वचन नायका से। पलक तेरी नही झपकती, और जड सी ही रही है, और थक रहा है साँस भी तेरा। इसी समय घट रीता किया। क्या मन को भेजा है किसी के पास॥ स्मृति और छेकानुप्रास अलंकार। मन पठयौ यह स्मृति है, और जकि सी थकि सी छेकानुप्रास है॥

मूल। नाम सुनत ही ह्वै गयौ तन औरै मन और।
दबै नही चित चढि रह्यौ अबै चढाये त्यौर॥ ७०॥

टीका।—सखी का वचन नायका से। नायक का नाम सुनते-ही, ही गया तेरा शरीर और-ही, और मन और। दबता नही जो चित पर चढ रहा है, सो अब चढाये से त्यौरी के॥ भेदकातिशयोक्ति और छेकानुप्रास अलंकार।

छंद। और पद अर्थ होय भेदकांति सो जोय।
अबै दबै यह भास जानहु छेकानुप्रास॥

६८। आहि की अर्थ ही॥ इतिश्रीप्रकाशे॥

मूल। पूछेक्यौंरूखीपरति सगबगरहीसनेह।
मनमोहनछविपरकटी कहैकव्यानीदेह ॥ ७१ ॥

टीका।—सखी का वचन नायका से। मेरे पूछने से तू क्यौं रूखी होती है। सन रही है नेह में। तौ मन-मोहन (कहैं श्री-कृष्ण की मनोहर) उन की छवि पर रीझी, सो तेरी सात्विक से रोमाँच भरी देह कहती है। रूखा पडना, अप्रसन्न होना। नेह, प्रीति और तेल॥ काव्यलिंग अलंकार। कव्यानी देह ने नेह हठ समर्थन किया॥

मूल। प्रेमअडोलडुलैनहीं मुखबोलैअनखाय।
चितउनकीमूरतिबसी चितवनिमाँहिलखाय ॥ ७२ ॥

टीका।—सखी का वचन नायका से। तेरी प्रीति अचल है, चलती नहीं, और तू मुँह से अनखा कर बोलती है। मन में तेरे नायक की मूरति बसी है। तेरी दृष्टि में दिखाई देती है॥

प्रश्न॥ अडोल कह, फिर कहा डुलै नहीं। यह शब्द पुनरुक्ति सा है। दूसरे, मुख बोलै अनखाय। तौ बोलना मुख-ही से है। यहाँ मुख शब्द अधिक है॥

उत्तर॥ दोहा। मूरति पिय की हिय बसी सो न डुलत दरसाय।
मुख वच अनख सु हिय नहीं प्रेम अडोल लखाय॥

वार्त्ता। प्रेम अडोल है, सो जाना, क्योंकि डुलता नहीं। मुख से बोलती है अनखा कर। चित में उन की मूरति बसी है। सो अर्थ यह, कि मूरति नहीं डुलै, इस से तेरा चित उन में दृष्ट आता है। और मुख से बोलने में अनख है, इस से मैं ने जाना हिय में अनख नहीं। और जो कहो कि बोलने में अनख है, इतने-ही में अर्थ होता है। मुख शब्द अधिक है, तौ वहाँ कहिये नैननि के बैननि में अनख नहीं, मुख के बैननि में अनख है॥ कहा है। किये बातन कौं विधि नेन। नैन

७१। नायक सौं नेह (प्रीति) करि कैं सगि बगि रही है (अति मिलि रही है)। मन-मोहन की छवि पर तू कटी, आसक्त हीय रही है। जिन मोहन की छवि तेरे मन में परकटी है (प्रकट भई है) सो तेरी कव्यानी जी देह है सो कहती है, कंटक से रोम उठि आए हैं, ऐसी पुलकित देह॥ इति परिभाषायै॥

७२। अनखाय कहैं रिसाय के॥

के बैन सच्चे हैं, मुख-बैन झूठे हैं, यह अर्थ॥ अनुमानालंकार। चतुर सखी ने देख कर, उस की चेष्टा से प्रेम अडोल अनुमान से जाना॥

मूल। ऊँचेचितैसराहियत　　गिरहकबूतरलेत।
दृगभ्रूलकितमुलकितमदन　तनपुलकितकिहिहेत॥७३॥

टीका।—सखी का वचन नायका से। ऊपर देख के सराहते हैं सब गिरह-बाज कबूतर, जो उडने में बाजी करता है। और तेरी आँखैं डबडबाती हैं, प्रसन्न मुख है, और शरीर में रोमाँच हुये। सो किस लिये॥ तातपर्य यह, कि नायक के कबूतर देख, नायक का स्वरूप नायका के मन में आया, जिस से सात्त्विक भाव हुआ॥ हेतु अलंकार स्पष्ट है॥

मूल। यहमैंतोहीमेंलखी　　भक्तिअपूरबबाल।
लहिप्रसादमालाजुभौ　तनकदंबकीमाल॥७४॥

टीका।—सखी का वचन नायका से। यह मैं तुझी में देखी भक्ति अनोखी, हे नायका। पा के नायक के गले के हार को, जो हुआ शरीर तेरा कदम की माला सा। रोमांच सात्विक हुआ नायका को॥ हेतु अलंकार स्पष्ट है॥

मूल। कोरिजतनकीजैतऊ　　नागरिनेहदुरैन।
कहेदेतचितचीकनो　नईरुखाईनैन॥७५॥

टीका।—सखी का वचन नायका से। करोड उपाय करो तौ भी, हे चतुरी, प्रीति छिपती नहीं। कहे देते हैं ये दोनौं मन स्नेह भरा, और नई रुखाई से नैनौं को॥ पंचम विभावनालंकार। विरुद्ध से काज हुआ। यहाँ रुखाई से चिकनाई प्रगट हुई॥

मूल। यौंमनवैहरखोफिरै　गावतिभरीउछाह।
तुहीबहूबिललखीफिरै　क्योंदेवरकेब्याह॥७६॥

७३। अच्छा कबूतर गिरह लेत है। गिरह उडनि विशेष॥ इति हरिप्रकाशे॥

७५। नैन में नई रुखाई है, कपट सौं बनाई रुखाई (रूक्षता) है। किंवा, ई (कहिये यह) न रुखाई, रूक्षता नहीं है॥ इति हरिप्रकाशे॥

७६। अर्थ प्रगट है; कि सासु यह सौं कही है, कि और सब तो हर्षित हैं, तूं देवर के ब्याह में क्यों दुखित है॥ और दूसरी अर्थ भी होय है, कि जा को देवर को ब्याह है सो परोसिनि कहती है, कि जे और सब हर्षित हैं, तो मेरे देवर के ब्याह में तुम क्यों दुखित हो॥ इति अनवरचंद्रिकायाम्॥

टीका।—सखी का वचन नायका से। और सब प्रसन्न फिरती हैं, गावती भरी आनंद से। तूही, हे बहू, अनमनी फिरै है क्यौं देवर के व्याह में॥

प्रश्न॥ यहाँ, भी, देवर धर्म-विरुद्ध॥

उत्तर॥ भ्रात-तरुणि के बैन। किहिँ तिय सौं रस-ऐन॥

उल्लासालंकार। और के गुण तें दोष॥

मूल। नैनलगेतिहिँलगनिमौं छुटैनछुटैप्रान।
कामनआवतएकछू तेरेसौकिसयान॥ ७७॥

टीका।—परकीया प्रौढा का वचन सिखक सखी से। मेरे नैन लगे हैं उस प्रीति से, जो प्राण के जाने से भी न छूटैंगे। काम नहीं आता मेरे, तेरे सौ सयानौं से एक भी सयान॥ अत्युक्त्यलंकार।

दोहा। सु अत्युक्ति अतिशय अरथ दान-सूर किहुँ माहिँ।
ऐसे नैन लगे छुटैं प्राण छुटे-छू नाहिँ॥

मूल। तूमतमानैमुकतई कियेकपटबतकोटि।
जौगुनहीतौराखियै आँखनिमाहिअगोटि॥ ७८॥

टीका।—सखी का वचन परकीया प्रौढा मानवती नायका से। तू मत माने मुकतई (कहैं तू न समझ नायक सें जुदाई)। किये कपट-बत कोटि। लोगों के करने में कपट की बातें कडोड से। जौ गुनही तौ राखिये आँखनि माहि अगोटि (कहैं जो नायक तेरा गुनहगार है, तौ नजर बंद कर रख)॥ तातपर्य यह, कि नायक को मान का रूप भला लगा है। सो जान के बठावे है। सो सखी नायका से कहै है॥ संभावनालंकार।

७७। हे सखि, तेरे जे सौक (सैकरौं) सयान (चतुराई), ता में एक भी हमारे काम नहीं आवत है॥ इति हरिप्रकाशे॥

७८। कियेकपटबतकोटि, यह पाठ है। कपट की कोटि बात किए सौं। "नायक कपटी है," ऐसी तरह बीगनि की बात किए सौं। कपटचित, यह भी पाठ है। चित में जुदाई मनि मान, कोटि कपट किए सौं तेरी मान जो है रूप, ता कौं देखिये के लिए। जौ तोहि विश्वास नहीं है, तौ, जैसें गुनही (गुनहगार), ता कौ तरह आँखिन-ही में अगोटि राखिये, रोकि राखिये, नजरि बंद करि राखिये। इति हरिप्रकाशे॥

छंद। जो तौ पद जहँ होय। संभावन तहँ जोय॥

मूल। धनियहहैजजहाँलख्यौ तज्यौदृगनिदुखद्वंद।
तुवभागनिपूरबउयौ अहोअपूरबचंद॥ ७९॥

टीका।—सखी का वचन नायक से। धन्य यह दूज, जहाँ देखा, और छोड़ा आँखों ने दुख का कलह। तुम्हारे भाग्यों से पूरब में उदय हुआ, हे कृष्ण, अपूर्व चंद्रमा॥ अपूर्व कहैं जो पहले न देखा हो॥

प्रश्न॥ दोहा। तिय मुख बिधु बड पूर्व जो कहा अपूरब ताहि।
पूरन बिधु पूरब दिसा उदित होत-ही आहि॥

उत्तर॥ दोहा। राका बिन लहि द्वैज दिन दरस्यौ पूरन चंद।
यही अपूरबता यहाँ सखि बच प्रति नँद-नंद॥

पर्यायोक्ति अलंकार। छल करि साधती है इष्ट, नायका दिखाना नायक कौं हेतु॥

मूल। एरीयहकैसीदई क्योंहूँप्रकृतिनजाय।
नेहभरेहियराखियै तूरूखियैलखाय॥ ८०॥

टीका।—सखी का वचन नायका से। नायका लक्षिता। अरी, यह तेरा, हे भगवान, किसी भाँति सुभाव नहीं जाता। नेह (कहैं तेल और प्रीति) भरे हिये में रखती है, पर तू रूखी-ही दिखाई देती है॥ अतद्गुणालंकार।

दोहा। संगति-हू लहियै न गुण सु अतद्गुण विधि माहिं।
नेह भरे हिय में रहै होत चीकनी नाहिं॥

मूल। औरैगतिऔरैवचन भयोवदनरँगऔर।
दौमकतेंपियचितचढी कहैचढौहैंत्यौर॥ ८१॥

७९। धन्या परकीया पूर्व-दिशावलोकित-हर्ष्य-स्थ-नायक-मुख-चन्द्र-दर्शन-तुष्टा इदं सखीं सखीं प्रति वचयन्ती प्राह॥ इति शृंगारसप्तशतिकायाम्॥

८०। हे दई (कहैं भगवान)। अरी, यह तेरा सुभाव किसी भाँति नहीं जाता है॥ इति भावः॥

टीका।—सखी का वचन नायका से। नायका लक्षिता। और-ही चाल है और-ही बात है तेरी, औ हुआ है मुँह का रंग भी और। कुछेक दिनों से नायक के मन पर चढी है। सो कहती है तेरी चढाई हुई त्यौरी॥ भेदकातिशयोक्ति अलंकार स्पष्ट है, और और पद से॥

मूल। रह्यो फेरि मुख हेरइत छितसमुहैं चितनारि।
ढीठिपरत उठि पीठको पुलकैं कहत पुकारि॥ ८२॥

टीका।—सखी का वचन नायका से। नायका लक्षिता। रह्यो फेर के मुँह देख कर इधर, और प्रीति के सनमुख तेरा मन है, है नारी। नायक की दृष्टि के पडते-ही तेरी पीठ के रोमांच कहते हैं पुकारि॥ अनुमानालंकार पुलकि पद से स्पष्ट है॥

मूल। बैठे उमगत उत जलनतुम्हें बड़वागि।
जाहीसौं लाग्यौ हियौ ताही कैं उर लागि॥ ८३॥

टीका।—सखी का वचन नायका से। नायका नायक को देख सखी से लिपटती है। सो सखी कहै है। वे खडे हुए उमगते हैं, कै उमडते हैं। पानी से नही बुझती समुद्र की आग। जिस से लगा है मन तेरा, उसी की छाती से लग। तब यह काम की आग बुझेगी॥ स्वभावोक्ति का काकूक्ति अलंकार स्पष्ट है॥

८२। वे नायक ढाढे हैं। हमारे गले सौं क्यों लपटाति है॥ इति हरिप्रकाशे॥ नायिका को नायक से लिपटना है, यह स्वभावोक्ति। काकूक्ति यह है, कि सखी कहती है कि मुझ से लिपटने से विरह न मिटेगा बल्कि नायक से लिपटो॥

भिन्नकण्ठध्वनिर्धीरैः काकुरित्यभिधीयते॥ इति साहित्यदर्पणे। काकु वक्रोक्ति का भी एक अंग हो सकता है। यथा साहित्यदर्पणे॥

अन्यसाम्यार्थकं वाक्यमन्यथा योजयेद्यदि। अन्यः श्लेषेण काक्वा वा सा वक्रोक्तिस्तती द्विधा॥

अपिच। किधौं श्लेष सौं काकु सौं कल्पित और अर्थ।
ताहि कहत वक्रोक्ति हैं सिगरे सुकवि समर्थ॥

इति गोविंदकविकृत-कर्णाभरणे॥

अपिच। काकु वचन श्लेष करि और अरथ ह्वै जाइ।
सो वक्रोक्ति सु बरनिये उत्तम काव्य सुभाइ॥

इति देवकविकृत-भावविलासे॥

सुरत-लक्षिता वर्णन।

मूल। लाजगरबआरसउमग भरेनैनमुसकात।
रातिरमीरतिदेतिकहि औरेप्रभाप्रभात॥ ८४॥

टीका।—सखी का वचन नायका से हो, तौ नायका लक्षिता। और नायका वचन नायक सें तौ नायका खंडिता। लाज अहंकार आलस्य उमँग से भरी हुई आँख तुम्हारी मुसकाती है। और रात की क्रीडा छिपी देती है कहे यह शोभा भोर की। भेदकातिशयोक्ति अलंकार स्पष्ट है औरे पद से॥

मूल। नटनसीससाबितभई लुटीमखनकीमोट।
चुपकरियेचाखीकरति मारीपरीसरोट॥ ८५॥

टीका।—सखी का वचन नायका से, तौ लक्षिता। और नायका का वचन सखी से, तौ अन्यसंभोग-दुःखिता। मुकरे मत। तेरे सिर साबित हुई। तैं ने जो लूटी है सुखौं की पोट। चुपकी यह चुगली खाती है तेरी साडो की पडी हुई सलवट। काव्यलिंग औ अनुमानालंकार स्पष्ट है॥

मूल। मोसोंमिलवतिचातुरी तूनहिभानतिभेद।
कहैदेतयहप्रगटही प्रगट्योपूसमप्रस्वेद॥ ८६॥

टीका।—सखी का वचन नायका से, तौ लक्षिता। और नायका का वचन सखी से, तौ अन्यसंभोग-दुःखिता। मुझ से मिलाती है चतुराई, और तू नहो दूर करती भेद बात में से। किये देता है यह प्रगट निकला हुआ पूस महीने का

८४। प्रीति सौं तूं राति रमी है (रमन कियो है)। प्रभात विषैं औरि जो है प्रभा (कांति) सो कहि देति है। और दिन और प्रभा, आजु औरि प्रभा॥ इति हरिप्रकाशे॥

८५। सीस साबित भई, लोकोक्ति। इति हरिप्रकाशे॥ सरोट सब परी जो सारी है, मसकी गई है॥ इति भाव:॥

८६। जो सौं तू चतुराई कौं बातैं मिलावै है। तू भेद कौं नहीं भानति है (जीरती है), साँच नहीं कहति है॥ इति हरिप्रकाशे॥ भेद कौं बात कहै कि न भामिनी, सो सौं चलावत क्यौं चतुराई॥ इति छन्दत:॥

पसीना तेरा। प्रथम विभावनालंकार। पूस महीने में पसीवे का कारण नहीं। बिन कारण काज हुआ॥

मूल। सहीरँगीलेरतिजगे जगीपगीसुखचैन।
अलसौंहैंसौंहैंकिये कहैंहँसौंहैंनैन॥ ८७॥

टीका।—सखी का वचन नायका से। नायका लक्षिता। सच-ही नायक राव जागा तेरे साथ, और तू भी जागी पागी सुख चैन से। क्योंकि आलस भरी, सौंगंद कर के, कहे हैं ये तेरी हँसी भरी आखैं मुझ से॥

प्रश्न॥ नायका जगी, तो नायक आगे ही। एक का जागना कहे से, दोनौं का समझा जाता है। दोनौं का कहना अधिक है, और नामरदूषण भी है॥

उत्तर॥ यहाँ रँगीले का जागना मैं ने सहज का समझा था। पर रति पूर्वक जागना सच रँगीले का, तेरे जागने से जाना। और तेरा जागना अलसौंहैं नैन की सौंह से जाना॥

और प्रश्न॥ सुख चैन पुनरुक्ति सा है॥

उत्तर॥ चैन यह कि बिरह की पीर मिटी, और संग का सुख हुआ॥ सब ठौर अनुभाव हुआ। इस से अनुभावालंकार स्पष्ट है॥

मूल। औरैओपकनीनकन गनीघनीसिरताज।
मनीधनीकेनेहकी बनीछनीपटलाज॥ ८८॥

८७। रँगीलो इति पाठान्तरम्। हे रँगीली, सखी (सांच) तूं रति जगा में जगी है। विवाहादि में कुल-देवता प्रति स्त्री जागरन करति है। ता में तूं जगी है। श्लेष में रति के लिये जो जागरन, ता में जगी है। चय शब्द समूह-वाचक, न-कार बहुत-वाचक। सुख के चयन सों (समूहनि सों) पगी रही है (लपटाय रही है)॥ इति हरिप्रकाशे॥

८८। कनीनिका (जे तेरी आँखि की पुतरी, ता) में आनु ओप (चमतकार किंवा प्रकास) और-ही है (औरि दिन की तरह नहीं)। कैसी है कनीनिका? औरि नायिकनि की घनी (बहुत) जे कनीनिका ता की सिरताज है। सिरताज की चर्य इहां लच्छना सों सरदार खोजिये। फेरि कैसी है? मनी धनी के नेह की। धनी, जो नायक, ता के नेह की मनी है (मानलवाली है, नायक को नेह है तौ इस-ही सों है, औरि सों नहीं)। किंवा नायक, के नेह की मनी है (प्रकाशक है, कृपाय के मिली है, मेहनि ने प्रगट कियी)। अरु औ कनीनिकनि में पट-छनी, लाज बनी है। बड़ी लाज सी जाती रही है, सूछम लाज बनी है। जो बस्तु कपट-छाव खोजिये है, सो सूछम होति है। पट छनी सोई कपट-छानी। किंवा मानी (रूप-गुन-गरबी) जो तेरी धनी (नायक), ता की जो नेह ता की कनीनिका बनी है, नव-दुलहिनी है, नेह इन सों लग्यो रहत है। दुलहा दुलही सों बनावनो कहत हैं। या-ही तें लाज। सोई है पट। ता में छनी है (छपी है)॥ इति हरिप्रकाशे॥

टीका।—सखी का वचन नायका से, तौ नायका लक्षिता। औ नायका का वचन सखी से, तौ नायका अन्यसंभोग-दुःखिता। और-ही चमक तेरी आँख की पुतलियौं की है, इस से मैं ने तुझें गिनी बहुतौं की सरदार। पिय के प्रेम की मनी (मनी के दो अर्थ, गर्व औ मणि) सो वही लाज-रूपी पट में छन निकली है। तू लाज में छिपाती है, तौ भी प्रगट होती है, जैसे निर्मल मणि की कांति वस्त्र में बाँधे भी छन कर निकलती है। इस दोहे का और भी अर्थ है, पर ठीक यही है। इस से न लिखा॥ मनी पद श्लेष॥ भेदकातिशयोक्ति अलंकार स्पष्ट है॥

मूल। यहबसंतनबबरीगरम अरीनसीतलवात।
कहक्योंप्रगटेदेखियत पुलकपसीजेगात॥ ८९॥

टीका।—सखी का वचन नायका से, तौ नायका लक्षिता। और नायका का वचन सखी से, तौ नायका अन्यसंभोग-दुःखिता। यह बसंत ऋतु है। इस में न बहुत गरम, अरी, न बहुत ठंढी पवन है। कह क्यौं प्रगटे देखते हैं रोमांच पसीजे हुए अंग में तेरे॥

प्रश्न॥ दोहा। गरम शीत कहि पुनि पुलक अरु पसीज क्रम हीन।
उत्तर॥ अरी पसीजे गात में दिखयत पुलक सु लीन॥

वार्त्ता॥ यहाँ भाव क्रम है। तौ पसीजा गात आधार है, पुलक आधेय है। इस से पुलक पीछे है। जैसे सर्व तीर्थ मथुरा में देखे, तहाँ मथुरा का भाव प्रथम-ही प्रगट होता है॥ प्रथम विभावनालंकार। गरमी और शीतलताई बिन, प्रसेव पुलक हुए॥

मूल। मेरेबूझेबाततू कतबहरावतिबाल।
जगजानीबिपरीतिरति लखिबिंदुलीपियभाल॥ ९०॥

टीका।—सखी का वचन नायका से। मेरे पूछने से बात तू क्यौं बहकाती है, हे बाला। सब ने जानी विपरीति रति तेरी, बेंदी देख पिय के कपाल में लगी॥ अनुमानालंकार बेंदी से स्पष्ट है॥

९०। नायक नायिका की सेज बनी जो। बिंदुली से विपरीति जानिगो॥ इति इरिप्रकाशे।

मूल। मुदुतिदुराईदुरतिनहि प्रगटकरतिरतिरूप।
छुटेपीकअधौरैउठी लालीओठअनूप॥ ९१॥

टीका।—सखी का वचन नायका से, तौ नायका लज्जिता। और नायका वचन सखी से, तौ नायका अन्यसंभोग-दुःखिता। अच्छी शोभा छिपाई छिपती नहीं, प्रगट करती है काम-केलि का रूप। छुटने से पीक के, और भी खुली लाली ओठ में नई, कै जिस की उपमा नहीं॥

प्रश्न॥ दोहा। पीक छुडावन को कहा अभिप्राय इहि ठौर।
कहा पान नहि खाति है तिय पिय बिन कहुँ और॥

उत्तर॥ दोहा। अधर-पान में पीक जो छुटी सु है यह अर्थ।
रँग सब पिय अधर न लयो औरै रंग समर्थ॥

और प्रश्न॥ दोहा। छुटी पीक जो पान की तौ सु दुरावति काहि।
शब्द दुरावन नहि बनै वह तौ सहज-हि आहि॥

उत्तर॥ दोहा। यह परकिया विलास है पान खात पिय भाय।
अधर-पान किये रँग लग्यौ सो पौंछति यह भाय॥
क्यौंकि कहै निज पान को खैबो सु तौ बनै न।
रसना रद ये लाल नहि पान खात विधि है न॥

भेदकातिशयोक्ति अलंकार।

दोहा। भेदकातिशयोक्ति जहाँ और पद अति हेत।
और लाली ओठ यह अधिकाई कहि देत॥

मूल। रँगीसुरतरँगपियहियं लगीजगीसबराति।
पैंडपैंडपरठठकिकै ऐंडभरीऐंडाति॥ ९२॥

९१। हे सुदति (हे सुंदरी दुती) दुरायँ (छपायँ) दुरति नहीं। तू आपने रूप-ही सौं नायक को रति सौं प्रकट करति है। नायक ने तेरी अधर पान कियो है। ता सौं पीक छुटि गई है, और लाखो ओठ विषैं अनूप उठी है। किंवा तेरी सुंदरी जो दुति (शोभा) सो दुरायँ नहीं दुरति है इत्यादि। इति हरिप्रकाशे॥

९२। सुरत के सुरंग (सुरत के राग सौं) रंगी है (युक्त है)॥ इति हरिप्रकाशे॥

टीका।—सखी का वचन नायका से, तौ नायका लक्षिता। और सखी का वचन सखी से, तौ सुरतांत। रंग कर काम-केलि में पिय छाती से लग के जागी सारी रात। इस से डग डग पै खडी ह्वै ह्वै कर, अभिमान भरी, अकडती है॥ स्वभावोक्ति अलंकार स्पष्ट है॥

मूल। तरवनकनककपोलदुति बिचहीबीचबिकान।
लाललालचमकतिचुनी चौकाचीन्हसमान॥ ९३॥

टीका।—सखी का वचन नायका से, तौ नायका लक्षिता। और नायका सखी से कहै, तौ नायका रूप-गर्विता। ढेढी सौंनि की, जडाऊ का सौंना, गाल की शोभा-में-ही मिल गया। और लाल लाल चमकती है चुन्नी, दाँत के चौके के चिन्ह सम॥ मीलित अरु पूर्णोपमालंकार की संकर।

दोहा। मीलित भेद सम-दृश्य में छिप्यौ कपोलनि स्वर्ण।
लाल चुनी चौका चमक सम उपमा वर वर्ण॥

और विधि अर्थ।

दोहा। सखी सखी सौं तीय कौ चीन्ह दुरावति चाहि।
लखि सखि चमक चुनीन की चौका आवति आहि॥

व्याजोक्ति अलंकार।

दोहा। व्याज-उक्ति कछु कहि जहाँ लेत अकार दुराय।
कही सु चमक चुनीन की चौका सम इहिं भाय॥

मूल। पटकोटिगकतढाँपियत शोभितसुभगमुखेत।
रदरदछदकविर्दखियत मदरदछदकीरेख॥ ९४॥

९३। बिचही बीच बिकानी, बीचही बिकी, यह लोकोक्ति है। जिनहूं मोल कराइये यासी नहीं॥ इति हरिप्रकाशे॥

९४। रदछद, रद नाम दाँत, ता को छद (कहिये आच्छादन करनवाली, अधर, ओठ)। ताहि अधर विषै छवि देत (सोहत है)। सद (कहिये तुरत की) रद (दाँत) ता को छद (कहिये क्षत, घाव) ता की रेखा॥ इति हरिप्रकाशे॥

टीका।—सखी का वचन नायका से। घूँघट पट के निकट क्यौं ढकती हो। यह तो शोभा देती है सुंदर सरूप से। हद भर होठौं की शोभा में दिखाई देती है तुरत के दाँतौं के घाव की लकीर॥ विभावना औ हत्यनुप्रास अलंकार स्पष्ट है॥

मुदिता वर्णन।

मूल। कहिपठईमनभावती पियआवनकीबात।
फूलीआँगनमेंफिरै आँगनआँगसमात॥ ९५॥

टीका।—सखी का वचन सखी से। कह कर भेजी मन को चाहीती नायका के नायक ने अपने आवने की बात। उस से प्रसन्न आँगन में फिरै है। शरीर नहीं शरीर में समाता नायका का। तात्पर्य यह कि अत्यंत प्रसन्न हैं॥ लोकोक्ति अलंकार। आँग न आँग समात लोक कहन है॥

अनुशयाना वर्णन।

मूल। फिरिफिरिविलखीह्वैलखति फिरिफिरिलेतिउसास।
माँईसिरकचसेतलौं धौल्योचुनतकपास॥९६॥

टीका।—सखी का वचन सखी से। बार बार अनमनी ह्वै देखती है, और बार बार लेती है ऊँची साँस। स्वामी के सिर के बाल धौले चुनने की भाँति हुआ बीता, चुनता कपास देख, नायका को दुख॥ तात्पर्य यह कि कपास के खेत में संकेत स्थान था। उस का विनाश हुआ॥ पूर्णोपमा और दृष्टांतालंकार स्पष्ट है॥

मूल। सनसूक्योबीत्योबनौ ऊखौलईउखारि।
हरीहरीअरहरअजौं धरधरहरहियनारि॥ ९७॥

९६। कपास के चुनत, या कौं ऐसी दुख बीती, जैसे स्त्री मरि गये पति दूसरी ब्याह करै। नायिका सूखती छीव। पति के साथे में खेत कैसे आवै। ता कौं चुनत (वै उघारि खेत)। के, जैसी दुख छीव, तैसी दुख बीती भयो। इति हरिप्रकाशे॥

९७। धरहरि कहिये रोकनवाले की क्रिया॥ इति हरिप्रकाशे॥

टीका।—यह नायका, संकेत स्थान गया जान, सोच करती है, सो सखी समाधान करती है। सन का खेत सूख गया, और कपास का खेत बीत गया, ऊख उखाड ली। पर डहडही अठैड अब तक है। रख धीरज मन में, हे नायका, संकेत स्थान है। अनुशयाना नायका स्पष्ट है, और सखी अभिसार कराया चाहती है। इस दोहे में प्रोषितपतिका और माननी का अर्थ बलवान नहीं है॥ वीप्सा और छेकानुप्रास अलंकार।

दोहा। हरी हरी है बीपसा यह अति हित विवेक।
अरहर धरहर छेक यह प्रास बार जो एक॥

पति-अनुरागिनी माननं।

मूल। सतरभौंहकरुखेबचन करतकठिनमननाठि।
कहाकरौंहैजातिहरि हरिहँसौंहीदीठि॥ ९८॥

टीका।—नायका-वचन सखी से। सखी मान करवाती है, तहाँ नायका कहती है। टेढी भौंहें, रूखी बातें, करती हूँ। कडा मन भी नीठ कर के किया। पर क्या करूँ। हो जाती है, श्री-कृष्ण को देख, हँसौंही दृष्टि मेरी ढतोय विभावनालंकार। सतर भौंह आदि बाधक रहते, हँसौंही दृष्टि होना काज होता है॥

मूल। तूकहतिहौंआपहू समझतिबहुतसयान।
लखिमोहनजौमनरहै तौमनराखौंमान॥ ९९॥

टीका।—सखी नायका को मान करने की सीख देती है। सो नायका सखी से कहती है। तू भी कहती है, और मैं आप भी जानती हूँ, बहुत चतुराई। देख कर श्री-कृष्ण को, जो मेरा मन रहै, तो मन में रक्खूँ मैं मान (कहैं क्रोध)॥ विशेषोक्ति और संभावनालंकार।

छंद। हेतु सयान उदोत। मन रह काज न होत॥
जौ तौ पद अहँ होइ। संभावन है सोइ॥

९८। सतर (तरेरी) भौंह कोप चढाई, और रूखे सों बचन में मन को नीठि (कोई तरह) कठोर करति हौं॥ इति हरिप्रकाशे॥

मूल। दहँनिगोडेनैनये गहँनचेतअचेत।
हौंकसिकैरिसकौंकरौं येनिरखेहँसिदेत ॥ १०० ॥

टीका।—सखी नायका को मान करने कहे है। सो नायका सखी से कहै है। दृग उपालंभ है। अहैं निगोडी आँखैं ये मेरी। पकडती नही हैं चेत। ऐसी हैं अचेत। मैं कस कर रिस को करती हूँ। ये नायक को देख कै हँस देती हैं॥ विभावनालंकार। पूर्वोक्ति से जानियो। हँस देने से रिस काज नही होता॥

मूल। मोहिलजावतनिलजये हुलमिमिलेंसबगात।
भानुउदयकीओसलौं माननजान्योजात ॥ १०१ ॥

टीका।—नायका वचन सखी से। सखी मान करने को कहे है। सो नायका उस से कहै है। मुझे लजाते हैं निलज्ज ये, क्योंकि प्रसव ही मिलैं हैं सब अंग नैन नायक से। और सूर्य उदै की ओस की भाँति मान जाता। नही जानती मैं कब जाता है॥ पूर्णोपमालंकार। मान ओस लौं जात। ओस उपमान, मान उपमेय, लौं वाचक, जाना धर्म॥

मूल। खिचेमानअपराधतें चलिगेबढेअचैन।
जुरतदीठितजिरिसखिमो हँसेटुहनकेनैन ॥ १०२ ॥

टीका।—सखी का वचन सखी से। पहले तो रूखे, मान से नायका के नैन, और अपराध से नायक के। फिर चल गये बढने से दुख के (कहैं परस्पर न देखने से)। पुनि मिलते-ही दृष्टि, छोड कै रिस और खिसानपट, हँसे दोनौं के नैन॥ हर्षणालंकार।

१०१। मोहि हमारे निलज्ज गात (अंग) लजावत हैं॥ इति हरिप्रकाशे॥
१०२। नयने दृष्टे मानतः संचलिते विरहेण।
मानं जहतुरिमे तदा मिलिते यदा प्रियेण॥
अथ कांचिन्नायकं कंचिन्मानं विधाय, प्रियं दृष्ट्वा स्वीयनेत्रदशां सखीषु वर्णयन्ती प्राह। हे सखि, इमे मम नयने पूर्वं मानतः खेदीः प्रियापराधजनितकोपावेशात् दृष्टे (वर्धिते)। पुनर्विरहेण हेतुना संचलिते (चञ्चलीभूते)। यदा (यस्मिन् काले) प्रियेण मिलिते (संगते), तदा (तस्मिन्नेव काले) मानं जहतुरित्यर्थः॥ इति प्रहारचन्द्रप्रतिछायायाम्॥ नायका के नैचन मान सौं खिचे, नायक के नैच अपराध सौं खिचे हैं॥ इति छत्रदत्तः॥

दोहा। इष्ट सिद्ध जहँ बिन यतन सु प्रहर्षण परतिच्छ।
बिन उपाय तरुणी मनी सहजैं भौ फल इच्छ॥

मूल। रातिदिवसहौंमेरहे माननठिकठहराय।
जेतोअवगुनढूँढियै गुनैहाथपरिजाय॥ १०३॥

टीका।—सखी का वचन सखी से। रात दिन हमैं चाह रहती है, कि नायका से मान करवावैं और देखैं, पर मान ठीक नहीं ठहरता जो करवावैं। जितना अवगुण नायक का ढूँढती हैं, तितना उस का गुण-ही हाथ में पड जाता है॥ तात्पर्य यह, कि जितना दोष मन में हम लाती हैं, तितना गुण-ही आता है। इस दोहे में, नायका वचन सखी से कोई कहै, तो न हो सके॥

प्रश्न॥ दोहा। अवगुण जा में है नहीं सो अनकूल विख्यात।
बनै न तिय अनकूल को ढूँढनि अवगुण बात॥

उत्तर॥ नायका की निज सखी के वचन सखी से कि, हम मान कराने को नायक के दोष बहुत ढूँढती हैं, पर नायक में पाती नहीं। गुण-ही पाती हैं॥ विशेषोक्ति अलंकार।

दोहा। ढूँढन कारण है यहाँ अवगुण मिलै न काज।
अलंकार यौं जानिये विशेषोक्ति कवि-राज॥

मूल। जौंलौंलखौंनकुलकथा तौंलौंठिकठहराय।
देखेआवतदेखबो क्योंहूँरह्यौनजाय॥ १०४॥

टीका।—सखी नायका को सीख देती है। सु नायका सखी से कहै है। हे सखी, जब तक मैं नायक को देखती नहीं, कुल की बात ठीक मन में ठहरती है। और उसे देखे से, आवता है मन में देखना-ही, सो मुझ से किसी भाँति रहा नहीं जाता बिन देखे नायक के॥ संभावनालंकार स्पष्ट है, जौ लौं, तौ लौं, शब्द से॥

मूल। कपटसतरभौंहैंकरी मुखसतरौंहैंबैन।
महजहँसौंहैंजानकरि सौंहैंकरतिननैन॥ १०५॥

टीका।—सखी का वचन सखी से कि, हे सखी, हमारे कहे से नायका ने मान किया सो तू देख। कपट से टेढी भौंहैं करीं। और मुख से क्रोध भरी बातें करीं पर सहज-ही हँसनेवाली समझ कर, नायक के सामने नहीं करती अपनी आँखों को। तात्पर्य यह कि, ये उसे देखते-ही हँस देंगी, तो मान न रहैगा॥ छेकानुप्रास औ यमकालंकार स्पष्ट है। भौंहैं रौंहैं। सौंहैं सौंहैं॥

मूल। नहिनचायचितवतिदृगनि नहिबोलतिमुसकाय।
ज्यौंज्यौंरुखरुखौकरति त्यौंत्यौंचितचिकनाय॥१०६॥

टीका।—सखी का वचन सखी से, कै नायका से। न तो नेत्र नचाय नायक की ओर देखती है, और नहीं बोलती है मुसका के। जैसे जैसे मुख रूखा करती है, तैसे तैसे मन चिकनाता है। मन चिकनाना रीझना कै ललचाना नेह से। नेह तेल औ प्रीति को कहैं हैं॥ विभावनालंकार स्पष्ट है। विरुद्ध तें कार्य॥

मूल। तोहीकौकुटमानगौ देखतहीब्रजराज।
रहीघरिकलौंमानसौ मानकियेकीलाज॥१०७॥

टीका।—सखी का वचन नायका से। तेरे मन का, कुट के, मान तो गया देखते-ही श्री-कृष्ण-चंद्र के। पर घडी एक तक तू मान को मान रही, मान किये की लाज से॥

प्रश्न॥ यहाँ मान सी न चाहिये, मानवती सी चाहिये। कै मानिनी सी होय, तो बने॥

उत्तर॥ घडी एक मान की सी मान झीभा रही॥

क्रमालंकार स्पष्ट है। मान किये की लाज से मान रक्खा॥

इति परकीया॥

१०७। घरी एक ताईं मानसी (मन में जो उपजे, सो मानसी) मान करिबे की लाज मानसी रही (मन में रही)॥ इति हरिप्रकाशे॥

स्वकीया प्रेम-गर्विता वर्णन।

मूल। कियौ जु चिबुक उठाय करि कंपत कर भरतार।
टेढ़ौ ह्वै टेढ़ौ फिरति टेढ़े तिलक लिलार ॥१०८॥

टीका।—सखी का वचन सखी से। किया जो, ठोढी उठा कर, काँपते हाथ से, नायक ने टीका नायका को। तौ इस गर्व से अकडती फिरती है, कि मुझ सी सुंदरि कोई नही टेढे तिलक माथे के से। कंपत कर कहैं नायका को देख नायक को सात्विक हुआ। इस से हाथ काँपा औ टेढा तिलक हुआ॥ पंचम विभावनालंकार। चाहिये टेढें तिलक से लज्जित हो। सो न हो, गर्वित हुई॥

मूल। तुम सौतिनि देखत दई अपने हिय तें लाल।
फिरति मधुर मँडइडही उर हरगजी माल ॥ १०९ ॥

टीका।—सखी का वचन नायक से। तुम ने, सौतौं के देखते, दी जो अपनी छाती से, हे लाल, माल। तभी से फिरती है सबौं में डइडही वही सुरझानी लिये माल बाल॥ पंचम विभावनालंकार। सुरझानी माला से डइडहाना काज हुआ॥

मूल। छिनेक उघारति छिनक छुवति राखति छिनेक छिपाय।
सब दिन पिय खंडित अधर दर्पन देखत जाय ॥ ११० ॥

टीका।—सखी का वचन सखी से। छिनेक खोलती है, छिन छूती है, रखती है छिनेक छिपा कर। सारा दिन नायक के काटे हुये होठ को मुकुर में देखते-ही जाता है नायका को॥ जाति अलंकार लाटानुप्रास स्पष्ट है॥

१०८। चिबुक (ठोढी) उठाय कैं, भरतार (जी नायक, वा) के कर सी भयी जी कंप सात्विक। ता सौं कंपित कर, ता ने नायिका के लिलार में टेढौ तिलक कियौ॥ इति हरिप्रकाशे॥

१०९। प्रियसौतिनिदेखत॥ इति पाठान्तरम्॥ लाल ने प्रिया (जी है नायिका, सा) कौं, सौतिनि के देखत, अपने हृदय तें माला दीनी। बाही मरजी (मैली) माला सौं सब सौतिनि में डइडही (सानंद) फिरति है॥ इति हरिप्रकाशे॥ मरजी, रति-मृदिता॥ इति प्रकारसप्तशतिकायाम्॥

११०। नायक अधर-खंडन करि परदेस गयौ है। छन एक उघारति है, छन एक चाँगुरी सौं छुवति है आइ देखति, छन एक छपाय राखति है॥ इति हरिप्रकाशे॥

परकीया प्रेम-गर्विता वर्णन।

मूल। छलाछबीलेछैलकौ नवलनेहलहिनारि।
चूमतिचाहतिलायउर पहरतिधरतिउतारि॥ १११॥

टीका।—सखी का वचन सखी से। छला छबीले नायक का नई प्रीति में पा कर, नायका चूमती है, देखती है, और धरती है उतार कर॥ प्रेम और जाति अलंकार स्पष्ट-ही है॥

स्वकीया रूप-गुण-गर्विता वर्णन।

मूल। दुसहसौतिमालेजुहिय गनतिननाहबिवाह।
धरैरूपगुनकौगरब फिरैअछेहउछाह॥ ११२॥

टीका।—सखी का वचन सखी से। हे सखी, दुख सौति का खटके है जो सब स्त्रियौं के मन में, सो यह नायका गिनती-ही नहीं नायक के विवाह को। मन में रक्खे हुए रूप और गुण का अहंकार फिरती है अनंत आनंद से॥

प्रश्न॥ अनंत आनंद का हेतु क्या॥

उत्तर॥ इस में रूप औ गुण है सौति में नहीं, सो इस ने समझा कि नायक अब ताईं सब स्त्रियौं को मुझ-सी-ही जानता है, सो अब मेरा गुण जानेगा। जैसे रात होने से दिन का प्रभाव जाना जाता है॥ पंचम विभावनालंकार।

दोहा। कारज होय विरुद्ध तें सो विभावना मान।
आगम सौति उछाह को कारण विरुध सु जान॥

मूल। मुघरसौतिबसपियसुनत दुलहिनिदुगुनहुलास।
लखीसखीतनटीठिकरि मगरबमलजसहास॥११३॥

टीका।—सखी का वचन सखी से। हे सखी, चतुर सौति के बस नायक को सुनते-ही नायका को दूना आनंद हुआ। इस से देखा निज सखी की ओर नायका ने गर्व सहित लाज सहित हँस कर॥ तात्पर्य यह कि, एक तो अपना गुण

रूप अधिक जानती थी, दूजे समझी जो सुघड के बस हुआ तो सुघड मैं-ही हूँ। मेरे-ही अधीन होगा। वह चार दिन की आई क्या चतुरी होगी। यौं समझ निज सखी की ओर देखा। इस का सार यह कि वह मेरे आगे क्या है॥ विभावनालंकार स्पष्ट है। कारण से कार्य विरुद्ध, सौति के बस होने से हुलास॥

मूल। हँसिओठनिचिबुकरउचै कियेनिचौहैंनैन।
खरेअरेपियकेप्रिया लगीबिरीमुखदैन॥ ११४॥

टीका।—सखी का वचन सखी से। हँस कर होठौं मैं हाथ ऊँचा कर करो नीची आँखैं। और बहुत हठ करने से नायक के नायका लगी बीडी मुख में देने। यहाँ बीडी का अर्थ दाँत रंगने की बीडी का है, पान की का नहीं। और जो पान का अर्थ लीजै, तौ नेह को हीनता है, क्यौंकि पान तौ खाते-ही हैं॥ जाति अलंकार स्पष्ट है॥

स्वकीया अन्यसंभोग-दुःखिता वर्णन।

मूल। बिथुर्योजावकसौतिपग निरखिहँसीगहिगाँस।
मलजहमौंहौंलखिलियो आधीहँसीउसाँस॥ ११५॥

टीका।—सखी का वचन सखी से। फैलो महावर सौति के पाँव मैं देख कर, हँसी लिये ईर्षा नायका। साथ लाज के हँसती देख के सौति की, लीनो आधी हँसी मैं नायका ने ठंढी साँस॥ तात्पर्य यह, पहले इस ने जाना था कि यह फूहड है। फिर समझी उस की लजौंही हाँसी देख, कि यह इस के हाथ की महावर लगाई नहीं। यह नायक के हाथ की लगाई है। क्यौंकि साझिक से नायक का हाथ काँपा, इस से यह महावर फैली है॥ तृतीय विषमालंकार। इष्ट सो अनिष्ट हुआ॥

११४। खरे (अति) अरे (हठे) सौं॥ इति हरिप्रकाशे॥

११५। बिथुर्यो (अस व्यस) जावक (महावर ता) कौं देखि कै, गाँस (अभिप्राय) से कै हँसी। इति हरिप्रकाशे॥

मूल। छलापरोसिनिहाथतैं छलकरिलियौपिछानि।
पियहिदिखायौलखिविलखि रिसमूचकमुसकानि॥११६॥

टीका।—सखी का वचन सखी से। छला पडौसिनि के हाथ से नायक का छल कर के लिया नायका ने पहचान के। नायक को दिखा आप देख अनमनी हुई क्रोध-बोधक मुसकान से॥ पर्यायोक्तिअलंकार। छल कर नायक को जताना इष्ट साधा॥

मूल। बिलखदीखखैखरीखरी भरीअनखवैराग।
मृगनैनीसैननभजै लखिबैनीकैदाग॥ ११७॥

टीका।—सखी का वचन सखी से। अनमनी हो देखे है खडी बहुत भरी क्रोध और उदासी से। मृगलोचनी नायका सेज पर जाने की इच्छा नहीं करती, नायक की सेज में और नायका की चोटी का दाग देख के॥ काव्यलिंग अलंकार। अन्य नायका का आना सेज पर चोटी के दाग ने दृढ किया॥

मूल। ढीठपरोसिनिढ़ठहि कहिजुगहमयान।
सबैसँदेसैकहिकह्यौ मुसकाहटमैंमान॥ ११८॥

टीका।—सखी का वचन सखी से। पडौसिनि से नायक कहीं सुसकुराया सो नायका ने देख मान किया। फिर वही पडौसिनि नायक के कहे मान छुडावने आई, सो उस की ढीठता दृढ हुई। और हितकारी हो नायका से सब सँदेसे नायक के निर-अपराध चतुराई से कह दे, काकूक्ति कर, यह कहा, सुसकाहट में मान न चाहिये। जो पर स्त्री से बात छिप कर करै, की रति के चिन्ह होंय, तो मान करना ठीक कहै॥

प्रश्न॥ कोई कहै "सुसकाहट में मान" शब्द न चाहिये। "सुसकाहट तें मान", यौं चाहिये॥

११७। वैराग्य की अर्थ हुआ वैराजोपनी, अवधि, जानिए॥ इति हरिप्रकाशे॥

११८। ढीढिपरोसिनि॥ इति पाठान्तरम्॥ ढीठि देखि कैं। ढ़ठ कहिए सिख॥ इति हरिप्रकाशे॥

उत्तर॥ ये बोलने की दोनौं रीति हैं। जैसें हाँसो में बुरा न मानिये, और हाँसो से बुरा न मानिये, इस में अर्थ एक-ही है॥

काव्यलिंग अरु सूक्ष्मालंकार। पडौसिनि के मुसकुराने से रति का दृढ कर मान किया नायका ने॥

दोहा। किहूँ भाँति तें जानिये जिय की सूछम रीति।
मुसकाहट में लख लई पियहि पडौसिनि प्रीति॥

परकीया अन्यसंभोग-दुःखिता वर्णन।

मूल। गह्यौअबोलौबोल्यौ आपैपठैबसौठि।
दौठिचुराईदुहुनकी लखिमकुचौंहीदौठि॥ ११९॥

टीका।—सखी का वचन सखी से। रही चुपकी बुला के नायक को आप-ही भेज सखी, दृष्टि चुराई दोनौं की देख कर और सकचौंही चितवन॥ अमितालंकार।

दोहा। अमित साधने भोगवै साधक सिद्ध प्रवीन।
तिय-साधक पिय सुरत सिध सखि साधन तिय लीन॥

ज्येष्ठा कनिष्ठा वर्णन।

मूल। हठिहितकरिप्रीतमलियौ कियौजुसौतिसिंगार।
अपनेकरमोतिनगुह्यौ भयौहराहरहार॥ १२०॥

टीका।- सखी का वचन सखी से। हठ और प्रीति कर नायक ने लिया जो हार, सो किया सौति का सिंगार। अपने हाथ मोतियौं का गूँथा हुआ हार सौति के गले में देख, सो हार हुआ महादेव का हार सा (कहैं साप-सम) नायका

११९। पिय कौं बोलि कैं (बुलवाय कैं) अबोली (मौन) गह्यौ, कोई सुंदरी सखी सौं आपु-ही पठीठ (ढीठिन) पठाय कैं। दोनौं दौठि चुराई दुहुन की (सामने नजरि नहीं करे है) लखि कैं (देखि कैं), जो सकुचौंही (लज्जित) दौठि (जो दृष्टि देखि कैं)। दौठि के चीराइबे सौं जो लज्जा सौं संभीम जो नियन लियो॥ इति इरिप्रकाशे॥

को॥ व्याघात अलंकार। व्याघात सो जहाँ सुखद दुखद ह्वै जाय। अपने हाथ का गूँथा हार सुखद था, सो दुखद हुआ॥

मूल। सुरँगमहावरसौतिपग निरखिरही अनखाय।
पियअँगुरिनलालीलखै खरीउठीलगिआय॥ १२१॥

टीका।—सखी का वचन सखी से। सुंदर रंग कै लाल रंग महावर सौति के पाँव में देख, नायका क्रोध कर के रही। इस लिये कि, जो मुझे अच्छी लगती है, तो नायक को भी भली लगेगी। फिर नायक की उँगलियौं में महावर की लाली देख, बहुत-ही उठी लग आग नायका के मन में॥ अनुगुण अलंकार।

दोहा। जो गुण सिध किहुँ विधि अधिक होय सु अनुगुण लेखि।
जावक लखि द्युति-यै सु रिस बढी सु पिय द्युति देखि॥

स्वाधीनपतिका वर्णन

मूल। रहौगुहीनैनौलयै गुहिबैकैलीनार।
लागैनीरचुचावनै नीठिसुखायेबार॥ १२२॥

टीका।—नायका का वचन नायक से, कै सखी का वचन नायक से। रहौ, तुम ने गूँथी चोटी, और देखी तुम्हारी गूँथने की चतुराई। लगे पानी से चुचाने जो नीठ कर हम ने सुखाये थे बाल। तात्पर्य यह कि, दंपति को सात्विक हुआ॥ परिहृत्थलंकार।

दोहा। परिहृत कीजै और कछु उपज परै कछु और।
गुहिबे कारज तैं लग्यो नीर चुवनि तिहि ठौर॥

मूल। पियप्राननिकीपाहरू जतनकरतनितआप।
जाकीदुसहदसाभये मौतिनहूँमंताप॥ १२३॥

१२२। लीनार, ढंग॥ इति हरिप्रकाशे॥ यह नायक सखी वेश ह्वै कै, नायका को शृंगार करन लाग्यो। तैसी द्युति सात्विक भाव उपज्यो। तब नायका ने जान्यो, सो नायक सों कहति है॥ इति क्षणदगः॥ नीठि, कैसे-ह्व॥ इति हरिप्रकाशे॥

१२३। नायिका प्रिय के प्राणिनी की पाहरू (चौकीदार है)। जो यह मरेगी तो नायक कभी जीवे नहीं॥ इति हरिप्रकाशे॥

टीका।—सखी का वचन सखी से। नायक के प्राण रखनेवाली है नायका, इस से इस का यत्न करता है सदा नायक। और जिस की दुसह दसा (कहूँ मरण दसा) होने से सौतौं को भी दुख हुआ॥ तातपर्य, जो यह मरैगी, तौ नायक भी न बचेगा॥ संबंधातिशयोक्ति अलंकार।

दोहा। संबंधातिशयोक्ति जहँ　　योग अयोगहि देत।
सौतिन ताप अयोग सो　　कह्यौ योग्य इहिं हेत॥

मूल। टूनिहाईमवरोलमैं　　रह्यौजुसौतिकहाय।
मुतौंएँचिपियआपत्यौं　　करीअदोखिलआय॥ १२४॥

टीका।—सखी का वचन नव नायका से। ज्यौं टौना करनेवाली सब सखियौं के समूह में तेरी जो सौति बाज रही थी, सो तौ बस कर नायक को आप तैं ने त्यौं की अदोष आ कर॥ लेशालंकार।

दोहा। सौतिन कौ बस कर करम　　हुतौ दोष-मय जोइ।
टौना पद तैं अबस वह　　जान्यौ गुण-ही सोइ॥
ता तैं बसि कर करम यह　　दोष सु भौ गुण रूप।
किहुँ प्रकार तैं दोष गुण　　होय लेश कवि भूप॥

अकीया प्रीयितपतिका वर्णन।

मूल। रह्यौएँचअंतनलह्यौ　　अवधिदुसासनबीर।
बाल्योबाढतबिरहज्यौं　　पंचालीकोचीर॥ १२५॥

टीका।—नायका वचन सखी से। रहा खैंच अंत न पाया अवधि-रूपी दुःशासन वीर ने। सखी, बढता है बिरह जैसे द्रौपदी का चीर॥ पूर्णोपमालंकार। बिरह उपमेय, चीर उपमान, ज्यौं वाचक, बढना धर्म॥

१२४। तेरी सौति है, सो सब टोलनि में टूनिहाई कहाय रही है। जो टौना जाने सो टूनिहाई। सो तैं आय कैं आपु त्यौं आपनी ओर या नायक कौं ऐंचि कैं (रूप सौं खैंचि कैं), सौतिन कौं अदोखिल करी (दोष-रहित करी)। टौनही होती तौ नायक तेरे बस नहीं होती॥ इति इरिप्रकाशे॥

मूल। हियऔरैसीह्वैगई टरैअवधिकैनाम।
टूजैकरिडारीखरी बौरीबौरैआम॥ १२६॥

टीका।—सखी का वचन सखी से। मन में और-ही सी ह्वै गई टलने अवधि के नाम से नायका। दूसरे कर डाली बहुत बावली मौलि आँब ने नायका को॥ भेदकातिशयोक्ति अलंकार औरै पद तें स्पष्ट है॥

परकीया प्रोषितपतिका वर्णन।

मूल। छतीनेहकागदहिये भईलखाइनटाँक।
बिरहतचेउघरयोमुअब मेंहुडकोमीआँक॥ १२७॥

टीका।—सखी का वचन सखी से, कै नायक से, कै नायका वचन सखी से। जो थी प्रीति कागद-रूपी निर्मल मन में और हुई प्रमिद्ध न थोडी भी। सो विरह की आग से मिल कर, खुली अब थूहर दूध के लिखे अक्षर सी॥ पूर्णोपमालंकार। नेह उपमेय, मेंहुड-आँक उपमान, सी वाचक, उघडना धर्म॥

मूल। चिततरसतमिलतनबनत बसपरोसकेबाम।
छातीफाटीजातिसुनि टाटीओटउसाम॥ १२८॥

टीका।—नायका वचन सखी से, कै नायक वचन दूती से। मन तरसता है, मिलना नहीं बनता, बस कै पडौस के घर में भी। छाती फटी जाती है सुन टट्टी की ओट में लंबी साँस॥ विशेषोक्ति छेकानुप्रास अलंकार। पडौस का बास हेतु है, औ मिलना नहीं होता। औ फाटी टाटी छेक॥

१२६। टली अवधि॥ इति पाठान्तरम्॥ टली (बीती) जो अवधि (आयबे की ठिकानो) ता को नाम सुनि कें फलानो दिन टल्यो॥ इति हरिप्रकाशे॥ अवधि-दिने इतीति (अते सति) सा बाला क्षणतरा तनुर्यस्याः सा अपरा दृश्य जाता॥ इति शृङ्गारसप्तशतिकायाम्॥

१२७। कागद कहिए हृदय, सो कागद है। ता में नेह छती (प्रीति थी) संयोग में। टाँक (थोरी भी) खचाय नहीं भई (खचित नहीं भई)। अब विरह-अग्नि तचें (तपें) पर उघरी जैसे मेंहुड (थूहर)। ता के दूध सों लिखे कागद पै, फेरि तपावै, तब आँक (अक्षर) उघरैं (आहिर होय)॥ इति हरिप्रकाशे॥

स्वकीया प्रवत्स्यत्पतिका वर्णन।

मूल। रहिहैंचंचलप्रानये कहिकौनकीअगोट।
ललनचलनकीचितधरी कलनपलनकीओट॥ १२९॥

टीका।—नायका वचन सखी से। रहैंगे चंचल प्राण ये मेरे, तू कह, किस के रोकने से। नायक ने तौ चलने की बात मन में रक्खी, और मुझे कल नही पडती पलक ओट होने से नायक के॥ मरणाक्षेप काकूक्ति हस्थनुप्रास अलंकार स्पष्ट है॥

मूल। अज्यौंनआयेसहजरँग विरहदुबरेगात।
अबहीकहाचलाइयत ललनचलनकीबात॥ १३०॥

टीका।—सखी का वचन नायक से, कै नायका वचन नायक से। अब तक नही आये सहज के रंग जो थे बिरह के दुबले शरीर में। अभी क्या चलाते हो, हे कृष्ण, चलने की बात॥ अधैर्याक्षेपालंकार। गमन निषेध किया अपनी अधीरताई दिखाय कै॥ जो नायका यौं कहै कि तुम्हारे शरीर का रंग नही आया अरु मेरे बिरह की क्षीणता भी नही गई, तौ उपायाक्षेप अलंकार। और सखी जो दोनौं की अवस्था कहै, तौ छेकानुप्रास अलंकार, ललन चलन पद से। अरु उत्तरालंकार। उत्तर से प्रश्न समुझिये। नायक ने बिदा माँगी, सो जानी परी॥

प्रौढा प्रवत्स्यत्पतिका उपायाक्षेप वर्णन।

मूल। पूममाससमुनिमखिनिपे माँड़ेचलतसबार।
गहिकरबीनप्रवीनतिय राग्योरागमलार॥ १३१॥

१२९। ए सखी, चंचल प्राण कौन के अगोट (रोके सौं) रहैंगे। कौन के अगोट रहिहैं, नही रहिहैं काकु करि कैं॥ इति हरिप्रकाशे॥

१३०। एक बेर नायक परदेस सौं आयौ है, फेरि बिदेस कौं जाने चाहत है॥ इति हरिप्रकाशे॥

टीका।—सखी का वचन सखी से। पूस महीने में सुन कर सखियौं से कि नायक चलेगा सबेरे बिदेस को। गह के हाथ में बीन, चतुरी नायका ने अलापा राग मल्लार॥ तातपर्य यह कि, पूस महीने में मेह बरसे, तौ अकाल दृष्टि होय। अकाल दृष्टि में याचा नहीं होती॥ उपायाक्षेपालंकार।

दोहा। कीजै काज निषेध जहँ ढक्यौ अक्षेप सु लीन।
किय निषेध पिय गमन कौं इहि उपाय परवीन॥

मूल। ललनचलननसुनिपलनमें अँसुआभलकेआय।
भईलखाइनमखिनहूँ झूठैंहीजमुहाय॥ १३२॥

टीका।—सखी का वचन सखी से। नायक का चलना सुन के नायका की पलकौं में आँसू झलके आ कर। हुई मालूम नहीं सखियौं को भी यह बात झूठो जँभाई लेने से नायका के॥ व्याजोक्ति अलंकार।

दोहा। दुरवै जहँ आकार कौं व्याजोकति पहिचानि।
आँसू लिये दुराय कै इहाँ सु मिसु जमुहानि॥

स्वकीया प्रवत्स्यत्पतिका वर्णन।

मूल। चलतचलतलौंलैचले सबसुखसंगलगाय।
ग्रीखमबासरसिसिरनिसि पियसोपामबसाय॥१३३॥

टीका।—नायका वचन सखी से। चलते चलते तक नायक ले चले मेरे सब सुखौं को साथ लगा के। गरमी के दिन और शीत की रात पीउ मेरे पास रख चले॥ ग्रीषम के दिन बडे और शिशिर की रात बडी होती है, सो पिय बिन कटना कठिन है। कै एसे अर्थ कीजै कि, जेठ के दिन सम पूस की रात होगी बिरह की आग से। सो कटनी कठिन॥ सुसोक्षेक्षालंकार स्पष्ट है। बासर जनु ग्रीषम के इत्यादि से॥

मूल। बिलखीडबकौंहैंचखन तियलखिगमनबराय।
पियगहबरआयौगरौ राखीगरैलगाय॥ १३४॥

टीका।—सखी का वचन सखी से। जब देखा नायका ने नायक को ओर, डबडबा के आँखैं तिय को देख, जाना टाल, नायक का गला भर आया। तब गले से लगाय रक्खा नायका को। गला भर आना कहैं रोने को होना॥ लाटानुप्रास अलंकार स्पष्ट है, गरी गरै तातपर्य भिन्न से॥

मूल। बामाभामाकामनी कहिबोल्योप्रानेस।
प्यारीकहतनलजातनहि पावसचलतबिदेस॥ १३५॥

टीका।—नायका वचन नायक से। तातपर्य यह कि "बामा", "भामा," कामिनी," ये नाम साधारण स्त्रियौं के हैं। सो कह कर मुझे बुलाओ, हे प्राण-पति। "प्यारी" कहते लजाते नहीं? जो बर्षा काल में चलते हो बिदेस मुझे छोड के॥ विचित्रालंकार।

सो विचित्र जहँ यतन तें इच्छा फल-विपरीति।

यत्न करो बिछुडने का, जिस में कुप्यारी थपौं। और मुख से प्यारी कहो, प्यारी नाम थापने की है, प्यारी नहीं॥

मूल। मिलिचलिचलिमिलिमिलिमिलिचलत आँगनअथयोभान।
भयोमुहूरतभोरतें पौरीप्रथमप्रयान॥ १३६॥

टीका।—सखी का वचन सखी से। मिल कर चलते, और चल कर मिलते, फिर हाथ पकड के चलते, इस में आँगन के बीच-ही अस्त हुआ सूरज। भयो मुहूरत भोर तें (कहैं हुआ दो घडी भोर की से) डौढी में पहला प्रस्थान (कहैं डेरा)॥ लाटानुप्रास अलंकार स्पष्ट है॥

मूल। चाहभरीअतिरिसभरी बिरहभरीसबबात।
कोरिमँदेसेदुहुनकें चलेपौरिलौंजात॥ १३७॥

टीका।—सखी का वचन सखी से। प्रीति भरी, और बहुत क्रोध भरी, और बिरह भरी हैं सब बातें। कडोड सँदेसे दोनौं के चले घर से डौढी में जाने तक॥ लाटानुप्रास अलंकार स्पष्ट है भरी भरी पद से॥

१३५। इसमें "बामा," "भामा," "कामिनी" कहि कैं दीजी। बामा को अर्थ दुष्ट, भामा को अर्थ क्रोधी। प्यारी कहत लजात नहीं? इति हरिप्रकाशे॥

मूल। नयेविरहबढतीबिथा भईबिकलजियबाल।
बिलखीदेखिपरौसिन्यौ हरखिहँसीतिहिंकाल॥१३८॥

टीका।—सखी का वचन सखी से। नये बिरह बढती पीडा से हुई बिकल जी में नायका। और अप्रसन्न देख पडौसिन को, हरष कर हँसी तिस समें। तात्पर्य यह कि सौति को भी दुख है मेरे नायक का॥

प्रश्न॥ दोहा। सौति साल को अधिकई न्यून भयौ पति प्रेम।
रसाभास दूषण तरुणि नहि खकियनि कौ नेम॥

उत्तर॥ दो०। बिछुरत मरिहौं कहति ही सो सोचति हिय बाल।
सब आली ठाढी लखैं छण छण बिथा बिशाल॥
चिन्ह परौसिनि इक लखे अब यह छाँडति देह।
यौं बिलखी सु लखी कहूँ इन बिरहन युत नेह॥
तब जानी तिय मैं कि अब लच्छण पूरण प्रेम।
बिलखी सखि मो मृत्यु लखि वह हरषी युत नेम॥
देखि परौसिनि को बिलख तिय कीनी अनुमान।
मो मृत लखि बिलखी सु यह भौ हित पूर्ण प्रमान॥

अनुमानालंकार स्पष्ट है॥

परकीया प्रवत्स्यत्पतिका वर्णन।

मूल। चलतदेतआभारसुनि वहीपरौसिनिनाह।
लसीतमासिकेदृगन हाँसीआँसुनिमाह॥१३९॥

टीका।—सखी का वचन सखी से। इस दोहे में प्रवत्स्यत्पतिका औ मुदिता है॥ चलते हुए देते घर का बोझ सुन कर उसी पडौसिन के पति को, जिस से इस से प्रीति थी। शोभायमान हुई चंचल नैनौं में हाँसी आँसुओं के

१३९। तमासे के दृगन, दर्शनीय जे दृग हैं॥ पर-पति सौं मिलिबो इष्ट, या को सिद्धि बिन जतन॥ इति हरिप्रकाशे॥

बीच॥ प्रहर्षण औ पर्याय अलंकार। इष्ट सिद्ध है बिन यतन, प्रहर्षणालंकार। एक में अनेक का बास, दृगन में हाँसी आँसू, पर्याय॥

मूल। भयेबटाऊनेहतजि बादवकतिबेकाज।
अबअलिदेतउराहनो उरउपजतिअतिलाज॥१४०॥

टीका।—सखी चलने के समय नायक को उलाहना देती है, सो नायका सखी से कहै है॥ हुए पथिक प्रीति छोड कर, हथा कहती है बिन काज। अब, सखी, देते हुए उलहना मन में उपजती है बहुत लाज॥ तातपर्य यह कि नेह त्यागी और बटाऊ को उलहना देने में अति लाज आती है॥ काव्यलिंग और आक्षेपालंकार।

दोहा। लाज उराहन देत तिहिं करत समर्थन एह।
यह जु बटाऊ शब्द है काव्यलिंग गुण गेह॥
दुरै निषेध जु विधि वचन सो आक्षेप बखान॥

स्वकीया आगम-लक्षिता वर्णन।

मूल। मृगनैनीदृगकीफरक उरउछाहतनफूल।
बिनहीपियआगमउमगि पलटनलगीदुकूल॥१४१॥

टीका।—सखी का वचन सखी से। मृगलोचनी नायका की बाईं आँख फडकते-ही, मन में आनंद औ शरीर प्रफुल्लित हुआ, और बिन-ही नायक के आये बदलने लगी कपडे॥ अनुमानालंकार स्पष्ट है॥

मूल। बामबाहुफरकतमिलै जोहरिजीवनमूरि।
तौतोहीसोंभेंटिहौं राखिदाहनीदूरि॥१४२॥

टीका।—नायका वचन बाईं बाँह से। हे बाँई बाँह, तेरे फडकते हुए मिले जो कृष्ण मेरे जीव की जड है, तौ तुझी से आलिंगन करूँगी रख कर दाहनी बाँह को दूर॥ संभावनालंकार।

जौ यौं, तौ यौं पद जहाँ संभावन है जानि॥

मूल। मलिनदेहवेईबसन मलिनबिरहकैरूप।
पियआगमऔरैबढी आननओपअनूप ॥ १४३ ॥

टीका।—सखी का वचन सखी से। मैली देह औ वेई हैं कपडे मैले बिरह के रूप में। नायक का आना सुन और-ही बढा मुख पर पानिप नया कै जिस की उपमा नही॥ भेदकातिशयोक्ति अलंकार स्पष्ट औरै पद तें॥

परकीया आगमोत्सव वर्णन।

मूल। कियौंसयानीमखिनमौं नहिमयानयहभूल।
दुरैदुराईफूललौं क्यौंपियआगमफूल ॥ १४४ ॥

टीका।—सखी का वचन नायका से। तैं ने करी जो चतुरी सखियौं से चतुराई, सो नही चतुराई। यह भूल है तेरी। छिपै, छिपाई फूल की सुगंधता की भाँति, क्यौंकर नायक के आवने की प्रफुल्लता (कहैं प्रसन्नता)॥ पूर्णोपमालंकार। पिय-आगम-फूल फूल लौं न दुरै। पिय-आगम-फूल उपमेय, फूल उपमान, लौं वाचक, न दुरना धर्म॥

स्वकीया आगमपतिका वर्णन।

मूल। रहेबरौठेमैंमिलत पियप्राननिकेईमु।
आवतआवतकौभई बिधिकीघरीघरीमु ॥ १४५ ॥

टीका।—सखी का वचन सखी से। रहा बार के बाहर में मिलता हुआ जो प्राण-नाथ। तो आवते आवते की हुई ब्रह्मा की घडी, घडी नायका की॥ धर्मवाचक-लुप्तोपमालंकार। घडी उपमेय, ब्रह्मा की घडी उपमान॥

मूल। भेटतबनतनभावतौ चिततरसतअतिप्यार।
धरतिउठायलगायउर भूखनबसनहथ्यार ॥ १४६ ॥

१४५। आवत आवत की जो घरी है, "अब आवत है" "अब आवत है", सु (सो अर्थ दूसरे कवि पक्षी है सो) घरी अति प्रेम की आतुरता तें विधि की (विधाता की) घरी भई, अति बडी भई॥ इति इरिप्रकाशे॥

टीका।—सखी का वचन सखी से। सुसराल में नायक गया है, सो नायका की क्रिया। मिलते बनता नहीं नायक से, और मन तरसता है बहुत प्यार से नायका का। रखती है, उठा कर, लगा छाती से, गहने कपड़े और शस्त्र नायक के नायका॥ प्रेमालंकार।

दोहा। जहँ नहि कपट पिरीति तहँ लखि प्रेमालंकार।
सो व्हाँ हिय की प्रीति है नहि दिखवन आचार॥

मूल। बिछुरे जिये मकोचयह मुखतें कहतनबैन।
दोऊदौरिलगेहिये कियेनिचौहैनैन॥ १४७॥

टीका।—सखी का वचन सखी से। बिछुड के जिये नायक और नायका, सो सँकोच यह है दोनौं के मन में। इस से मुँह से कहते नहीं वचन। परस्पर दौड के लगे छाती से किये हुए लजौंहीं आँखें॥

तात्पर्य यह कि, संयोग में परस्पर कहते थे कि वियोग में जीवेंगे नहीं, इस से सँकोच कर लज्जित हुए॥

काव्यलिंग अलंकार। सँकोच का लजौंहैं नैनों ने दृढ समर्थन किया॥

मूल। ज्यौंज्यौंपावकलपटसौं तियहियसौंलपटाति।
त्योंत्योंछुहीगुलाबकी कलियाअतिसियराति॥१४८॥

टीका।—नायक विदेस से आया, सो नायका से मिले है। सखी का वचन सखी से। जिस जिस रीति से, आग को लपट सी, नायका अपने हिय पूर्वक चाह से लिपटती है, तिस तिस रीति से गुलाब के छिडकने की भाँति, छाती नायक की बहुत ठंढी होती है॥ विभावनालंकार। विरुद्ध तें कार्य। पावक सौं सियराति॥

परकीया आगमपतिका वर्णन।

मूल। आयौमीतविदेसतें काहूकह्योपुकारि।
सुनिहुलसीबिहसीहँसी दोऊदुहुननिहारि॥ १४९॥

१४७। बिछुरे सों जिये में सँकोच है॥ इति हरिप्रकाशे॥

टीका।—सखी का वचन सखी से। "आया जार बिदेस से", किसी ने नायका से कहा पुकार कर। सुन के प्रसन्न हुई, मुसकुराई, और हँसी दोनौं दोनौं को देख के॥

प्रश्न॥ सुन कर, कौन हुलसी, कौन बिहसी, और हँसी दोनौं को देख के कौन॥

उत्तर॥ हुलसी नायका की छाती, बिहसी बत्तीसी, हँसी दंपती की आँखैं परस्पर देख के॥

प्रश्न॥ यहाँ अक्षरौं में छाती आदि का बिचार नहीं, और दोनौं का देखना हँसना भी असमंजस सी बात है। क्या एक आँख हँसती है, जो दो कहा॥

सिद्धांतार्थ।

दोहा। यहाँ लखिता जाहि सौं सुकरति-ही निज नेह।
सु वह निकट बैठी हुती त्यौं आयौ मित गेह॥
अंतरंग किहुँ बोलि कै वचन सुनायौ तासु।
यह उन जानी-यैं नहीं बहिरँग बैठी पास॥
तहँ सुनि तिय हुलसी यह सुधि न रही बहिरंग।
यह इक सौं इक कहति है लखि दोउन कौ रंग॥
अरी किहूँ आयौ कह्यौ मीत पुकार सु लेखि।
सुनि हुलसी बिहसी हँसी दोउ परस्पर देखि॥
तहाँ अभिप्रायहि सुनौ हुलसैबौ दुहुँ माँहि।
वह तौ हुलसी मीत कौ आवन सुनि उहि ठाँहि॥
यह हुलसी बहिरंग यौं चोरी लही सु आज।
तहँ हुलास तहँ बिहसिबौ अंगन में सुख साज॥
ये दोऊ बिहसी कहीं हँसी सु पुनि मुसकाय।
बहिरँग तौ लखि कै हँसी सखी न नेह छिपाय॥
यह सु हँसी ही चतुर वह अब लौं लखी न बात।
ऐसैं या के अर्थ की रचना-विधि सरसात॥

अनुमानालंकार। हुलसने में मीत प्रीति जानी॥

कलहांतरिता वर्णन।

मूल। अहेकहेनकहाकह्यौ तोसोंनंदकिसोर।
बडबोलीकतहोतिहै बडेदृगनकेजोर॥ १५०॥

टीका।—आधे दोहे में नायका वचन, आधे में सखी का। नायक आया, तब नायका ने क्रोध किया, गया, जब सखी से बुलवाया, फिर सखी से पूछने लगी। अरी, कहै न क्या कहा तुझ से नंद-किशोर ने॥ सखी नायक की ओर ही बोली "बड बोली क्यौं होती है बडी आँखौं के बल से"॥ तात्पर्य यह कि श्री-कृष्ण-चंद्र को नंद-किशोर न्यून कर क्यौं कहती है॥ उत्तरालंकार।

प्रति-उत्तर जहँ होइ। उत्तर कहिये सोइ॥

आगमपतिका वर्णन।

मूल। यद्यपितेजरोहालवर लगीनपलकौबार।
तऊखेडौघरकौभयौ पैंडौकोसहजार॥ १५१॥

टीका।—सखी का वचन सखी से। जो भी पराक्रम से अति चलनेवाला है अच्छा नायक का घोडा, और नायक को आते एक पल भी देर न लगी। तो भी गाँव की सीमा का पंथ नायक के आवते आवते नायका को सहस्र कोस हुआ उत्सुकता से॥ विशेषोक्ति अलंकार। तेज रोहाल कारण शीघ्रता का, औ शीघ्रता काज न हुआ॥

उत्कंठिता वर्णन।

मूल। नभलालीचालीनिसा चटकालीधुनिकीन।
रतिपालीआलीअनत आयेबनमालीन॥ १५२॥

टीका।—नायका वचन सखी से। आकाश में लाली हुई और रात चली, चिडे औ भौंरे बोले। प्रीति करी, हैं सखी, और ठौर, इस से आये श्री-कृष्ण नहीं॥ वृत्त्यनुप्रास अलंकार।

अनुप्रास बहु बार। वृत्त्यनुप्रास विचार॥

वासकसज्जा वर्णन।

मूल। झुकिझुकिझपकौंहैंपलन फिरिफिरिजुरिजमुहाय।
जानिपियागमनींदमिस दीसवसखीउठाय॥ १५३॥

टीका।—झुक झुक कै, कर झपकौंही पलकैं, और बार बार ऐंडाय जँभाय के जान के नायक का आना, नींद का मिस कर, दी सब सखियौं को उठाय नायका ने अपने निकट से॥ पर्यायोक्ति अलंकार।

दोहा। छल कर साधिय इष्ट जहँ पर्यायोक्ति सु नाम।
सखि उठायबो इष्ट मिस नींद सिद्ध किय काम॥

मूल। ज्यौंज्यौंआवतिनिकटनिसि त्यौंत्यौंखरीउताल।
झमकिझमकिटहलैंकरै लगीरहचटेबाल॥१५४॥

टीका।—सखी का वचन सखी से॥ जैसे जैसे आवती है हुई पास रात, तैसे तैसे बहुत उतावली से झट झट काम करे है नायका, लगी अपने मनोरथ को बसके से॥

प्रश्न॥ जो स्वकिया आतुर सु क्यौं परकिय रति निहचैन।
दासी बाल न संभवै प्रश्न तीन हैं ऐन॥
उत्तर॥ आयौ पीव विदेस तें स्वकिया-ही यह बाम।
सास सासना लेन हित करति उताइल काम॥

स्वभावोक्ति अलंकार।

दोहा। झमकि झमकि टहलैं करति भाव जु वरन्यो सीद।
जहँ स्वभाव-वर्णन तहाँ स्वभावोक्ति लखि दीद॥

स्वकीया अभिसारिका वर्णन।

मूल। फूलीफालीफूलसी फिरतिजोबिमलविकास।
भोरतरैयाँहौंहिगी चलततोहिपियपास॥ १५५॥

टीका।—सखी का वचन नायका से। फूली हुई, जो फूल सी सौतें तेरी, फिरती हैं निर्मल जोति से। सो भौर के तारौं की भाँति होंयगी, तुझे चलते देख नायक के पास॥

प्रश्न॥ फूल सी जो हैं, सो भौर के तारौं समान होंय, यह कुछ असमंजस बात है॥

उत्तर॥ यौं कहा चाहिये विमल विकास फूल सी जो हैं, सो तेरे चलने से कुम्हलाने फूल सी होंगी। तात्पर्य यह कि फूल सी कुम्हला के तारौं समान छवि-छीन होंगी॥

उपमेयलुप्ता और धर्मोपमेयवाचकलुप्तोपमालंकार का संकर॥

दोहा। फूल रु सी जु विकास पद उपमिय लुप्ता होय।
भोर तरैयाँ चय लुपत इक उपमानहि जोय॥

परकीया अभिसारिका वर्णन।

मूल। उठिठकठकपर्तोकहा पावसकेअभिसार।
जानपरैगीदेखियौं दामिनिघनअँधियार॥ १५६॥

टीका।—सखी का वचन नायका से। उठ बखेडा इतना क्या है बरषा के चलने में नायक के पास। जानी जायगी दिखाई देने से ऐसे कि बिजुली बादल काले के अँधेरे में है॥ भ्रांत्यालंकार। दामिनि घन का भ्रम होगा॥

मूल। गोपअथाइनितेउठे गोरजछाईगैल।
चलिबलिअलिअभिसारिके भलीसँझोखेमैल॥ १५७॥

टीका।—संध्याभिसारिका सखी का वचन नायका से। गोप चौपाडौं से उठे, और गाय के पावौं से उड के धूल पंथ में छाई है। चल नायक के पास, मैं बलिहारी जाऊँ, सखी, अभिसार की अच्छी साँझ समें है सैल॥ काव्यलिंग अलंकार॥

१५६। देखि (तू काहे कौं देखिबे आई), तो यौं जान परैगी (यौं जानेगी) दामिनी (बिजुरी) है, घन (मेघ) से अँधियार में॥ इति परिप्रकाशे॥

मूल। कृष्णौकृपाकरक्षितिकृष्णौ तमसमिहरनसँभारि।
हँसतिहँसतिचलसमिमुखी मुखतेँआँचरटारि ॥१५८॥

टीका।—सखी का वचन नायका से शुक्लाभिसारिका आधी बाट में जाते चंद्रमा छिपा सो कहै है। छिपा चंद्रमा भूमि पर छाया अँधेरा, तू सुकचै मत, अपने ताईं सँभाख ले, चाँद का छिपना सँभाल। हँसती हँसती चल, ए चंद्र-मुखी, मुँह से घूँघट को हटा कर॥ काव्यलिंग अलंकार।

दोहा। काव्यलिंग सामर्थता जहँ दृढ कहति प्रवीन।
चलबे में मुख-चंद रद ज्योति समर्थन कीन॥

शशि-मुखी वाचकधर्मलुप्तोपमालंकार भी स्पष्ट है॥

मूल। सघनकुंजघनघनतिमिर अधिकअँधेरीराति।
तऊनदुरिहैस्यामयह दीपसिखासीजाति॥१५९॥

टीका।—सखी का वचन नायक से। निविड कुंज है, बहुत मेघ का अँधेरा है, अति काली रात है। तौ भी न छिपैगी, हे कृष्ण, यह नायका। दीप-सिखा सी जाती॥

प्रश्न॥ दिये की चोटी का रंग स्याम है। यह कैसे बने कि न छिपैगी॥

उत्तर॥ दीप-सिखा सी जाति ऐसे अर्थ है॥

और प्रश्न॥—दोहा। आवत दुरिहै नाहि यौं चहिये जाति बनै न।
उत्तर॥ बामहि लै चलि कुंज पिय कह्यौ तहाँ सखि बैन॥

सखी ने तिय-द्युति कहि पिय की रुचि बढाई॥ विशेषोक्ति औ लुप्तोपमेय अलंकार का संकर।

दोहा। हेतु न कारज हेतु जहँ विशेषोक्ति लख भेद।
सब विधि तम में नहि दुरै अरु लुप्ता उपमेद॥

दीप-सिखा उपमान, सी वाचक, न दुरिहै धर्म। तिय-नाम उपमेय नहीं॥

१५८। कृपाकर, चंद्रमा॥ इति शुक्लाभिसारिका॥

चंद्राभिसारिका वर्णन।

मूल। जुवतिजोन्हमेंमिलिगई नैकुनहोतिलखाइ।
सौंधेकेडोरेलगी अलीचलीसँगजाइ॥ १६०॥

टीका।—सखी का वचन सखी से। नायका चाँदनी में मिल गई। थोडी भी नही देती है दिखाई॥ सुगंध की डोर से लगी सखी चली संग जाती है नायका के॥ उन्मीलितालंकार।

दोहा। उन्मीलित किहुँ बात तें जहाँ भेद दरसाय।
मिली चाँदिनी में तरुणि दई सुवास जताय॥

कृष्णाभिसारिका वर्णन।

मूल। निसिअँधियारीनीलपट पहिरिचलीपियगेह।
कहौदुराई क्योंदुरै दीपसिखासीदेह॥ १६१॥

टीका।—आधे दोहे में सखी वचन, औ आधे में रूप-गर्विता का। रात अँधेरी है। नीले कपडे पहिर के चलि नायक के घर। कहो, छिपाई क्योंकर छिपैगी यह मेरी दीप-सिखा सी देही। चली की ठौर चलि का अर्थ लीजै। कहा है।

गुरु लघु लघु गुरु होत है निज इच्छा अनुसार॥

विशेषोक्ति अलंकार औ उत्तरालंकार।

दोहा। होत न कारज हेतु सब विशेषोक्ति उद्योत।
तम रु नील पट हेतु सब दुरबो तऊ न होत॥

प्रत्युत्तर तें उत्तरालंकार है॥

मूल। अरीखरीसटपटपरी विधुआधीमगहेरि।
मंगलगेमधुपनलई भागनगलीअँधेरि॥ १६२॥

१६२। पंकज छाँडि सुगंध के लोभ चली संग भौंरन की अवली री। ताही समय मग-भागनि आय के छाय गई उन कुंज-गली री॥ इति अज्ञातदत्तः॥

टीका।—नायक वचन सखी से। अरी सखी बहुत घबराहट हुई मुझे चंद्रमा को आधे पंथ में देख कर। साथ लगे हुए औरौं से ली, भागौं से, जा कर गली अँधेरी॥

प्रश्न॥ दोहा। खरी कहा सटपट अवर अलि न होत निसि अंग॥

उत्तर॥ इक परकिय विधु लखि तरणि पश्चिनि अलि अहँ संग॥

प्रहर्षणालंकार।

दोहा। इष्ट सिद्धि हुइ बिन यतन कहत प्रहर्षण नाम।
बिन उपाय अलिछाय बहु साध लियौ मन-काम॥

दंपति दिवाभिसारिका वर्णन।

मूल। मिसहीमिसआतपदुसह दईऔरिवहकाय।
चलिललनमनभावतिहिँ तनकीछाँहछिपाय॥ १६३॥

टीका।—सखी का वचन सखी से। बहाने-ही बहाने धूप कठिन के, दिया औरौं को बहका कर (कहँ टाल)। ले चला नायक नायका की शरीर की छाँह छिपा कर॥

तात्पर्य यह कि, नायका परकीया है। छाया (कहँ काँति) सो वस्त्र उढा, ले चले श्री-कृष्ण॥ पर्यायोक्ति अलंकार। छल कर इष्ट साधा॥

दंपति निशाभिसारिका वर्णन।

मूल। मिलिपरछाँहीँजोन्हमौं रहेदुहुनिकैगात।
हरिराधादुकमंगही चलेगलीमेँजात॥ १६४॥

टीका।—सखी का वचन सखी से। मिली ही परछाँहैं जैसे चाँदनी से ऐसे मिले हैं नायक नायका के शरीर। श्री-कृष्ण और राधिका एक साथ-ही चले हुए गली में जाते हैं दोनौं॥ मीलितालंकार।

दोहा। मिलित जहाँ सादृश्य तें भेद न जान्यौ जाय।
परछाँहैं पिय जोन्ह तिय मिले न परत लखाय॥

१६३। मिस (छल) करि कैं "आतप (धूप) दुसह हैं" या बात कहि कैं, औरि (उपरी) सखी कौं बहकाय दीनी, "तुम सब घरैं जाहु"॥ इति हरिप्रकाशे॥

१६४। परछांहीं सौं, जोन्ह (चाँदनी) सौं, मिलि कैं दुहुन के गात रहे हैं। नायक स्याम हैं, सो नायिका की परछांहीं सौं मिल्यौ है। नायिका जोन्ह सौं मिलीं॥ इति हरिप्रकाशे॥

खकोया खंडिता वर्णन।

मूल। पलनिपीकअंजनअधर धरेमहावरभाल।
आजमिलेसुभलीकरी भलेबनेहोलाल॥ १६५॥

टीका।—नायका वचन नायक से। पलकौं में पीक लगी है, काजल होंठ में लगा है, और रक्खे हुए ही महावड का रंग माथे पर। आज मिले सो भला किया। अच्छे बने हो, हे श्री-कृष्ण॥ धीराधीरा॥ दूजा असंगत्यलंकार।

दोहा। अरु थल कारज और थल परै असंगति नाम।
पल कज्जल थल पीक तहँ अधर पीक थल स्याम॥

ऐसे-ई महावड॥

मूल। मरकतभाजनसलिलगत इंदुकलाकैबिंब।
झीनझँगामेंझलमले स्यामगातनखरेख॥ १६६॥

टीका।—नायका वचन नायक से। प्रौढा अधीरा। नीलमणि का पात्र जैसे पानी में पडा, तिस में चंद्रमा की कला का प्रतिबिंब हो। तैसे तुम्हारे महीन जामे में चमकती है स्याम शरीर के बीच नख की लकीर॥ लुप्तवस्तूत्प्रेक्षालंकार।

दोहा। जनु मरकत भाजन सलिल यौं सु झीन पट स्याम।
उत्प्रेक्षा मनु लुप्त की वस्तु माहिँ गुण-धाम॥

मूल। वैसीयेजानीपरति झँगाऊजरेमाँह।
मृगनेनीलपटीजुहिय वेनीउपटीवाँह॥ १६७॥

टीका।—नायका वचन सखी से, कै नायक से। वैसी-ही जानी जाती है जामे उजले में। मृग-लोचनी लिपटी है जो छाती से सो उस की चोटी उपडी है बाँह में॥ अनुमानालंकार स्पष्ट है॥

मूल। कतबेकाजचलाइयत चतुराईकीचाल।
कहेदेतिगुनरावरे सबगुननिर्गुनमाल॥ १६८॥

टीका।—नायका वचन नायक से। क्यौं बिन काम चलाते हो चतुराई की रीति॥ कहै देती है दोष आप के सब गुण निर्गुण माला (कहैं माला के चिन्ह मात्र तो गुण है औ बिन डोरे छाती पर शोभायमान है)। उस ने राति के चिन्ह प्रगट किये॥ विरोधाभास अलंकार।

दोहा। विरुधाभास विरुद्ध सौं भासै अविरुधवंत।
निर्गुण मैं गुण कथनि कहूँ निर्गुण अर्थ अनंत॥

मूल। तुरतसुरतकैसेदुरत मुरतनैनजुरिनीठि।
डौंडीदैगुनगावरे कहैकनौंडीदीठि॥ १६६॥

टीका।—नायका वचन नायक से। तुरत का मैथुन किस भाँति छिपै, मुडते हैं नेत्र मिल कर नीठि तुम्हारे। और ढँढोरा दे दोष आप के कहै है कनौंडी दृष्टि॥ छेकानुप्रास लोकोक्ति छेकानुप्रास अलंकार।

दोहा। छत्ति तुरत सुरतादि पद डौंडी उक्ति सु लोक।
प्रास कनौंडी के धरै छेकनुप्रासहि श्लोक॥

मूल। पावकसौनैननिलग्यौ जावकलाग्योभाल।
मुकुरहौहुगेनेकुमैं मुकुरविलोकौलाल॥ १७०॥

टीका।—नायका वचन नायक से। आग सी लगी है आँखौं में, महावड लगो है माथे पर। मुकुर रहौगे थोडी बेर में। दरपन में देखो, हे कृष्ण॥ पूर्णोपमा यमक लाटानुप्रास अलंकार का संकर।

दोहा। पावक सौ जावक लग्यौ पूरण उपमा जानि।
मुकुर मुकुर यह यमक है लगि लगि लाट बखानि॥

मूल। प्रानप्रियाहियमैंबसै नखरेखासमिभाल।
भलौदिखायौआनियहु हरिहररूपरमाल॥ १७१॥

१६६। तुम्हारे नैन हमारे नैन सौं जुरि कैं, (मिलि कैं, सान्हने ह्वै कैं) नीठि (कोई तरह सौं, जोरावरी सौं, फेरि जोर सौं) मुरत हैं (फिर जात हैं)॥ इति हरिप्रकाशे॥

टीका।—नायका वचन नायक से। प्राण-प्यारी तुम्हारे हृदे में बसै है, जैसे विष्णु के हृदे में लक्ष्मी। और नख की लकीर सिर पर है, जैसे चंद्रमा शिव के माथे पर है। भला दिखाया रूप आन कर यह तुम ने विष्णु और शिव का रस का घर॥ रूपकालंकार स्पष्ट है, हरि हर के रूपक से॥

मूल। नखरेखा सोहैं नई अरसोहैं सबगात।
आलिंघन ननैनयं तुमसोहैं कतखात॥ १७२॥

टीका।—नायका वचन नायक से। नुहट्टा सोहै है टटका, और आलस भरे सब अंग हैं तुम्हारे, और सामने होती नहीं आँखैं ये। तुम सौगंदैं क्यौं खाते हो॥ यमकालंकार स्पष्ट है, सोहैं सोहैं पद से॥

मूल। पलसोहैं पगि पीक रँग छलसोहैं सबबैन।
बलसों हैं कत करत जिय अलसौंहैं दृगनैन॥ १७३॥

टीका।—सखी का वचन नायक से। पलकैं शोभती हैं पगी पीक के रंग से, और छल से शोभायमान हैं सब बातें तुम्हारी। बल से सामने क्यौं करते हो ये आलस भरी आँखैं॥ वृत्त्यनुप्रास अलंकार स्पष्ट है॥

मूल। पटमाँपोंछि परौकरौ भरी भयानक मेख।
नागिनि लौ नागति दृगनि लागे पिरौं गरेख॥ १७४॥

टीका।—नायका वचन नायक से। कपड़े से पौंछ कर दूर करो, बहुत डरावने रूप है। साँपनि ह्वै काटती है मेरी आँखौं की जो तुम्हारी आँखौं में पान की पीक लगी है सो॥

प्रश्न॥ खरो भयानक कहा॥

उत्तर॥ एक तौ नागिनि, दूजे दृग की डसन या तें॥

हेतूत्प्रेक्षालंकार। जनौं नागिनि लगी है दृगनि॥

मूल। जिहिं मालिनि भूषन रच्यो उरभाल।
उहीं मनौं अलि बैठयौ गो ओठनि कैरँग लाल॥ १७५॥

टीका।—नायका वचन नायक से। जिस नायका ने सिँगार बनाया अपने पाँव को महावड तुम्हारे माथे में लगा कर, उसी ने मानौं तुम्हारी आँखैं रंगी हैं अपने होंठौं के रंग से, ऐ कृष्ण॥

तातपर्य यह कि, उस ने मान किया, तुम पाँव पडे, सो महावड माथे में सोई है। और रात जागे सुख में इस से हैं आँखैं लाल॥ वस्तूत्प्रेक्षा औ द्वितीय असंगति अलंकार। वस्तूत्प्रेक्षा मनौं पद से स्पष्ट है।

दोहा। सु असंगति अरु थलहि की काज और थल होय।
चरण-महाउर भाल में अधर-रंग दृग जोय॥

मूल। गडेबडेछविकाकिकंकि किगुनीछोरछुटैन।
रहेमुरँगरँगरँगिउही मेहदीमहदीनैन॥ १७६॥

टीका।—महदी का वर्णन है। नायका वचन नायक से तौ खंडिता, औ नायक वचन सखी से तौ गुण-कथन। लगे हैं बडे (कहैं बहुत ऐसे कि) उस की सुंदरता के मद में मतवाले हो रहे हैं, और कनँगुली के छोर से छुटते नहीं। रहे हैं नौंह की दी अच्छे रंग की महदी के रंग में रंग कर नैन॥

तातपर्य यह कि, नायक के नेत्र लाल हैं॥

दोहा। प्रश्न, बडे छवि नहि बनै कहन बडी छवि आहि॥
उत्तर, छवि के छाक जे बडी तिनहि कहि चाहि॥

वार्त्ता॥ द्वितीय प्रश्न॥ एक रंग शब्द अधिक है॥

उत्तर॥ महदी का रंग हरा है। उस में नहीं, उस के सुरंग रंग में, रंग रहे हैं॥

छेकानुप्रास लाटानुप्रास वृत्त्यनुप्रास अलंकार का संकर।

दोहा। छेकानुप्रास गडे बडे महदी महदी और।
रँग रँग लाट सु वृत्ति विधि वरण-मित्रता ठौर॥

१७६। नायक सखी सों कहत है। बडे जो छवि के छाक (मत्तता) ता सों छकि कें (मत्त होय कें) हमारे नैन किगुनी (कनिष्ठांगुली, ता) के छोर (अग्र भाग, ता) में गडे हैं (कहिये लगे हैं), छुटत नहीं हैं। कनिष्ठांगुली की जो नख, ता के जो मेंधी, ता की जो सुरंग (सुंदर रंग), उही (कहिये औढी) सों रंगि रहे हैं (अनुरागी होय रहे हैं)॥ इति हरिप्रकाशे॥

लुप्तोत्प्रेक्षा अलंकार भी है। मानौ उसी मौंह दी मेहदी के रंग में नैन रँगे हैं॥ और खंडिता की सखी से शठ नायक के वचन, हमारे नेत्र उसी की मौंह दी मेहदी के रंग में रँगे हैं कहा। तेरी-ही नायका की मेहदी के रंग में रँग रहे हैं। और प्रकार से लाल मत समझे॥ इस अर्थ में व्याजोक्ति अलंकार।

दोहा। व्याज उकति करु करि जहाँ लीजै काज दुराय।
छिगुनी रंग प्रकट्यो किय बडौ सु छाक जताय॥

मूल। बेई गडगाडँपरी उपज्यौहारहियेन।
आन्यौमोरिमतंगमनु मारिगुरेरनिमैन॥ १७७॥

टीका।—नायक आया है। नायका वचन नायक से, कै सखी से। वेई गड के गट्टे पडे हैं। उपजा मोतियौं का हार छाती में नही। लाया है फेर कर हाथी को मानौं मार के गुलेलौं से काम-देव। यहाँ हाथी नायक जानिये। और कोई मन को हाथी कहै, तौ ठीक नही॥

प्रश्न॥ दोहा। मन कौं कहो मतंग जो तौ न बने इहि ठौर।
लगे गुरेरा देह में देह और मन और॥

उत्तर॥ कहति स्वकीया युक्ति सखि मनु गज आन्यौ मैन।
नही कहाँ ऐसी बनत दिवसहिं प्रिया मिले न॥

गज नायक मनु शब्द उत्प्रेक्षा। असिद्धास्पदहेतूत्प्रेक्षालंकार।

दोहा। तहँ गुरेर असिधासपद मैं लै आयौ हेत।
असिद्धासपद हेतु की उत्प्रेक्षा यह चेत॥

मूल। यहाँनचलैबलिरावरी चतुराईकीचाल।
मनगहियेखिननखिननटन अनगबढावतलाल॥ १७८॥

टीका।—नायका वचन नायक से। यहाँ नही चलैगी, साहिब, आप की चतुराई की रीति। साथ नुहटे लगाये हुए छाती पर, बार बार सुकर के, मेरो रिस को क्यौं बढाते हो, हे कृष्ण॥ विरोधाभास अलंकार।

दोहा । विरुधाभास विरुद्ध सौं अविरुध भासै शुद्ध ।
समख अनख सौं विरुध है. रोस अर्थ अविरुद्ध ॥

मूल । कतकहियतदुखदेनकौं रचिरचिवचनअलीक ।
सबैकहाउरहैंलखैं लालमहाउरलीक ॥ १७९ ॥

टीका ।—नायका वचन नायक से । क्यौं कहते हो दुख देने को बना बना कर बातैं झूठी । सब क्या तुम्हारा मन है जो देखैं, हे कृष्ण, महावर की लकीर माथे लगी है । इस से जाना कि माननी नायका के पायौं पड, भोग कर आये हो ॥ छेकानुप्रास अलंकार । कहाउर महाउर शब्द से ॥

मूल । तरुनकोकनदवरनवर भयेअरुननिमिजागि ।
वाहीकेअनुरागदृग रहेमनौअनुरागि ॥ १८० ॥

टीका ।—नायका वचन नायक से । सदृश कमल के रंग अच्छे हुए रात जाग कर । और उसी की प्रीति में रहे हैं मानौ रंग कर ॥ उक्तास्पदवस्तूत्प्रेक्षालंकार । अरुण नेत्र में कोकनद की उत्प्रेक्षा ॥

मूल । नकरनडरसबजगकहत कतबेकाजलजात ।
सौंहैंकीजैनैननजौ साचीसौंहैंखात ॥ १८१ ॥

टीका ।—"न कर न डर", सब जग कहता है । तुम क्यौं बिन काम लज्जित होते हो । तौ सामने करो आँखैं, जो सच्ची सौगंदैं खाते हो ॥ लोकोक्ति औ यमकालंकार । न कर, न डर, लोक-कथन । सौंहैं सौंहैं यमक ॥

मूल । लालनलहपायेदुरै चोरीसौंहकरैन ।
सीसचढ़ेपनहाप्रगट कहैंपुकारैनैन ॥ १८२ ॥

---

१७९ । सब कहाउ रही लखैं ॥ इतिपाठान्तरम् ॥

१८० । सदृश (नवीन) कोकनद (कमल) की जो अर्थ (रंग), ता सौं भर (श्रेष्ठ) अरुण (लाल) भए हैं, निसि (रात्रि) में जागि कैं, तुम्हारे दृग ॥ इति हरिप्रकाशे ॥

१८१ । न कर, न डर,——जो करिये तौ छिये डरिये बिन किये किते डरिये ॥ इति कृष्णदत्तः ॥

१८२ । खहि पाये, जानि लिये कैसे कपटी तुम ही । सौंह (सपथ) किएँ चोरी न छुरै (नहीं छिपै) ॥ इति हरिप्रकाशे ॥

टीका।—नायका वचन नायक से। रात औरि नायका के यहाँ नायक जागा है, सो लाल आँखैं देख कहै है। हे कृष्ण, मैं ने जान लिये जैसे तुम कपटी हो। छिपै चोरी सौगंद किये नहो। सिर पर चढे पनिहा (कहैं चोरी की थाँग लगानेवाले) प्रत्यक्ष कहैं हैं पुकारे हुए तुम्हारे नैन॥ काव्यलिंग अलंकार।

दोहा। चोरी कौं दृढ करत हैं नैन अरुण इहि ठौर।
काव्यलिंग या तें यहाँ जानहु कवि-सिरमौर॥

मूल। रह्यौचकितचहुँघाँचितै चितमेरौमतिभूलि।
सूरउदैआयेरही दृगनसाँझसीफूलि॥ १८३॥

टीका।—नायका वचन नायक से। रहा चकित चारो ओर देख मन मेरा मति भूल कर। सूरज के उदय हुए तुम आये, और रही है आँखौं में तुम्हारो साँझ सी फूल के॥

तातपर्य यह कि, नायक रात जाग कहीं से आया, सो लाल आँख देख नायक को कहै है॥ तृतीया विभावना औ धर्मलुप्तोपमालंकार।

दोहा। रवि छत संध्या फूलई बाधक छत तें काज।
सु विभावन अरु अरुण बिन धर्मलुप्त को साज॥

परकीया खंडिता वर्णन।

मूल। आपुदियौमनफेरिलै पलटैदीनीपीठि।
कौनचालियहरावरी लालल्लुकावतदीठि॥ १८४॥

टीका।—नायका वचन नायक से। तुम ने जो आप दिया था मन, सो फेर ले के उस के बदले पीठ दी मुझे। कौन सी रीति है यह आप को, हे कृष्ण, जो छिपाते हो अब दृष्टि॥ विनिमयालंकार।

दोहा। जहँ बदले कछु दीजिये विनिमय कहिये सोइ।
यहाँ मन लै बदले दई पीठ लखन यह जोइ॥

मूल। मोहिदियौमेरौभयौ रहतजुमिलिजियसाथ।
सोमनबाँधिनदीजिये पियसौतिनिकैहाथ॥ १८५॥

टीका।—नायका वचन नायक से। मन आप ने मुझे दिया, मेरा हुआ, रहता है जो मिल के मेरे जी के साथ। यह मन बाँध के न सौंपियेगा, हे प्रीतम, सौतों के हाथ॥ काव्यलिंग अलंकार। मेरा हुआ मेरे जी के साथ रहै, यह सामर्थता दृढ करी॥

मध्या धीरा वर्णन ।

मूल। ललनसलौनेअरुरहे अतिमनेहसौंपागि।
तनककचाईदेतिदुख मुरनलौंमुखलागि॥ १८६॥

टीका।—नायका वचन नायक से तो धीरा, औ नायका सखी से कहै तो परकोया स्वाधीनपतिका॥ हे कृष्ण, तुम सलौने (कहैं लावन्य सहित) हो, और रहे अति सनेह (कहैं प्रीति औ तेल) से पग। तुम्हारी थोडी कचाई देती है दुख मुँह की लाग (कहैं झूठ बोलना)॥

प्रश्न॥ दोहा। सूरन की समता दई नायक कौं कहि वाम।
तहँ सुख लगिबौ लगत नहि नायक पच्छ इहिँ ठाम॥
जो या के मुख लगत है तौ दुख याहि न होय।
जो सौतिहि के मुख लगै तौ न सूर्न विधि जोय॥
सूरन तौ जिहिँ मुँह लगै ता-ही कौं दुख जानि।
या तें मुख लगिबौ इहाँ कैसें अर्थ बखानि॥

उत्तर॥ दोउनि के मुँह लाग तौ देत दुःख यह अर्थ।
पिय की नहि हिय लाग है मुख मीठी सब व्यर्थ॥

सोरठा। जा में है मुँह लाग तिहीं कहत मुँह लागिबौ।
देत दुःख अनुराग हिये न ऊपर-ही झलक॥

प्रश्न॥ दोहा। और प्रश्न, जु सनेह अति तहँ न कचाई होइ।
दुख और यह अर्थ तौ है विरुद्ध पद सोइ॥

१८६। सूरन, जमीकंद। पूरब में बोल कहत हैं॥ इति हरिप्रकाशे॥

उत्तर॥ अर्थ यहै कि सनेह सौं पगे तहाँ यह मानि।
पगो वस्तु की सुधरता ऊपर-ही की जानि॥
भीजि जहाँ अंतर भिदै रस सो पद ग्यहाँ नाहि।
पग्यौ नेह या में कह्यौ ऊपर हित इहिँ ठाहि॥
सूरन-ह्व में नेह को पगिबो व्यंगहि माहि।
कहा कि ऊपर-ही लग्यौ अंतर भिद्यौ सु नाहि॥
जैसें प्रीति उठी कहैं उठिबो बैठन माहि।
जग कि प्रीति छूट्यौ चहति अन्य क्रिया इमि नाहि॥

वार्त्ता।—घी तेल में पगना बोलने की रीति नहीं। पगना मीठें में होता है, पर सुघड लोग जहाँ घी तेल की कमी देखैं, तहाँ व्यंग से कहैं हैं कि यह सामग्री घी से पागी है। अर्थ यह कि ऊपर-ही घी है भीतर भिदा नहीं॥

पूर्णोपमा औ श्लेषालंकार।

दोहा। सूरन लौं सुँह लगि ललन पूरण उपमा जोइ।
स्नेह सलौन विविध अरथ सो श्लेष यह होइ॥

यथा॥ परकीया स्वाधीनपतिका वचन सखी से कि, कृष्ण सलौने हैं, और नेह में पगे हैं। पर इतनी-ही कचाई है। जैसे सूरन सुँह लग के दुःख देता है, तैसे ये भी सुँह लग के दुख देते हैं। हेतु यह कि ऐसे आधीन हैं, लगे-ही रहते हैं। और मुझे चवाव का डर है। अलंकार इस में भी वही है॥

मूल। आजकछूऔरैभये ठएनएठिकठैन।
चितकैहितकैचुगलये नितिकैहौंयननैन॥ १८७॥

टीका।—नायका वचन नायक से तौ धीरा खंडिता, औ सखी वचन नायका से तौ लक्षिता, औ नायका वचन सखी से तौ अन्यसंभोग-दुःखिता। आज कुछ और

१८७। निति कै हौहिँ न नैन। ए तुम्हारे निति के (सदा के) नैन नहीं हैं। आजु कछु औरि-ही भए हैं। नए ठीक ठाकनि सौं ठए हैं (बने हैं)। चित में जो हित किये हौ, ता के चुगुल हैं॥ इति परिमलाभि॥

हुए हैं। ठाने हुए नये ठोक को, पर ठहरते नहो। मन को प्रीति के चुगल हैं ये, सदा के से न होंय तुम्हारे नैन॥

तात्पर्य यह कि, आज चल विचल हैं आँख तुम्हारी, इस से हम ने जाना सब तुम्हारे मन का भेद॥ भेदकातिशयोक्ति औ हृत्थनुप्रासालंकार स्पष्ट है। और-ही पद से भेदकातिशयोक्ति, नए ठए वृत्ति॥

मध्या अधीरा उत्तमा वर्णन।

मूल। अनतबसेनिसिकीरिसनि उरबरर्‌योरिसिखि।
तऊलाजआईभुकत खर्‌योलजौंहैंदेखि॥ १८८॥

टीका।—नायका वचन सखी से, कै सखी का वचन सखी से। और ठौर रहा नायक, इस से मन जल रहा अधिक कर के। तौभी लाज आई क्रोध करते नायका को, निपट लज्जित देख के नायक को, कै खडे हुए लजौंहैं देख के॥ पंचम विभावनालंकार।

दोहा। कारज होइ विरुद्ध तें सु विभावन कवि-राज।
खरे लजौंहैं तें हिये क्रोध होय तहँ लाज॥

मूल। फिरतजुअटकतकटनिबिन रसिकसुरसनखियाल।
अनतअनतनितिनितिहितनि कतसकुचावतलाल॥१८९॥

टीका।—नायका वचन नायक से। फिरते हो जो इलझते रीझ बिना, हे रसिक, सो रस नहो ख्याल है। और और ठौर सो प्रीति को क्यों सुकचावते हो, हे लाल॥

तात्पर्य यह कि, लोक कहैंगे नायका नायक से प्रीति नहो करती, इस से नायक ठौर ठौर अटकता फिरता है॥ लोकोक्ति अलंकार।

दोहा। लोक रीति जहँ कहन है सो लोकोकति जान।
सो रस कटनि बिन होत यह अटकन ख्याल सु मान॥

१८९। तुम कटनि बिना-(कटनि को अर्थ अति आसक्त, ताहि बिना), अटकत (स्त्रीन सौं उरझात) फिरत हो॥ इति हरिप्रकाशे॥ सुरसनखियाल। रसमपि बुध्यसि नैव, रसास्वादं न जानासि॥ इति शृङ्गारसह-अधिकायाम्॥ सुरस, शृङ्गार-रस। "यह सुरस है" ख्याल नहीं। नितिं नितिं (सदा) अनत अनत (नए नए) हित सौं नवीन हित कहत फिरत हो। ता सौं कत (क्यों) सकुचावत है (लजात हो)?॥ इति हरिप्रकाशे॥

मूल। कतसकुचतनिधरकफिरी रतियौरवोरितुम्हेन।
कहाकरौजोजाहिंयं लगेंलगौंहिंनैन॥ १९०॥

टीका।—नायका वचन नायक से। क्यौं सुकचते हो, बेधडक फिरो, एक रत्ती भी दोष तुम्हें नहीं है। क्या करो, जो जा कर ये लगें तुम्हारे लगौंहें नैन॥ व्याजस्तुतिनिंदालंकार।

दोहा। रति न खोरि निर्दोष हो यह अस्तुति को भाइ।
अभ्यंतर निंदा फिरी दृगनि लगौंहै लाइ॥

मूल। तेहतरेरौत्यौरकरि कतकरियतदृगलोल।
लीकनहोयचुपीककी स्रुतिमनिझलकगोल॥ १९१॥

टीका।—सखी का वचन अधीरा नायका से। क्रोध से डरावना मुंह कर क्यौं करती हो आँखें चंचल। लकीर नहीं यह पीक की जो तुम समझी हो, कि औरि नायका ने चुंबन किया है, सो नहीं। नायक जो कान में कुंडल पहरे है, उस के रत्न की लाल झलक गाल पर है॥ व्याजोक्ति अलंकार।

दोहा। व्याजोकति कछु कहि जहाँ लेत अकार दुराय।
पीक दुराई कहि इहाँ स्रुति-मणि झलक जताय॥

मध्या धीराधीरा वर्णन।

मूल। कतलपटैयतभोगरे सोनजुहीनिससैन।
जिहिंचंपकबरनीकिये गुलालारँगनैन॥ १९२॥

टीका।—नायका वचन नायक से। क्यौ लिपटाते हो मुझे गले से। वह नहीं मैं जो थी रात को तुम्हारे साथ सोई सेज पर, जिस चंपक-बरनी ने जगा कर फूल लाले के रंग करीं आँखें॥ भोगरे सोंनजुही चंपा गुलाला, यह फूल बंध है। इस में भी गरे सौं न जु ही पद श्लेष है॥

प्रश्न॥ दोहा। भोगरादि में विय अरथ चंपकादि में नाहि।
उत्तर॥ श्लेष उपम विधि है इहाँ दिख है कविता माहि॥

१९०। तुम कहा करो?। तुमारी बस नहीं, ए तुमारे लगौंहें (लागिबे की है स्वभाव जिन की) नैन, जो औरि सौं जाय लगें (आसक्त होंहि)॥ इति इरिप्रकाशे।

१९१। तेह (गुस्सा, ता) सौं तरेरे त्यौर (डरपावनी सूरति) करि, कत (काहे को) दृग की लोल (चंचल) करियतु है॥ इति इरिप्रकाशे॥

श्लेष और लुप्तोपमालंकार। मोगरे सोनजुही में श्लेष। चंपक-बरनी उपमेय-वाचक-धर्म लुप्ता। गुलाला-रँग नैन वाचक-धर्म-लुप्ता॥

प्रौढा धीरा वर्णन।

मूल। मैंतपायत्रयतापसौं राख्योहियोहमाम।
मतिकबहूँआयेदृहा पुलकपसीजहिँस्याम॥ १९३॥

टीका।—नायका वचन सखी से नायक के साक्षात, और भक्त का वचन मन से। मैं ने तचा कर तीन दुख से अपना हृदय हमाम कर रक्खा है। जो कभी आये, तो रोमांच हो, पसीजैंगे श्री-कृष्ण॥

तात्पर्य यह कि, कृपा कर मेरे मन के संताप दूर करेंगे॥ तीन ताप, एक, अधिदैवक, जो देवता से होय, सो देवता मनाते दुख पाया। दूसरा, अधिभौतिक, जो लोगों से होय, सो लोगों से भी दुख पाया। तीसरा, अध्यात्मिक, जो आत्मा से होय, सो जीव से भी दुख पाया। इन तीनों संताप से तचाय, हीय अपना हमाम किया है। जो स्याम आवैं तो पसीजैं (कहैं प्रसन्न होंय)॥ रूपक अलंकार स्पष्ट है, हृदय और हमाम से॥

मूल। जोतियतुममनभावती राख्योहियेबसाय।
मोहिखिजावतिटगनिहें वहदेउझाकतिआय॥१९४॥

टीका।—अपना प्रतिबिंब देख नायक की आँखों में, नायका वचन नायक से। जो नायका तुम्हारे मन भाती है, उसे तुम ने हृदे में बसा रक्खी है। मुझे खिजाती है, तुम्हारी आँखों में हो, वही झाँकती है आ कर॥ लुप्तोपमालंकार।

दोहा। अपनी छाया में करति तरक कि वह है वाम।
मनु जनु पद के लोप तें लुप्त जान इहिँ नाम॥

प्रौढा अधीरा वर्णन।

मूल। सदनसदनकोफिरनको सदनकुटैहरिराय।
रचैतितैविहरनफिरो कतविहरतउरआय॥ १९५॥

१९१। मति आयेका विषै॥ इति हरिप्रकाशे॥
१९५। सद, अभाव॥ इति हरिप्रकाशे॥

टीका।—नायका वचन नायक से। घर घर के फिरने की टेव तुम्हारी नहीं छुटती, हे कृष्ण-जी। इच्छा होय तहाँ विहार करते फिरो क्यौं चीरते हो छाती मेरी आ के। विहरत चीरने को कहते हैं। नायक को सापराध देख कही है॥ लाटानुप्रास औ यमकालंकार स्पष्ट है, सदन सदन औ विहरत विहरत पद से। विहरत में श्लेष, फिरना औ लीला करना॥

मूल। सुभरभर्यौतुवगुनकननि पचयौकुबतकुचाल।
क्यौंधौंदार्यौन्हौंहियौ दरकतनहिंनँदलाल॥१९६॥

टीका।—नायका वचन नायक से। अच्छा बहुत भरा है तुम्हारे गुणों के सूखे धान से और पकाया तुम्हारी बुरी बात औ बुरी चाल ने। क्यौं धौं अनार की भाँति मेरा हृदय फटता नहीं, हे नंद-लाल॥ गुण औ कण का रूपक। पूर्णोपमा औ विशेषोक्ति अलंकार। अनार उपमान, हिय उपमेय, लौं वाचक, दडकना धर्म।

दोहा। विशेषोक्ति जहँ हेतु सब कारज सिद्ध न होइ।
हिय दरकन के हेत बहु पै नहि दरकत सोइ॥

मूल। केसरकेसरकुसुमकै रहेअंगलपटाय।
लगेजानिनखच्यनखन्हीं कतबोल्यतियनखाय॥१९७॥

टीका।—नायक की सखी का वचन नायका से। केसर के फूल के तंतु रहे हैं अंग में लिपट के। लगे जान कर और नायका के नीछ, क्रोध लिये, क्यौं बोलती है खिजला के नायक से॥

प्रश्न॥ कोई कहै एक केसर पद अधिक है। केसर कहने से अर्थ होता॥

उत्तर॥ दो केसर कहने से पिसो केसर का अर्थ समझा जाता॥

व्याजोक्ति अलंकार पूर्वोक्ति से जानियो॥

१९७। केसर के कुसुम (फूल), ता के केसर (किंजल्क)॥ इति श्रीमन्नागरे॥

प्रौढा धीराधीरा वर्णन।

मूल। रसकेसेरुखससिमुखी हँसिहँसिबोलतिबैन।
गूढमानमनक्योंरहै भयेबूढरँगनैन॥ १९८॥

टीका।—नायक की सखी का वचन नायका से। रस के से त्यौर से, हे चंद्रमुखी, तू कहती है बात। पर छिपा हुआ मान मन में क्योंकर रहे। हुई हैं बीरबहूटी के रंग आँखैं तेरी॥ काव्यलिंग औ धर्मवाचकलुप्तोपमालंकार।

दोहा। गूढ मान दिखयौ सु दृढ बूढ रंग की कर्म।
काव्यलिंग रँग बूढ दृग लुप्ता वाचकधर्म॥

मूल। मोहूसोंबातनलगे लगीजोभजिहिंनाय।
सोईलेउरलाइये लालललागियतपाय॥ १९९॥

टीका।—नायका वचन नायक से। मानवती नायका से नायक मनाने की बातें करै है, सो नायक के मुख से उस नायका का नाम निकला, जिस का नाम सुन इस ने मान किया था। सो नायका कहै है। मुझ से भी बातें करते, लगी तुमारी जीभ जिस नायका से, उसी को ले, छाती से लगाइये, हे कृष्ण। मैं तुम्हारे पाँव पडती हूँ, मुझे छोडो॥ काव्यलिंग अलंकार। नामोच्चारने नेह दृढ समर्थन किया॥

मूल। गहकिगाँसऔरैगहै रहैअधकहैबैन।
देखिखिसौंहैंपियनयन कियेरिसौंहैंनैन॥ २००॥

टीका।—सखी का वचन सखी से। उमग के, आशय और-ही लिये, बात करती थी। सो रहीं अधकहीं बातें। देख कर खिसानी नायक की आँखैं, करीं रिस भरीं आँखैं नायका ने॥

तात्पर्य यह कि, नायक की खिसानी आँखौं से नायका ने जाना कि ये आसन्न

१९८। रिसकीखी॥ इति पाठान्तरम्॥ रिस (क्रोध) की सी रख (तौर, चेष्टा) है तेरी॥ इति हरिप्रकाशे॥

१९९। नाय, नाम॥ इति हरिप्रकाशे॥

२००। गहकि (कीआइल करि कै) गाँस (अभिप्राय, दो० ११५ की देखी) और-ही गहै (नायक और-ही कहै, नायिका और समझी)॥ इति हरिप्रकाशे॥

कहीं और हैं॥ भेदकातिशयोक्ति औ छेकानुप्रास अलंकार स्पष्ट है। और पद से भेदकातिशयोक्ति, और सौंहैं सौंहैं छेक॥

उत्तमा खंडिता वर्णन।

मूल। वाहीकौचितचटपटी धरतअटपटेपाय।
नपटबुझावतबिरहको कपटभरेहूआय॥ २०१॥

टीका।—नायका वचन नायक से। उसी नायका के मिलने को मन में आतुरता है। इसी से रखते हो टेढे बकचे पांव। मेरे विरहानल को लपट बुझाते हो, कपट भरे भी आ के, तुम॥ पंचम विभावनालंकार।

दोहा। कारज होत विरुद्ध तें सु विभावन कवि-राज।
विरहागनि न बुझै कपट है विरुद्ध तें काज॥

मूल। दच्छिनपियतैंबामबस बिसराईतियआन।
एकैंबासरकैबिरह लागेबरखबितान॥ २०२॥

टीका।—दक्षिण पद का अर्थ चतुर लीजिये तौ नायका वचन नायक से। और दक्षिण पद का अर्थ बहु-मीत नायक लीजे, तौ सखी का वचन सखी से। हे चतुर पिय, तुम ने, हो कर एक स्त्री के बस, भुलाई स्त्री और। एक-ही दिन के विरह में लगे वर्ष समान कटने हमें॥

प्रश्न॥ दो०। कैसैं इहिं दच्छिण कहैं तज तिय इक बस होइ।
उत्तर॥ दच्छिण पद वामहिं लगै तौ न प्रश्न यह कोइ॥
द्वितीय अर्थ॥ सखि सखि बच यह दच्छिनहि जिन बिसराई वाम।
कैसी जिन कौं दिन बरख सम बीतत निज धाम॥
प्रश्न॥ दो०। आन तियनि के विरह कौ वर्णन थल न दिखाय।
उत्तर॥ पियहि विरह वा वाम के बस दिन बरख विहाय॥

वार्त्ता।—इस से नायक दक्षिण नहीं। परकीया के ऐसा बस हुआ। सो दिन को मिलन नहीं होता है। सो उस को वर्ष सम कटै है॥

काव्यलिंग अलंकार। बस होने के दिन को विरह ने वर्ष समान दृढ किया॥

मध्यमा वर्णन।

मूल। बालमवारीसौतिके मुनपरनारिविहार।
भौरसअनरसरँगरली रीझखीझइकवार॥ २०३॥

टीका।—सखी का वचन सखी से। नायक ने, बारी में सौति की, किया, पर-नारी के यहाँ जाय के, भोग। यह नायका ने सुना। सुन कर नायका को हुआ सुख और दुख। इस रंग में मिल कर, रीझी और खीजी एक-ही बेर॥

तात्पर्य यह कि, रस तो हुआ। सौति की बारी टली समझ के कि, भला हुआ। उस ने दुख पाया। और अनरस हुआ इस से कि, मेरे पास न आ के, और के पास गया। फिर इस रंग में मिल कर, रीझी इस बात पर कि, मेरी बारी तो कभी नहीं टाली। और खीजी इस से कि, कहीं मेरी बारी में भी ऐसा न करे, यह टेव बुरी पडी॥

दीपकालंकार।

दोहा। दीपक वर्ण्य अवर्ण सौं इक पद लागी जाय।
भौ यह पद रस अनरसै रीझ खीझ में पाय॥

अधमा वर्णन।

मूल। मुँहमिठामृदुचीकनै भौंहैंसरलसुभाय।
तऊखरेआदरखरौ किनकिनहियोंमँकाय॥२०४॥

टीका।—सखी का वचन सखी से। मुँह से मीठी बातें करै है, नेह भरी आँखौं से देखै है, भौंहैं सूधी सुभाव-ही की हैं। तौ भी नायका के अति आदर से बहुत छिन छिन में मन डरता है नायक का, इस लिये कि ऐसा न हो कि अभी क्रोध कर उठे॥

दूजे अर्थ में सादराधीरा है कि, जौं जौं नायका आदर से मीठी बातें करै है, त्यौं त्यौं नायक बहुत डरता है, और अर्थ वैसे ही जानियो॥ पंचम विभावनालंकार।

दोहा। कारज होय विरुद्ध तें सु विभावन कवि-राज।
आदर तें शंका नहीं इहाँ विरुध तें काज॥

मूल। रही पकरि पाटी मुरिस भरे भौंह चितनैन।
लखि सपनें पिय आन रति जगत हुलगति हियैन॥२०५॥

टीका।—सखी का वचन सखी से। पाटी पलंग की पकड के रही वह क्रोध भरे हुए भौंह मन और आँखौं में नायका। देख के स्वप्न में नायक को औरि नारी से संभोग करते, जाग के भी नायक की छाती से लगती नही॥ यहाँ समय के भाव से भ्रमखंडिता नायका हुई। कहा है।

देस काल वय भाव तें केशव जानि अनेक॥

भ्रांत्यलंकार।

दोहा॥ भ्रांति सु औरे वस्तु में औरे भ्रम जहँ होय।
रति के भ्रम तें नहि लगति पिय हिय तिय यह जोय॥

इति श्री-कवि-लाल-विरचित-लाल-चंद्रिकायां विहारि-सप्तशतिका-टीकायां नायक-नायिका वर्णनं नाम प्रथमं प्रकरणं समाप्तम्। शुभम्॥ १॥

अथ

संयोग-शृङ्गार-वर्णनं

नाम द्वितीयं प्रकरणम् ॥

संयोग शृंगार वर्णन ।

मूल । अँगुरिनि उचिअरु भाँतदै उलमि चितै चख लोल ।
रुचि मोदु छँदु छनकै चूमैं चारु कपोल ॥ २०६ ॥

टीका ।—सखी का वचन सखी से । पाँव की उँगलियों से उचक, बीझ भाँत पै दे, लटक के, देख चंचल आँख से चारौं ओर । अभिलाष से दंपती ने परस्पर चूमे सुंदर गाल ॥ आत्मलंकार स्पष्ट है ॥

विपरीत रति वर्णन ।

मूल । पर्यौ जोरु विपरीतरति रूपी सुरतरनधीर ।
करति कोलाहलु किंकिनी गह्यौ मौनु मँजीर ॥ २०७ ॥

टीका ।—सखी का वचन सखी से । पडा है भार विपरीत संभोग का । सो पडी है नायका, संभोग रूपी युद्ध में धीर ही । करते हैं अच्छा शब्द कमर के घुँघरू और रही है चुपकी नूपुर (कहैं पाजेब) ॥ आत्मलंकार अथवा समासोक्ति ।

---

२०६ । पाँव की अँगुरिनि सौं ऊँचे होय, (भौति बीच में है), भार भौति पैं दे करि, "उलमि (लटकि) कैं, इत्यादि हरिप्रकाशे ॥

दोहा। समासोक्ति प्रस्तुत फुरै अप्रस्तुत विषै आइ।
कढति सुरत की रीति मधि सुरत लखी इहिँ भाइ॥

मूल। नौठिनौठिउठिबैठिहू पियप्यारीपरभात।
दोऊनींदभरेखरे गरेलागिगिरिजात॥ २०८॥

टीका।—सुरतान्त वर्णन। सखी का वचन सखी से। नौठि नौठि कर उठ कर बैठ के भी, प्रीतम औ प्यारी भोर समें दोनौं नींद से भरे खरे, गले लग के, गिर पडते हैं॥ स्वभावोक्ति अलंकार स्पष्ट है॥

मूल। बिनतीरतिबिपरीतकी करीपरसिपियपाय।
हँसिअनबोलेसोदियो ऊतरदियोबताय॥ २०९॥

टीका।—सखी का वचन सखी से। बिनती विपरीत संभोग करने की नायक ने, नायका के चरण छू के, करी। नायका ने हँस के अनबोले-ही दिया उत्तर, सो मैं ने तुझे बता दिया॥

तात्पर्य यह कि, न बोलना-ही प्रमाण करना है॥ प्रथम विभावनालंकार।

दोहा। कारण बिन कारज उदय सो विभावना माहिँ।
ऊतर कारज तौ भयो कारण बोल्यु नाहिँ॥

और दिया उत्तर बताने के अर्थ में चतुर्थ विभावनालंकार स्पष्ट है। और दियो दियो पद यमक है॥

मूल। रमनकह्योहँसिरमनिसौं रतिबिपरीतबिलास।
चितईकरिलोचनसतर मगरबमलजसहास॥ २१०॥

टीका।—सखी का वचन सखी से। नायक ने कहा हँस के नायका से

२०८। नौठि नौठि, कैसें कैसें-इ॥ इति इरिप्रकाशे॥
२०९। दियो बताय कैं, दीप बुझाय कैं॥ इति इरिप्रकाशे॥

विपरीत संभोग की लीला करने को। नायक को ओर देख कर के, आँखें कीं रूखी, लाज क्रोध और हाँसी समेत, नायका ने॥ यहाँ किलकिंचित हाव औ स्वभावोक्ति अलंकार स्पष्ट है॥

प्रेम-खेल वर्णन।

मूल। प्रीतमदृगमिंचितप्रिया पानिपरसमुखपाय।
जानिपिछानिअजानलौं नैकुनहोतिजनाय॥ २११॥

टीका।—सखी का वचन सखी से। पीछे से आ नायक आँख मीचता है नायका की। और हाथ के लगने से सुख पा कर, नायका, जान पहचान के, अजान की भाँति होती है। सो सखियौं पर थोडी भी नहीं खुलती यह बात॥ पर्यायोक्ति अलंकार।

दोहा। छल कर साधिय इष्ट जहँ पर्यायोक्ति विचारि।
मिस अजानता के परस मोद इष्ट लह नारि॥

मूल। मरममुमिलिचिततुरंगको करिकरिअमितउठान।
गोइनिबाहिजीतियेप्रेमखेलचौगान॥ २१२॥

टीका। सखी का वचन नायका से। गोइ मैदान का रूपक प्रेम खेल से अनुराग सहित, भली भाँति मिल नायक से, चित-रूपी घोडे को कर कर के अनगिनत धावे (कहैं मनोरथ)। गोइ कहैं गेंद, और गोइ कहैं छिपा के, निबाहने से जीतते हैं खेल प्रेम और मैदान का॥

तात्पर्य यह कि, जैसे गोइ को मैदान में घुड-सवार हद तक लकडी से मार के ले जाते हैं और जीतते हैं, तैसे तू भी छिपा के बुद्धि से निबाह ले मर्याद तक तो जीतेगी॥ रूपक अलंकार स्पष्ट है॥

मूल। दृगमींचतमृगलोचनी भईउलटिभुजबाय।
जानिगईतियनाथको हाथपरसहीहाय॥ २१३॥

२१३। बाय में, भँकवार में॥ इति हरिप्रकाशे॥

टीका।—सखी का वचन सखी से। पीछे से आ आँख मूँदते-ही, मृग नैनी ने भरा, उलट के हाथ, अँकवार में नायक को। समझ गई नायका नायक का हाथ है छूते-ही हाथ से॥ काव्यलिंग अलंकार।

दोहा। काव्यलिंग सामर्थता जिहिँ दृढ कहत सु जान।
भेट्यौ पिय कर परस किय दृढ समर्थ पहिचान॥

मूल। मैंममहामोयोंममझि मैंहचूम्योंठिगजाय।
हँस्योखिसानोगरगह्यो बहीगरेलपटाय॥ २१४॥

टीका।—नायका वचन सखी से। मैं ने बहाना करनेवाली को सोया जान के, उस का मुँह चूमा, पास जा के। जब वह हँसा, तब मैं खिसानी हुई। नायक ने मेरा गला पकडा, मैं उस के गले से लिपट रही॥

तातपर्य यह कि, नायक ने गला पकड, चाहा कि चूँवा लूँ। पर मैं ने ऊँचा मुँह कर गले से लिपट चूँवा न दिया॥

भ्रांत्यलंकार। सोवने का भ्रम हुआ नायका को, नायक के मिस से॥

मूल। मुँहउघारिग्योंलखिरहत रह्योनगोमिससैन।
फरकेओठउठेपुलक गयेउघरयुगनैन॥ २१५॥

टीका।—सखी का वचन सखी से। मुँह खोल कर नायक देख रहा। तब रहा न गया जो सोई थी बहाना कर। फडके ओठ और उठे रोम औ गई खुल दोनौ आँखैं नायका की॥ जात्यलंकार। बहाने से सोना नायका का॥

चोर मिहीचनी वर्णन।

मूल। दोऊचोरमिहीचनी खेलनखेलअघात।
दुरतहियेलपटायकै छुवतहियेलपटात॥ २१६॥

टीका।—सखी का वचन सखी से। नायक औ परकीया नायका दोनौं

२१५। नायिका मुँह में कपडा डारि कै सोई है। मुँह कौं उघारि कै जो (नायक) ने देखत, लिख (लख) की सेज में रही नहीं गयी॥ इति इरिप्रकाशे॥

आँख-मिचौली खेलते हैं, पर नहीं खेल से मन भरता। छिपते हैं छाती से लिपट कर, और छूते हैं छाती से लिपट के॥ विशेषोक्ति अलंकार।

दोहा। होत न कारज हेतु जहँ विशेषोक्ति उदोत।
हिय लपटन है हेतु पै काज अघात न होत॥

मद-पान वर्णन॥

मूल। हँसिहँसिहेरतिनवल्लतिय मदकैमदउमदाति।
वल्लकिवल्लकिबोल्लतिवचन ललकिललकिलपटाति॥२१७॥

टीका।—सखी का वचन सखी से। हँस हँस कर देखती है नई नायका (कहैं नवोढा) और मद (कहैं हर्ष औ मदिरा) हर्ष की मदिरा से उमँगती है। उफन उफन के करती है बात, और ललकि ललकि (कहैं बढ बढ के) लिपटती जाती हैं नायक से। बलकना, उफनना के उमँगना। जात्यलंकार स्पष्ट है, कै वीप्सालंकार॥

सोरठा। इकहि शब्द बहु बार अधिकाई हित वीपसा।
हँसि हँसि बलकि बिचार अधिकाई के हेतु हैं॥

मूल। निपटलजीलीनवल्लतिय बहकिवारुनीमिद्द।
ज्योंज्योंढिठाईदेइ ज्योंज्योंमीठीलगै॥२१८॥

टीका।—सखी का वचन सखी से। निपट लाजवती थी नवोढा नायका, सो बहकी मद पान कर॥ तौं तौं अच्छी लगै है, जौं जौं ढिठाई करती है नायक को॥ जात्यलंकार स्पष्ट है॥

मूल। खिलितवचनअधखुलतदृग ललितस्वेदकनजोति।
अरुनवदनकविसुदकको खरोक्तबोलीहोति॥२१९॥

टीका।—सखी का वचन सखी से, कै नायक से। खिलखिला कर बातें करती है, औ अधखुली आँखें हैं, औ सुंदर पसीने के मोतियों की जोति चमकती है गाल सुँह है, औ शोभा के मद से मतवाली अति शोभायमान होती है नायका॥ जात्यलंकार स्पष्ट है॥

मूल। रूपसुधाआसवछक्यौ आसवपियतबनैन।
प्यालेओठप्रियावदन रह्यौलगायेनैन॥ २२०॥

टीका।—सखी का वचन सखी से। नायका के रूप-अमृत-मद से मत्त हो रहा है नायक, उस से मद पिया नहीं जाता। प्याले से होठ लगाये है, और नायका के मुँह से रहा है लगाय के आँखैं॥ आसव-कृत मदिरा॥ तुल्ययोगिता-तालंकार।

दोहा। तुल्ययोगिता धर्म इक वर्ण्य अवर्ण्यहि होइ।
प्याले अरु दृग के धरम लगिबो इक व्हाँ जोइ॥

अचानक खोर की मिलन बखान।

मूल। गलीअँधेरीसाँकरी भीभटभेराआनि।
परेपिछानेपरस्पर दोऊपरेपिछानि॥ २२१॥

टीका।—सखी का वचन सखी से। गली अँधेरी सँकडी में हुई आ कर भट भिर दंपति से। पहचाने गये परस्पर दोनौं शरीर से शरीर लगने से॥ उन्मील-तालंकार।

उन्मीलत सादृश्य तें जहाँ भेद दरसाय॥

अर्थ से भेद जाना॥

मूल। लटकिलटकिलटकतचलत डटतमुकुटकीछाँह।
चटकभर्योनटमिलगयो अटकभटकबनमाँह॥२२२॥

टीका।—नायका वचन सखी से। झुक झुक के, झूमता, चलता, देखता हुआ मुकुट की छाँह की। चटक (कहैं फुरती की) छवि की छटा भरा नट (कहैं नटवर भेष) श्री कृष्ण मुझे मिल के गया अटकता भटकता बन में॥ अटक भटक शब्द में अनुभाव है, इस से अनुराग जाना जाता है॥ जात्यलंकार औ स्वभावोक्ति अलंकार स्पष्ट है॥

२२१। अटक भटक, भटभेरा करि॥ इति हरिप्रकाशे॥

नायक का परिहास नायका से।

मूल। अहिदहिहँडीजिनधरै जिनतृनिहउतारि।
नीकैहैछौंकौकुवैं गमैंहीरहनारि॥ २२३॥

टीका।—नायक वचन नायका से। छौंके पर दही की हाँडी रखते अंग देख प्यारा लगा नायक को नायका का, सो नायका से कहै है। अरी दही की हाँडी मत रक्खे, और मत तू ले उतार के। अच्छी भाँति है छौंका हुए हुए। ऐसे-ही रह, ए नारि॥ जाति कै स्वभावोक्ति अलंकार स्पष्ट है॥

मूल। मननयनातनकौंकिवैं हँतरूठायरूठाय।
कौतुकलाग्योंयियप्रिया खिझहूरिझवतिजाय॥२२४॥

टीका।—सखी का वचन सखी से। नायक का मन नायका के मनाने को नहीं करै है, इस से देता है रुठा रुठा कर। लीला में लगे हुए नायक को नायका का क्रोध भी रिझाता जाता है॥ पंचम विभावनालंकार। विरुद्ध तें काज होइ। खीज से रीझ॥

नायका-परिहास नायक से।

मूल। केकिमुनोपहुँचौगिलत अतिदीनतादिखाय।
बलिवामनकौंव्योंतसुनि कोवन्ततुम्हैंपत्याय॥२२५॥

टीका।—नायका वचन नायक से। परकीया नायका से नायक रति मांगे है, सो नायका हँसी करै है। छू कर कान-उँगली, पहुँचा पकड़ते हो, बहुत गरीबी दिखा के। राजा बलि और वामन अवतार की रीति सुन के कौन, अजी, तुम्हारा विश्वास करे॥

२२३। छौंका कौं पूरब में सिकहर कहत हैं॥ इति हरिप्रकाशे॥

२२५। कनिष्ठांगुरि, ता कौं हुद कैं, पहुँचा छीलत हौ। आंगुरी पकरत, पहुँचा पकरत हौ, यह अर्थ। नायक कहै है, "चलो, कुंज देखो, फूल तोरो", थोड़ी बात कहि, बहुत कछू चाहत हैं। यह बात जानि, नायिका की वचन नायक सौं। व्योंत, बनाव॥ इति हरिप्रकाशे॥

तात्पर्य यह कि, जैसे तुम ने बौन ह्वै के राजा बलि का राज तीन डग में ले लिया औ दुख दिया, तैसे छल कर हमैं भी दुख दिया चाहते ह्वौ॥ लोकोक्ति अलंकार।

दोहा। लोक-कहन जहँ बरणई　　लोकोकति पहिचानि।
गिलत शब्द अरु व्यौंत ये　　लोक कथनि है जानि॥

सखी का परिहास नायका से।

मूल। चिरजीवौजोरीजुरै　　क्यौंनसनेहगँभीर।
कोघटियेवृषभानजा　　वेहलधरकेवीर॥ २२६॥

टीका।—आजम-शाही सतसई की मिसल बन्द पर दोहौं की मिसल है। उस में इस दोहे को सखी का परिहास नायका से लिखा है, सो ठीक नहीं। यहाँ नायक नायका की अंतरंगिनी सखी का वचन सखी से है॥ सदा जियो राधा कृष्ण की जोडी, और लगे क्यौं नहीं इन की प्रीति गहरी। दोनौं में कौन घाट है, ये वृषभानु की बेटी औ वे बल-देव के भाई॥

दोहा। या में सखि की उक्ति यह　　क्यौं न नेह अधिकाय।
दोउन को संबंध इक　　थाप्यौ उक्ति बनाय॥
उत्तम हेत समान सौं　　है प्रसिद्ध यह बात।
वृषभानुज हलधर दुवौ　　अगिन तेज सरसात॥
वृष-सूरज में तेज अति　　अर्थ कियौ वृषभान।
शेष-नाग हलधर सु तौ　　महा सु तेज-निधान॥

२२६। यह जो राधा कृष्ण की जोरी है, सो चिरजीवो। जुरै (मिलै सौं) क्यौं नहीं गँभीर प्रीति छीव, अर्थात होत-ही है। प्रीति बराबरी-ही सौं शोभा पावति है।

"नायक-ही सौं कीजिये　　बैर ब्याह अरु प्रीति"।

या में को घटी है। दोउ बराबर हैं। राधा, वृषभानु की बेटी है। वे, जो कृष्ण, सो हलधर (बलदेव जी, तिन) के वीर (कहिये भाई) हैं॥ इहाँ समासोक्ति अलंकार भयी।

"अलंकार सब तीनि विधि　　(१) यथा-योग्य की संग।" इत्यादि॥

इहाँ वचन की मिलत नहीं भयी। जो इन्हें वृषभानु-जा कह्यौ, तो उन्हें नँदनंदन कह्यौ चाहिये। जान में सखी की उक्ति, तहाँ नायिका को वचन। सखी कहै है "चिरजीवो या जोरी। जुरै (मिलै सौं) क्यौं नहीं गँभीर नेह छीव होत है। इहाँ घटी कौन है, वृषभानु-जा"। तब नायिका की उक्ति, "वे हलधर के वीर"। हलधर पद सौं गँवार जानिये। ता की भाई गँवार॥ इति परिभाषायें॥

प्रश्न॥ वे दुहिता करि कै कहीं थे जु कहे बल भ्रात।
इहां भिन्न संबंध सौं बनत न इक सी बात॥
उत्तर॥ दुहुँ-धाँ इक सी सँपति तौ प्रीति न बर तहँ मानि।
भिन्न भिन्न को अधिकई प्रीति अधिक तहँ जानि॥
जौं नृप नृप रु धनी धनी इक सौ सुख निज गेह।
कौन नए सुख मित्र के चहै जु करि करि नेह॥
महा-धनी अरु नृपति सौं दिन दिन अधिकै प्रीति।
इक अप्रा सुख चहत है इक धन सुख यह रीति॥
ता तें भिन्न संबंध में यौं रस बढत अपार।
कह्यौ इहाँ-हूँ समुझिये सासन बल निरधार॥

हल पृथ्वी। हल-धर शेष-नाग। बल-देव जो शेष का अवतार हैं॥ समालंकार।

दोहा। सम प्रभाव कहि दुहुनि को जिहिं तें अति हित आहि।
मिलै जहाँ अनुरूप कछु सत असतै सम चाहि॥

वार्त्ता॥ कोई अज्ञानी बैल और हल का संबंध कहता है॥

नायक की सखी की उक्ति नायका सौं।

मूल। कहालख्योतैंदृगकरे परेलालबेहाल।
कहँमुरलीकहँपीतपट कहँमुकुटबनमाल॥ २२७॥

टीका।—सखी का वचन नायका से। ऐसे क्या लाडले तै ने अपने नैन किये हैं, जो पडे हैं श्री कृष्ण अचेत। कहीं बाँसुरी, कहीं पीला वस्त्र, कहीं मुकुट, औ बन-माला पडी है। विन्हें कुछ सुध नहीं किसी को, जब से तेरी आँख देख गये हैं॥

तात्पर्य यह कि, तू चल कर देख॥

व्याजस्तुति अलंकार स्पष्ट है, निन्दा-मिस स्तुति से।

नायका की सखी की उक्ति नायक सौं॥

मूल। यौंदृगमलियतनिरदई दईकुमुमसंगात।
करधरदेखौधरधरा अजौंनउरकौजात॥ २२८॥

२२८। दृगमलियत, मसलियत॥ इति हरिप्रकाशे॥

टीका।—सखी का वचन नायक से। ऐसी दल कर मलते हैं, निर्दई, हे भगवान, फूल से शरीर को। हाथ रख के देखो धड़कना अब तक नहीं छाती का आता॥ भाविक अलंकार और टीका-कारों ने कहा है। सो नहीं। यहाँ विषमालंकार है।

पूर्व पक्ष॥ दोहा। अलंकार भाविक इहाँ धर्‌यौ कविन किहुँ आनि।
सु तौ न क्यौं-हूँ संभवै लेहु सु कवि पहिचानि॥

भाविक का लक्षण।

दोहा। भूत भविष कौं जहँ कहैं वर्त्तमान सौं लाय।
सो भाविक व्हाँ धरधरा वर्त्तमान दरसाय॥
वर्त्तमान-ही होय तौ बनै न लक्षण सोइ।
भूत भविष ब्रतमान सौं कहे पुष्ट तब होइ॥
कर धर देखौ तब कह्यौ जब वह है डर होय।
अबौं सु पद निरधार किय वर्तमान लखि पोय॥

भाविक अलंकार का उदाहरण।

दोहा। या कौ रूप उदाहरण कवियौं करत बखान।
लखत विदेसहुँ जनु प्रिया देत स्मित्त युत पान॥

या तें भाविक नहिं। इहाँ है विषमालंकार। विषम लक्षण।

विषम उचित नहि योग जिहिं मृदु तन दलन प्रकार॥

[illegible]

मूल। मैंतोमोंकेवाकह्यौ तृजिनइन्हैंपत्याय।
लगालगोकेनैनोंइननि उरमैंलाईलाय॥ २२६॥

टीका।—सखी का वचन नायका से कोई कहै, तो नीरस है, देखने को मनह करना। नायका वचन अपने मन से इस में रस अधिक है। हे मन, मैं ने तुझ से कई बेर कहा, तू मत इन का विश्वास करै। लाग लगा के आँखों ने निदान छाती में आग लगाई-ही॥

तात्पर्य यह कि, जब उसे नहीं देखे तब हिया विरह रूपी आग से जले है ॥ असंगति अलंकार स्पष्ट है, आँखौं को लाग से उर में आग लगना ॥

मूल । मननधरतिमेरीकह्यौ तृआपनेसयान ।
अहेपरनियरिप्रेमकी परहथपारनप्रान ॥ २३० ॥

टीका ।—सखी का वचन नायका से । मन में नहीं रखती मेरी बात तू अपनी चतुराई से । अरी, पडनि में पड प्रेम को, पै पराये हाथ डाले मत जीव ।

तात्पर्य यह कि, दूती के बस मत पडे । तू आप प्रेम कर ॥ वृत्त्यनुप्रास अलंकार ।

वर्ण मित्र जहँ होइ । कहैं वृत्ति कवि लोइ ॥

मूल । बचकालहिंबचलाइने जयतबवीरबिनास ।
वचेनबडीसबीलह चीलघौंसुआमास ॥२३१॥

टीका ।—सखी का वचन नायका से । बहके मत इस बहनापन से, जब न तब, बहिन, इस में बिनास है । क्योंकि बचता नहीं बडी ततबीर से भी चील के घौंसले में मास ॥

प्रश्न ॥ दो० । अन्योकति में अर्थ यह भासतु है इन बैन ।
बहिनापन के सदन परि सुन्दर नारि बचै न ॥
जहँ जैहै बचिहै न तहँ रसाभास इहिँ अर्थ ।
चीलह पुरुष अरु मास तिय समता-ह्न न समर्थ ॥

उत्तर ॥ बहनापे करि उनि सदन थाप्यौ चहति सँकेत ।
तहँ सखि कहति सँकेत तू करि जिन अन्य निकेत ॥
महा छबीली सब नगर बगर बगर इहिँ चाह ।
जहँ जैहै लैहै सु वह करि अपनी ही नाह ॥

दृष्टांतालंकार स्पष्ट है ।

मूल । तूरहिसखिहौंहौंलखौं चटनअटारलिवाल ।
बिनहीऊगेससिसमुझ टैहैंअर्घअकाल ॥ २३२ ॥

टीका।—सखी का वचन नायका से। तू रह, ए सखी। मैं ही देखूं। चढ़े मत कोठे पर। मैं तेरे बलि जाऊँ, है बाला। बिन-ही उदै चंद्रमा समझ के देंगे अर्घ असमय तेरे मुख-चंद के उजास से॥

प्रश्न॥ दो०। तिय मुख पूरण विधु सखी चौथ चन्द्रमा छीन।
अरु पूरब दिस को अरघ तहँ सनमुखता हीन॥

उत्तर। शशि-उजास कौं देत हैं अरघ सु उत्तम रीति।
मुख-उजास लखि दैहिंगे अर्घ अकाल अनीति॥
पूरण विधु अरु छीण विधु प्रश्न रह्यो इहि नाहिं।
सनमुखता सु उजास को भई चहूँ दिस माहिं॥

वार्त्ता। जैसे वा घर के चहुँ पास नित प्रति पून्यो-ई रहै, तो मुख को उजास बरन्यो चारौं ओर॥

पर्यायोक्ति अलंकार॥

दोहा। परियायोकति जहँ कहैं कछु रचना सौं बात।
करति बडाई व्यंग सौं रचना शब्द दिखात॥

मूल। दियौ अरघ नीचे चलौ संकट भानि जाय।
सुचिती ह्वै औरै सबै ससिहि विलोके आय॥ २३३॥

टीका।—सखी का वचन नायका से। दिया अर्घ। अब नीचे चलो। कष्ट को तोडैं (जा के तातपर्य यह कि, कुछ खाँय पियैं)। सुचिती ह्वै और सब चंद्रमा को देखैं आ कर॥

दोहा। प्रश्न इहाँ दुचिती कहत तहँ है चंदहि जानि।
अर्घ देन तें फिर गई कछु अनीति सी मानि॥
या तें चल नीचे सु वे सुचित लखैं विधु आय।
राका अरु विदिशान विधु है को संशय जाय॥

२३३। हे अबले, इदानीमर्घो दत्तम् इति हेतोस्त्वमधः प्रयाहि। एतेनार्घादानाय प्रासादे गता इति प्रतीयते। अन्या अपि चन्द्रं निःशङ्कं पश्यन्तु॥ इति शृङ्गारसप्तशतिकायाम्॥

वार्त्ता ॥ उत्तम पक्ष उजास का अर्थ । मध्यम पक्ष चंद्र की देखि अर्थ । सो यहाँ मध्यम पक्ष है । नायका का अब-ही आवना हुआ है पति के घर से, तिस से सब को भ्रम हुआ ॥

संशयालंकार ।

है पदार्थ में निश्चय नाहिं । यह कै यह यौं संशय माहिं ॥

भाव वर्णन ।

मूल । नाकचढैसीवीकरै जितैछबीलीछैल ।
फिरिफिरिभूलिउहैगहै पियकँकरीलीगैल ॥ २३४ ॥

टीका ।—सखी का वचन सखी से ।

प्रश्न ॥ दो० । सीवी रुचि काँकर गडनि चित नहि निरदय पीय ।

उत्तर ॥ छैल गैल वह निज गहै लखि सुकमार सु तीय ॥
पिय के पग में लगत-ह्वै काँकर कसकत याहि ।
अवधि जानि सुकमारता पर दुख व्यापत जाहि ॥

तात्पर्य यह कि, किसी तीर्थ में नायक नायका नंगे पाओं जाते हैं । सो नायक अच्छी राह में नायका को लिये जाता है, और आप कँकडीली बाट में चलता है । सो देख के नायका की नाक चढती है सिसकी भरते । यह भाव नायक को अच्छा लगता है, इस से फिर फिर भूल के कँकडीली-ही राह में चलता है नायक रीझ के ॥ असंगति अलंकार । लागै पिय के । कसकै तिय के ॥

सात्विक भाव वर्णन ।

मूल । लखिलखिवँखियनिअधखुलनि अंगमोरिअँगराय ।
आधिकउठिलेटतिलटकि आलसभरीजँभाय ॥ २३५ ॥

टीका ।—सखी का वचन सखी से । देख देख आधी खुली आँखौं से नायक को, शरीर मरोड, अँगडाई ले कर । आधी एक उठ कर लेटती है, झुक के, और आलस्य भरी जँभाई ले के ॥ स्वभावोक्ति अलंकार स्पष्ट है ॥

आलंबन-विभाव वर्णन।

मूल। दोऊचाहभरेकछू चाहतयेकहैंन।
नहिआवकबुलिसूमसौं बाहिरनिकरतबैन॥२३६॥

टीका।—सखी का वचन सखी से। दोनौं, नायका और नायक, चाह से भरे हुए कुछ चाहते हैं कहा, पर मारे लाज औ संकोच के कहते नहीं। जैसे जाचक को आया सुन, सूम घर से बाहर नहीं निकलता, तिसी भाँति दंपती के मुख से नहीं निकलते वचन॥ उपमालंकार। सूम उपमान, बैन उपमेय, लौं वाचक, न निकसना धर्म॥

उद्दीपन-विभाव वर्णन।

मूल। उयोंसरदराकासमो करतिस्वौंनचितचैन।
मनोमदनकितियालको छातसीछविदैन॥२३७॥

टीका।—सखी का वचन मानवती के अभिसारिका से। उदै हुआ सरद पून्यो का पूरण चंद्रमा। करती क्यौं नहीं मन में ज्ञान। इसे चंद्रमा मत समझे। यह कैसा जाना जाता है कि, मानो काम-देव पृथीराज का छाता शोभायमान है॥ वस्तूत्प्रेक्षालंकार स्पष्ट है। पूर्ण चंद्र पै तर्क से॥

अनुभाव वर्णन।

मूल। नायकतरकीनायकी तिलकृतकनिहतताकि।
पावकझरसीपिरयतहै बईकरोंमाझाकि॥२३८।

टीका।—नायक वचन सखी से। नायक के तोर से लगाये तिलक नायका इधर देख के, आग की लपट सी चमक कर अभी गई है खिडकी में झाँक के॥

तात्पर्य यह कि, जब से मैं ने देखा है तब से बिन देखे बे-चैन हूँ॥ छेकानुप्रास औ उपमालंकार।

२३८। नायक (नायिका) के सर समान तिलक॥ इति इरिप्रकाशे॥

दोहा। नावक पावक शब्द में है छेकानुप्रास।
तिय पावक झर सी झमक उपमा पूर्ण प्रकास॥

किलकिंचित हाव वर्णन।

मूल। मुनिपगधुनिचितईइतै न्हातिदियेहीपीठ।
चकीझुकीसकुचीडरी हँसीलजीलीदीठ॥२३९॥

टीका।—नायक वचन सखी से। सुन कर मेरे पाँव का शब्द देखा मेरी ओर न्हाती जो थी दिये हुए पीठ। चौंकी, निहुडी, सुकची, डरी, हंसी लजीली दृष्टि कर के नायका। उस समय की शोभा जो मेरे जी में समाई है, सो मैं कुछ कह नहीं सकता। मेरा जीव-ही जाने है॥ समुच्चयालंकार।

इकछि बार बहु भाइ। होंहिं समुच्चय गाइ॥

मूल। सहितमनेहमकोचमृख स्वेदकंपमुसिकानि
प्रानपानिकरिआपनें पानदयेमोपानि॥२४०॥

टीका।—नायक वचन सखी से। साथ-ही प्रीति, सकुच, रोमांच, कंप औ मुसकाने के, मेरा जीव छाथ कर के अपने पान दिये मेरे छाथ में। और अर्थ में विवाह का भी समय बने। ग्रंथ बढने के लिये अधिक अर्थ नहीं कहा। एक अर्थ पुष्ट कर कहा है॥ विनिमयालंकार।

दोहा। जहँ दै कै कछु लीजिये सो विनिमय की गाथ।
प्राण आपने हाँथ लिय पान दये मो छाथ॥

विभ्रम हाव वर्णन।

मूल। रहीदहेंडीढिगधरी भरीमथनियावारि।
करफेरतिउलटीरई नईबिलोवनिहारि॥२४१॥

टीका।—सखी का वचन नायका से, के सखी से। नायक की देख नायका का मन स्थिर नहीं, सो सखी कहे है। रहीं दही की हाँडियाँ पास धरी हुई, औ तैं ने भरी दही मथने की बडी हाँडी पानी से। छाथ से फिराती है उलट दही

मथने की लकडी। इस से मैं ने जाना कि तू अनोखी बिलोवनवाली है॥ बिलोवना मथना। भ्रांत्यालंकार। दहेंडी के भ्रम पानी में उलटी रई डाली॥

मूल। बेसरिमोतीदुतिझलक परीओठपरआय।
चूनौहोइनचतुरतिय क्योंपटपोंछीजाय॥ २४२॥

टीका।—सखी का वचन नायका से। नथ के मोती की चमक की झलक पडी है होठ पर आ के। चूना पान का न हो, हे चतुर स्त्री, जो कपडे से पोंछा जाय॥

प्रश्न॥ दोहा। भ्रमवारी कौं चतुर किम संबोधन यह आहि।
उत्तर। व्यंग इहाँ ज्यौं भूल में कहैं सुघर पद चाहि॥

भ्रांत्यपन्हुति अलंकार।

दोहा। भ्रांति अपन्हुति और की शंका भ्रांति निवारु।
चूने कौ भ्रम दूर किय मुकुत झलक कहि चारु॥

ललित हाव वर्णन।

मूल। टटकीधोईधोवती चटकीलीमुखजोति।
फिरतिरसोईकेवगर जगरमगरदुतिहोति॥ २४३॥

टीका।—सखी का वचन नायक से, कै सखी से। तुरत की धोई धोती पहने, चटकीली मुख की जोति से, फिरती है रसोई के आँगन में, तौ जगमग जगमग होती है शरीर की शोभा॥ जात्यलंकार लोकोक्ति छेकानुप्रास है। अगर मगर लोकोक्ति, टटकी चटकी छेक॥

मूल। छिनेकचलतिठठकतिछिनेक भुजप्रीतमगलडारि।
चढीओटादेखतिघटा बिज्जुछटासीनारि॥२४४॥

टीका।—सखी का वचन सखी से। थोडी एक बेर चलती है, खडी होती है थोड़ी बेर, बाँह नायक के गले में डाल कर। चढी कोठे पे देखती है बादल

बिजुली की कौंध सी नायका ॥ धर्मलुप्तोपमा औ वृत्त्यनुप्रास अलंकार। नारि उपमेय, बिज्जु-छटा उपमान, सी वाचक, औ अटा घटा वृत्ति ॥

दूसरी का लीला हाव वर्णन।

मूल। राधाहरिहरिराधिका बोलिआयेमकेत।
ढंपतिरतिविपरीतिसुख सहजसुरतसंकेत ॥२४५॥

टीका।—सखी का वचन सखी से। राधा कृष्ण बनी, कृष्ण राधा बन के, दोनौं आये मिलाप की ठौर में। नायका नायक संभोग उलटे का सुख सहज के संभोग में भी लेते हैं॥ काव्यलिंग अलंकार॥

दोहा। काव्यलिंग सामर्थता जहँ दृढ कहिये भाव।
सहज सुरत विपरीत सुख दृढ किय लीला हाव॥

विचित्र हाव वर्णन।

मूल। चलतघरघरघरतज घरीनघरठहरात।
समुझिउकीघरकौचर्म मुनिउकीघरजात ॥२४६॥

टीका। सखी का वचन सखी से। परकीया नायका।

प्रश्न॥ दो०। भूलि उही घर जाय में कढति बात इम आय।
यह कि समुझि निज घर चलै भूलि सु पिय घर जाय॥
उत्तर॥ जो यहाँ समुझि उही घरहि चली नही ये भाय।
समुझि उही घैरहि चलै घरहि भूलि उहि जाय॥

घैर चवाव, कै निंदा।

तातपर्य। समझ वही क्या कि, यह घर घर के चवाव को समझ के चलो अपने घर को। फिर अनुराग से निंदा को भूल, नायक के घर को ही जाती है। घर में घडी भर नही रहती॥

२४६। घर घर में घैर (चवाव) चले है, "यह घर पुरुष सौं आसक्त है"। तौ भी एक घरी घर में नहीं ठहरति है। समुझै है कि, हमारे लोग निंदा करे है, तौ भी याही के घर कौं चले है। नायक सौं अनुराग है, ता सौं निंदा भूले है, तब वही के घर जाति है। इति हरिप्रकाशे॥

कुट्टमित हाव वर्णन ।

मूल । नाहिनहीनाहीकके नारिनिहोरेलिय ।
कुवतओठबिचअँगुरिन बिरीबदनध्यौदिय ॥ २४७ ॥

टीका ।—सखी का वचन सखी से । नहीं नहीं नहीं कर के, नायका निहोरे से ले है । और छूता है होठ उँगलियौं से पान की बीडी मुँह में देते नायक ॥ स्वभावोक्ति अलंकार स्पष्ट है ॥

मद हाव वर्णन ।

मूल । गदरानेतनगोरटी ऐपनआडलिलार ।
हठ्यौदेअठिलायदृग करेगँवारिसुमार ॥ २४८ ॥

टीका ।—नायक वचन सखी से । गदराने शरीर से गोरी नायका ऐपन की आड सिर में लगाये । अठखेली से आँख का धक्का दे करै है गँवारी सो मुझे घायल ॥ जात्यलंकार स्पष्ट है ॥

तपन हाव वर्णन ।

मूल । जातिमरीबिछुरतघरी जलमफरीकीरीति ।
छिनछिनहोतिखरीखरी यरीजरीयहप्रीति ॥ २४९ ॥

टीका ।—नायका वचन सखी से । जाती है मर के बिछुडने से, पानी और मछली की प्रीति की तौ यह रीति है । पल पल में होती है अधिक अधिक, हे सखी, जली वह हमारी प्रीति ॥

तात्पर्य यह कि, मछली तौ मर के दुख से छुटती है, औ अधिक प्रीति होने से मैं दुख पाती हूँ, क्योंकि प्रीति में दुख बहुत है ॥

---

२४७ । नाकमोरिनाहीकके ॥ इति पाठान्तरम् ॥

२४८ । गदरा कहिये परिपक्व यौवन नहीं है । पौरी चाँवर (चावल) और हरदी लाखी सो ऐपन । हठ्यौ, इति पाठान्तरम् । हठौ दै, मूठी बाँधि कटि में हाथ लगाय । अठिलाय, आँग मरोरै है । दृग (नेत्र) सौं गँवारि नायिका सुमार करे है (मूर्छित करति है) ॥ इति हरिप्रकाशे ॥

मुग्ध हाव वर्णन।

मूल। हैजसुधादीधितिकला यहलखिदीठिलगाय।
मनौअकासअगस्तिया एकैकलीलखाय॥ २५०॥

टीका।—सखी का वचन नायका से। दीधिति चंद्रमा। दूज के चंद्रमा की कला को अमृत जान तू यह देख दृष्टि लगा कर। मानौ आकाश-रूपी अगस्ति के हाथ में एक-ही कली दिखाई देती है॥ प्रतीप पर्यायोक्ति औ उत्प्रेक्षालंकार।

दोहा। यह लखि दीठि लगाय में दिखवति मोतहि आलि।
मिस करि इहाँ प्रतीप अरु पर्ययुक्ति निज चालि॥

कली को चंद्र-कला कहैं हैं। यहाँ चंद्र को कली कहा। यह प्रतीप।
छल कर साधा इष्ट। यह पर्यायोक्ति।
चंद्रमा में कली की तर्क यह उत्प्रेक्षा॥

तात्पर्य यह कि, गुरु जन में खडो नायका चाँद देखे है। सो सखी चतुराई कर नायक को दिखावै है। औ अगस्ति की कली कहि, संकेत जतावै है।

मोट्टायित हाव वर्णन।

मूल। मकुचिसरकिपियनिकटते मुलकिकछकातनलोरि
करआँचरकीओटकरि जमुहानीमरवमोरि॥ २५१॥

टीका।—सखी का वचन सखी से। सुकच-कर भरको नायक के पास से, और मुसकुरा के अँगडाई ली नायका ने। फिर हाथ से अंचल की ओट कर के जँभाई ली मुँह मोड के॥

तात्पर्य यह कि, प्रौढा ने संभोग की इच्छा की॥ स्वभावोक्ति अलंकार स्पष्ट है॥

विच्छित्ति हाव वर्णन।

मूल। बैंदीभालतबोलमुख सोभसिलासिलबार।
दृगआँजेराजेखरी येहीमहजासिंगार॥ २५२॥

टीका।—सखी का वचन नायका से तौ अभिसार करावै है, औ सखी नायक से कहै तौ रूप-वर्णन। बिंदी माथे पर लगी है। मुँह में पान रच रहा है। सिर में

चिकने बाल हैं। और आँख में काजल दिये-ही शोभायमान है अति इन्ही सहज के सिंगार से॥ जात्यलंकार स्पष्ट है॥

विव्वोक भाव वर्णन।

मूल। बिधिबिधिकैनिकरैटरै नहीपरैहूपान।
चितैकितैतैलैधर्यौ इतौइतैतनमान॥ २५३॥

टीका।—सखी का वचन मानवती से। भाँति भाँति कर नायक ने मनाया तेरा मान जाता नही और पाँव भी पडे। इतना कह सखी हाथ से बता कहती है, "देख, कहाँ से ले रक्खा इतना बडा इतने छोटे से शरीर में क्रोध"॥

प्रश्न॥ दो०। बिधि बिधि निकरै नहि टरै व्यर्थ दोष इहिं माहिं॥
उत्तर॥ बिधि जो कछु बिधि करइ तौ टरै और बिधि नाहिं॥
अधिकालंकार।

दोहा। अधिक जहाँ आधार तैं आधिय बड दरसाय।
छोटे तन में मान बहु कहा धर्यौ यह भाय॥

लालसा भाव वर्णन।

मूल। बतरसलालचलालकी मुरलीधरीलुकाय।
सौंहकरैभौंहनहँसै दैनकहैनटिजाय॥ २५४॥

टीका।—सखी का वचन सखी से। बातों के स्वाद के लालच श्री-कृष्ण की बंसी रक्खी छिपा कर नायका ने। सौंगंदैं करै है, भौंहों में हँसै है, और देने को कह के नही कर जाती है। पर्यायोक्ति स्वभावोक्ति अलंकार॥

दोहा। बतरस इष्ट सु छल मुरलि दुरवन पर्यायुक्ति।
भौंह-हँसनि दैबौ कहति स्वभावोक्ति वर उक्ति॥

विलेप हाव वर्णन ।

मूल । गुडीउडीलखिलालकी अँगनाअँगनामाँह ।
बौरीलौंटिरीफिरै छुवतिछबीलीछाँह ॥ २५५ ॥

टीका ।—सखी का वचन सखी से । पतंग उडी देख कर श्री कृष्ण की नायका आँगन में, बावली की भाँति दौडी फिरे है, छूती सुन्दरि छाँह को पतंग की ॥

तातपर्य यह कि, पतंग की डोर नायक के हाथ में है। उस की छाँह छूने से नायक के स्पर्श का सुख जान, छूने को दौडे है ॥

छेकानुप्रास, यमक, औ पूर्णोपमालंकार। गुडी उडी छेक। अँगना अँगना यमक। अँगना उपमेय, बौरी उपमान, लौं वाचक, फिरना धर्म ॥

बोधक हाव वर्णन ।

मूल । लखिगुरुजनबिचकमलसौं सीसछुवायोस्याम ।
हरिसन्मुखकरिआरसी हियेलगाईबाम ॥२५६॥

टीका ।—सखी का वचन सखी से। देख के गुरु-लोकौं में नायका को कमल के फूल से सिर छुलाया श्री कृष्ण ने। श्री कृष्ण के सान्हने कर के दरपन छाती से लगाया नायका ने ॥

दोहा । कमल जु पद तिहिं छाइ सिर प्रणति जताई स्याम ।
ले प्रतिबिंब कह्यौ मिलन आरसि दुति निस बाम ॥

सूक्ष्मालंकार ।

दोहा । किहूँ भाव सौं जानिये जिय की सूछम गाउ ।
अलंकार सोई इहाँ दंपति समझे भाउ ॥

---

२५५ । अँगना (नायिका) अँगना (आँगन में) ॥ इति हरिप्रकाशे ॥

२५६ । कमल सौं सीस छवीयौ, प्रणाम कियौ। सूर्य के सन्मुख आरसी करि दिए लगाई। कृष्ण की पधार करि धरनत है। सूर्य जब अस्ताचल कौं जायगौ, तब मिलौंगी ॥ इति हरिप्रकाशे ॥

अथ विप्रलंभ शृंगार। प्रथम, पूर्वानुराग स्नेह-दशा वर्णन।

मूल। मैंहोजान्योंलोयननि जुरतबाढिहैजोति।
कोहोजानतदीठिकौं दीठिकिरकिटीहोति ॥२५७॥

टीका।—नायका वचन सखी से। मैं ने था जाना, आँखौं के मिलते-ही बढैगी जोति आँखौं में। कौन था यह जानता दृष्टि को दृष्टि-ही किरकिटी होती है। किरकिटी, छोटी कँकडी॥

तातपर्य यह कि, जौं नायका और नायक की आँख मिली, तौं देखते-ही इसे सात्विक भाव हुआ, औ आँख में आँसू भर आये। अच्छी भाँति देख न सकी। सो सखी से कहती है॥

विषमालंकार स्पष्ट है। दृग जोति का उद्यम किया, भई किरकिटी॥

मूल। हरिछबिजलजबर्तेपरे तबतेछिननिबरेन।
भरतढरतबूडततरत रहतघरीलौंनैन ॥ २५८ ॥

टीका।—नायका वचन सखी से। कृष्ण के छवि-रूपी जल में जब से पडे हैं तब से छिन भर भी निचिंत नहीं। भरते हैं, ढलते हैं, डूबते हैं, तिरते हैं, औ रहते हैं कटोरे की घडी की भाँति मेरे नैन॥ उपमालंकार। नैन उपमेय, घडी उपमान, लौं वाचक, भरना आदि धर्म॥

मूल। अलिइनलोयनकौंकछू उपजोबडीबलाय।
नीरभरेनितिप्रीतरहैं तऊनप्यासबुझाय ॥ २५९ ॥

टीका।—नायका वचन सखी से। सखी, मेरी इन आँखौं को कुछ बडा रोग हुआ है। पानी भरी निरंतर निश्चय रहती हैं, और इन की प्यास नहीं बुझती॥ यह पूर्वानुराग है। न देखे से नायक के नायका की आँख में सदा आँसू भरे रहैं हैं, और देखने की तृषा आँखौं की नहीं जाती॥ विशेषोक्ति अलंकार स्पष्ट है। नीर भरे हेतु है, औ प्यास बुझना काज नहीं होता।

मूल। अलिदृनलोयनसरनिकौ खरौविषमसंचार।
लगेलगायेएकसे टूटवनकरतसुमार॥२६०॥

टीका।—नायका वचन सखी से। सखी, इन नैन-बानों की अति कठिन गति है। ये लगे से और लागाने से दोनौं को करते हैं मूर्छित॥

प्रश्न॥ सीरठा। लागत सर से आनि सु तौ लगाये-ही प्रसिध।
अधिक दोष यह जानि वृथा लगाये शब्द यह॥

दोहा। अब जो कीजै यौं अरथ लगे सु अपने जानि।
और लगाये को अरथ पर के लगे सु मानि॥
क्यौंकि अबै या कै लगैं नैन मीत के आइ।
यह न लखै तौ होत नहि पिय सुमार यौं पाइ॥
तौ दोऊ तन सर लगैं दोऊ भए सुमार।
तौ काहे को विषमता रीति जगत निरधार॥
इक तौ चहिये विषमता इहाँ सुनौ कवि-राव।
दूजे खरी कहा सु कहु इहै चाहिये भाव॥

उत्तर॥ दो०। जगत रीति पहिले सुनौं ता तैं भिन्न जु होइ।
सोई है वह विषमता अद्भुत रस तहँ जोइ॥
महा सुभट युद्धहि करत सुनियत समर मझार।
सर सौं सर काटत सु तकि इक से करि संचार॥
जु वे लगाये एक से लगैं अबाधित जाय।
पवन अन्ध भट सर परस बच कै मिलैं सु धाय॥
तौ वे दोऊ सर सु कटि परत भूमि पर रीति।
बाधा नहि सर-प्रेरकनि सरनि बाध यह नीति॥
नैन लगाये जौं लगैं बाधा लाजहि टारि।
तौ प्रेरक जे नैन के ते सुमार चित धारि॥
यही विषम ह्याँ सर गिरत इहाँ सरनि के ईस।
खरो विषमता यह कि दृग रूप यथा थित दीस॥

असंगति अलंकार। वियभिरत नैन। इंपति अचैन॥

मूल। लोभलगेहरिरूपके करीसाँटजुरिजाय।
होंड़नबंचीबीचही लोयनबड़ीबलाय॥ २६१॥

टीका।—भूमिका। नायका ने श्रवण दर्शन किया नायक का, और मिलने का मनोरथ कर चली। अचानक नायक आय गया बाट में। आँखैं इस को जाय मिलीं, औ मन हुआ आधीन नायक के। सो आँखौं की निंदा सखी से करै है॥

तातपर्य यह कि, मैं कृष्ण के पास तक न जाने पाई, कि इन लालची आँखौं ने बीच में ही मिल कर सट्टा (कहैं बदला) किया। कि नायक का रूप आप लिया और उस के पलटे मुझे बेच उन के बस किया। ये आँखैं नहीं, कोई बड़ी बलाय हैं॥ रूपक अलंकार स्पष्ट है। साँट कहैं पलटे से॥

मूल। नैनानैकुनमानहीं कितीकहीमसमझाय।
तनमनहारेहूँहैंसैं तिनसौंकहावसाय॥ २६२॥

टीका।—नायका वचन सखी से। आँखैं मेरी कुछ नहीं मानतीं, मैं ने कितना हीं समझा कर कहा। शरीर औ मन हारने से भी हूँसैं हैं। उन से क्या बस चले॥ विशेषोक्ति अलंकार। समझाना हेतु है और मानना काज नहीं होता॥

मूल। टरैटारतेहोटरत दृजैटारटरैन।
क्योंहूँआननआनसौं नैनालागतनैन॥२६३॥

टीका।—नायका वचन सखी से होय तौ नेत्र निंदा, औ नायक वचन नायका से हो तौ मानवती। हे सखी, जिस ओर झुकी हैं, उसी ओर झुकती हैं, दूसरी ओर झुकती नहीं। किसी भाँति और के मुख के रूप से आँखैं लगती नहीं, ऐसी आसक्त हुईं॥ छेकानुप्रास अलंकार।

दोहा। आवृति वरण अनेक की दीह दीह जब होइ।
है छेकानुप्रास यह समता बिन-हूँ सोइ॥

२६२। तिन सौं कहा बसाय, हमारी क्या ओर चले है। इति हरिप्रकाशे।

२६३। ताही टार (तरह सौं) टरै (इहाँ चले हैं जानिये)। दूजे टार (दूसरी तरह) चले नहीं। नैन दीय पद है। ने (कहिये नीति, सो) नहीं है। इति हरिप्रकाशे॥

मूल। कहतसबैकविकमलसे मोमतनैनपषान।
नतरककतड़निवियलगत उपजतविरहकृशान॥२६४॥

टीका।—नायका कै नायक का वचन सखी से, कै निज मन से। कहते हैं सभी कवि नैन कमल से हैं, पर मेरे मते पत्थर हैं। नही है क्यौं तडक इन मेंदोनौं के लगते उपजती है विरह की आग॥ हेतूत्प्रेक्षालंकार स्पष्ट है। आग पत्थर तडकने का हेतु है, और क्यौं नही तडके॥

मूल। साजेमोहनमोहकौं मोहीकरतकुचैन।
कहाकरौंउलटेपरे टोनेसेनैनैन॥२६५॥

टीका।—नायका वचन सखी से। अंजन लगाय साजे श्री कृष्ण के मोहने को, और मुझे-ही करते हैं अचैन। मैं क्या करूँ, उलटे पडे जादू सावरे नैनौं के॥ विषमालंकार। भले उद्यम से बुरा होय॥

मूल। मोहुमौंतजिमोहदृग चलेलागिउहिगैल।
छिनेकछायछविगुरडरी छलीछबीलेछैल॥२६६॥

टीका।—नायका वचन सखी से। मुझ से भी, छोड के मोह, आँख मेरी चली उन के पीछे ही उन्ही की राह से। छिन एक छवाय के छवि-रूपी गुड की डली ठगौं छबीले नायक ने मेरी आँखैं॥ रूपकालंकार। ठग का रूपक स्पष्ट है॥

मूल। नखसिखरूपभरेखरे तउमागतमुसकान।
तजतनलोचनलालची येलालचीहीवान॥२६७॥

टीका।—नायका वचन सखी से, कै नायक वचन सखी से। नायक के नख-सिख के रूप से अति भरे हैं, तौ भी मागते हैं मुसकुराना। छोडते नही लालची ये ललचाने का सुभाव॥ विशेषोक्ति अलंकार।

२६४। न तरक, या कै दीय अर्थ। (१) न (नाहीं) तरक है (दुबधा की बात नहीं है, साँच है)। किंवा (२) ना तरकै। यह डौंडाए देश की भाषा है। ऐ-कार छंद के लिये खोयो। अर्थ, नाहीं सी॥ इति छरिप्रकाशे॥ नतरककृशत॥ इति पाठान्तरम्॥

२६५। मैं, ब्रजबाद सौं, साँजि (कज्जल दीप) कै, मोहन (श्री कृ ब्रज-मोहन, ता) कौं मोहिबे कौं साजे। नायक की देखे बिना मोहि जिये कुचैन (दुख) की करत हैं॥ इति छ दनकाशे॥

दोहा। भरे खरे यह हेतु है पै न अजाचक ताइ।
होत न कारज हेतु जहँ विशेषोक्ति वह पाइ॥

मूल। यसअपयसदेखतिनहीं देखतिसाँवलगात।
कहाकरौंलालचभरे चपलनैनचलजात॥ २६८॥

टीका।—आधे दोहे में सखी का वचन औ आधे में नायका का। स्तुति और निंदा को तू देखती नहीं, देखती है साँवले शरीर को। मैं क्या करूँ जो लालची चंचल आँख मेरी चल जाय तो॥ उत्तरालंकार।

दोहा। जहँ प्रत्युत्तर-हूँ लखौ सौ उत्तर चित आनि।
प्रथम अर्ध में सखि वचन पुनि तिय वच पहिचानि॥

मूल। लाजलगामनमानहीं नैनामोवसनाहिं।
ये मुखजोरतुरंगलौं ऐंचतहूचलिजाहिं॥ २६९॥

टीका।—लाज-रूपी लगाम को नहीं मानते, नैन मेरे बस में नहीं हैं। ये मुँह-जोर घोड़े की भाँति चल कर जाते हैं नायक की ओर। अर्थात क्रोध में भी नहीं रुकते॥ उपमालंकार औ रूपक। नैन उपमेय, मुँह-जोर घोड़ा उपमान, लौं वाचक, चलना धर्म॥ लाज औ लगाम का रूपक॥

मूल। इनदुखियाअँखियानिकौं सुखसिरजोहोनाँहु।
देखेबनैनदेखतैं अनदेखेअकुलाँहु॥ २७०॥

टीका।—परकीया नायका का वचन सखी से। मेरी इन दुखी आँखों के लिये सुख ब्रह्मा ने बनाया-ही नहीं। देखना बनता नहीं लोकों के देखते लाज से, और बिन देखे घबराती हैं॥ विशेषोक्ति अलंकार।

दोहा। दरसन पिय सुख हेतु है पै न होत सुख काज।
होतु न कारज हेतु जहँ विशेषोक्ति कवि-राज॥

मूल। कोजानैहैहैकहा जगउपजीअतिआगि।
मनलागैनैननिलगै चलैनसगलगिलागि ॥ २७१ ॥

टीका।—सखी का वचन नायका से। कौन जाने होगा क्या, जगत में उपजी अचरज की आग। आँखौं के लगने से मन में लगै है। इस से तू प्रेम की बाट के निकट लग मत चलै। लगने के दो अर्थ, मिलना औ जलना॥

प्रश्न॥ लाग शब्द होता, तो यह अर्थ ठीक था। पर यहाँ लागि शब्द है। तिस से यह अर्थ न बना॥

उत्तर॥ दोहा। गुरु जन सखि सिखा इहाँ मो सँग लागि चलै न।
मग लगो पहुँचाऊँ सु ज्यौं ठगिया तोहि ठगै न॥

असंगत्यलंकार।

दोहा। नैननि सु लगै लगति पुनि मनहि जाय अति आगि।
अलंकार सु असंगतै कहुँ लागै कहुँ लागि॥

मूल। बनतनकौनिकमतलसत हँसतहँसतइतआय।
दृगखंजनगहिलैगयौ चितवनिचपलगाय॥२७२॥

टीका।—नायका वचन सखी से। बन की ओर को निकलता हुआ शोभित हँसता हँसता इधर आ के। मेरे नैन ममोलौं को पकड के ले गया अपनी चितवन का लासा लगाय के नायक॥ रूपकालंकार स्पष्ट है। खंजन लासे पद से बहेलिया (कहैं चिडीमार) से॥

मूल। दृगउरझतटूटतकुटुम जुरतिचतुरमँगप्रीति।
परतिगाँठिदुरजनहिये दई नई यहरीति॥ २७३॥

टीका।—नायका वचन सखी से कै मन से। आँखौं के लगने से छूटता है कुनबा, और लगती है नायक के मन से प्रीति। पडती है गाँठ शत्रु के मन में। है भगवान, यह नई रीति है॥ असंगति अलंकार।

दोहा। सु असंगति मन-धाम को काम धाम मन-ठाठ।
या मख उरझत गीत टुट साट सजन अरि गाँठ॥

मूल। हैहियरहतिहईकई　　नईयुक्तियहजाइ।
आँखिनआँखिलगीरहै　　देहदूबरीहोइ॥ २७४॥

टीका।—नायका वचन सखी से। हाय, हाय, तौ हिये में रहती-ही है छाई नई रीति यह देख। आँखौं से आँखैं लगी रहती हैं, और शरीर सूखता है॥ असंगति अलंकार। कारण और ठौर, कार्य और ठौर॥

मूल। क्यौंबसियेक्यौंनिवहिये　　नीतिनेहपुरनाहिं।
लगालगीलोयनकरैं　　नाहकमनबँधजाहिं॥२७५॥

टीका।—नायका वचन सखी से, कै नायक वचन सखी से। क्यौंकर बसें और क्यौंकर निबहैं, न्याव प्रीति के नगर में नहीं। लाग लगाती हैं आँखैं और बिन अपराध मन बाँधा जाता है॥ असंगति अलंकार स्पष्ट है॥

मूल। जातसयानअयानहै　　बेठगकाहिनगैंन।
कौनलचायनन्दलखि　　लखिललचौंहैनैन॥ २७६॥

टीका।—नायका वचन सखी से, कै सखी वचन नायका से। जाता है सयान अयान हो कै, वे जो हैं ठग नायक के नैन सी किसे न ठगैं (तातपर्य यह कि, अति सुंदर हैं)। कौन ललचाय नहीं कृष्ण के देख के लालच भरे नैनौं को॥ व्याज-स्तुति अलंकार।

दोहा। निंदा के मिस स्तुति जहाँ　　व्याजस्तुति कहि ताहि॥
ठग करि कहे सु निंद सी　　पै प्रसंसता आहि॥

मूल। डरनटरैनींदनपरै　　हरैनकालविपाक।
छिनछाकैउछकैनफिरि　　खरौविषमकुविछाक॥ २७७॥

टीका।—नायका कै नायक का वचन सखी से। नैनौं की लगन कही है। मद का मद जाता है डर से, यह रूप का मद नहीं टलता डर से। उस में नींद आती है, इस में नींद नहीं आती। वह जाता है समय पूरा होने से, इसे नहीं खोता समय

२७६। सुजान है, सो अजान कीय जात है। वे नायक किंवा नैन ठग हैं, काहि (कौन कौं) नहीं ठगैं (काकु करि सबै ठगैं)॥ इति परिमलाख्ये॥

का अंत भी। उस के पीने से चेत होता है फिर के, इस को छिन भर पीने से चेत नहीं होता फिर। इस से मद को मद से बड़ा है कठिन रूप को मद का मद॥

प्रश्न॥ दो०। खरी विषम कह फिरि कही हरै न काल-विपाक।
बहुरि कही उछकै न फिरि सु पुनरुक्ति मधि छाक॥

उत्तर॥ मद में इक सम छाक है ता में सुधि व्यौहार।
विषम सु इक बकिबो निडर जहँ निद्रादि प्रकार॥
तौ सु विषम छाकै वहै अरु छवि-छाक जु आहि।
ये सब बिधि बिपरीति जहँ खरी विषम इमि चाहि॥
उछकन ता को अर्थ यह मद त्रुटि चेतन भाइ।
छिन छाकै कह छिनक मद लेइ उछक तहँ पाइ॥
सो ह्याँ छिन-ह्वै के छके कह छिन दुति जु लखाइ।
तउ न उछक इहिं हेतु नहि काल-विपाक नसाइ॥

आक्षिप्तोपमा में उपमेयाधिक्य व्यतिरेकालङ्कार। उपमान से उपमेय अधिक होय तौ व्यतिरेक कहिये॥

दोहा। छवि सु छाक उपमेय है मद्य-छाक उपमान।
सो ह्याँ छवि के छाक को अधिकाई सु बखान॥
तौ उपमेयाधिक्य को व्यतिरेक सु इहिं ठौर।
इव को है आक्षेप इमि है आक्षिप्त विधि और॥

वार्त्ता। मद नहीं सम छवि को छाक के, यौं कहा चाहिये। सो सम का आक्षेप कर लीजिये। आक्षेप कहैं आकर्षण॥

मूल। चितवितवचतनहरतहठि लालनदृगबरजोर।
सावधानकेबटपरा ये जागतकेचोर॥ २७८॥

टीका।—नायका वचन सखी से। हे सखी, मेरा मन धन बचता नहीं, छीन लेते हैं, हठ कर के, श्री कृष्ण के अच्छे नैन जोर से। सावधान के बटमार हैं, और ये जागते के चोर हैं॥ विभावनालङ्कार।

दोहा। बाधक छत-छ काज ग्यौं सावधान के और।
जागत छत-छ बित छरत काज होय इहिं ठौर॥

मूल। चखरुचिचूरनडारिकै ठगलगायनिजसाथ।
रह्यौराखिहठलैगयौ हथाहथीमनहाथ॥ २७९॥

टीका।—नायका वचन सखी से। आँखौं की शोभा रूपी बुरकी डाल के, ठग नायक लगा कर अपने साथ। रहा रख के मेरा हठ, पर वह हाथौं हाथ मन को बस कर ले-ही गया॥

तातपर्य यह कि, नायक अपने नैन की शोभा दिखा, मेरे मन को बस कर हाथ पकड अपने साथ लगाय ले गया। मेरा हठ रोक न सका। जैसे ठग बुरकी डाल बटोही को बस कर, हाथौं हाथ साथ लगा कर ले जाता है॥

रूपक औ विशेषोक्ति अलंकार स्पष्ट है। ठग का रूपक औ रोकने कारण से रुकना काज न हुआ॥

मूल। कौनउँकोरिकयतन अबगहिकाढ़ैकौन।
भौमनमोहनरूपमिलि पानीमेंकोलौन॥ २८०॥

टीका।—नायका वचन सखी से। किये भी कडोडेक उपाय मैं ने अब पकड कर निकाले कौन। हुआ मन मेरा कृष्ण के रूप में मिल के, पानी में के नौन सा॥ दृष्टांतालंकार स्पष्ट है॥

मूल। फिरिफिरिचितउतहोरहत टूटीलाजकोलाव।
अंगअंगछविभौरमें भयौभौरकोनाव॥२८१॥

टीका।—नायका के नायक की दसा देख कर सखी का वचन सखी से। फिर फिर के मन उधर-ही रहता है, और टूटी लाज रूपी रस्सी। अंग [illegible] की शोभा के समूह में मन हुआ भँवर की नाव सा॥

तातपर्य यह कि, जैसे गुन टूट नाव भँवर से निकले और फिर पडै, तैसे लाज

टूट मन भो अंग अंग के रूप में पडे है॥ रूपकालंकार स्पष्ट है भँवर नाव के रूपक से॥

मूल। ओठउचैहांसीभरी दृगभौंहनकीचाल।
मोमनकहानपीलियो पियततमाखूनाल॥२८२॥

टीका।—नायका वचन सखी से। ओठ ऊँचे कर हाँसी भरी नैन भौंहौं की चाल में। मेरा मन क्या न पी लिया पीते हुए तमाखू नायक ने॥ स्वभावोक्ति अलंकार स्पष्ट है॥

मूल। लरिकालेबेकेमिसनि लगरमोढ़िगयाय।
गयोअचानकआगुरी कातीछलकुचाय॥२८३॥

टीका।—नायका वचन सखी से। लडका लेने के बहाने से ढीठ मेरे पास आ के, गया, अचानक-ही उँगली छाती में छैल छुला के, नायक॥ पर्यायोक्ति अलंकार।

दोहा। छल करि साधे इष्ट जहँ पर्यायोक्ति विचारि।
लरिका लेबे के छलनि परसे उरज निहारि॥

सखी वचन वर्णन।

मूल। नईलगनिकुलकोभकुच विकलभई अकुलाय।
दुहूँओरऐंचीफिरै फिरकीलौंदिनजाय॥२८४॥

टीका।—सखी का वचन सखी से। नई प्रीति और कुल की सकुच इन दोनौं से व्याकुल हुई घबरा के। दोनौं ओर ऐंची फिरती है नायका, और फिरकी की भाँति दिन जाता है इस का। कभी इधर फिरती है, कभी उधर॥

उपमेयलुप्तोपमालंकार।

दोहा। फिरकी सी उपमान है लौं वाचक उर आनि।
दुहूँ ओर ऐंची धरम उपमिय लुप्ता मानि॥

मूल। झटकिचढतिउतरतिझटा नेकुनथाकतिदेह।
भईरहतिनटकीवटा अटकीनागरिनेह॥२८५॥

टीका।—सखी का वचन सखी से। झट चढती है झट उतरती है कोठे से और तनक भी नही थकता है शरीर। हुई रहती है नट का बटा नागरि (कहैं चतुरी) लगी हुई प्रीति से नायका॥ विशेषोक्ति औ रूपकालंकार।

दोहा। चढिबो उतरन हेतु तैं थकन काज नहि होत।
विशेषोक्ति, नट की बटा रूपक-हूँ उद्योत॥

मूल। इतउतैंउतइतदुतैं छिननकहूँठहरानि।
जकनपरतिचकईभई फिरिआवतिफिरिजाति॥२८६॥

टीका।—सखी का वचन सखी से। इधर से उधर, उधर से इधर, औ छिन भर भी नही कहीं ठहरती। कल नही पडती। चकई हुई। फिर के आवती है औ फिर के जाती है नायका नायक के देखने को॥ उपमेयवाचकलुप्तोपमालंकार।

दोहा। चकई यहाँ उपमान है धर्म सु आवन जान।
उपमेय रु वाचक सहित लुप्तोपमा सु जान॥

मूल। उरउरझौचितचोरभौं गुरुगुरुजनकीलाज।
चढेहिंडोरेसेकियें कियेबनैगृहकाज॥२८७॥

टीका।—सखी का वचन सखी से। नायका मध्या। मन अटका चित का चोर जो है नायक, उस से। और बडी बडे लोगों की लाज है। हिंडोले से किये पर चढे हुए भी घर का काम किये-ही बनता है नायका को॥

तात्पर्य यह कि, हिंडोले से डाँवाडोल मन से भी घर का काम करना-ही पडता है॥

छेकानुप्रास अलंकार स्पष्ट है, उर उर गुरु गुरु शब्द से॥

मूल। उनिहरकीहँसिकेउतै इनसौंपीमुसिकाय।
नैनमिलेमनमिलगयो दोऊमिलवतगाय॥२८८॥

टीका।—सखी का वचन सखी से। नायक ने गायें अपनी हाँकी, हँस के नायका की ओर। नायका ने अपनी गायें सौंपी, मुसका के नायक को। आँखों के परस्पर मिलते-ही मन मिल गया दोनौं का गाय मिलावते-ही। हरकना हाँकना। गाय मिलाना दुहने को भी कहते हैं। यहाँ पुष्ट नहीं॥ द्वितीय असंगति अलंकार।

दोहा। सु असंगति अरु काज जहँ होय अरंभो आन।
गौ मिलवन आरंभ यहाँ भौ मन-मिलन सु जान॥

मूल। उनकौहितउनहीँबनै कोऊकरौअनेक।
फिरतकाकगोलकभयौ दुहूँदेहकौएक॥ २८९॥

टीका।—सखी का वचन सखी से। दंपति का हित दंपति-ही से बनि आवै। और कोई अनेक प्रीति करौ, पर न बनै। फिरता है, कौवे की आँख जैसे, जीव दोनौं के शरीर में एक-ही॥

तात्पर्य, जैसे कौवे की एक आँख दोनौं आँख में फिरै है, तैसे नायक नायका का एक जीव दोनौं शरीर में है॥

दृष्टांतालंकार।

दोहा॥ दुहूँ देह में जीव इक जैसैं गोलक काग।
जैसैं कौ आक्षेप है दृष्टांत सु बड भाग॥

मूल। याकैउरअौरैकछू लगीबिरहकीलाय।
पजरैनीरगुलाबके पियकीबातबुझाय॥२९०॥

टीका।—सखी का वचन सखी से। नायका प्रोषितपतिका। इस के हिये में और-ही कुछ लगी है विरह की आग। जलै है गुलाब जल छिडकने से, और पी की बात से बुझती है॥

तात्पर्य यह कि, और आग पानी से बुझती है और पवन से बढती है। बात पवन औ वचन। विरह की आग पानी से भडकती है, औ बात से बुझती है॥

विभावनालंकार स्पष्ट है, विरह तें काज॥

२८९। कौआ कौं एकै आँख दुहूँ ओर फिरै है॥ इति हरिप्रकाशे॥

मूल। तियनिजहियजुलगोचलत पियनखरेखखरोट।
सुकनदेतिनमरमई खौंटिखौंटिखतखोट॥२८१॥

टीका।—सखी का वचन सखी से। नायका प्रोषितपतिका। नायका की छाती में जो लगी है चलते हुए नायक के नुह की खरौंट की लकीर। सो सूखने देती नही उस की अधिकाई, उखाड उखाड घाव के खुरंड को। यही नायका में दोष है॥ अनुज्ञालंकार।

दोहा॥ दोष जाचियत किहुँ सुगुण लखै अनुज्ञ निबाहु।
पोर दोष तन लिय सु लखि पिय हित बड गुण लाहु॥

नायका की सखी का वचन नायक से।

मूल। पीमसकौचदसबदनबस सोचहिखावतियानि।
सियलौमोधतीतजतलहि लगनिअगनिकाच्चाल॥२८२॥

टीका।—सखी का वचन नायक से। बस के लाज-रूपी रावन के बस में, सच अपना दिखाती है नायका। सीता जी की भाँति शुद्ध करती है नायका शरीर को लगन-रूपी आग की लपट में। जैसे सीता जी ने आग की लपट से अपना शरीर रावन के बस से निकल के शोधा था, तैसे नायका भी घर से निकस संकेत में आई है, और उत्कंठित हो तुम्हे देखे है कि, कब श्री क्रष्ण आवैं और मैं अपना सच दिखाऊँ। इस से तुम संकेत में शीघ्र चलो॥

तातपर्य यह कि, जैसे रावन के बस हो सीता जी पूरण प्रेम से राम जी का ध्यान करती थीं। तैसे नायका भी लाज के बस में प्रेम से तुम्हारा ध्यान करती थी। औ जैसे ह्याँ से निकल सीता जी ने अग्नि में पैठ परीक्षा दी, तैसे यह भी लगन की अगन में बैठी है परीक्षा देने को। तुम चल के देखो॥

पूर्णोपमा औ रूपक अलंकार स्पष्ट है। तिय उपमेय, सिय उपमान, लौं वाचक, शोधना धर्म। तिय सिय का रूपक। सोधना सुध करने को भी कहते हैं॥

२८२। लगनिअगनि, मदन-दहनेन॥ इति अनुज्ञारसप्रतिक्रायाम्॥

मूल। नेकुनझुरसीबिरहझर नेहलताकुंभिलाति।
नितिनितिहोतिहरीहरी खरीझालरतिजाति ॥२८३॥

टीका।—सखी का वचन सखी से, की नायका वचन सखी से। झुलस के विरह की आग की लपट से प्रीति की बेलि थोडी भी नही कुंभिलाती। दिन दिन होती है डहडही, और खरी बढती जाती है। झालरति बढने को कहते हैं॥ विशेषोक्ति अलंकार। विरहाग्नि झुलसने का हेतु है, औ कुंभिलाना काज नही होता॥

मूल। खलबढ़ईबलकरिघर्यो कटैनकुबतकुठार।
आलबालउरझालरी खरीप्रेमतरुडार ॥२८४॥

टीका।—सखी का वचन नायका से, की नायका वचन सखी से। खोटे नर बढई बल कर हारे कटता नही बुरी बात कुल्हाडी से। थाले-रूपी हिये में बढती हैं अति प्रेम के पेड की डालियाँ॥ प्रेम औ पेड का रूपक, औ विशेषोक्ति अलंकार। बढई कुल्हाडी कटने का हेतु है, कटना काज न हुआ॥

मूल। करतजातजैसोकटनि बढ़िरसमयितासोत।
आलबालउरप्रेमतरु तितोतितोदृढ़होत ॥२८५॥

टीका।—सखी का वचन नायका से, की नायका वचन सखी से। करता जाता है जितना कटाव बढ के (रस प्रीति औ जल) रस-रूपी नदी का बहाव, थाले रूपी हिये में प्रेम का पेड तितना-ही तितना पुष्ट होता है॥

प्रश्न॥ दोहा। इहाँ प्रश्न रस को अरथ प्रीति, प्रेम-इहँ प्रीति।
उहाँ सु जल तरु भिन्न है कटनि भाव किहिँ रीति॥
उत्तर॥ सो०॥ रस चसको अधिकाय अरु मायल हैवो कटनि।
त्यौ तरु प्रेम दृढाय अद्भुत भासत जल कटनि॥

विरोधाभास अलंकार।

प्रथम विरुध सो भास। अविरुध पुनि परकास॥
दोहा॥ तरु बाढै जल कटनि सो विरुध सु रस जल अर्थ।
अविरुध रस चसको कटनि मायल अर्थ समर्थ॥

वार्त्ता॥ रस के दो अर्थ जल और चसका। कटनि के दो अर्थ कटाव और मायल होना। यहाँ प्रेम को पेड ठहराया, सो जब कहिये जल के कटाव से पेड दृढ हुआ, तब तौ विरोध है। औ जब कहिये चसके से जितना मायल होय तितना प्रेम वृक्ष दृढ होय तब अविरुद्ध। इस से विरोधाभास हुआ॥

मूल। बालबेलिसूखीसुखद इहिरूखेरूखघाम।
फेरिडहडहीकीजिये सुरससींचिघनस्याम॥२९६॥

टीका।—नायका की सखी का वचन मानी नायक से। नायका बेल-रूपी सुख देनवाली सूखी तुम्हारे रूखे रुख की धूप से। चल के फिर डहडही कीजे अच्छा रस सींच के, हे घनस्याम॥ रस औ घनस्याम पद श्लेष। रस, जल औ प्रीति। घनस्याम, बादल औ श्री कृष्ण॥ परिकरांकुरालंकार।

दोहा॥ साभिप्राय विशेष्य जहँ परिकर अंकुर मानि।
नाम यहाँ घनस्याम यह साभिप्राय सु जानि॥

मूल। देखतचुरेकपूरज्यौं उपैजायजिनलाल।
छिनछिनहोतिखरीखरी छीनकबीलीबाल॥२९७॥

टीका।—सखी का वचन नायक से। विरह-निवेदन। देखते देखते, कपूर के चूरे की भाँति, कहीं बिलाय न जाय, हे कृष्ण। छिन छिन में होती है दुबली अधिक अधिक सुंदरी नायका॥ पूर्णोपमा औ वीप्सालंकार॥

नायका उपमेय, कपूर-चूर उपमान, ज्यौं वाचक, बिला जाना धर्म। छिन छिन खरी खरी वीप्सा॥

मूल। कहाकहौंवाकोदसा हरिप्राननिकेईस।
विरहज्वालजरवौलखे मरिवौभयौचमीस॥२९८॥

टीका।—सखी का वचन नायक से। पूर्वानुराग-विरह-दशा। मैं क्या कहूँ

२९७। कपूर की चूर सी उपै जबि जाय, अदेख न होय॥ इति हरिप्रकाशे॥

नायका की अवस्था, हे प्राणपति। विरहाग्नि में जलना देखे मरना आशीर्वाद हुआ॥ लेशालंकार॥

दोहा॥ लेश जहाँ गुण दोष सो दोष सु गुण आकार।
मरिबो यहाँ गुण मय कह्यो सु ही दोष परकार॥

मूल। हरिहरिबरिवरिकरिउठति करिकरियकौउपाय।
वाकौज्वरबलिवेदज्यौं तोरसजायतुजाय॥२९९॥

टीका।—सखी का वचन नायक से। व्याधि-अवस्था, विरह-निवेदन॥ कष्ट में, हरि हरि (हाय हाय) जली जली कर उठती है, औ हम उपाय कर हारीं। उस की ताप, बली, वैद की भाँति, तेरे रस से जाय, तो जाय॥

तात्पर्य, हे कृष्ण, तू चल के दूर कर जो जल जल के उठती है, हम यत्न कर हारीं। उस की तप, बलैया लूँ, वैद्य की भाँति, तेरे रस से जाय, तो जाय॥

रस पद श्लेष, पारद घटित औषध, औ स्नेह॥ वृत्त्यनुप्रास औ श्लेषालंकार स्पष्ट है। हरि हरि आदि हरि, औ रस श्लेष से॥

मूल। यहविनसतनगरावितै जगतबडोयसलेहु।
जरीविषमज्वरजाइये सायसुदरसनदेहु॥३००॥

टीका।— सखी का वचन नायक से। विरह-निवेदन। यह विनस्ता हुआ स्त्री-रूपी रत्न रख कर जगत में बडा जस तुम लो। विषम ज्वर से जली जाती है। आ के अच्छा दरसन दो॥ सुदरसन पद श्लेष, अच्छा दरशन, औ सुदरसन चूरन विषम ज्वर पर प्रसिद्ध है॥ श्लेषालंकार स्पष्ट है॥

मूल। नैकुनजानीपरतियौं परयौबिरहतनकाम।
उठतिदियालौंनाँदिहरि लियेतुम्हारोनाम॥३०१॥

२९९। हरि हरि, कष्ट विषे, हाय हाय जानिये। बलि, हे बलि, आदर विषे संबोधन, बलि जाऊँ तिहारी॥ इति हरिप्रकाशे॥

३००। जरीविषमज्वरज्याइये॥ इति पाठान्तरम्॥

३०१। ३२९ वें दोहे की देखिये॥ उपमेयवुत्प्रेक्षालंकार। दिया उपमान, लौं वाचक, नाद्या धर्म, उपमेय नायका नही कही॥

टीका।—सखी का वचन नायक से। विरह-निवेदन। थोडी भी पहचानी नहीं पडती, ऐसा हुआ है विरह से शरीर दुबला नायका का। उठती है दिये की भाँति चैतन्य हो के, हे कृष्ण, लेने से तुम्हारा नाम॥

तात्पर्य यह कि, जैसे दिया बुझने के समें अच्छा जल उठता है, तैसे नायका भी तुम्हारा नाम लेने से चेत में हो जाती है॥

छाम क्षीणता॥ उपमालंकार। नायका उपमेय, दिया उपमान, सौं वाचक, नादना धर्म॥

मूल। मैलैटयौंलयौंमुकर छुवतकनकिगोलार।
लालतिहारौंअरगजा उरछलम्योंअबीर॥ ३०२॥

टीका।—सखी का वचन नायक से। विरह-निवेदन। मैं ने जो आप से ले के नायका को दिया, सो लिया उस ने सुंदर हाथ में। छूते-ही छूब ही जल गया पानी। हे लाल, तुम्हारा दिया हुआ अरगजा, उस की छाती में हो कर, लगा अबीर॥

अत्युक्त्यलंकार स्पष्ट है अतिशय वर्णन से॥

मूल। हितकरितुमपठयौंलगे बाविजनाकोबाय।
टरोतपतितनकोतऊ चलापसीनान्हाय॥३०३॥

टीका।—सखी का वचन नायक से। प्रीति कर के तुम ने जो भेजा पंखा, उस की पवन लगने से गई गरमी शरीर की, तौ भी पसीने से न्हा गई नायका॥

तात्पर्य यह कि, नायक के हाथ का था, इस से सात्त्विक हुआ॥

पंचम विभावनालंकार स्पष्ट है, विहन से काज हुआ॥

मूल। हँसिउतारिदियतैंदई तुमजतिहौंदिनलाल।
राखतिप्रानकपूरज्यौं वहेचिहटिनोमाल॥ ३०४॥

टीका।—सखी का वचन नायक से। विरह निवेदन। हँस कर उतार के दिये से दीनी तुम ने जो उस दिन, हे कृष्ण, रखती है जीव नायका का कपूर की भाँति वही गुंज की माला॥

तात्पर्य यह कि, घुंघुची रखने से कपूर नहीं उडता, तैसे तुम्हारी गुंजमाल उस के पास है, तिस से उस का जी नहीं निकल जाता॥

काव्यलिंग अलंकार स्पष्ट है। प्राण कपूर रखने की सामर्थता दृढ करी॥

मूल। होमतिमुखकरिकामना तुमहिमिलनकीलाल।
ज्वालमुखीसीजरतिलखि अगनिअगनिकीज्वाल॥३०५॥

टीका।—सखी का वचन नायक से। विरह-निवेदन पूर्वानुराग में। नायका होमती है मुख से कर के कामना तुम्हारे मिलने की, हे लाल। ज्वालामुखी की भाँति देखी मैं ने जलती प्रीति की आग की लाट में॥

दोहा। इहाँ विरह में होम की रीति कही लखि चित्त।
होता तिय हवि सुख अगनि लगन कामना मित्त॥

प्रश्न॥ पिय के बिछुरत-ही सबै सुख सु बिदा ह्वै जाहिँ।
इहाँ कही होमति सुखनि सुख कहँ बिरहनि माहिँ॥

उत्तर॥ तहाँ अर्थ सुख शब्द को होमति सुख करि सोइ।

प्रश्न॥ प्रश्न, फेरि होमति कहा बिन हवि होम न होइ॥

उत्तर॥ होमति है तन अर्थ यह कढत सु कवि-वर देखि।
लगनि-अगनि में जरति है तन जरिबो तहँ लेखि॥
तो तहँ मन होता भयो तन सु हव्य करि जानि।
ज्यौं सतीन के तन सु हवि मन होता पहिचानि॥

प्रश्न॥ और प्रश्न, ज्वाला-सुखी खतह सिद्धि है जानि।
जहाँ न कारण अग्नि को काठ आदि चित आनि॥
इहाँ लगनि कारण सहित लखिबो कारज आहि।
निहकारणी सकारणी कयौंव साम्यता ताहि॥

उत्तर॥ चतुर्थ विभावना। अलंकार सु विभावना इक सौ दुहुवन माहिँ।
इहिँ विधि सादृश्यता लखी सब विधि संशय जाहिँ॥
कारण बिन कारज जहाँ प्रथम विभावन जानि।
जैसे जावक बिन दिये तिय पग अरुण बखानि॥

हेतु समग्र न होय जहँ काज विभावन होइ।
सर कटाक्ष छाडै तरुणि जिह बिन भूषण जोइ॥
कारण काहू और को ता सौं कारज होय।
तज प्रसिद्ध कारण सु ज्यौं शंख बीन धुनि जोय॥
कंठ शंख ता तें कढत बानी धुनि ज्यौं बीन।
तौ तहँ कारण शंख नहि बीन धुनिहि परवीन॥
त्यौं-ही ज्वालमुखी सु मधि काष्ठ आदिए नाहिँ।
था नहि कारण है तहाँ हुइ न और थल माहिँ॥
गिरिस्थान पाषाण को हेतु प्रसिध यह जानि।
सो व्हाँ देखी अगनि को विभावन मानि॥
तैसैं इहाँ सु लगनि कौं थाप्यौ अगनि विचारि।
तौ तहँ कारण अगनि के काष्ठ आदि निरधारि॥
ते तौ नहीं दृग दृग मिलन इहिँ कारण सो होत।
दृग मिल चीन्हहि हेतु यौं सु विभावन उद्योत॥

सविषयसावयवरूपकालंकार।

दोहा। होम रीति के अंग सब थापे विरह मझार।
रूपक सविषय सावयव सब अँग वर्णन ढार॥

मूल। याकीयतनअनेककरि नेकुनछाडतिगेल।
करीखरीदुबरीमुलगि तेरीचाहचरेल॥ ३०६॥

टीका।—सखी का वचन नायक से। हम थकीं, उपाय अनेक कर के, तनक भी नहीं छोडती पीछा नायका का। करी है बहुत दुबली लग के, हे नायक, तेरे

३०६। त्यजति कदापि न तत्पथं प्रीतिः कृष्ण तवैव।
पिशाचीव हृदयालया दुर्बलयत्यधुनैव॥

हे कृष्ण, तव प्रीतिः हृदये (मानसे) आलयो यस्याः सा पिशाचीव कदापि (कस्मिँश्चिदपि काले) तत्पथं (तस्याः मार्गं) न त्यजति (न मुञ्चति)। किंतु एव (निश्चयेन) अधुना (इदानीं) दुर्बलयति (नवकारिणी भवति) इति अन्वयः॥ इति मञ्जारसप्तशतिकायाम्॥

मिलने की अभिलाषा-रूपी चुडैल ने नायका को॥ विशेषोक्ति औ छत्यनुप्रास अलंकार।

दोहा। विशेषोक्ति जहँ हेतु कै होत-हु काज न होय।
करी खरी दुबरी जु पद छत्यनुप्रासहि जोय॥

मूल। लालतिहारेविरहको अगनिअनूपअपार।
सरसेबरसेनीरहूँ झरहूँमिटैनझार॥ ३०७॥

टीका।—सखी का वचन नायका से। विरह-निवेदन। हे कृष्ण, तुम्हारे विरह की आग अनूप औ अपार है। बढै है बरसे पानी के भी, औ झड से लपट भी नहीं मिटती॥

प्रश्न॥ पानी भी बरसे, झड भी बरसे, यह एक-ही बात है॥ और प्रश्न, जो पानी के बरसे बढै, तौ चाहिये झड के बरसे अति बढै। यहाँ कहा नीर बरसे, सरसे, औ झड से झाल न मिटै॥

उत्तर॥ यहाँ विरहागनि अनूपता औ अपारता दिखाई। अनूपता तौ यह कि, बढै बरसने से पानी के भी, और अपारता यह कि, झड के बरसने से भी लपट नही मिटती॥ पंचम विभावनालंकार स्पष्ट है। विरुद्ध से काज॥

मूल। जौवाकेतनकोटमा देख्याचाहतआप।
तौबलिनैकुविलोकिये चलिओचकचुपचाप॥ ३०८॥

टीका।—सखी का वचन नायक से। विरह-निवेदन। जो नायका के शरीर की अवस्था देखा चाहते हो तुम, तौ, मैं बलिहारी, तनक देखिये, अचानक चल के चुपचुपाते॥ काव्यलिंग औ संभावनालंकार। चुपचाप शब्द ने कृशता दृढ करी। नायका का दुबलापन देखा चाहो तौ तुम मत दिखाई दो। तात्पर्य, तुम्हें देख मोटी होगी॥ जो तौ पद से संभावन स्पष्ट है॥

इति नायका की दृष्टानुराग वर्णन॥

अथ नायका की श्रुत्वानुराग वर्णन।

मूल। लई सौंह सौमुननकी तजिमुरली धुनिआन।
कियेरहतिनितिरातिदिन काननलागेकान॥ २०९॥

टीका।—सखी का वचन सखी से, कै नायक से। ली है सौगंद सी सुनने की छुट बंसी की टेर और बात की। किये रहती है निरंतर रात दिन ध्यान बंसी का बन की ओर कान लगे से॥ लुप्तोपमालंकार स्पष्ट है। मानौं सौगंद सी खाई है और बात के सुनने की॥

मूल। उरलीनेअतिचटपटी सुनिमुरलीधुनिधाय।
हौंनिकसीहुलसीमुतौ गोहुलसीउरलाय॥ २१०॥

टीका।—नायका वचन सखी से। मन में लिये हुए अति शीघ्रता, सुन कर बंसी की टेर, दौडी, मैं निकली घर से प्रसन्न, वह तौ गया हुल सी लगा कर छाती में मेरी नायक॥ यमकालंकार स्पष्ट है, हुलसी हुलसी पद से॥

मूल। सुरतिनताललतानकी उठैनसुरठहराय।
एरीरागबिगारिगो बैरीबोलसुनाय॥ २११॥

टीका।—नायका वचन सखी से। सुरत नही ताल और तान की सुझै, औ उठता भी नही सुर ठहरा के। अरी राग बिगाड गया नायक, बैरी बोल अपना सुना के। नायका को स्वरभंग सात्विक हुआ, इस से गला बिगडा। औ वचन सुन नायक ठहरा नही, इस से बैरी कहा॥ लोकोक्ति अलंकार बैरी पद से स्पष्ट है॥

प्रश्न॥ दो०। बैरी पद प्रिय उचित नहि प्रिय वचन-हुँ नहि सीद॥
उत्तर॥ है री बैरी को अरथ गो सुनाय बच दीद॥

छेकानुप्रास अलंकार एरी बैरी पद से स्पष्ट है॥

इति नायका की श्रुत्वानुराग वर्णन॥

अथ नायक को दृष्टानुराग वर्णन।

मूल। चितवनिभोरेभायको गोरेमुँहमुसकानि॥
लगनिलटकिआलीगरे चितखटकतिनितिआनि॥३१२॥

टीका।—नायक वचन सखी से। नायका का देखना भोलापन का औ गोरे मुँह का मुसकुराना, लगना लटक के सखी के गले से, उस का मेरे मन में साखता है निति आय के॥ स्वभावोक्ति अलंकार स्पष्ट है॥

मूल। छिनछिनमेंखटकतिमुहिय खरीभीरमेंजात।
कहिजुचलीअनहींचितै ओठनिहीमेंबात॥३१३॥

टीका।—नायक वचन सखी से। छिन छिन में खटकती है वह नायका मेरे मन में आ के। मैं बडी भीड में था। वह कह कर, जो चली और ओर देख के, ओठ में बात॥

प्रश्न॥ दो०। खटकति है सो बात कहि खरी भीर कौं पाइ।
कहि जु चली प्रिय सौं प्रिया ओठनि में इरवाइ॥

उत्तर॥ अनही चित है आप को उपालंभ यह दीन।
सोई खटकति बात यह समझत परम प्रवीन॥

भ्रांति अलंकार स्पष्ट है॥

मूल। चिलकचिकनईचटकसौं लफतिसटकलौंआय।
नारिसलोनीसाँवरी नागिनिलौंडसिजाय॥३१४॥

टीका।—नायक वचन सखी से। चमक चिकनाई की चटक से लचकती हुई पतली छडी की भाँति आ के। नायका सलोनी साँवली नागिनी की भाँति डस जाती है॥

तात्पर्य यह कि, उसे देख मेरा जो व्याकुल है। तू मुझे उस से मिला॥

पूर्णोपमालंकार॥ नारि उपमेय, नागिनी उपमान, लौं वाचक, डसना धर्म॥

३१३। जु, यह पादपूरणार्थ॥ इति हरिप्रकाशे॥

मूल। डगकुडगतिसोचलिठठकि चितईचलीनिहारि।
लियेजातिचितचोरटी वहैगोरटीनारि॥३१५॥

टीका।—नायक वचन सखी से। नायक सखी को नायका दिखावै है। पैंड एक डगमगाती चल के, खडी ह्वै, देखा मेरी ओर, फिर चलि देख के मुझे। लिये जाती है मन मेरा चोटी गोरी वही स्त्री तू देख॥ स्वभावोक्ति अलंकार स्पष्ट है॥

मूल। भौंहउचैआँचरउलटि मोरिमोरिमुँहमोरि।
नीठिनीठिभीतरगई दीठिदीठिसौंजोरि॥३१६॥

टीका।—नायक वचन सखी से। चेष्टा वर्णन। भौंहौं को चढाय अंचल को उलट ऐंडाय जँभाय के। किसी न किसी भाँति निज मंदिर में गई, मेरी दृष्टि से दृष्टि मिला कर॥ स्वभावोक्ति अलंकार।

दोहा॥ स्वभावोक्ति वर्णन जहाँ होय सुभाव विलास।
भौंह उचन मुंह मोरिबो कह्यौ सुभाव प्रकास॥

मूल। रह्यौमोहमिलनौरह्यौ यौंकहिगईमरोर।
उतदैसखिहिउराहनौ इतचितईमोओर॥३१७॥

टीका।—नायक वचन सखी से। वचन-विदग्धा, क्रिया-विदग्धा। "रहा मोह औ मिलना रहा" ऐसे कह के किया मान। उधर दे सखी को उलहना इधर देखा मेरी ओर। गूढोक्ति औ अन्योक्ति अलंकार। गूढोक्ति और के मिस और को उपदेस। अन्योक्ति और की बात और पर कहै॥

मूल। चुनरीश्यामसतारनभ मुखससिकोअनुहारि।
नहटबावतनौदलौं निरखिनिमासौनारि॥३१८॥

३१७। सखि दृष्टस्तव राग इति दृष्टं मिलनमथापि।
पश्यति मासुक्ता सखीं सा विधुमुखी तथापि॥
"हे सखि, तव रागः (खेदः) मया दृष्टः। अथापि मिलनमपि दृष्टं।" इति सखीमुक्ता सा विधुमुखी (चन्द्रमुखी) तथापि मां पश्यति॥ इति शृंगारसप्तशतिकायाम्॥

टीका।—नायक वचन सखी से। रात औ नारी का रूपक। चुनरी काली पहने है। सो तारौं समेत आकाश है, औ मुँह चंद्रमा की भाँति है। उस की प्रीति अचेत करती है नींद की भाँति, देखी है मैं ने जब से रात सी स्त्री को॥ रूपकालंकार स्पष्ट है॥

मूल। फेरुकछूकरिपीरितें फिरिचितईमुसकाय।
आईजामनलेनकौं नेहैचलीजमाय॥ ३१९॥

टीका।—नायक वचन सखी से, कै सखी का वचन सखी से। कुछ पेच कर पीली से फिर के देखा मुसका के। आई थी जामन लेने को, प्रीति को जमा चली॥ असंगति औ पर्यायोक्ति अलंकार।

दोहा। सु असंगति अरु काज जहँ होय अरंभ्यो और।
दधि जमबो आरंभ ह्याँ जम्यो नेह इहि ठौर॥
कुल करि साधिय इष्ट जहँ पर्यायोक्ति विचारि।
जामन मागन कुल कियो चितो मित्र सौं नारि॥

मूल। देहलग्योंटिगगेहपति तऊनेहनिरवाहि।
ढीलीअखियनिहीहूतें गईकनखियनिचाहि॥३२०॥

टीका।—नायक वचन सखी से। मेरे शरीर से लगा हुआ पास बैठा था उस का घरवाला, तौ भी प्रीति निबाह गई। ढीली आँखौं-ही इधर गई कनखियौं से देख के नायका॥ पंचम विभावनालंकार॥

दोहा। काज होय प्रतिबंध जहँ प्रतिबंध विभावन नाम।
नेह निवाहति गेह-पति बाधक-हू पति वाम॥

कनखियाँ तिरछी दृष्टि॥

मूल। लहिसूनेघरकरगह्यौ दिखादिखौकेईठि।
गडीसुचितनाहीकरन करिललचौंहींदीठि॥३२१॥

टीका ।—नायक वचन सखी से, वा सखी का वचन सखी से। पा से सूना घर में ने देखा-देखी की मिचता कर। गडा है सो मेरे मन में नहीं करना, ललचौंहीं दृष्टि कर, कहने का ॥

प्रश्न ॥ दो० । सूने घर में कर गहन गडी जु चित सु करै न ।
तौ नायक की हीनता या में रस कछु है न ॥

सखी का वचन सखी से ॥

उत्तर ॥ सो० । करि ललचौंहीं दीठि नाही करी सु हिय गडी ।
हाँ तें मिष्ट जु ईठि लगी सरस नाही हिये ॥

यह सुरतारंभ है ॥ जात्यलंकार स्पष्ट है ॥

इति नायक की प्रस्तावना वर्णन ।

दूती वर्णन ।

मूल । कालबूतदूतीबिना जुरैनऔरउपाय ।
फिरिताकोटारेवनै पाकैप्रेमलदाय ॥ ३२२ ॥

टीका ।—यह प्रस्ताविक नीति प्रेम के परिपक्व करने पर कवि की उक्ति। प्रेम-रूपी लदाव का निर्वाह। कालबूत-रूपी दूती बिन मिलता नहीं और उपाव से। फिर उस का टालना-ही बनता है प्रेम का लदाव पकने से ॥ रूपकालंकार स्पष्ट है ॥

दूती वचन नायका से वर्णन ।

मूल। तोपरवारौंउरबसी सुनराधिकैसुजान ।
तुमोहनकेउरबसी हौंउरबसीसमान ॥ ३२३ ॥

३२२ ।—लदाव, गुम्मज। मिट्टी के ढेले सों गुम्मज बनावत हैं। ता की नाम कालबूत। ता पैं गुम्मज चुनत हैं। कालबूत, सीढ़ है दूती, ताही बिना औरि उपाय सों गुम्मज नहीं जूटै। औ रूठी है, जो नायक, ता सों भेंट भी नहीं जूटै। फेरि ताहि कालबूत कौं भी दूती कौं टारे बनै (दूरि किये बनै) प्रेम, सो है लदाव, ता कै पाकै (पक्व भये, दृढ भये) पर ॥ इति द्वरिप्रकाशे ॥

दूती काप्यधिरोढ्यपी प्रेम धवलसदनेषु ।
सा न साधिका पुनरहो साधु कृतेषु च तेषु ॥

प्रमाणेव धवलसदनानि (धवलगृहाणि), तेषु दूती नाम कापि अधिरोढ्यपी (धीरोढ्य-साधनं लिःश्रेयीति यावत्)। अहो इति कोमलालापे। पुनस्तेषु प्रेम-धवलसदनेषु, साधु यथा स्यात्, तथा कृतेषु च सत्सु (सम्यक् संपन्नेषु सत्सु) सा दूती (अथवा सा अधिरोढ्यपी) साधिका न भवति (साधन-कर्मी नेव यः ॥ इति अलंकारसमग्रमतिकायाम् ॥

टीका ।—दूती वचन नायका से । तुझ पर मैं निछावर करूँ इंद्र की अप्सरा, सुन, हे राधा प्रवीण । तू श्री-कृष्ण के हृदे में बसी है, हो कर उरवसी के समान । उरवसी, धुकधुकी औ लक्ष्मी ॥

तात्पर्य यह कि, दूती मान में कहै है कि, सौति तेरी नायक की छाती पर धुकधुकी समान है । औ जैसे विष्णु के हृदे में लक्ष्मी बसी है, तैसे तू मोहन के हृदे में बसी है । वह समान है, तू विशेष है ॥

प्रश्न ॥ दो० । नही निरंतर उर बसी भूषण उर निरधार ।
उत्तर ॥ समता तिहिँ क्यौं दी तहाँ श्री-उर बसी बिचार ॥

यमकालंकार स्पष्ट है । उरवसी उरवसी पद से ॥

मूल । तुमोहनमनगाडरही गाठीगडनिगुवालि ।
उठैमटानटमालनौं सौतिनिकैउरमालि ॥ ३२४ ॥

टीका ।—दूती वचन स्वाधीनपतिका से स्तुति कर स्नेह बढावै है । तू श्री-कृष्ण के मन में गड रही है गाठी गडनि से, हे ग्वालिनि । उठै है सदा टूटे काँटे की भाँति तू सौतौं की छाती में खटक के ॥

प्रश्न ॥ गड रही गाठी फिर गडनि क्या ॥

उत्तर ॥ मोहन सब के मन में गडै है । मोहन के मन में कोई गाठी गडनि जिस की होय, सो गडै । सो तू गाठी गडनेवाली है । तेरी गाठी गडनि है इस से उस के मन में गडी है ॥

असंगति अलंकार स्पष्ट है । गडे मोहन के, कसके सौतौं के ॥

मूल । पियमनरुचिहैवौकठिन तनरुचिहोतसिँगार ।
लाखकरौआँखिनबटै बढैबढायेबार ॥ ३२५ ॥

टीका ।—सखी का वचन नायका से । नायक के मन में अभिलाषा होनी कठिन है, तन की शोभा सिँगार होता है । लाख यत्न करो आँख नही बढती, बढते हैं बढाये से बाल ॥

प्रश्न ॥ दो० । पिय-मन रुचि कैसो कठिन सखि वच नीरस जोय ।
उत्तर ॥ कहति सु तिहिं के भूषणनि चहति जु पिय वस होय ॥

तातपर्य यह कि, नायका सौति को सिंगार करती देख, अपने मन में विचारै है कि न कहीं इस से नायक के मन को रुचि हो जाय । उस काल सखी समाधान करती है ॥

दृष्टांतालंकार स्पष्ट है ॥

मूल । जालरंध्रमगच्यँगनिकौ कछुउजाससौपाइ ।
पीठदियेजगमौंरहै दीठिझरोखालाइ ॥ ३२६ ॥

टीका ।—दूती का वचन नायका से । जालो के छेद की राह तेरे अंगौं का कुछ उजाला सा पा के, मुँह फेरे जग के लोकौं से रहै है, दृष्टि खिडकी से लगा के, नायक ॥

तातपर्य यह कि, सब से विमुख तेरे देखने को अभिलाषा किये रहता है ॥

परिसंख्यालंकार ।

दोहा । अर्थ निषेधे एक थल दूजे थल ठहराइ ।
परिसंख्या जग पीठ दिय दीठि झरोखा लाइ ॥

मूल । यद्यपिसुंदरसुघटपुनि सगुनोदीपकदेह ।
तऊप्रकासकरैतितौ भरियेजितोसनेह ॥ ३२७ ॥

टीका ।—दूती वचन नायका से । अनुराग बढाना हेतु । जो भी सुंदर है अच्छा घाट है, फिर गुण समेत है दीपक सी देही तेरी, तौ भी प्रकाश करै है उतना-ही जितना भरिये सनेह ॥ गुण, के दो अर्थ बत्ती औ गुण, सनेह दो अर्थ तेल औ प्रीति । शरीर औ दिये का रूपक ॥ श्लेष औ रूपकालंकार का संकर ।

दोहा ॥ सगुणी पद सु श्लेष है रूपक दीपक देह ।
यौं श्लेष रूपकहि को संकर जानहुँ एह ॥

मूल । मानकज्जलचखभरखलगनि उपज्योसुदिनसनेह ।
क्योंननृपतिह्वैभोगवै लहिसुदेससबदेह ॥ ३२८ ॥

टीका।—दूती वचन नायका से। शनैश्चर काजल, नैन मीन लगन, उपजा अच्छे दिन में सनेह। तू क्यौं नहीं राजा ह्वै भोग करै पा के सुंदर देस-रूपी शरीर॥

प्रश्न॥ दोहा। प्रश्न सनीचर मीन के बहु जन जनि नृप नाहिँ।

उत्तर॥ शनि भख लगन-हु सु-दिन श्री होय सु-नृप भुव माहिँ॥

तात्पर्य यह कि, सुदिन केन्द्रवर्त्ती कहैं, उच्चवर्त्ती और भी शुभ ग्रह जानिये॥ रूपकालंकार स्पष्ट है, नृप-नेह के रूपक से॥

मूल। सखिन्हीं नैननीयननिकी कीयनहीयनआज।
कौनगरीबनिवाजिबी कितनृठौरतिराज॥ ३२९॥

टीका।—सखी का वचन नायका से। देख कर सखीं ने नैनों के कोयों को, कौन बस न होगा आज। किस गरीब को निवाजना है। किधर संतुष्ट हुआ काम-देव॥ इस अर्थ में नायका कुलटा॥

प्रश्न॥ दोहा। को निवाजिबी तरुणि सौं वचन सु नीरस आहि।

उत्तर॥ नायक सौं सखि को वचन को निवाजबी चाहि॥

प्रश्न॥ कोई कहै गरीब शब्द नायका पक्ष असंभव है॥

उत्तर॥ नायका को चतुर सुघड कहिये, तौ गरीब भी कहने का दोष नहीं॥ छेकानुप्रास अलंकार स्पष्ट है। लीयन कीयन शब्द मे॥

मूल। लागतकुटिलकटाछभर क्यौंनहोयबेहाल।
लगतजुहियेंदुसारकरि तऊरहतनटसाल॥ ३३०॥

टीका।—सखी का वचन नायका से, कै नायक वचन सखी से, कै सखी सखी से कहै। लगते हैं टेढे नेत्र-रूपी तीर, क्यौं न होय बेहाल नायक। लगते हैं कलेजे में पार हो, तौ भी टूटे काँटे की भाँति खटकैं हैं॥ विभावनालंकार।

३२९—सखि लीयन लीयननि के को इन हीय न आज। इति पाठान्तरम्। सखी वचन नायक सौं। तुमारि लीयन (नेत्र, ता) के लीयन (लावण्य) सखि (देखी) कैं, को (कौन नायिका) इन नेत्रनि आधीन न होय। आजु ऐसी छवि बनी है, कौन गरी ब निवाजिबी। र, ल, एक है। अब की ठौर में ब। कौन गली अब निवाजहुगे। किंवा, कौन की गली कौं निवाजोगे, कौन की गली कौं पधारोगे। गरी ब को अर्थ गरीब करें नीरस होय। "अभिमानी," "त्यागी," "तरुण," इत्यादि नायक को लक्षण नहीं जामे॥ इति इदिप्रकाशे॰

दोहा ॥ बिन कारण कारज जहाँ कुटिल न हेतु दुसार।
सोई कुटिल कटाछ यह सर दुसार भौ पार ॥

वार्त्ता । तीर पार हुआ हिया फोड के, तब नटसाल का कारण नहीं रहा । तौ भी नटसाल है ॥

मूल । नागरिबिबिधबिलासतजि बसौगवेलिनिमाहि ।
मूढौंमँगनिधीकित्र हूढ्यौदेइठलाहि ॥ ३३१ ॥

टीका ।—नायका और गाँव की स्त्रीयौं में मान कर बैठी है । तहाँ दूती वचन नायका से । अन्योक्ति कर कहै है । हे चतुरी, अनेक लीला छोड के, तू बसी गँवारनियौं में । मूरखौं में गिने तुझे जो धक्का दे के इठलाती है ॥ पर्यायोक्ति अलंकार ।

कछु रचना सौं बात । पर्यायोक्ति विख्यात ।
बचन रचन मधि आनि । कुडवति छटी बानि ॥

दूती वचन नायक से वर्णन ।

मूल । रहीलटूहैलालहौं लखिबहबालअनूप ।
कितौमिठासदयौदई इतेमलौनेरूप ॥ ३३२ ॥

टीका ।—दूती वचन नायक से । रही रीझ कर मैं, हे लाल, देख के उस नायका अनूप को । कितना मिठास दिया है ब्रह्मा ने थोडे से सलौने रूप में ॥ स्तुति कर नायक की रुचि बढावै है ॥ विरोधाभास अलंकार ।

दोहा । विरुधाभास विरुद्ध सौं भासे विरुध जु नाहिं ।
वर्णन कियौ मिठास ह्याँ विरुध सलौने माहिं ॥

मूल । तीजपरबसौतिनसजे भूखनबसनसरीर ।
सबैमरगजेमुँहकरी वहैमरगजेचीर ॥ ३३३ ॥

टीका ।—सखी का वचन नायक से, कै सखी से । सावन की तीज के त्यौहार में सौतौं ने पहने गहने कपडे शरीर में । सब की मैली मुँह की उसी मलगजे वस्त्र से ॥

३३१ ।—तूं तोहि सूझी, तूं सूझै कि मैं । जब मैं कहति हौं, तब तूं दूंजी दै चलिजाहि, मूठी बाँधि कमर सौं लगाय बैं ऐंठै है । इति परिप्रकाशे ॥

तात्पर्य यह कि,—

दोहा। पिय विदेस तें आय निज सीमहि कियौ मिलान।
तहँ चित चुभी सु बोल लिखि करि पठई रति जान॥
उहि सु गरब तें नहि सजे भूषण पट सु बनाइ।
वे लखि भई मलीन सब रति सपत्नि दुख-दाइ॥

और अर्थ कि, मलगजे चीर में पति के पसीने की बास आती थी, इस से न उतारे। प्रेम-गर्विता॥ असंगति अलंकार।

दोहा। सु असंगति कारण अनत कारज भिन्न सु थान।
युक्त मलीन-पट-वति अदुति अदुति करी तिय आन॥

मूल। सोहतिधोतीसेतमें कनकबरनतनबाल।
सारदबारदबीजुरी भारदकोजतलाल॥ ३३४॥

टीका।—दूती वचन नायक से। शोभा देती है धोती धौली पहरने में कंचन बरनी नायका ऐसी। जो क्वार कातिक के बादलौं की बिजली की शोभा को मात करती है उस के शरीर की गुराई की ज्योति, हे कृष्ण॥ प्रतीप औ वृत्त्यनुप्रास अलंकार। उपमेय से उपमान का अनादर प्रतीप। सारदादि पद वृत्ति॥

मूल। हौंरीभीलखिरीभिहौ छविछिकबीलिलाल।
सौनजुहीसीहोतिदुति मिलतमालतौमाल॥ ३३५॥

टीका।—दूती वचन नायक से। मैं रीझी देख के। तुम रीझोगे उस की छवि को देख, हे छबीले कृष्ण। सौनजूही सी होती है शोभा पहरने से चँबेली की माला की॥ तद्गुणालंकार।

दोहा। तद्गुण निज गुण तज जहाँ और गुण लपटाय।
माला तन दुति संग भई सौनजुही रँग भाय॥

मूल। छिनेकछबीलेलालवह जौलगिनहिवतराय।
ऊखमहूखपियूखकी तौलगिभूखनजाय॥ ३३६॥

३३४।—शारद (शरद ऋतु, कुवार कार्तिक), ता का जो बारद (मेघ) श्वेत, ता में जो है बीजुरी, ता की जो भा (कहिए दीप्ति), ता कौं रद कीजयत है॥ इति इष्टिकाप्रि॥

टीका ।—दूती नायका की वाणी की मधुराई नायक से कहै है । छिन एक, हे छबीलि कृष्ण, वह जब तक नही बोलती, ईख मधु औ अमृत की तब तक भूख (कहँ चाह) नही जाती ॥ वृत्त्यनुप्रास औ व्यतिरेकालंकार ।

दोहा । रुचि उपजावति सखि पियहि तिय मधु बैन बखान ।
वृत्ति और वितरेक को संकर इहाँ सु जान ॥
ऊख मह्रख पियूष यह वृत्त्यनुप्रास विचार ।
तिय बच में मधुता अधिक यह वितरेक निहार ॥

मूल । ठौरौलाई मुननकौ कहिगोरी मुसकात ।
थोरौथोरौसकुचसौं भोरौभोरौबात ॥ ३३७ ॥

टीका ।—सखी का वचन सखी से । मुग्धा की बात सुनने की रट लगाई औ मुसकुराता है नायक । कहै है गोरी नायका थोडी थोडी सकुच से भोली भोली बात ॥ छेकानुप्रास औ वीप्सालंकार ।

दोहा । ठौरी गौरी छेक पद इक-हि बार समताइ ।
भोरी भोरी वीपसा अति तें बहु पद भाइ ॥

मूल । नैकौउहिनजुटीकरी हरषिजुदीतुममाल ।
उरतेंवासकुप्यौनची बासछुटेहूँमाल ॥ ३३८ ॥

टीका ।—दूती वचन नायक से । तनक भी उसे न अलग करी प्रसन्न हो जो दी तुम ने माला । छाती से बसना उस का छूटा नही सुगंध जाने से भी, हे कृष्ण ॥

तात्पर्य यह कि, फूल माल सूखने से सुगंध गई, पर नायका ने छाती से न उतारी ॥ यमकालंकार स्पष्ट है । जुदी जुदी बास बास शब्द से ॥

मूल । मोहिभरोमोरीभिहै उभकिभाँकिझकबार ।
रूपरिझावनहारवह यैनैनारिझवार ॥ ३३९ ॥

टीका ।—दूती वचन नायका से । हेतु प्रीति कराना । मुझे भरोसा है कि तू

११७ ।—नायक नें सुनिबे की ढीरी (बानि) लगाई है ॥ इति छरिप्रकाशे ॥

रीझिगो उचक कर झाँक एक बार खिडकी में। नायक का रूप रिझानेवाला है, औ तेरे नैन रीझनेवाले हैं॥ समालंकार।

दोहा। जहाँ मिलै अनुरूप कछु सत असते सम धार।
दोऊ सम रिझवार औ रिझवनहार निहार॥

मूल। ल्याई लाल बिलोकिये जियकी जीवनमूलि।
रही भौन कंकौन में सौनजुही सी फूलि॥ ३४०॥

टीका।—दूती का वचन नायक से। मैं ले आई, हे कृष्ण, चल कर देखिये जी तुम्हारे जीव के रखने की जड है नायका, तिसे। रही है मंदिर के कौने में पीली जूही सी फूल के॥ उपमालंकार। नायका उपमेय, सौनजुही उपमान, सी वाचक, फूलना धर्म॥

मूल। नहिं हरि लीजिय राधरी नहिं हर लीजै अरधंग।
एकतही करि राखिये अंग अंग प्रति अंग॥ ३४१॥

टीका।—दूती वचन नायक से। हे कृष्ण, न विष्णु की भाँति हृदे पै रक्खो, न शिव की रीति आधे अंग में। मिला रखिये अपने अंग अंग से उस के अंग॥ दूषणोपमालंकार।

दोहा। दूषण जहँ उपमान तें दूषणोपमा मानि।
हरि के हिय अर्धंग हर ऐसे होहि न जानि॥

मूल। रही पैज कौनी जुमैं दीनी तुम्हैं मिलाय।
राखौ चंपकमाल सी लाल गरे लपटाय॥ ३४२॥

टीका।—दूती वचन नायक से। रही प्रतिज्ञा जो की थी मैं ने दी तुम्हें मिला कर नायका। रक्खो चंपे की माला जैसी को, हे कृष्ण, अब गले से लगा कर॥ उपमेयलुप्तोपमालंकार॥ चंपक-माल उपमान, सी वाचक, लगा रखना धर्म, नायका उपमेय नहीं॥

साक्षातदर्शन ।

मूल । कैवाँआवतइहिँगली रह्योचलायचलैँन ।
दरसनकीसाधेरहैँ सूधेरहतननैँन ॥ ३४३ ॥

टीका ।—नायक की सखी का वचन नायका से । कई बेर आवते इस गली में मैँ ने देखा नायक । रहा चला कर, पै न चले । दरसन की अभिलाषा-ही में रहैँ हैँ । इस से सूधे रहते नहीं नैन नायक के ।

प्रश्न ॥ सो० । सूधे रहैँ न नैन कहा होत टेढे कछू ।
क्रोध सहित दृग ऐन टेढे तौ तिन कौँ कहत ॥

उत्तर ॥ दो० । मग में दृग सौँहैँ चलत यहु सु रीति विख्यात ।
इहाँ जितै प्यारी सदन यैं तिन कौँ मुरि जात ॥

वार्त्ता । जिस गली में प्यारी का मंदिर है तहाँ नायक जाता है । जब ताईं मंदिर आवे, तब ताईं तौ नैन सौँही चले जाते हैँ । जद वह ठौर आई, तद आगे चलने से रहे, और मंदिर की ओर ही जाते हैँ । सूधे मारग की ओर नहीं रहते कैसे हैँ नैन जिन को दरसन की अभिलाषा रहै है । यह विशेषण नैनौँ-ही का है ॥ हेतु अलंकार । गली का आना टेढे होने का कारण, औ टेढा होना काज । इस से हेतु ॥

स्वप्न-दर्शन वर्णन ।

मूल । देखौजागतवैसियै माँकरिलगीकपाट ।
कितह्वैआवतजातभजि कोजानैकिहिँबाट ॥ ३४४ ॥

टीका ।—नायका वचन सखी से । देखौ, जागते हुए वैसी-ही संकल लगी है किवाड में । किधर ही आवता है, औ किधर ही जात है भाज के, कौँन जाने किस राह से ॥ प्रथम विभावनालंकार ।

दोहा ॥ कारण बिन कारज उदै सु विभावन विख्यात ।
खुलि कपाटन हेतु नहि भजवे की भज जात ॥

मूल । मुखसौंबीतीसबनिसा मनुसोयेइकसाथ ।
मूकामलिगछेजुकिन छाथनछोडिहाथ ॥ ३४५ ॥

टीका ।—नायका वचन सखी से, कै नायक वचन सखी से । सुख से बीती सारी रात मानौ सोये एक साथ । मोखे में डाल कर पकडे जो हाथ, सो छिन भर नही छोडे हाथ ॥ मूका मीखे कौं कहते है । पडौस की प्रीति है ॥

दूजा अर्थ ।—नायका सपने की बात सखी से कहती है कि, सुख से सारी रात बीती कि, मानौ एक साथ सोये हैं । मूका दोनौ हाथ से पकड कर भौंचने को कहते हैं । सो कहती है कि, अपने-ही हाथ पकड, अपना हाथ छिन भी न छोडा । उस अर्थ में मूका मेलि शब्द अलग्न है ॥ उत्प्रेक्षालंकार स्पष्ट है, मनु शब्द से ॥

चित्र-दर्शन वर्णन ।

मूल । दुचितैचितछलतिनचलति हँसतिनभृकुतिविचारि ।
लिखतचित्रपियलखिचितै रहीचित्रलौंनारि ॥ ३४६ ॥

टीका ।—सखी का वचन सखी से । दुचिते मन छलती है, न चलती है, औ हँसती है, न क्रोध करती है, बिचार के । नकार दोनौं ठौर देहरी दीपक जानियौं । लिखते हुए चित्र नायक को देख, ताक रही चित्र सी ही नायका ॥

तात्पर्यार्थ ।—नायक ने चित्र लिखने का आरंभ किया, औ नायका पीछे से जा देख आप चित्र सी ही तक रही । दुचिते मन तौ इस लिये है कि, मेरी मूर्ति लिखै है कि और की । छलती चलती नही इस कारण कि, आहट पावेगा तौ न लिखैगा । हँसती क्रोध करती नही यह बिचार कै कि, मेरी मूरति लिखै है कै और स्त्री की ॥ संशयालंकार स्पष्ट है ॥

छाया-दर्शन वर्णन ।

मूल । करमुँदरीकीआरसी प्रतिबिंब्योपयौआय ।
पीठिदियेनिधरकलखै इकटकदीठिलगाय ॥ ३४७ ॥

टीका ।—सखी का वचन सखी से । हाथ की अँगूठी की आरसी मे प्रतिबिंब

नायक का आया। सो पीठ फेरे निर्भय देखे है इकटक दृष्टि लगा के नायका नायक को ॥ प्रहर्षणालंकार।

दोहा। इष्ट सिद्धि हुइ बिन यतन सु प्रहर्षण सरसाहिँ।
बिना यतन पिय दरस इहिँ भयो आरसी माहिँ ॥

ध्यान-दर्शन वर्णन।

मूल। ध्यानआनिठिगप्रानपति मुदितरहतिदिनराति।
पलकंपतिपुलकतिपलक पलकपसीजतिजाति॥३४८॥

टीका।—सखी का वचन सखी से। ध्यान में ला के नायक, जो है इस के जीव का स्वामी, तिसी निकट, प्रसन्न रहती है दिन रात नायका। पल में काँपती है, रोमांच होते हैं पल में, औ पल भर में पसीना होता है नायका को। हेतु यह स्मृति करने से सात्विक होता है॥ स्मृति अलंकार स्पष्ट है॥

मूल। पियकेध्यानगहोगही रहीवहीह्वैनारि।
आपआपहीआरसी लखिरीझतिरिझवारि ॥३४९॥

टीका।—सखी का वचन सखी से। नायक का ध्यान धर धर रही वह-ही ह्वै के स्त्री। आप-ही आप दरपन देख के, रीझ रही रीझनेवाली नायका॥

प्रश्न॥ दोहा। गही शब्द इक अधिक है अरु इक प्रश्न विख्यात।
आप आप पै रीझबो यह असमंजस बात॥

उत्तर॥ पिय के ध्यान गही जु तिहि मन करि हरि ह्वै के लखी तिय छवि आरसि धाम॥

तद्गुणालंकार।

दोहा॥ तद्गुण निज गुण तजि जहाँ औरै गुण लपटाय।
ध्यान धरत-ही मन तिया पिय मन भी इहि भाय॥

नायका वचन नायक से वर्णन ।

मूल । लालतिहारेरूपकी कहौरीतियहकौन ।
जासौंलागैंपलकदृग लागैंपलकपलौन ॥ ३५० ॥

टीका ।—नायका वचन नायक से, कै सखी वचन नायक से । विरह-निवेदन । हे कृष्ण, तुम्हारे रूप की कही यह कौन सी रीति है । जिस से लगते हैं एक पल नैन, लगती पलक पल भर भी नही उस की ॥ विरोधाभास अलंकार ।

दोहा ॥ विरुधाभास विरुद्ध सौ भासै अविरुध चाहि ।
लगत पलक न लगत पलक विरुध बात सी आहि ॥

मूल । अपनीगरजनिबोलियत कहानिहोरौतोहि ।
तूप्यारौमोजीयकौ मोजीप्यारौमोहि ॥ ३५१ ॥

टीका ।—नायका वचन नायक से । अपने अर्थों से बोलते हैं इस में क्या निहोरा है तुझे । तू प्यारा है मेरे जीव का भी मेरा जीव प्यारा है मुझे ॥ काव्यलिंग अलंकार ।

दोहा ॥ काव्यलिंग सामर्थता जहँ दृढ करत बखानि ।
बोलन कौं दृढ किय कि मो जिय प्यारी मुहि जानि ॥

मूल । तोहीनिरमोहीलग्यौ मोहीयहैमुभाव ।
अनआयेआवैनहीं आयेआवैआव ॥ ३५२ ॥

---

३५० । पल नही लागे, नींद नही आवे ॥ इति हरिप्रकाशे ॥

३५१ । रीझ-भाव अर्थों, चीजुक-भावोदय अर्थों पै, अलङ्कांतरिता की उक्ति नायक सौं । अपनी गरज सौं (अपनी चाह सौं) बोलियत है, तुमै या बात को क्या निहोरा ॥ इति हरिप्रकाशे ॥

निज-प्रयोजन-सिद्धये ददाम्यहं न तवैव ।
कृष्ण प्राणप्रिया ऽसि मे प्रेयसां प्रियो ममैव ॥

कृष्ण, निजप्रयोजनसिद्धये (स्वार्थलाभाय) त्वां प्रति अहं प्रयदामि । तव प्रयोजनाय नैवेति । एतेन मम त्वां प्रति वाग्विलासे सति ममैव प्राणरूपस्वरूपः स्वार्थः, न तु कोऽपि तव स्वार्थ इति प्रतिपादयतिस्म 'यतस्त्वं मे प्राणप्रिया ऽसि (प्राणानां प्रिया ऽसि) । प्राणास्तु ममैव प्रिया इत्यन्वयः ॥ इति अलंकारसप्तशतिकायाम् ॥

३५२ । जो हौ, तेरे ही (कहिये हृदय, मन) ॥ इति हरिप्रकाशे ॥

टीका ।—नायका वचन नायक से । नायक को निठुरता औ अपने मन को आसक्ति प्रगट कर उलाहना दे व्यंग कर बुलावे है । तेरा मन निर्मोही । उस से लगा मेरा मन । इस से मेरे मन का यही सुभाव हुआ कि, निठुर हुआ, मेरे पास रहता नहीं । बिन आये तेरे आवता नहीं, औ तेरे आने से आता है । इस से तू आव, जो मेरा मन मेरे पास आवे ॥ यमकालंकार औ लाटानुप्रास स्पष्ट है । मोही मोही यमक औ आये आये लाट ॥

मूल । कुटननपैयतकिनेकबंसि नेहनगरयहचाल ।
मारयोफिरिफिरिमारिये खूनीफिरतखग्याल ॥३५३॥

टीका ।—नायका वचन सखी से, औ सखी का वचन सखी से भी संभवै ॥ मारा हुआ फेर फेर कर मारा जाता है, औ मारनेवाला फिरता है प्रसन्न ॥ रूपक औ असंगति अलंकार । नेह औ नगर का रूपक स्पष्ट है ।

दोहा । सु असंगति औ थलहि को काज और थल ढार ।
मार सु खूनी कौं उचित यहाँ मारे कौं मार ॥

मूल । निरदयनेहनयोनिरखि भयोजगतभयभीत ।
यहअबलौंनकहूँसुनी मरीमारियेमीत ॥ ३५४ ॥

टीका ।—मान में नायक की सखी का वचन नायका से । बिन दयाँ की प्रीति देख के हुआ है संसार भयमान । यह बात अब तक नहीं कहीं सुनी कि मर के मारिये मित्र को । द्वितीय पर्यायोक्ति अलंकार ॥

दोहा । पर्यायोक्ति जहाँ कहै कछु रचना सौं बैन ।
पिय सौं मिल आशय सु यह कहै रचन बच ऐन ॥

मूल । दुखहायनिचरचानहो आननआननआन ।
लगीफिरतिठूकादिये काननकाननकान ॥ ३५५ ॥

---

३५३ । नेह (प्रीति) सी नगर । जहाँ इस प्रेम की वस्ति में छुटने नहीं पावत है, औ इसी की यह चाल (रीति) है ॥ इत्यादि हरिप्रकाशे ॥

३५४ । मरी मारिये मीत, यह भी पाठ है ॥

टीका ।—नायका वचन सखी से । दुखदायनियौं के सुख में और चरचा नहो में सौगंद कर कहती हूँ । क्योंकि मेरे पीछे लगी फिरती हैं ढुकी दिये निकुंज बन में कान लगाये। एक आनन, मुख । दूसरा, और नहो । आन, सौगंद । कानन कानन, निकुंज-बन । ढुकी, छिप कर देखना ॥ यमक औ वीप्सालंकार । आनन आनन यमक, औ कानन कानन वीप्सा ॥

मूल । बहकेसबजियकीकहत ठौरकुठौरगनैन ।
किनऔरैकिनऔरमैं यकविकेकैनैन ॥ ३५६ ॥

टीका ।—नायका वचन सखो से । बहके हुए सब जीव की बात कहते हैं ठौर कुठौर देखते नहो । छिन में और-हो, औ छिन में और से होते हैं ये नायक की छवि से छके हुए नैन मेरे ॥ भेदकातिशयोक्ति अलंकार औरै पद से स्पष्ट है ॥

मूल । नेकुउतेउठिबैठिये कहारहेगहिगेह ।
छुटीजातिनहटीकिनेक महटीमुखनदेह ॥ ३५७ ॥

टीका ।—सखी का वचन नायक से । तनक उधर उठ के बैठिये । क्या रहे हो पकड के घर । छूटी जाती है नीह की दिई छिन एक में महदी सूखने दो ॥

तातपर्य यह कि । व्यंग से सखी नायक को जतावे है कि, तुम्हें देख नायका को सात्विक भाव हुआ । प्रीति बढाना हेतु ॥

वक्रोक्ति अलंकार स्पष्ट है । टेढे भाव के कहने से ॥

इति पूर्वानुराग ॥

मान वर्णन ।

मूल । चितवनरूखेदृगनिकी हाँसीबिनमुसकान ।
मानजनायोमानिनी जानलियोपियजान ॥ ३५८ ॥

टीका ।—सखो का वचन सखो से । चितवन रूखो आँखों की से, औ हाँसो बिन सुसकान की से । मान जताया मानिनो नायका ने, औ जान लिया नायक चतुर ने ॥ लाटानुप्रास अलंकार स्पष्ट है, जान जान पद भिन्नार्थ से ॥

मूल । पतिऋतुअवगुनगुनबढतु मानमाहकौसीत ।
जातकठिनहैअतिमृदौ रमनीमननवनीत ॥३५९॥

टीका ।—नायका की सखी का वचन नायक की सखी से, कै प्रस्ताविक कवि की उक्ति भी संभवै । पति के औगुण से बढता है मान, औ ऋतु के गुण से बढता है माह (महीने) का जाडा । जाता है कठिन ह्वै अति नरम नायका का मन और माखन ॥ क्रमालंकार ।

दोहा । पति औगुण ऋतु के गुणनि बढत मान उहिँ शीत ।
होत मान तेँ मन कठिन हिम तेँ है नवनीत ॥

दृष्टांत औ रूपकालंकार स्पष्ट है । जैसे सीत से नवनीत दृष्टांत । पति ऋतु का रूपक ॥

मूल । बाहीनिसितेंनामिट्यौ मानकलहकौमूल ।
भलेपधारेपाहुने ह्वैगुडहरकौफूल ॥ ३६० ॥

टीका ।—खंडिता नायका की सखी का वचन नायक से । उसी रात से नहीं मिटा मान जो क्लेश का मूल है । अच्छे आये, हे पाहुने, ह्वै के गुडहल का फूल ॥

तात्पर्य यह कि, नायक आने को एक रात कह गया, औ आया दो दिन पीछे प्रात । औ रति के चिन्ह लिये आया, माथे पर महावर, पलक में पीक, नैन लाल, इस से गुडहल के फूल की उपमा दी । औ पाहुना संबोधन इस हेतु कि, तुम घर घर के जाने रहनेवाले हो । औ गुडहल फूल लोक कहते हैं कि, जहाँ रहता है, तहाँ क्लेश होता है ॥ वाचकलुप्तोपमा औ लोकोक्ति अलंकार । पाहुना उपमेय, गुडहल फूल उपमान, कलह धर्म । पाहुने औ गुडहल फूल का रूपक कहन लोकोक्ति ॥

मूल । खरेअदबदुठलाहटौ उरउपजावतिवास ।
दुसहसंकविरुखकौकरे जैसेसौंठमिठास ॥ ३६१ ॥

टीका।—नायक वचन सखी से। नायका सादरा धीरा। अति अदब का हटलाना नायका का मेरे मन में उपजाता है डर। कठिन त्रास विष का करै है, जैसे सौंठ का मिठास॥ विभावना औ दृष्टांतालंकार।

दोहा। त्रास अदब तें विरुध यह है विभावना जान।
जैसे सौंठ मिठास यह दृष्टांतहि पहिचान॥

मूल। दोऊअधिकाईभरे एकैगौंगहराय।
कौनमनावैकोमनै मानैमतिठहराय॥ २६२॥

टीका।—सखी का वचन सखी से। दंपती अति गर्व से एक गौं को-ही बात कहते हैं। कौन मनावै, और कौन मने। आप-ही मानेंगे, जब इन को मति ठहरैगी। खेल से कलह उपजे, सो प्रणय-मान कहावै॥

तात्पर्य यह कि, नायक नायका खेल में दाव लेने को झगडे, औ कुल, वय, रूप, प्रेम का दोनौं को गर्व हुआ। न वह उस को माने, न यह इस को तब सखी ने सखी से कहा कि, वे आप-ही मनेंगे। हमारे मनाये न मानेंगे। चुप रहो। ये दोनौं एक-ही गौं पर ढले हैं, मान दोनौं को भाया है॥

काव्यलिंग अलंकार। गर्व की सामर्थता दोनौं को दृढ है॥

मान समय में सखी का वचन नायका से वर्णन।

मूल। हँसिहँसायउरलायउठि काहिनरूखौंहैं बैन।
जकितथकितसेह्वैरहे सकततिरीछेनैन॥ २६३॥

टीका।—नायक के वर्तमान सखी का वचन मानिनी नायका से। तू हँस औ नायक को हँसाय छाती से लगाय उठ के, औ कहै मत रूखे वचन। देख जकडा सा थका सा ही के, देख रहा है तेरी तिरछी आँखौं को॥ वृत्त्यनुप्रास अलंकार अष्ट है। जकित थकित पद से॥

मूल। मानकरतबरजतनहौं उलटिदिवावतिसौंह।
करीरिसौंहीजाहिंगौं सहजहँसौंहींभौंह॥ २६४॥

टीका ।—सखी का वचन नायका से, मान-समैं। मान करत हुए मैं मने नहीं करती, और उलटी सौंह दिवावती हूँ। उलटी सौंह का हेतु यह कि मैं हसौं हौं। सौंह पद को उलटे हसौं हुआ। कि मैं हँसती हूँ इस लिये, कि तेरो हँसी भरो भौंह तुझ से रिस भरी करी जाँयगी नायक को देख के, जो तू मान करती है ?

तात्पर्य यह कि, मान मत करै ॥ काकोक्ति औ छेकानुप्रास अलंकार। व्यंग वचन से काकोक्ति, औ रिसौंही हँसौंहौं छेक ॥

मूल। जोचाहैचटकनघटै मैलोहोयनमित्त ।
रजराजसनछुवाइयै नेहचीकनेचित्त ॥ ३६५ ॥

टीका ।—सखी का वचन नायका से, मान-समैं। जो तू चाहै है कि चमक प्रीति की न घटै, औ मित्र का मन मैला कै अप्रसन्न न होय, तौ धन-रूपी रजोगुण मत छुलावै प्रीति से भीगे मन को ॥

तात्पर्य यह कि, प्रीतम पर आज्ञा बल कर मत चलावे ॥

नेह तेल औ प्रीति, इस से श्लेषालंकार हुआ। प्रस्ताविक कवि की उक्ति में अन्योक्ति, और रज राजस का रूपक है ॥

मूल। सौंहैंहूचाह्योनतैं कैतीदाईसौंह ।
एहीक्योंबैठीकियै एँठीरवैठीभौंह ॥ ३६६ ॥

टीका ।—सखी का वचन नायका से, मान-समैं। सामने भी न देखा तैं ने नायक के, मैं ने कितनी दिलाई सौगंद। अरी अब क्यौं बैठी है किये हुए टेढी गँठीली भौंह ॥ वृत्त्यनुप्रास अलंकार स्पष्ट है, ऐंठी ग्वैंठी पद से ॥

मूल। खरीपातरीकानकी कौनबहाऊँबानि ।
आकाकलीनरलीकरै अलीअलीजियजानि ॥ ३६७ ॥

---

३६५ ।—रज (धूरि) सीं है राजस (रजोगुण) नहीं हुआइये, उन पर हुकुम नहीं चलाइये ॥ इति हरिप्रकाशे ॥

३६७ ।—हे अली, हे सखी ॥ इति हरिप्रकाशे ॥

टीका।—सखी का वचन नायका से। नायक की और के आसक्त जान, मान किया। सो सखी नायका का भ्रम दूर करै है। तू बहुत हलकी है कान की। जो कोई बात कहै है, सो मान लेती है, औ बिचारती नहीं। यह कौन सुभाव है, इसे मैं बझाऊँ। आक की कली से भौंरा बिहार नहीं करता, हे सखी, यह तू निश्चय अपने जी में बिचार॥ छेकानुप्रास औ यमकालंकार स्पष्ट है। कली, रली छेक, औ अली अली यमक॥

मूल। तोरसराच्यौचानवस कह्यौकुटिलमतिकूर।
जीभनिबौरीक्यौंलगै बौरीचाखखजूर॥ ३६८॥

टीका।—सखी का वचन नायका से, मान-समैं। तेरो प्रीति में रँग रहा है। उसे और के बस कहा है किसी खोटे मति-कूट ने। यह बात तू मत माने। जीभ में निबौली क्यौं स्वाद लगेगो, हे बावली, जिस ने खाई है खजूर॥ अर्थांतरन्यास अलंकार।

दोहा। कह्यौ अर्थ जहँ पोषिये अर्थ अर्थ सौं लाइ।
अर्थांतर कौ न्यास जो स्वाद खजूर जताइ॥

मूल। गहलीगरबनकीजिये समैंमहागहिपाय।
जियकोजीवनिजेठमो माहनकाँहमुहाय॥ ३६९॥

टीका।—सखी का वचन नायका से, मान-समैं। बावली मान न करिये समा प्रीति का पा कर। जान की जान छाँह जेठ महीने में है वह माह (महीने) में छाँह नहीं सुहाती॥

३६८। निबौरी, नीम का फल॥ इति हरिप्रकाशे॥

३६९। न कुरु नितम्बिनि गर्वमिति सर्वं समय-विलासि।
भवति शुचौ छाया प्रिया न भवति माघे मासि॥

इति अलंकारसतसतिकायाम्॥

हेतु। दो०। तो सौं लगनि सु जेठ तौ तू प्रिय छाँह समान।
सौति लगनि जिमि माह तहँ औरै प्रकृति सु जान॥

दृष्टांतालंकार स्पष्ट है। जैसे माह में छाँह॥

मूल। बहकिबडाई आपनी कतराचतमतिभूल।
बिनमधुमधुकरकंहिये गडैनगुडहरफूल॥ ३७०॥

टीका।- मानवती नायका की सखी का वचन नायका की सौति से, जो सुंदरी प्रसन्न हो आय बैठी है। बहक के बडाई अपनी से क्यौं राजी हो है। यह मति की भूल है। बिना सुगंध मकरंद भ्रमर के मन में नहीं खुभै गुडहल का फूल॥

दूजा अर्थ। कोई बिन गुण झूठ अपनी बडाई करै, तहाँ कहिये॥

अन्योक्ति अलंकार स्पष्ट है। और की बात और पर कहना॥

मूल। अनियारेदीरघदृगनि किती नतरुनिसमान।
वहचितवनिऔरैकछू जिहिंबसहोतसुजान॥ ३७१॥

टीका।—सखी का वचन नायका से मान समैं, औ प्रस्ताविक कवि की उक्ति। नोकीले बडे नैन की कितनी-ही स्त्री समान हैं। पर वह चितवन और-ही कुछ है, जिस से बस होता है चतुर नायक॥ व्यतिरेक औ भेदकातिशयोक्ति अलंकार।

दोहा। है सम में इक अधिकई सु वितरेक की युक्ति।
औरै पद जहँ होत अति भेदकातिशय-उक्ति॥

दोहा। दृग करि बहु तिय सम लसैं पै तुहि अतिता एक।
बस सुजान करियौ सुगम बर यह कहत अनेक॥

३७१। अनियारे, तीक्ष्ण। इति श्रृंगारसप्तशतिकायाम्॥

मूल। हाहावदनउघारदृग सफलकरैंसबकोइ।
रोजसरोजनकैपरै हँसौससीकौहोइ॥ ३७२॥

टीका।—उत्तमा दूती का वचन मानिनी नायका से। हा(इति खेदे) रात समैं जाय, अति खेद कर कर कहती है। तू मुख खोल। हम आँख अपनी सफल करैं सखी आदि सब कोई। शोक कमलौं के पडै, औ हाँसी चंद्रमा को होय॥

तात्पर्य यह कि, तेरा मुख निःकलंक चंद्र है। सौतैं तेरी कमल-मुखी हैं। तेरा मान छुटने से उन कै शोक पडैगा, औ चंद्रमा की हाँसी होगी, क्योंकि वह कलंक सहित है॥ तृतीय प्रतीपालंकार।

दोहा। उपमा अनादर वरन तें तृतिय प्रतीप सु होइ।
इहाँ सरोज रु शशी कौ भयौ अनादर सोइ॥

रोज औ रोजडा शोक कौं कहते हैं॥

मान समय सखी का वचन नायक से वर्णन।

मूल। कहालेहुगेखेलमैं तजौअटपटीबात।
नेकुहँसौंहीहैंभईं भौंहैंसौंहैंखात॥ ३७३॥

टीका।—मान में सखी का वचन नायक से। क्या लोगे खेल में। छोडो अपनी अटपटाँग की बात। तनक हँसी को सी हुई हैं भौंहैं नायका की, मेरे सौगंदैं खाते खाते॥

तात्पर्य यह कि, नायक की ओर से प्रीति जान नायका ने मान किया, औ नायक मनाने को आया। बातौं में नायक के मुख से उसी नायका का नाम निकल गया, जिस के लिये नायका ने मान किया था। उत्तमा दूती वह बात छिपाने को, हाँसी का प्रसंग ला, नायक से कहै है कि, इस खेल में क्या लोगे, ये अटपटाँग को

३७२। हाहा खाति हौं, अति निहोरा करति हौं, यह अर्थ॥ इति हरिप्रकाशे॥

३७३। हे नायक, और नायिका के संग में तुम खेलत हो। ए खेल में कहा खेहुगे, कहा सिद्धि होयगी? यह तो मान करि बैठी है। तुम और के संग में खेलत हो। यह अटपटी बात है, अर्थात् करा-वनवाली क्रिया सो यहाँ अटपटी; पूरब में अटपटाँग कहत हैं। ता को तुम तजो। सौंहैं खात (हमारे सपथ के किये) या की भौंहैं थोरी सी हँसौंहीं भईं हैं॥ इति हरिप्रकाशे॥

(खिजाने की) बातें छोड दो। तनक हँसी की सी भौंहैं हुईं हैं मेरे सौगंदौं के खाते खाते॥

हेतु अलंकार। कारण सहित काज। सौगंदैं खाना कारण, हँसौंहीं भौंहैं होना काज॥

मूल। चलौ चलैं छुटजायगौ हठ आपु सँकोच।
खरैं चढ़ायें हते अब आये लोचन लोच॥ ३७४॥

टीका।—सखी का वचन नायक से। मानिनी नायका। चलो, चलने से छुट जायगा हठ आप के सँकोच से। अति चढ़ाये थे वे, अब आये हैं नैन नरमी पर॥

तात्पर्य यह कि, जो तुम देख आये थे, वैसा क्रोध नहीं। कुछ घटा है॥

काव्यलिंग अलंकार। हठ छुट जायगा, उसे नैन नरम ने दृढ किया॥

दूजा अर्थ। सखी वचन, चलौ। नायक वचन, चले से छुट जायगा मान? सखी वचन, आप के सँकोच से छुट जायगा। नायक वचन, बहुत चढ़ाये थे। सखी वचन, वे अब ही आये हैं नैन नरमी पर॥ उत्तरालंकार स्पष्ट है, प्रत्युत्तर से॥

मूल। अनरस हूरमपाइहै रसिकरसीलीपास।
जैसी माठैं कोकठिन गाँठैं भरीं मिठास॥ ३७५॥

टीका।—सखी का वचन नायक से। नायका मानिनी। बिन रस भी रस पाओगे, हे रस के घर नायक, उस रसीली नायका के पास चलने से। जैसे गन्ने की कठिन गाँठैं हैं, औ भरी हैं मिठास से॥

तात्पर्य यह कि, तुम चलो उस के मान की चेष्टा से प्रसन्न होगे॥ दृष्टांतालंकार।

दोहा। पद समूह जहँ युग धरम जिमि बिंबित प्रतिबिंब।
सुकवि कहत दृष्टांत तहँ ज्यौं मणि दर्पण बिंब॥

मूल। क्यौंहूँसहवातनलगै थाकेभेदउपाय।
हठदृढगढगढवैसुचलि लीजैसुरँगलगाय॥ ३७६॥

टीका।—गुरु मान। सखी का वचन नायक से। किसी भाँति बल की बात हमारी नहीं लगै। थके सब भेद औ यत्न। हठ दृढ गढ को आप गाढे हो। चल के सुरँग लगा कर लीजे॥ रूपक औ श्लेषालंकार स्पष्ट है। हठ औ गढ का रूपक औ सुरँग पद श्लेष। सुरँग अच्छा रंग, औ सुरँग कहैं नकब। औ गढवै गाढे को कहते हैं॥

मूल। मकतननतुवतासेवचन मोरमकोरसखोय।
छिनछिनऔटेक्षीरलौं खरोमवादलखोय॥ ३७७॥

टीका।—शठ नायक का वचन अधीरा मानिनी नायका से। सकते नहीं तेरे तुम्हे वचन मेरे अनुराग के स्वाद को खोय। छिन छिन औटने से दूध की भाँति अति स्वाद का होता है मेरा प्रेम॥

तात्पर्य यह कि, नायका क्रोध कर गालियाँ देती है। सु नायक कहता है कि, तेरी ये बातें मुझे अति स्वाद लगती हैं॥

उपमालंकार। रस क्षीर लौं औटै। रस उपमेय, क्षीर उपमान, लौं वाचक, औटना धर्म॥

मूल। सकुचिनरहियेश्यामसुनि यमतरौंहैंबैन।
देतरचौंहैंचितकहैं नेहनचौंहैंनैन॥ ३७८॥

टीका।—सखी का वचन नायक से। नायका मानिनी। सकुच कर न रहिये, हे श्याम, ये सुन कर क्रोध भरे वचन। मन का रचा नेह चंचल नाचते से नैन कहे देते हैं॥ काव्यलिंग अलंकार। नेह से रचौंहैं मन को नचौंहैं नैनों ने दृढ समर्थन किया॥

३७५। हे सठ-नायक, किंवा कीर तरह सठ (संग में) हमारे बातनि में नहीं लगति है। दूसरी अर्थ, कीट-पक्ष, सठवात (सौठी) नहीं लगै॥ इति हरिप्रकाशे॥

मूल। आयेआपभलीकरी मेटनमानमरोर।
दूरकरीयहदेखिहै कलाकिगुनियाँकोर॥ ३७९॥

टीका।—मानिनी नायका की सखी का वचन नायक से। आये तुम। सो बात भली की मेटने की मान का गर्व। दूर करी, यह देखेगी नायका, कला जो किसी और नायका का अपनी कनउँगली के छोर में पहर आये हो। क्योंकि यह तुम्हारा नहीं। तुम्हारा होता, तो भर उँगली में आता॥ विषमालंकार स्पष्ट है। इष्ट उद्यम से अनिष्ट होय॥

प्रवास-विरह वर्णन।

मूल। सीरेजतननिसिसिरऋतु सहिविरहिनितनताप।
बसबेकौंगीखुमदिनन परीपरोसिनिपाप॥ ३८०॥

टीका।—सखी का वचन नायक से। विरह-निवेदन। कै सखी का वचन सखी से। नायका प्रोषितपतिका। ठंढे उपायों से अगहन पौष में सही विरहिणी के शरीर की आँच। अब बसने को जेठ असाढ के दिनों में पडोसियों को पडा है दुख॥

तात्पर्य यह कि, नायका के शरीर में ऐसी विरह की आग भडकी है, जो जाडे की ऋतु तो ठंढे यत्न कर काटी, अब गरमी की ऋतु पडोसियों को काटना कठिन है॥

अत्युक्त्यालंकार।

जहँ अतिशयता होय। तहँ अत्युक्ति सु जोय॥

मूल। आडेदैआलेबसन जाडेहूकीराति।
साहसकैकैनेहबस सखीसबैढिगजाति॥ ३८१॥

टीका।—सखी का वचन नायक से। विरह-निवेदन। कै सखी का वचन सखी से। नायका प्रोषितपतिका। आडे दे कर भीगे कपडे जाडे की भी रात में हिम्मत कर कै, प्रीति के बस हो, सखी सब पास जाती हैं॥

तातपर्य यह कि, नायका के शरीर में ऐसी विरह की आग है, कि पास जाने से जली जाती हैं॥

अत्युक्त्यलंकार स्पष्ट है। पूर्वोक्ति से जानियो॥

मूल। औंधाई सीसी सुलखि विरह बरति बिललात।
बिचही सूखगुलाब गो छींटौ छुई न गात॥ ३८२॥

टीका।—सखी का वचन नायक से। विरह-निवेदन। कै सखी का वचन सखी से। नायका प्रोषितपतिका। उलट कर ढाली जो सखी ने शीशी नायका के सिर पर, सो मैं ने देखी विरह से जलती रोते। बीच-ही में सूख गुलाब गया। छींट भी न लगी उस के शरीर में॥

तातपर्य यह कि, सखी ने विरह की आग से जलते रोते नायका को देख, दया कर ठंढक होने के लिये गुलाब की शीशी उस के सिर पर ढाली। सो एक छींट भी उस के शरीर में न लगी। गुलाब ढालते ढालते विरह की आग से बीच-ही में जल गया॥

अत्युक्त्यलंकार स्पष्ट है॥

मूल। जिहिं निदाघ दुपहर रहे भई माह की राति।
तिहिं उसीर की रावटी खरी औट लखि जाति॥ ३८३॥

टीका।—सखी का वचन नायक से। विरह-निवेद। कै सखी का वचन सखी से। नायका प्रोषितपतिका। जिस में ग्रीषम काल की दुपहरी के बीच हुई रहै है माह की राति, तिस खस के बँगले में निपट औटी जाती है नायका। खरी औटी जाती है इस से कि, ऐक तो विरह, औ दूजे खस की रावटी उद्दीपन करै है॥ विभावना औ छेकानुप्रास अलंकार। उसीर से तप्त होना, काज विरह। रावटी; आवटी छेक॥

मूल। बिकसत नवबल्लीकुसुम निकसत परिमलपाय।
परसि पजारति बिरहिहिय बरसत पौन बनाय॥ ३८४॥

टीका।—पवन-वर्णन औ प्रोषितपतिका की उक्ति सखी से, कै प्रोषित नायक की उक्ति सखी से। खिलते हुए नई बेलौं के फूलौं को निकलती सुगंध पा कर, छू

के जलाती है बिरही जन के मन को बरसे पीछे की पौन॥ कवि विविधि समीर वर्णन करते हैं, सो तीनौं बात इस में हैं। शीतल, मंद, सुगंध। शीतल इस से, कि बरसे पीछे हुई। मंद इस से, कि बेलौं में रुक कै निकली। सुगंधित इस से, कि खिलते फूलौं में बस निकली॥ हेतु अलंकार। शीतल मंद पौन सुगंध के हेतु जलावै है॥ सुगंध उद्दीपन है, यह हेतु॥

मूल। बिरह जरी लखि जौगनिनि कह्यो सुबह कै बार।
अरी आव उठि भीतरी बरसत आज अँगार॥१८५॥

टीका।—सखी का वचन सखी से, कै सखी का वचन नायक से। विरह-निवेदन। विरह से जली हुई नायका ने देख कर जुगनुओं को, बात कही बहक कै सखी से। कि अरी, आव उठ कर भीतर-ही। बरसते हैं आज अँगारे आकाश से॥ भ्रांति अलंकार। खद्योत देख, अँगार का भ्रम हुआ नायका को॥

मूल। धुरवा चौंहिं नधालिउठे धुवाँधरनि चहुँकोट।
जारतु आवतु जगत कौं पावस प्रथम पयोद॥ १८६॥

टीका।—प्रोषितपतिका नायका का वचन सखी से। बादल हौय नहीं, हे सखी। उठे है धुआँ पृथ्वी के चारौं ओर से। जलाता आता है जग को श्रावण भादौं का पहला मेघ॥ शुद्धापन्हुति अलंकार।

दोहा। शुद्धापन्हुति और कौ थापन धर्म दुराय।
धुरवाकृति सु दुराय कै इहि पावस ऋतु पाय॥

मूल। पावक झरतें मेह झर दाहक दुसह विसेखि।
दहैं देह वाके परस याहि दृगन ही देखि॥ १८७॥

टीका।—प्रोषित नायक कै प्रोषितपतिका का वचन सखी से। आग की झाल से मेह की झाल जलानेवाली कठिन अधिक है। जलता है शरीर उस के छूने से,

१८५। अरी सखी, तू आजि कौं भीतर घर में आव॥ इति इरिप्रकाशे।

१८७। मेह की झर, वृष्टि॥ इति इरिप्रकाशे॥

औ इसे आँखों से देखे-ही जलता है ॥ व्यतिरेक, व्याघात, यमकालंकार। विशेषता से व्यतिरेक। सुखद-दुखद से व्याघात। झर झर शब्द मे यमक ॥

मूल। मारमुमारकरीखरी अरीमरीहिनमारि।
सींचगुलाबघरीघरी अरीवरीहिनवारि ॥ ३८८ ॥

टीका।—प्रोषितपतिका की अंतरंगिनी सखी का वचन बहिरंगिनी सखी से। एक तो, काम ने मार, करी है अति व्याकुल नायका को। दूजे, तू छिड़क कर गुलाब घड़ी घड़ी। ए री, जली की मत जलावै ॥

प्रश्न ॥ दोहा। है पुनरुक्ति "मरीहि जिन मारि" "वरीहि न वारि"।
उत्तर ॥ तहँ बहरँग सौं निज सखी वचन कि मीहि न वारि ॥

वृत्त्यनुप्रास औ व्याघात अलंकार स्पष्ट है। मार मार वृत्ति, औ गुलाब सुखद दुखद हुआ सो व्याघात ॥

मूल। अंगपरैनकरैहियौ खरैजरैघरजार।
लावतघोरिगुलाबमौं मिलैमलैघनसार ॥ ३८९ ॥

टीका।—प्रोषित नायक का वचन सखा से, कै प्रोषितपतिका का वचन सखी से। अरे, दूर करै न, अति हिये जलि को क्यौं जलाता है। जो लावता है घोल कर गुलाब से मिला चंदन औ कपूर ॥

तात्पर्य यह कि, एक तो, मेरा हिया बिरह से जल रहा है। दूजे, तू सुगंध मिला लाता है। इसे देख और उद्दीपन होता है ॥

प्रश्न ॥ दोहा। बनै न हियौ खरे जरे इक बच बहु बच आहि।
उत्तर ॥ हियौ प्रजार बनादि तें खरे जरे हम चाहि ॥
और प्रश्न ॥ हियौ प्रजारक चाहिये हियौ प्रजार बनै न।
उत्तर ॥ उत्तर, भुवपालक कहैं भुवपाल-हु यौं बैन ॥

विषमालंकार। इष्ट जो है प्रीतलता, तिस का उद्यम उल्टा अनिष्ट होता है ॥

मूल। कौनमुनेकासौंकहौं सुरतिबिसरीनाह।
बदाबदीजियलेतहैं येबदरावदराह ॥ ३९० ॥

टीका।—नायका वचन सखी से। बिरह की दश अवस्था में चिंता जानिये। कै प्रोषितपतिका की पाती नायक से। कौन सुने मेरा दुख, और किस से कहूँ। सुरति भुलाई मेरी प्रीतम ने। होडा होडी कर मेरा जीव लेते हैं ये असाढ के बादल कुचाली ॥

तातपर्य यह कि, कुपथ-गामी हो,सो निर्दई होय। ये निर्दई मुझे दुख देते हैं ॥

दूजा अर्थ। कौन सुने, किस से कहूँ। याद भुलाई, हे प्रीतम, तुम ने तो मेरी। होडा होडी कर कर मुझे दुख देते हैं ये असाढ के बादल बदचाल ॥ यमकालंकार स्पष्ट है बदरा बदराह शब्द से ॥

मूल। फिरिसुधिदैसुधियायपी इहिंनिरदईनिरास।
नईनईबहुरीदई दईउसासउसास ॥ ३९१ ॥

टीका।—सखी का वचन सखी से। नायका प्रोषितपतिका। फिर कर चैतन्य दे, याद दिलाई पी की इस निरदई निरासी ने। नई नई फिर दी, हे भगवान, साँस उकास के ॥ सिद्धांतार्थ।

दोहा। लीन हुती पिय-ध्यान मैं पिक-बच सुधि में कीन।
फिरि पद तैं यह बार विय तहँ सखि वचन प्रवीन ॥
ध्यान छुटे तन सुधि भई यह तौ सुधि को अर्थ।
पिय की सुधि कह पिय विदिस जान्यौ विरह समर्थ ॥
सो सखि कहति निरास पद धिकहि नीर की आस।
देखौ ने नै गद मु अब दई उसास उकास ॥

३९१। मूर्छा में नायिका थी। सखिनि ने मूर्छा छोडाई। तब नायिका कहति है, फेरि इनैं सुधि (चेतन) दे कैं, मूर्छा छोडाय कैं, सुधि आय प्यो [नायक कौं सुधि (याद) दिलाय कैं]। बहुरौ (फेरि), हे दैव, नई नई उसास (ऊपर की सास, सौ) उसास दई (उकसाय दई, फेरि इनैं उपरदमी चली), ऐसी सखी निरदई है। पूरब में निरास गाली है। सुनाई कौं सुनाई निरासी गाली देती हैं। इति परिप्रकाशे ॥

अलंकार लाटानुप्रास, वीप्सा, यमक का संकर।

दोहा। सुधि सुधि लाटा, बीपसा नई नई पद माँहि।
दई दई पद यमक है संकर त्रय इहिँ ठाँहि॥

मूल। बनबाटनिपिकबटपरा तकिबिरहिनिमतमैन।
कुहौकुहौकहिकहिउठैं करिकरिरातेनैन॥ ३९२॥

टीका।—सखी का वचन सखी से। नायका प्रोषितपतिका। बन की बाटौं में कोयल बटमार ताक के विरहिणी की मते से काम-देव के, मार मार कहि कहि उठती हैं, कर कर के लाल आँखैं॥ लाल आँखैं कोयल की, औ कुहु कुहु वचन भी उस के हैं॥ रूपकालंकार स्पष्ट है, पिक बटपार का रूपक॥

मूल। दुसहबिरहदारुनदसा रह्यौनऔरउपाय।
जातजातजियराखियै पियकीबातसुनाय॥ ३९३॥

टीका।—सखी का वचन सखी से। नायका प्रोषितपतिका। कठिन विरह है। भयावनी अवस्था है। रहा नहीं और उपाव करना। जावे जाते जीव को नायका के रखिये उस के प्रीतम की बात सुना कर॥

दोहा। पिय सँदेस आवन कहन कीने बहुत उपाय।
अब पिय के सुर-बोल कहि राखति प्राण सुनाय॥

पर्यायोक्ति अलंकार।

दोहा। छल कर साधे इष्ट जहँ पर्यायोक्ति बिचारि।
पिय की बानी छल क कै राखति प्राण सु नारि॥

मूल। कहँजुबचनबियोगिनी बिरहबिकुलबकुलाय।
कियेनकोऊँसुवासहित सुवासुबोलसुनाय॥ ३९४॥

टीका।—सखी का वचन सखी से। नायका प्रोषितपतिका। कहे जो वचन बियोगिनी नायका ने विरह से व्याकुल हो घबरा कर। किया नहीं किस को आँसू

३९२। मैन (काम, ता) के मत सौं (सलाह सौं)॥ इति इरिप्रकाशे॥

समित तीते ने वे नायका के दुख के वचन सुना कर॥ हेतु अलंकार। कारण सहित कारज। सुवा बोल कारण, अँसुवा कारज॥

मूल। सो०। मैंलखिनारोग्यान करिराख्योनिरधारयह।
वहईरोगनिदान वहैबैद्यौखधिवहै॥ ३९५॥

टीका।—सखी का वचन सखी से। नायका प्रोषितपतिका। मैं ने देख कर स्त्री के ज्ञान से, कै नाडी के ज्ञान से, कर रक्खा निचय यह। वही जो नायक सो रोग का निदान (कहैं आदि कारण) है, क्यौंकि उसी के विरह से रोग उपजा है। वह नायक मिलै तौ रोग छुटै। इस से वही बैद है, औ वही नायक औषधि है॥

तातपर्य यह कि, विरह से अति व्याकुल देख नायका को, बहरंगिनी सखी शीतल अनेक उपाय करै है, औ नायका को आराम न हो, अति दुख होता है। तहाँ अंतरंगिनी सखी का वचन सखी से कि, इसे बिन नायक के मिले आराम न होगा॥ द्वितीय हेतु अलंकार।

दोहा। हेतु हेतु मत एक है बहु हेतु स-विवेक।
प्रभु कटाच्छ-ही धनुष ज्यौं बेद औषधी एक॥

मूल। विरहमुखाईदेह नेहकियौअतिडहडह्यौ।
जैसेबरखेमेह जरैजवासौज्यौजमैं॥ ३९६॥

टीका।—प्रोषितपतिका नायका के विरह औ प्रेम की अति अधिकाई देख, सखी का वचन सखी से। सखी नायका से कहै तौ भी संभवै। विरह ने सुखाई नायका की देह, पर प्रेम को किया है अति हरा भरा नायका के। जिस भाँति बरसने से मेह के, जलता है जवासा औ जीव उस का जमता है। जीव कहैं अन्न इत्यादि को जमती है। ज्यौं शब्द से कोई जव अन्न का अर्थ करै, तौ ठीक नहीं। क्यौंकि वर्षा समैं जौ नहीं होता॥ दृष्टांतालंकार।

दोहा। क्यौंकि देह लखियत जरति नेह जमतु न लखाय।
त्यौं सु जवासे की दसा दृष्टांत हु इहिं भाय॥

पानी वर्णन।

मूल। दो०। कहाभयौजोवौकुरे मोमनतोमनसाथ।
उडीजातिकितहूँगुडी तऊउडायकहाथ ॥ ३९७ ॥

टीका।—नायक वचन नायका से।

प्रश्न॥ दोहा। नायक चलत विदेस कौं गुडी बनत नहि सोइ।
तिया उडायक नहि बने विरुध दुहूँ पद जोइ॥

उत्तर॥ दोहा। पितु गेहादि चली तिया किहुँ उत्सव विधि पाय।
तहँ नायक के वचन हैं निरखि कहतु समझाय॥

और प्रश्न॥ साथ उहाँ मन दुहन के गुडी पच को साथ।

उत्तर॥ तहाँ लक्षणा करि लखौ गुडी सूत्र सँग हाथ॥

वार्त्ता। गुडी नायका, सूत्र मन; उडायक नायक, हाथ मन; डोर अरु हाथ संग है॥ दृष्टांतालंकार स्पष्ट है।

मूल। विरहविथाजलपरमाविन बसियतमोहियताल।
कछुजानतजलथंभविधि दुर्योधनलौंलाल॥ ३९८॥

टीका।—नायका की पत्नी नायक से। नायका प्रोषितपतिका। विरह की पीडा-रूपी पानी में बिना खरस बसते हो मेरे हिये तलाव में। कुछ जानते हो जल-थंभन की विधि दुर्योधन की भाँति, हे कृष्ण॥ रूपक अतद्गुण औ पूर्णोपमालंकार। हिय ताल का रूपक। जल का गुण न हुआ अतद्गुण। लाल उपमेय, दुर्योधन उपमान, लौं वाचक, जल-थंभन धर्म, पूर्णोपमा।

मूल। सो०। पावसकठिनजुपीर अबलाक्योंकरिसहिसकै।
तेऊधरतनधीर रक्तबीजसमसबतरे॥ ३९९॥

टीका।—सखी का वचन नायक से। नायका प्रोषितपतिका। श्रावण भादौं

१९७। गुडी (पंच) किसहूँ उडी जाति है, जो औ उडायक (उडावनिहार) के हाथ में है। हाथ औ पर्थ, लक्षणा करि, वश में जानिये॥ इति हरिप्रकाशे॥

१९८। हे लाल, तुम दुर्योधन की तरह जल-थंभन विधि जानत हौ, जैसे दुर्योधन पानी में पैठे, औ पानी नहीं जाने॥

की कठिन पीडा है। स्त्री निर्बल क्यौं कर के सह सकै। वे भी रक्त औ बीज समान से पैदा हुए॥

तातपर्य यह कि, स्त्री का रक्त औ पुरुष का बीज मिल कर मनुष पैदा होता है। जो स्त्री का रक्त अधिक हो, तौ स्त्री होय। औ जो पुरुष का बीज अधिक हो, तौ पुरुष होय। औ रक्त औ बीज समान होय, तौ नपुंसक होय। इस से सखी कहै है कि, स्त्री पुरुष की तौ क्या सामर्थ है, जो पावस की कठिन पीडा में धीरज धरे। नपुंसक भी धीर नहीं धरता॥ दृष्टांतालंकार स्पष्ट है॥

मूल। स्यौबिजुरीजनुमेह आनिइहाँबिरहाधर्यौ।
आठौंजामयकेंह हगजुबरतबरखतरहत॥ ४००॥

टीका।—नायका वचन सखी से। नायका प्रोषितपतिका। साथ बिजली के जानौ मेह ला कर यहाँ बिरह ने रक्खा। आठौं पहर निरंतर इस से नेत्र जानौ जलते हैं औ बरसते रहते हैं मेरे॥ वस्तूत्प्रेक्षालंकार। सहित बिजली जानौ बरसता है। स्त्री समेत को कहैं हैं॥

मूल। कौंडाआंसूबूंद करिमाकरबरुनीमजल।
कीनेवदननमृद हगमलंगडारेरहैं॥ ४०१॥

टीका।—सखी का वचन नायक से। विरह-निवेदन। नायका प्रोषितपतिका। कौडे आँसू की बूँदैं करी संकल पपनी जल समेत। किये हुए मुख को प्रसिद्ध दृग-रूपी मलंग डाले रहते हैं कौडे॥ नायका के नैन से मलंग फकीर का रूपक। रूपकालंकार स्पष्ट है॥

मूल। दो०। कागदपरलिखतनबनैं कहतसँदेसलजात।
कहिहैसबतेरोहियो मेरेहियकीबात॥ ४०२॥

टीका।—प्रोषितपतिका नायका का सँदेसा। सखी वचन नायक से। कागद पै लिखते नहीं बने है। कहते हुए सँदेसा लाज आवै है। कहैगा सब तेरा मन मेरे मन की बात॥

तातपर्य यह कि, तू अपने मन के दुख से मेरे मन का दुख जानियो॥

परिसंख्यालंकार स्पष्ट है कि, पहली पद में अर्थ निषेद, औ पिछली पद में ठहरा, इस से॥

मूल। तरभुरसीऊपरगरी कज्जलजलकिरकाय।
पियपातीबिनहीलिखी बाँचीविरहबलाय॥ ४०३॥

टीका।—सखी का वचन सखी से। नायका प्रोषितपतिका। नीचे तो जली, ऊपर से गली, काजल समेत आँसू के पानी से छिडकी हुई। नायक ने पत्री नायका की बिन-ही लिखी में विरह का दुख बाँच लिया॥

तातपर्य यह कि, नायका नायक को पाती लिखने बैठी, तो विरह की आग से हाथ लगते-ही नीचे से जली, औ सुध करते-ही नायक की रोने से काजल समेत आँसू से गली, निदान चीठी न लिखी। लपेट, भेज दी। सो नायका का दुख जाना॥ अनुमानालंकार स्पष्ट है॥

मूल। बिरहबिकलबिनहीलिखी पातीदईपठाय।
अंकबिहूनोयौंमैंचित मनैबाचतुजाय॥ ४०४॥

टीका।—सखी का वचन सखी से। नायका प्रोषितपतिका। विरह से व्याकुल नायका ने बिन-ही लिखी पत्री दी भेज कर नायक को। नायक पाती पाय नायका की सुरत कर घबराय, अक्षर बिना यौं सो मन से सूने-ही पत्र को बाँचता जाता है॥

तातपर्य यह कि, पत्री पाते-ही नायक को नायका की सब बिपत मन में भास गई॥ भ्रांत्यलंकार स्पष्ट है॥

मूल। करलेचूमिचढायासिर उरलगायभुजभेंटि।
लहिपातीपियकोलखति बाँचतिधरतिसमेंटि॥ ४०५॥

टीका।—नायक की पत्री। सखी का वचन सखी से। हाथ में ले, चूम कर

सिर पर चढाय, छाती से लगाय, मुख से मिला कर, पा के पत्री नायक की देखती है, पढती है, औ रखती है लपेट कर नायका ॥ प्रेमालंकार स्पष्ट है ॥

मूल। रँगराती रातीहियें प्रीतमलिखीबनाय।
पातीकातीविरहकी छातीरहीलगाय ॥ ४०६ ॥

टीका।—सखी का वचन सखी से। लाल कागद पर अनुराग भरे मन से नायक ने बना कर लिखी, पत्री तरवार काटनेवाली विरह की की नायका छाती से लगा रही ॥ वृत्त्यनुप्रास अलंकार स्पष्ट है, पाती काती शब्द से।

अथ दश दशा वर्णन। अभिलाष दशा वर्णन।

मूल। नाचिअचानकहीउठे बिनपावसबनमोर।
जानतिहौंनंदितकरी यहदिसनंदकिसोर ॥ ४०७ ॥

टीका।—नायका वचन सखी से, कै सखी वचन नायका से। नाच कर अचानक-ही उठे बिना श्रावण भादौं बन में मोर। जानती हूँ नंदित (कहूँ सुखी) करी यह दिस नंद-किशोर ने आ कर ॥

तात्पर्य यह कि, इहाँ नायका की उद्वेग दशा जान कर सखियाँ उपाय करती थीं, कि इस में किसी सखी ने बिन पावस बन में मोर नाचते देख घन-स्याम का आगमन अनुमान से आ सुनाया ॥ अनुमानालंकार।

दोहा। हेतु पाय अनुमान तें समझ लेत अनुमान।
मोर नृत्य तें लखि पखो आवन स्याम सु जान ॥

कोई इस दोहे में लक्षिता औ अन्यसंभोगदुःखिता का अर्थ कहै, तो ठीक नहीं। क्योंकि दिस पद से अर्थ पुष्ट नहीं होता ॥

मूल। कोरिजतनकोऊकरौ तनकीतपतिनजाय।
जोलौंभीजैंचीरलौं रहैनप्योलपटाय ॥ ४०८ ॥

४०६। पाती कैसी है? विरह काटिवे की काती (तलवार) है ॥ इति हरिप्रकाशे ॥

टीका।—अंतरंगिनी सखी का वचन सखी से। कडोड उपाय कोई करो नायका के शरीर की जलन न जायगी। जब तक भीगे वस्त्र की भाँति रहै नहीं है नायक लिपट कर॥ काम के आधिक्य से प्रौढा का भी वचन सखी से संभवे॥ पूर्णोपमालंकार। नायक उपमेय, भीगा चीर उपमान, लौं वाचक, औ लिपटना धर्म॥

मूल। सोवतमपनेस्यामघन हिलिमिलिहरतवियोग।
तबहीटरिकितहूगई नीदौनीदनजोग॥ ४०९॥

टीका।—नायका वचन सखी से। सोवत हुए स्वप्न में श्री-कृष्ण-चंद्र हिलमिल के दूर करते थे मेरे वियोग को। तिसी समैं टल कर किधर-ही चली गई नीद भी मेरी, इस से अब निंदा करने योग्य हुई।

तात्पर्य यह कि, भूख प्यास की तौ निंदा करती थी, पर अब नीद की भी निंदा करनी हुई॥ विपरीत्यलंकार।

दोहा। साधन बाधक सिद्ध को सो विपरीति गनाय
नीद मिलावनहार सो बाधक भई पलाय॥

स्मृति दशा वर्णन।

मूल। जबजबवेसुधिकीजिये तबतबसबसुधिजाहिं।
आँखनिआँखलगीरहैं आँखैंलागतिनाहिं॥ ४१०॥

टीका।—नायका वचन सखी से।

प्रश्न॥ दोहा। जब जब सुधि में धुनि कढति कबहुँ कबहुँ सुधि होति।
तौ रस हृत अरु व्यर्थ पद बिसरति नहि दृग योति॥

उत्तर॥ इहाँ प्रिया वच गुण-कथन किहुँ सखि सौं इह भाय।
पिय के अँग अँग सुधि करति बिरह-बिथा अधिकाय॥
परि जब वे सुधि कीजिये आँख लगैं तब नाहिं।
आँखनि आँख लगी रहैं अरु सब-ही सुधि जाहिं॥

४१०। जब जब वे (की चर्चा हमारी मन) जानत है, ऐसी कोई आलिंगन विशेष ता की सुधि (याद) कीजियतु है। ता समैं में तौ सब सुधि (ज्ञान) जाती रहत है, मोह दशा होति है॥ इति हरिप्रकाशे॥

वार्त्ता। पिय की आँख और मेरी आँख लगी रहैं हैं। और आँखैं नहीं लगतीं। सो क्या? कि नींद नहीं आती। तिस से जब जब वे आँख प्रीतम की सुधि कीजिये, तब तब सब-ही सुधि जाती है। विरोधाभास अलंकार। लगी रहैं और आँखैं नहीं लगतीं॥

मूल। सघनकुंजछायासुखद सीतलमंदसमीर।
मनहैजातअजौंवहै वाजमुनाकैतीर॥ ४११॥

टीका।—नायका वचन सखी से।

दोहा। इहाँ अर्थ जिहिं थल किये पिय सँग सुःख अपार।
तिहिं थल की सखि सौं कहति रीति सु विरह मझार॥
सखि अज-हू वा थल गये वही सु मन ह्वै जात।
जनु पिय सँग हैं तहँ हँसत करत विलासनि बात॥

प्रश्न॥ तहाँ प्रश्न यह विरह में वस्तु दुखद सब ज्ञेय।
यहाँ कही छाया सुखद बनै न पद यह जोय॥

उत्तर॥ जब मन वह-ही ह्वै गयो तब सब सुखद सरूप।
या तें है वह सुखद पद दोष नहीं कवि-भूप॥

और प्रश्न॥ तहाँ सुनी अब तौ तरुणि उहि थल सो यह नाहिं।
बातें उहि थल की कहति बैठी निज गृह माहिं॥
वा यमुना के तीर यौं कही वचन इहि वाम।
या तें जानी जाति है अब नहि यह उहि ठाम॥
तब तौ याहि वियोग-ही है सब विधि सुधि जाहि।
कैसे वाहि सुखद कहैं बनै न कहते ताहि॥

उत्तर॥ सुखद जु नायक तासु की सघन कुंज की छाँह।
मन ह्वै जात अजौं वहै जात सखी तिहि माँह॥

और प्रश्न॥ वा यमुना के तीर जो कही शब्द इहिं ठौर।
तौ कहँ यमुना दूसरी है कोउ ब्रज में और॥

उत्तर ॥ सी० । यमुना के वा तीर ऐसे अर्थ लहौ इहाँ ।
तीर बहुत कवि धीर जहाँ कुंज छाया सघन ॥
स्मृति अलंकार ।
दोहा । कछु सुनि लखि सुमिरन जहाँ होय सुमृति परकास ।
सु यहाँ कुंज लखि कै भयो सुमिरन पीय विलास ॥

मूल । जहाँजहाँठाढ़ोलख्यौ स्यामसुभगसिरमौर ।
उनहूँबिनछिनगहिरहत दृगनिअजौंवहठौर ॥४१२॥

टीका ।—नायका वचन सखी से। जिस जिस ठौर खडे हुए देखा था श्री-कृष्ण सौभाग्यों के सिर के मुकुट को, उन बिना भी छिन भर पकड रखती है आँखों को अब तक वह ठौर ॥ स्मृति अलंकार स्पष्ट है । उन स्थलों की सुधि करती है, जिन स्थलों में श्री-कृष्ण-चंद्र को खडे देखा था ॥

मूल । सोवतजागतसपनवस रसरिसचैनकुचैन ।
सुरतिस्यामघनकीसुरति बिसरैहूबिसरैन ॥ ४१३ ॥

टीका ।—नायका वचन सखी से, कै सखी का वचन सखी से। सोवते, जागते, स्वप्न में, और प्रीति अप्रीति, औ सुख दुख में, सुरति घन-स्याम की रहै है। सुरति भूले भी भूलती नहीं ॥ विशेषोक्ति अलंकार ।

दोहा । होत न कारज हेतु सब विशेषोक्ति उद्योत ।
सुधि जैबो यह देह तउ सुरति न भूलन होत ॥

गुण-कथन दशा वर्णन ।

मूल । भृकुटीमटकनिपीतपट चटकलटकतीचाल ।
चलचखचितवनिचोरिचित लियोबिहारीलाल॥४१४॥

टीका ।—नायका वचन सखी से। भौंहों की मटकन से, पीत पट की चट से, लटकती चाल से, चंचल आँखों की चितवन से, चुरा कर मन मेरा, लिया विहार करनेवाले श्री-कृष्ण ने ॥ आक्षेपालंकार स्पष्ट है ॥

४१३ । इतने सबों में घनस्याम (श्री-कृष्ण ना) की सुरति (यादि) सुरति (स्वरूप, सी) बिसरायें-इ बिसरै नहीं ॥ इति हरिप्रकाशे ।

उद्वेग दशा वर्णन।

मूल। औरेभाँतिभयेबए चौसरचंदनचंद।
पतिबिनअतिपारतबिपति मारतमारुतमंद॥ ४१५॥

टीका।—नायका वचन सखी से। और-ही भाँति हुए अब चौसर (कहैं चार लड का मोती का, कै फूलौं का, हार) चंदन औ चंद्रमा। नायक बिन अति डालते हैं बिपति, औ मारती है पौन मंद मुझे॥

प्रश्न॥ चौसर चंदन का प्रयोजन नही। दूजे अति क्या॥

उत्तर॥ ऋतु ग्रीषम की है तहाँ बहिरंग सखी को सुधि नही, चौसर चंदन ले आई। तहाँ नायका वचन, "अब ये और-ही भाँति हुए चौसर चंदन तौ, और चंद्र औ मारुत (कहैं पवन) ये अति बिपत डालते हैं। क्योंकि चंद औ मारुत के निवारने को भीतर बैठूँ, तौ ऋतु दुख देती है। और बाहिर ये दुख देते हैं। इस से अति बिपत डालते हैं"॥

भेदकातिशयोक्ति अलंकार स्पष्ट है, और पद से॥

मूल। हौंहौंबौरीबिरहबस कैबौरीसबगाम।
कहाजानियेकहतहैं ससिहिशीतकरनाम॥ ४१६॥

टीका।—नायका वचन सखी से। मैं-हीं बावली हूँ विरह के बस से, कै सब गाम के लोग बावले हैं। क्या समझ कर ये कहते हैं शीतकर नाम चंद्रमा का। शीतकरठंढी हैं किरण जिस की सो॥ संदेहालंकार स्पष्ट है। मैं बावली, कै गाम॥

मूल। यहांतेंउहांउहांतेंयहाँ नैकौधरतिनधीर।
निसिदिनडाढीसीरहै बाढीगाढीपीर॥ ४१७॥

टीका।—सखी का वचन सखी से, कै सखी नायक से कहै। यहाँ से वहाँ जाती है, औ वहाँ से यहाँ आती है, और तनक भी नही धरती है धीरज। राति

दिन जली सी रहे है, और बढो है कठिन पीडा नायका को विरह की॥ वृत्त्यनुप्रास अलंकार स्पष्ट है। बाढी गाढी शब्द से॥

मूल। द्रुतआवतिचलिजातिउत चलीछसातिकहाय।
चढीहिंडोरेसेरहे लगीउसासनिसाथ॥ ४१८॥

टीका।—सखी का वचन नायक से। विरह-निवेदन। कै सखी वचन सखी से। विरह-वर्णन। इधर आती है, औ चल कर जाती है उधर, चली छ-सातेक हाथ नायका, हिंडोले से पर चढी रहती है साँसौं के साथ-ही॥

तात्पर्य यह कि, साँस छोडने से बढै है, औ लेने से घटै है॥ उपमेयलुप्तोपमालंकार। हिंडोले चढना उपमान, से वाचक, आना जाना धर्म, उपमेय नायका नही॥

प्रलाप दशा वर्णन।

मूल। फिरिफिरिबूझतिकहिकहा कह्योसांवरगात।
कहाकरतदेखेकहाँ अलीचलीक्योंबात॥ ४१९॥

टीका।—नायका को नायक की अति चाह है, सु पुनि पुनि सखी से पूछे है। पुनि पुनि पूछती है कि, तू कह। क्या कहा श्री-कृष्ण-चंद्र ने। क्या करते देखे कहाँ तैं ने, और, सखी, चली क्योंकर मेरी बात नायक के पास॥ प्रेमालंकार स्पष्ट है॥

मूल। जोन्हनहीयहतमवहै कियोजुजगतनिकेत।
होतउदैसमिकेभयो मानोमिहरसेत॥ ४२०॥

४२०। जोन्ह (चाँदनी) यह नही है। यह तम (अँधकार) है, किंवा तम राहु है। चंद्रमा को अर्थ आनंद देनिहारो। यह दुचदाई, स्याम चाहिये। जो तम है, तौ अभि ह्वै उदै होत, मानो अभि हरि कैं (हरषि कैं) सेत (उजरो) भयो है। अनुक्तास्पदवस्तूत्प्रेक्षालंकार॥ इति हरिप्रकाशे॥

नार्थ, सखि, रजनी-करी राहुः स्फुरति निशासु।
भय-भीतवन्द्रोदये शुभो भाति दिशासु॥

इति भट्टारकसमग्रमतिकायाम्॥

टीका।—चंद्रोदय वर्णन। कवि की उक्ति। कै प्रोषितपतिका का वचन सखी से। कै मान-विध्वंस सखी का वचन नायका से। चाँदनी नहीं। यह अँधकार वह है, जिस ने किया है जगत अपना घर। होते-ही उदय चंद्रमा के, हुआ है सहम के धौला॥

तात्पर्य यह कि, यह वही अँधकार है जो जगत में छाय रहा था, चाँदनी नहीं। चाँदनी सुखदाई है। यह दुख देता है। चाँद बैरी को देख, डर कर धौला ही गया है। इस से यह तम-ही है॥

दूजा अर्थ यह कि, जिसे देख तम सहमा तो विरहिणी सहमें-ही-गी॥

तीजा अर्थ। दोहा। भेद नायका अर्थ यह प्रसँग विध्वंस उपाइ।
मान कुडावति भयहि सौं ग्रसि रिपु तैं डर भाइ॥

हेतूत्प्रेक्षालंकार मानो पद से स्पष्ट है॥

मूल। तर्जीसंकसकुचतिनचित बोलतिबाककुबाक।
दिनकिनदाकाकोरहति छुटतनकिनकुविकाक॥४२१॥

टीका।—सखी का वचन नायक से। नायका प्रोषितपतिका। प्रलाप उन्माद दशा। विरह-निवेदन। छोडा है डर। सकुचती नहीं मन में। बोलती है वचन कुवचन नायका। दिन रात मत्त रहती है। छुटता नहीं छिन भर भी तुम्हारे रूप का मद॥ व्यतिरेकालंकार।

दोहा। है सम में इक अधिकई व्यतिरेक सु कहि ताहि।
मद छक तें छवि छाक में छुटत न यह अति आहि॥

अथ दूना वर्णन।

मूल। करकेमींडकुसुमलौं गई विरहकुम्हिलाय।
सदासमोपिनिमखिनहूँ नीठिपिछानीजाय॥४२२॥

टीका।—प्रोषितपतिका नायका की सखी का वचन नायक से। विरह-निवेदन। कै सखी का वचन सखी से। हाथ के मसले फूल की भाँति गई है विरह से

मुरझाय के नायका। सदा पास रहनेवाली सखी से भी नीठ नीठ पहचानी जाती है॥ उपमेयलुप्तोपमालंकार। कुसुम उपमान, लौं वाचक, कुम्हिलाना धर्म, नायका उपमेय नहीं॥

मूल। नैकुनजानीपरतियौं परयौबिरहतनछाम।
उठतिदियालौंनादिहरि लियेतिहारौनाम॥ ४२३॥

टीका।—सखी वचन नायक से। नायका प्रोषितपतिका। तनक भी नहीं जानी जाती, यौं हुआ है विरह से शरीर क्षीण। पर उठती है दीवे की भाँति डह-डहा कर, हे कृष्ण, लेने से तुम्हारा नाम नायका॥ छाम क्षीण को कहते हैं॥ उपमेयलुप्तोपमालंकार। दिया उपमान, लौं वाचक, नादना धर्म, उपमेय नायका नहीं कही॥

मूल। करीबिरहैंमीतऊ गैलनछाँडतुनीच।
दीनेहूचषमाचखुन चाहैलखैनमीच॥ ४२४॥

टीका।—सखी का वचन नायक से, कै सखी सखी से कहै। नायका प्रोषित-पतिका। करी है विरह ने ऐसी दुबली, तौ भी पीछा उस का नहीं छोडती कमीनी। दिये हुए भी ऐनक आँखौं में ढूँढै है पर देखने नहीं पाती मृत्यु नायका को॥ अत्युक्ति अलंकार। हेतु यह कि विरह ने ऐसी दुबली करी है, कि मौत चषमा लगा कर, देखे है, और देखने नहीं पाती, इस से मरती नहीं॥

मूल। नितिसंसौहंसौबचतु मानौइहिअनुमान।
बिरहअगनिलपटनिसकै झपटनमीचसिचान॥ ४२५॥

टीका।—सखी का वचन नायक से, कै सखी का वचन सखी से। नायका प्रोषितपतिका। सदा संशय (कहैं संदेह) रहै है, कि हंस-रूपी जीव कैसे बचै है नायका का। सो मानौ इस अनुमान से बचै है, कि विरह की आग की लपटौं से

४२१। दो० २०१ की देखिये॥

झपट नही सकै मृत्यु-रूपी बाज नायका पर॥ सिचान बाज पक्षी को कहते हैं॥ हेतूत्प्रेक्षालंकार मानो पद से स्पष्ट है॥

मूल। पलनिप्रगटिबरुनीनिबढि कनकपोलठहराय।
अँसुआपरिकृतियाकुनेक कनकनायकृपिजाय॥४२६॥

टीका।—सखी का वचन नायक से, कै सखी सखी से कहै। पलकौं से प्रगट हो, पपनी पर बढ के, छिन भर गाल पर ठहर कर, आँसू पड के छाती पर छिन में छनछना कर छिप जाय है॥ अत्युक्ति अलंकार स्पष्ट है॥

मूल। प्रगट्योआगबियोगकी बह्योबिलोचननीर।
आठौंजामहियोरहे उठ्योउसाससमीर॥४२७॥

टीका।—सखी का वचन नायक से, कै सखी सखी से कहै। नायका प्रोषित-पतिका। प्रगट हुआ आग विरह की से बहा आँखौं में पानी। आठौं पहर कलेजा रहे है उडा हुआ साँस की पौन से नायका का॥ पर्यायोक्ति अलंकार।

दोहा। पर्यायोक्ति चहै कह्यौ कहै सु रचना लाय।
कही अवस्था हीय की पै रचना सौं लाय॥

मूल। तच्योआँचअबविरहकी रह्योप्रेमरसभीज।
नैननिकैमगजलबहै हियोपसीजपसीज॥४२८॥

टीका।—प्रोषितनायका कै प्रोषितनायक को रोता देख, सखी का वचन सखी से। तचा है आग अब विरह की से औ रहा था प्रेम के रस में भीग के। इस से आँखौं की बाट से पानी बहै है हृदय पसीज पसीज के॥ समासोक्ति अलंकार।

दोहा। समासोक्ति प्रस्तुति विषै अप्रस्तुति फुरै आइ।
विरह माँझि अरकहि चुवन रीति भाँति दरसाइ॥

जडता दशा वर्णन।

मूल। चकीजकीसीह्वैरही बूझेबोलतिनीठि।
कहूँदीठिलागीलगी कैकाहूँकीदीठि॥ ४२९॥

टीका।—सखी का वचन सखी से। औ सखी नायका से कहै, तौ लक्षिता। चौंकी सी जकडी सी, ह्वै रही है, औ पूछे से बोलती है नीठ कर। कहीं इस को दृष्टि लगी है, कै किसी की दृष्टि इसे लगी॥ संदेहालंकार स्पष्ट है॥

मरण दशा वर्णन।

मूल। मरीडरीकिटरीवियाँ कहाखरीचलिचाहि।
रहीकराहिकराहिअति अबमुखआहिनआहि॥ ४३०॥

टीका।—सखी का वचन सखी से। मरी पडी है कि टली पीडा। तू क्या खडी है। चल कर देख। रही है कराह कराह के बहुत, अब इस के मुँह में आह भी नहीं है॥ छेकानुप्रास भ्रांति वीप्सा औ यमकालंकार। मरी डरी टली, मरी कि टरी विथा भ्रांति, कराहि कराहि वीप्सा, आहि आहि यमक॥

दैन्य दशा वर्णन

मूल। गनतीगनबैतैरहैं छतहूअछतसमान।
अलिअवयेंतिथिओमलौं परिरहौतनप्रान॥ ४३१॥

टीका।—नायका का वचन सखी से। नायका प्रोषितपतिका। गिनती गिनने से रहे, रहे से भी अनरहे समान हैं मेरे प्राण। हे सखी, अब ये तिथि-हानि की भाँति पडे रहौ शरीर में प्राण॥

तात्पर्य यह कि, जैसे घटी तिथि पत्रे में लिखते हैं, और काम में नहीं आती, तैसे प्राण मेरे शरीर में हैं, और काम नहीं आते, प्राण रहते मृतक समान हूँ॥ पूर्णोपमालंकार। तिथि उपमान, प्राण उपमेय, लौं वाचक, गनती धर्म॥

मूल। बिरहबिपतिदिनपरतही तजेसुखनिसबअंग।
रहिअबलौंबदुखौभये चलाचलीजियसंग॥४३२॥

टीका।—प्रोषितपतिका नायका का वचन सखी से, कै सखी का वचन सखी से, औ सखी का वचन नायक से भी संभवै। विरह-निवेदन। वियोग आपत्ति का दिन पडते-ही छोडा सुखौं ने सब हर्ष। रह कर अब तक दुख भी चलनेवाले हुए जिय के संग-ही॥

तात्पर्य यह कि, सुखौं ने तो सब अंग छोडे-ही थे, औ दुख साथ था जीव के। सो भी अब जानेवाला हुआ जी के साथ-ही। अब जी रहैगा न दुख रहैगा॥ लुप्तोपमालंकार। मानौ बिपति पडते-ही साथ छोड गये॥

मूल। मरनभलौबिरहबिरहतें यहविचारचितजोइ।
मरनकुटैदुखएककौ बिरहदुहूँदुखछोइ॥४३३॥

टीका।—नायका को विरह में अति व्याकुल देख, दुखी ह्वै, सखी का वचन सखी से। मरना भला है बल्कि विरह से, सखी, यह विचार कर, तू मन में देख। मरने से मिटै है दुख एक का, औ विरह में दोनौं को दुख होता है॥ लेशालंकार।

दोहा। जहाँ दोष में कीजिये गुण कल्पन सु विशेष।
कै गुण में ठहराइये दोष सु जानहु लेश॥

मरण दोष कौं गुण माना। औ मरने को युक्ति से भला ठहराया। इस से काव्यलिंग अलंकार भी संभवै॥

इति अर्थ।

प्रश्न॥ सोरठा। जो निज मरण बिचार तौ पिय दुखित कियौ चहै।
पियहि अमंगल चार मरण कहौ किहि कौ चहै॥
उत्तर॥ दोहा। सती हीन कौं उदित तिय ता के बच ए जानि।
मरो विरह तें मरण-ही अतिहि श्रेष्ठ उर आनि॥

मरण मिटै मरवो न फिर क्योंकि अमर पद ताहि।
और मिटै दुख ए सखी सुख को दुलभ सु आहि॥

"एक को" या को अर्थ।

वार्त्ता। ए संबोधन। ए सखी, क (जो है सुख, तिस) का दुख मिटै, सुख नंही प्राप्ति होता। यही दुख है॥

दोहा। बिरह माहिँ तौ दुखन कौं दुखहि होत जग माहिँ।
एक मरण को सुखनि को दुख सँग छाडत नाहिँ॥

यह दोहा करुणा विरह में जानिए॥ व्यतिरेकालंकार।

दोहा। मो दुख को दुख बिरह दुख पिय के है दुख आहिँ।
या तें सखि मो मरण तें मो दुख दुख तो जाहिँ॥

मूल। मरिवेकौसाहसकियौ बढ़ीबिरहकीपीर।
दौरतिचंद्रसमुहेसमी मरमिजसुगंधसमीर॥ ४३४॥

टीका।—नायका प्रोषितपतिका। सखी का वचन सखी से। मरने का साहस किया, बढी जो विरह की पीर। दौडती है, हो कर साम्हने चंद्रमा कमल सुगंध औ पवन के, नायका॥ उद्दीपन-विभाव। अग्नि कमल सुगंध समीर से जु होता है, इसे उद्दीपन कहत हैं। तिस से दुख होता है। सो मरने का साहस कर इन की सौंही दौडती है, कि इन के निकट जाऊं तो मरूं औ दुख से छूटूं॥ विचित्रालंकार।

दोहा। है विचित्र जहँ यतन तें इच्छा फल विपरीति।
कहैं सुकवि ता कौं सबै लखि ग्रंथन की रीति॥
बिरह अगनि युत जो सु वह मरण इच्छ चित धारि।
कर तिय तन उलटी सु वह दौरति अग्निहि निहारि॥
अग्नि आदिक जे तपति में जीवन दान सु जागि।
यह तिन तें मरवो चहति यौं विचित्र पहिचानि॥

मूल। सुनतपथिकमुँहमाहनिसि लुएँचलतिउहिगाम।
बिनबूझेबिनहीसुने जियतिबिचारीबाम॥४३५॥

टीका।—सखी का वचन सखी से। नायका प्रोषितपतिका, औ नायक भी प्रोषित॥ सुनते बटोही के मुख से कि माह की रात में उस गाँम में लुएँ चलैं हैं, बिन-ही पूछे, बिन-ही कहै, नायक ने अपने जी में बिचारी कि, अब तक नायका जीवे है। चला चाहिये॥ अनुमानालंकार। बटोहियौं के आपस में बातें करने से, औ माह की रात में लुएँ चलना सुन, नायक ने अनुमान से नायका का जीना बिचारा॥

नायक की स्मृति दशा वर्णन॥

मूल। मार्यौमनुहारनिभरी गार्यौखरीमिठाहिँ।
बाकौअतिअनखाहटौ मुसकाहटबिननाहिँ॥ ४३६॥

टीका।—धृष्ट नायक का वचन सखी से। मार भी उस की मनुहार से भरी है, औ गाली भी उस की अति मीठी लगती हैं मुझे। उस का अति क्रोध करना मुसकुरान बिन नहीं॥ क्रिया क्रिया विरोध, क्रिया गुण विरोधालंकार।

मारना क्रिया सो मनुहार क्रिया से विरोध, यह क्रिया विरोध। गाली क्रिया मिठास गुण सौं विरोध, यह क्रिया गुण विरोध॥

मूल। लखिरतिमुखलगियेहियै लखौंलजौंहौंदीठि।
खुलतिनसोमनबँधिरही बँकेअधखुलीदीठि॥ ४३७॥

टीका।—नायक वचन सखी से। सुरतात समय जो नायका ने चेष्टा करी सो स्मरण करै है नायक। ले कर संभोग का सुख लगी जो छाती से, औ देखा लजौंही दृष्टि कर। सो चेष्टा उस की छुटती नहीं, मेरे मन में बँध रही है, अधखुली दृष्टि की॥ विरोधाभास अलंकार॥

दोहा। विरुधाभास विरुद्ध सौं भासे अविरुध लीन।
खुलति न अरु अधखुलि यहै यह विरोध परवीन॥

मूल। गडीकुटुमकीभीरमें रहीबैठिदैपीठि।
तऊपलकपरिजातिउत मलजहँसौंहौंदीठि॥ ४३८॥

४३८। गडी की अर्थ यहाँ समझि नहीं आवति है॥ इति इरिप्रकाशे॥

टीका।—सखी का वचन सखी से। परकीया नायका की प्रीति की अधिकाई। दबी है कुटुंब की भीड में भी रही बैठ कर नायक की ओर पीठ दे के। तौ भी पलक पड जाती है उधर सहज-ही हँसी भरी दृष्टि की नायक पर॥

तृतीय विभावनालंकार।

दोहा। काज होय प्रतिबंध जहँ प्रतिबंध विभावन गाइ।
बाधक भीर कुटुंब की तऊ दीठि परि जाइ॥

मूल। परमतपौंछतलखिरहत लगकपोलकेध्यान।
करलैपियपाटलविमल प्यारीपट्यैपान॥ ६३६॥

टीका।—सखी का वचन सखी से। छूता है, पौंछता है, देख रहता है, लग कर नायका के गाल के ध्यान में नायक। हाथ में नायक गुलाबी निर्मल नायका के भेजे हुए पानौं को॥ स्मृति अलंकार।

दोहा। कछु लखि सुनि सुमिरन जहाँ होइ स्मृति सो जान।
प्यारी के पाननि लखै भौ कपोल को ध्यान॥

इति श्री-कवि-लाल-विरचित-लाल-चन्द्रिकायां विहारि-सप्तशतिका-टीकायां संयोग-वियोग-शृङ्गार-वर्णनं नाम द्वितीयं प्रकरणम्

समाप्तम्। शुभम॥ २॥

अथ

सिख-नख-वर्णनं

नाम तृतीयं प्रकरणम् ॥

केश वर्णन ।

मूल । सहजसचिक्कनस्यामरुचि सुचिसुगंधसुकुमार ।
गनतनमनपथअपथलखि बिथुरेसुथरेबार ॥ ४४० ॥

टीका ।—नायक वचन सखी से । सहज-ही चिकने हैं, औ काले चमकते हुए हैं, पवित्र हैं, सुगंधित औ नरम हैं । गिनता नहीं मन मेरा पंथ अपंथ, देख के बिखरे हुए भले बाल को नायका के ॥

प्रश्न ॥ दोहा । बार लखत पथ गनत नहि दीष अगम्या होइ ।
उत्तर ॥ नव मुग्धा रति अपथ तिहिँ चहत बार-छवि जोइ ॥
और प्रश्न ॥ किमि नव सुग्धा बेस ।
उत्तर ॥ कहे न दीरघ केस ॥

आत्मलंकार ।

दोहा । जाति सु जैसी आसु की रूप कहै तिहिँ साज ।
स्याम सचिक्कन सुगँधमय कच बरनत कविराज ॥

मूल । छुटेछुटावैंजगततँ सटकारेसुकुमार ।
मनबाँधतबेनीबँधे नीलछबीलेबार ॥ ४४१ ॥

टीका ।—नायक वचन सखी से, कै कवि की उक्ति । छुटे हुए छुटावैं हैं जगत

---

४४० । ऐसे सुथरे बार कौं बिथुरे (बिखरे) देखि कैं, मन जाय चढ़ै है । पथ अपथ नहीं देखै है । चिक्कने पर पाव नहीं ठहरै । बार अपथ है । चढ़िबे कौं बिथली पथ है, सीढ़ी की आकृति है ॥ इति हरिप्रकाशे ॥

से। सटकारे हैं, औ नरम हैं। मन को बाँधते हैं चोटी बंधे से, ऐसे गोले छबीले बाल नायका के हैं। सटकारे कहैं छुडी से॥

प्रश्न॥ दोहा। छुटै जगत जब मन बँधै पुनि बँधिबो किमि मित्त।
उत्तर॥ देखि छुटे जग क्रिय छुटे बँधे देख क्रिय चित्त॥

चतुर्थ विभावनालंकार।

दोहा। कारज अरु-ही कारणहि होय विभावन लेखि।
बँधे हेतु नहि बँधन को तिन बाँध्यो मन देखि॥

अलक वर्णन।

मूल। कुटिलअलककुटिपरतमुख बढिगोइतौउदोत।
बंकबंकारीटितज्यौं दामरुपैयाहोत॥ ४४२॥

टीका।—नायक वचन सखी से, कै कवि की उक्ति। टेढी जुलफ छुट कर पडते-ही मुख की बढ गई इतनी जोति। टेढी लकीर देने से जैसे दाम का रुपया होता है॥ पूर्णोपमालंकार। मुख अलक समेत उपमेय, बँकारी सहित दाम उपमान, ज्यौं वाचक, उद्योत होना धर्म॥

जूरा वर्णन।

मूल। कचसमेटिकरभुजउलटि खएमीसपटटारि।
काकौमनबाँधैनयह जूराँवाँधनिहारि॥ ४४३॥

टीका।—नायक वचन सखी से, कै कवि की उक्ति। बालों को समेट के, हाथ औ बाँहैं उलट कर काँधे पर सिर का कपडा हटा कर। किस का मन बाँधे नहीं यह जूडे बाँधनेवाली नायका॥ जात्यलंकार स्पष्ट है, पूर्वोक्ति से जानिये॥

टीका वर्णन।

मूल। नौकौलमतललाटपर टीकौजटितजराय।
छबिछिबढावतरबिमनौ ससिमंडलमेंआय॥ ४४४॥

४४२। बंकविकारी॥ इति पाठान्तरम्॥

टीका।—नायक वचन सखी से, कै सखी वचन नायक से, कै कवि की उक्ति। अच्छा शोभायमान है माथे पर नायका के टीका जडा हुआ जडाव से। शोभा को बढावता है सूरज मानो चंद्रमा के मंडल में आ कर॥ चंद्र-मंडल मुख, औ जडाऊ टीका सूरज। उक्तास्पदवस्तूत्प्रेक्षालंकार।

दोहा। इहाँ वस्तु उक्तास्पदा उत्प्रेक्षा परवीन।
टीकौ वस्तु सु उक्त है रवि सु तर्क यह कीन॥

बेंदी वर्णन।

मूल। कहतसबैबेंदीदिये आँकदसगुनौहोत।
तियलिलाटबेंदीदिये अगनितबढतउदोत॥४४५॥

टीका।—नायक वचन सखी से, कै सखी वचन नायक से, कै कवि की उक्ति। कहते हैं सब ही बिंदी देने से अंक दस गुना होता है। नायका के माथे में बिंदी दिये से अनगिनत होती है शोभा॥ व्यतिरेकालंकार।

दोहा। वर्ण्य अवर्ण्यहि तें जहाँ है विशेष व्यतिरेक।
अंक दस गुणौं भाल तिय अगणित अधिक विवेक॥

मूल। भालललालबेंदीललन आखतरहविराजि।
इंदुकलाकुजमेंबसी मनोराहभयभाजि॥४४६॥

टीका।—सखी का वचन नायक से। माँथे में लाल रोली की बेंदी है नायका के, ऐसे लच्छ, औ अछत उस में शोभा दे रहे हैं। चंद्रमा की कला मंगल में आ बसी है मानौं राहु के डर से भाग कर॥ उक्तास्पदवस्तूत्प्रेक्षालंकार स्पष्ट है, पूर्वोक्ति से जानिये॥

मूल। सबैसुहायेहीलगैं बसैसुहायेठाम।
गोरेमुँहबेंदीलसै अरुनपीतमितस्याम॥४४७॥

४४६। बेंदी अछत में संभावना। राहु को भय, सो हेतु है। इहाँ हेतूत्प्रेक्षा॥ इति हरिप्रकाशे॥

टीका।—नायक वचन सखी से, कै कवि की उक्ति। सभी सुहावने लगते हैं बसने से सुहावनी ठौर में। जैसे गोरे मुख पर बेंदी शोभा देती है लाल पीली धौली काली॥ लाल रोली की, पीली केसर की, धौली चंदन की, काली कस्तूरी की, ये नायका के माँथे में सब शोभायमान होती हैं, सुहावनी ठौर पा कर॥

प्रश्न॥ दो०। नहि बेंदी परसंस यहँ मुख प्रसंस इहि धाम।
गोरे मुख तें लसति पद बसति सुहाये ठाम॥
कवि को मत न जु यौं कहौ मिसलवार मत एहु।
वाही मत के प्रश्न पै बुधि बल उतर देहु॥
उत्तर॥ दो०। ठाम सुहाये लगहिँ जो बसैं सुहाये आनि।
गोरे मुख बेंदीनि तें लसैं पाइ रँगवानि॥

दृष्टांतालंकार।

दोहा। भाव बिंब प्रतिबिंब कै दृष्टांत सु उहि गाइ
मुख बेंदी तें लसत ज्यौं सोहत सोहन पाइ॥

मूल। तियमुखनीवधरोजरी बेंदीबढ़तविनोद।
ससनेहसमोलियै विधुपूरनबुधगोद॥ ४४८॥

टीका।—सखी का वचन नायक से, कै कवि की उक्ति। नायका के मुख पर देख कर हीरे की जडाऊ बेंदी बढता है हर्ष। पुत्र को स्नेह कर मानौ लिये हुए है चंद्रमा पूरण बुध को गोदी में॥

प्रश्न॥ दोहा। इहाँ प्रश्न बुध हरित रँग हीरा सेत बनै न।
उत्तर॥ उत्तर, मत सु पुराण के बुध सित ऐसे बैन॥
दूजा उत्तर॥ दो०। बुध पंडित कौं कहत हैं संबोधन यह जानि।
नेह सहित तिय सुतहि बिधु गोद निजाकृति मानि॥

४४८। पूरन जो विधु (चंद्रमा) है, ता ने सुत (नाम पुत्र) के नेह सों बुध को गोद में लिये है। नीति में बुध को रंग हरित है। जो फल के साधन के लिये देखिये में सित समरि आये है। यह दीपक आश्रित है। वस्तूत्प्रेक्षा अलंकार॥ इति हरिप्रकाशे॥

प्रश्न ॥ दोहा। हीरा किमि बिधु-सुत कह्यो
उत्तर ॥ कवि-प्रिया तिहि साखि।
मोती नाक बुलाक को कह्यो चंद्र-सुत राखि॥

यथा। मानौ गोद चंद्र-ही की खेलि सुत चंद्र को। उत्प्रेक्षालंकार स्पष्ट है॥

मूल। भालललामबेंदीदियें छुटेबारकबिनेन।
गह्योराहुअतिसाहुकरि मनुससिसूरसमेत॥ ४४६॥

टीका।—सखी का वचन नायक से, कै कवि की उक्ति। माँथे में नायका लाल बिंदी दिये है, औ छूटे बाल शोभा देते हैं। पकडा है राहु ने अति साहस कर के मानो चंद्रमा को सूरज समेत॥

प्रश्न ॥ दोहा। राहु-ग्रसित रवि ससि जु हैं ते शोभा-युत नाहिँ।
तौ ग्यहाँ बेंदी भाल की निंदा है इहि माहिँ॥
उत्तर ॥ दो०। इहिँ विधि कीजै अर्थ ग्यहाँ गह्यो राहु धर धीर।
मनु ससि सूरज दुहुन मिलि तहँ शोभा रस बीर॥
और प्रश्न ॥ दोहा। जो कदापि छवि देत पद कह्यो सु बेंदी माहिँ।
तौ न बनै तुक देति अरु पुनि समेत इहि ठाहिँ॥
मुख पर कच आवत कछू कच पै मुख नहि जात।
राहु गह्यो ससि सूर ने अर्थ न पुष्ट लखात॥
तौ ग्यहाँ प्रश्न सु तीन हैं बारनि छवि सु बनै न।
देति समेत न तुक बनै कच ऐबो किमि बैन॥
उत्तर ॥ दोहा। गह्यो राहु ससि सूर ने यही अर्थ बर सोइ।
पै यह इहिँ विधि कीजिये प्रश्न रहै नहि कोइ॥
अर्थ विधि ॥ दोहा। भाल सु बेंदी लाल की सो वह छवि कौं देत।
छूटे बारनि में सु यौं अर्थ करहु चित चेत॥
कच की छवि सु निषेध किय तुक-हू बनी सु आन।
मुख पै कच को आयबो अब सुनि अर्थ विधान॥

कहूँ कहूँ यौं-हूँ बनत चढि आवतु रिपु कोइ।
ता-ह्व की गहिबी सुन्यौ यह रीति जग जोइ॥
और प्रश्न॥ दोहा। कह्यौ सु क्यौं करि जानिये गहे राहु को भाउ।
कढै उही की सबलता मुख छादन सु जताउ॥
उत्तर॥ दोहा। तहाँ सु छूटे केस कौ समय सु वर्णन जानि।
कछु आछादन मुख नह्यौ ग्रहन समय न बखानि॥
ग्रहन समय बेंदी नह्यौ होत ढक्यौ सो नाहिँ।
या तेँ यह जानी परति बेंदी छबि मुख माहिँ॥
ग्रहन रीति यौं राहु ढकि लेत भाव सो नाहिँ।
या तेँ शशि रवि ग्रहन नहिँ गह्यौ राहु कर माहिँ॥

उक्तास्पदवस्तूत्प्रेक्षालंकार।

दोहा। भाल लाल कच वस्तु में शशि रवि तम की तर्क।
लह्यौ वस्तु उक्तास्पद उत्प्रेक्षा कुल-अर्क॥

मूल। मिलिचंदनबेंदीरही गोरेमुखनलखाय।
ज्यौंज्यौंमदलालीचढ़ै त्योंत्योंउघरतिजाय॥४५०॥

टीका।—मद-पान समें नायक वचन सखी से, कै सखी का वचन सखी से, कै कवि की उक्ति। मिल कर चंदन की बेंदी रही है, गोरे मुख में नहीं दृष्टि आती। जिस भाँति मद की लाली चढती है मुख पर, तैसे तैसे उघडती जाती है॥

उन्मीलितालंकार।

दोहा। उन्मीलित लखिये जहाँ किहूँ विशेष करि भेद।
मद लाली तेँ लखि परी मलय-बिंदु बिन खेद॥

मूल। सो०। मंगलबिंदुसुरंग ससिमुखकेसरआडगुरु।
इकनारीलहिसंग रसमयकियलोचनजगत॥४५१॥

टीका।—सखी का वचन सखी से, कै कवि की उक्ति। लाल बेंदी मंगल, मुख चंद्रमा, केसर की आड बृहस्पति। एक नारी (कहूँ स्त्री औ राधिका) पाय के संग (रस, स्नेह औ जल) रसमय किये नैन जगत के॥ हेतु यह कि, जब मंगल चंद्रमा

बृहस्पति एक राशि में आवैं हैं, तब जल-योग होता है। इस ने सब जग को रसमय कर दिया॥

प्रश्न॥ दोहा। जब लोचन रसमय किये तौ तिय दूषण जानि।
उत्तर॥ तिय तें दृग रसमय किये नारी जग रस मानि॥

सविषयसावयवरूपकालंकार।

दोहा। रूपक सविषय सावयव सब विधि समता चाहि।
सुख कौं ग्रह संघट्ट करि भाव सु काह्यौ निबाहि॥

मूल। दो०। पचरँगरँगबेंदीबनी खरीउठीमुखजोति।
पहरैचीरचुनौटिया चटकचौगुनीहोति॥४५२॥

टीका।—सखी का वचन सखी से, कै कवि की उक्ति। पाँच रंग के रंग की बेंदी लगी है नायका के सिर पर, तिस से अति-ही उठी है मुख की जोति। पहरे है वस्त्र चुनौटिया (कहैं श्यामता लिये लाल रंग का) इस से मुख की चमक चौगुनी होती है॥

प्रश्न॥ दो०। पँच रँग पुनि रँग शब्द बढि इक यह प्रश्न सु जान।
दूजै चौगुनि चटक किमि लखियत तीन प्रमान॥

उत्तर॥ दो०। किहुँ तिय पिय सौं रँग भये सज्यौ सरस शृंगार।
तहँ सखि के सखि सौं वचन कहति सु इहिँ परकार॥
इक सुख दुति दूजै खरी भई रंग पिय पाइ।
तीजै बेंदी चीर लहि चटक चौगुनी गाइ॥

अनुगुणालंकार।

दोहा। निज गुण सिध परसंग अधिक होय सु अनुगुण गाइ।
एक चटक सौं चौगुनो भई संग पर जाइ॥

मूल। खौरिपनचभृकुटीधनुख* बधिकसमरतजिकानि।
हनततरुनमृगतिलकसर सुरकिभालभरितानि॥४५३॥

टीका।—सखी का वचन सखी से, कै कवि की उक्ति। नायका कुखटा खोड है चिन्ता, भौंहैं कमान, आखेटी कामदेव छोड के लाज मारे है जवान पुरुष मृग को, तिलक तीर। नाक पर से तिलक, सोई है भाल (फल)। तिसे पूरा खैंच के॥ सविषयसावयवरूपकालंकार।

दोहा। रूपक सविषय सावयव सकल वस्तु जु बखान।
खोर पनच जु शिकार को रूपक कियो सु जान।

भृकुटी वर्णन।

मूल। नासामोरिनचायदृग करीकटाकीभौंह।
काटेलौंकसकतहियें गड़ीकटीलीभौंह॥ ५५४॥

टीका।—नायक वचन सखी से। नायका परकीया। नाक मोड कर, नचा के आँख, की जो चचा की सौगंद। सो काँटे सी खटकै है मन में मेरे खुभी हुई टेढी भौंह नायका की॥ स्वभावोक्ति औ पूर्णोपमालंकार।

दोहा। जहँ स्वभाव कछु वरणिये स्वभावोक्ति कहि ताहि।
नासा मोरि नचाय दृग कह्यो भाव यह चाहि॥

दोहा। भृकुटी यहाँ उपमेय है कंटक लहि उपमान।
लौं वाचक कसकत धरम पूरण उपमा जान॥

नयन वर्णन

मूल। रसभिंगारमंजनकिये कंजनभंजनदैन।
अंजनरंजनहूबिना खंजनगंजनैन॥ ५५५॥

टीका।—नायक वचन सखी से। शृंगार रस में न्हाये हुये हैं। कमल के भंजन (कहैं तिरस्कार करनेवाले) हैं। काजल दिये बिना भी खँजरीट की निंदा करनेवाले हैं नैन नायका के॥

प्रश्न॥ दो०। रस मंजन में धुनि यहै कंज खंजन गंजबो।
छए नये रस माहिँ। हेतु चमत्कृत माहिँ॥

उत्तर॥ दो०। रस सिँगार कौं ओप दिये या-ही तें कंजादि के
रहत सदा दृग बाम। मद गंजन अभिराम॥

प्रश्न ॥ दो०। है उपमानहि कौं तहाँ कंजनि छवि गुण भूरि।
उत्तर ॥ खंजन-द्वै में श्यामता चंचलता दुति पूरि ॥

इन उपमान में सब गुण आये ॥ व्यतिरेकालंकार औ वृत्त्यनुप्रास है।

दोहा। वर्ण्य अवर्ण्यहिं तें जहाँ है विशेष व्यतिरेक।
कंजादिक तें दृगनि में ओप दैन अति एक ॥

दोहा। अक्षर समता बार बहु आवै वृत्त्यनुप्रास।
मंजन कंजन आदि दै प्रास बहुत परकास ॥

मूल। अरतटरतनवरपरै दृढ़मरकमनुमैन।
होडाहोडीबढ़चले चितचतुराईनैन॥ ४५६ ॥

टीका।—सखी का वचन नायक से, कै सखी से कहै। नायका नवयौवना। जिद से टलते नहीं, न बढ निकलैं, दिया है सनकार कै मानौ कामदेव ने। होडा होडी कर बढ चले हैं चित चतुराई औ नैन ॥

प्रश्न ॥ दो०। होडा होडी दैन में होत तीन ह्वाँ व्यर्थ।
उत्तर ॥ चित की चतुराई नयन है-ही गनौ समर्थ ॥
और प्रश्न ॥ दो०। चतुराई की हद नहीं नैन बढनि हद आहि।
यह असमंजस सी लगै होडा होडी चाहि ॥
उत्तर ॥ दो०। चित चतुराई और पुनि चतुराई जो नैन।
ते दोऊ बाढी अमित चित चतुराई सैन ॥
प्रश्न ॥ दो०। चतुराई के अर्थ में बने बढि चले नाहिं।
उत्तर ॥ चित चतुराई युत नयन दोऊ बढे लखाहिं ॥

वार्त्ता। चतुराई कर के चित बढा और चतुराई कर के नैन बढे, कहने में इस

४५६। बर परै, बल करै हैं। मानौ मैन (काम) मरुक (इति पाठान्तरम्) दीनो है, उत्कर्ष दियो है। ईखो कौन जीते या की नाम मरुक। अभिज्ञास्यदहितूत्मेचा ॥ इति हरिप्रकाशे ॥

भाँति है, पर चतुराई-ही बढी जानिये। जैसे संपति कर मनुष्य बढै है, तौ तन आकार नहीं बढता, संपति-ही बढी जानिये॥ सिद्धास्पदहेतूत्प्रेक्षालंकार।

दोहा। मैन मरक यह हेतु है मनौ बढे इहिं भाय।
बढनि यहाँ सिद्धास्पद हेतूत्प्रेक्षा गाय॥

मूल। योगजुक्तिसिखएसबै मनौमहामुनिमैन।
चाहतपियअद्वैतता काननसेवतनैन॥ ४५७॥

टीका।—सखी का वचन सखी से, कै कवि की उक्ति। योग औ कानन शब्द श्लेष। प्रवीनता की रीति, कै जोग की विधि, सिखाई सब मानौ बडे मुनि काम-देव ने। चाहते हैं नायक से एक होने। इस लिये कानौं को, कै बन को, सेवते हैं नैन नायका के॥ एकदेशविवर्त्तिसावयव-रूपकालंकार औ असिद्धास्पदफल-उत्प्रेक्षालंकार।

दोहा। सो इकदेशविवर्त्ति इक लहै कहै बिन भेउ।
योग युक्ति अँग सब थपे दृग सिख पद धरि खेउ॥

उत्प्रेक्षा॥ दोहा। सेवा नहि असिद्धास्पद फल अद्वैतता चाह।
तर्क करो मनु शब्द करि उत्प्रेक्षा अवगाह॥

मूल। खेलनसिखएअलिभले चतुरअहेरीमार।
काननचारीनैनमृग नागरनरनिसिकार॥४५८॥

टीका।—सखी का वचन नायका से। नायका कुलटा। खेलने को सिखाये हैं, हे सखी, अच्छे चतुर शिकारी काम ने। कानन पद श्लेष। कान औ वन। कान तक जानेवाले, कै वन तक जानेहारे, नैन मृगौं को चतुर नरौं को शिकार करना (कहैं चतुरौं को मारना)। रूपकालंकार श्लेषालंकार अद्भुतरसवदालंकार है।

दोहा। अलंकार रूपक यहाँ वर्ण्यो रूप शिकार।
काजन पद के है अरथ यौं श्लेष निरधार॥

४५७। नैन कानौं को सेवते हैं, कान तारैं नेच हैं। जोगी कानन (वन) सेवते हैं॥ इति हरिप्रकाशे॥

मृग मनुष्यनि को शिकार खेलैं, यह अद्भुत ॥

मूल। सायकसममायकनयन रँगत्रिविधिरँगगात।
झखौंविलखिदुरिजातिजल लखिजलजातलजात ॥४५९॥

टीका।—सखी का वचन नायका से। तीर की समान हैं, और माया करनेवाले हैं नैन तेरे। रँगे हैं तीन भाँति के रंग से शरीर इन के। मछली भी देख के छिप जाती है पानी में, औ निरख के कमल लजाते हैं॥

प्रश्न॥ दोहा। सायक सम दोहा विषैं अर्थ सुनि बहतु नाहिँ।
कहे सितासित दृग बरनि त्रयरँग क्यौं इहिँ माहिँ॥
झख दुरिवौ कंजनि लजनि सायक पक्ष लगै न।
या तेँ या के अर्थ को कहिये विधि सुख दैन॥

उत्तर॥ दोहा। नहि श्लेष विधि तर्क यहाँ उत्प्रेक्षा लखि लेहु।
सायक सर सम यह समुझि झख जलजनि गति एहु॥
दुरैं लजैं झख कंज दृग सायक मायक जोइ।
इक छूटै बहु ह्वै लगैं इम मेँ विधि नहि सोइ॥

त्रय रंग का उत्तर॥

दोहा। लखति पियहि जगि सँग तऊ मुकुरति सखि सौं प्रीति।
तहँ तिरबिधि त्रयरँग सु मधि लखि निलजनि यह रीति॥
सखी वचन है व्यंग सौं लखी प्रीति अभिराम।
या तेँ इहि विधि नायका लखी लक्षिता नाम॥

असिद्धास्पदहेतूत्प्रेक्षालंकार।

दोहा। दुरिवौ और लजानि यह असिध हेतु तेँ जानि।
असिद्धास्पदहेतु को उत्प्रेक्षा मन मानि॥

मूल। बरजीतेसरमैनकी ऐसेदेखेमैन।
हरिनीकेनैनानितेँ हरिनीकेयेनैन॥४६०॥

टीका।—सखी का वचन नायक से। श्रेष्ट जीते हैं बान काम के। ऐसे देखे मैं ने नहीं। मृगी के नैनौं से, हे कृष्ण, अच्छे हैं ये नैन नायका के॥

प्रश्न॥ दोहा। बर जीते सर मैन कहि मृग-दृग नीक बनै न।

उत्तर॥ या तें मृग-दृग तें सु बर जीते इन सर मैन॥

काव्यलिंग औ यमकालंकार।

दोहा। जीतन तें सामर्थ दृढ करी नीक की आहि।
काव्यलिंग या तें यहाँ अवर यमक अवगाहि॥

मूल। झूठे जानि न संग्रहैं मनमुंहनिकसे बैन।
याही तें मानौ किये बातनिकौं बिधि नैन॥ ४६१॥

टीका।—नायक नायका की आँखौं में सैन से बातें करते देखि, सखी का वचन सखी से। झूठे जान के नहीं ग्रहन करै है मन दंपती का मुँह से निकले वचन को। इसी से मानौ किये हैं बातौं की ब्रह्मा ने नेत्र। सिद्धास्पदहेतूत्प्रेक्षालंकार।

दोहा। झूठे मुख लखि हेतु इहिं किये बैन कौं नैन।
नैन बैन सिद्धास्पद हेतूत्प्रेक्षा ऐन॥

मूल। दृगनि लगतबेधतहियो बिकल करतअँग आन।
ये तेरे सबतें बिषम ईछनतीछन बान॥ ४६२॥

टीका।—सखी का वचन नायका से, कि नायक वचन नायका सें। आँखौं में लगते हैं, छेदते हैं हृदय को, व्याकुल करते हैं अंग और। ये तेरे सब से कठिन हैं नैन पैने तीर। असंगति अलंकार।

दोहा। सु असंगति कारण अनत कारज भिन्न सु थान।
लगैं दृगनि बेधैं हियो छोत बिकल अँग आन॥

मूल। फिरि फिरि दौरत देखियत निचलै नैकु रहैं न।
ये कजरारे कौनपर करत कजाकी नैन॥ ४६३॥

टीका।—सखी का वचन नायका से। नायका परकीया। बार बार दौडते देखती हूँ थिर तनक नही रहते। ये बिन काजल का जल दिये से किस पर करते हैं दौड नैन तेरे॥

प्रश्न॥ दोहा। करत कजाकी कौन पर कुलटा रस हत होय।
उत्तर॥ सखि बच नायक दृगनि सौं सहज असितता जोय॥

वाचकोपमानलुप्तोपमालंकार।

दोहा। नैन इहाँ उपमेय है धर्म दौरिबो जानि।
वाचक अरु उपमान को लोप लखो उर आनि॥

मूल। सारीडारीनीलकी ओटअचकचुकैन।
मोमनमृगकरबरगहै अहेअहेरीनैन॥ ४६४॥

टीका।—नायक वचन सखी से, कै नायका से। साडी नीले रंग की डाली-रूपी ओट में अचूक हैं चूकते नही। मेरे मन-रूपी मृग को हाथौं हाथ, कै कलबल से, पकडे है, हे शिकारी नैन नायका के॥

प्रश्न॥ दोहा। चुकै न अर्थ अचूक को पुनि अचूक पुनरुक्ति।
उत्तर॥ मो मन-मृग सु अचूक हो किहुँ बर नायक उक्ति॥
और प्रश्न॥ दोहा। अहे वचन नायकनि कौं है अयुक्ति सो बात।
उत्तर॥ हुते अहेरी नैन यौं कीजै अर्थ विख्यात॥

अर्थ अहे की हुते॥ सविषयसावयवरूपकालंकार। अहेरी के सब अंग कहे इस से॥

मूल। नीचीयैनीचीनिपट दीठिकुहीलौंदौरि।
उठिऊँचैनीचैदियौ मनकुलंगझकझोरि॥४६५॥

टीका।—नायक वचन सखी से। निपट नीचे-ही नीचे दृष्टि नायका कौने कुही की भाँति दौड कर। उठ कर ऊँचे नीचे दबोचा मेरा कुलंग (कहैं पक्षी-रूपी) मन झँझोड कर॥ पूर्णोपमालंकार।

दोहा । दीठि यहाँ उपमेय है कुची जानि उपमान ।
सौं वाचक दीरघ धरम पूरण उपमा जान ॥

मूल । फूलफदकतलेफरी पलकटाकुकरवार ।
करतबचावतवियनयन पायकघायहजार ॥ ४६६ ॥

टीका ।—दंपती के नैनौं को और को दृष्टि बचाय आपस में चोट करते देखि, सखी का वचन सखी से । प्रफुल्ल ही कूदते हैं ले के ढाल पलक औ दृष्टि की तरवार । करते हैं, बचावते हैं, दंपती के नैन-पायक घाव हजारौं ॥

प्रश्न ॥ दोहा । पायक खंडम बचावहीं दुहुँ दिस खेलत माहिं ।
नायक तिया कटाच्छ कौं सुन्यौं बचावत नाहिं ॥
वह तौ चित चाहत रहत बंक बिलोकनि नारि ।
पलक मूँदि नहि लेत ज्यौं फरी आड तरवारि ॥

उत्तर ॥ दोहा । नैननि पाइक सम कियौ दुहुँ दिस अर्थ लगाय ।
सो श्लेष यहाँ तीनि विधि दये सु कवि दरसाय ॥
इक अभिन्न अर्थ सु कह्यौ अवर भिन्न पद आनि ।
तीजे शुद्ध श्लेष इक शब्द अर्थ है मानि ॥
सो अभिन्न अर्थ जु कहै इकै अर्थ दुहुँ ओर ।
ज्यौं पानी तें शोभियै खडग मुक्त सर और ॥
सो फूलि फदकत इकै अर्थ सु पाइक नैन ।
फरी पलक सु कटाच्छ अरु खडग भिन्न पद ऐन ॥
करत शब्द यह-ऊ अभिन करत दुहूँ इक अर्थ ।
तहाँ बचावत मैं सुनौ शुद्ध श्लेष समर्थ ॥
वे सु बचावत करत हैं चोट बचावन भाइ ।
ये सु बचावत करत हैं और न सो लख पाइ ॥
या तें तीनौ विधिनि के कहे श्लेष बनाइ ।
कवि कोविद-ही जानिहैं अलंकार के भाइ ॥

कीज कहै सु दृगनि की नहि पायक निरवाह।
पायक औरन सौं नही सु बचावत अवगाह॥
तहँ कहिये यहाँ शब्द की कही साम्यता सोइ।
भाव साम्यता नहि तहाँ उदाहरण बहु जोइ॥

यथा सेनापति उक्ति। मंगन के देखे पट देत बार बार हैं।

यथा। मंगन लखि पट देत हैं दाता सूम समान॥

तौ यहाँ पट इस शब्द की साम्यता भई जानिये॥

ऐसे-ही बिहारी की उक्ति।

दोहा। सेवत कानन नैन यहाँ कानन के है अर्थ।
श्रवण और बन तहँ इहाँ समता शब्द समर्थ॥

यथा श्री-राम-चंद्रिकायां॥

बिधि के समान है विमान-क्षत-राजहंस इति।

दोहा। अरु विमान क्षत राजहँस बिधि सम नृप तहँ जोइ।
तहँ कहिये कहा हंस जब वाहन तब बिधि होइ॥
या तें कछू कछू बनै शब्द साम्य सु श्लेष।
इहिं बिधि या के अर्थ कौं समुझत बुद्धि बिशेष॥

श्लेष-गर्भित सविषयसावयवरूपकालंकार। नेत्र का पायक से रूपक॥

मूल। तियकृतकमनैतीपढ़ी बिनजिहभौंहकमान।
चितचलबंझचूकतिनहि बंकबिलोकनिबान॥४६७॥

टीका।—सखी का वचन नायका से, कै नायक वचन नायका से। हे स्त्री, तू कहाँ यह कमनैती पढी है बिना चिल्ले की भौंह कमान से। चल के चित निशाने को मारे बिन चूकती नही बाँकी चितवन के तीर से॥ द्वितीय विभावनालंकार।

दोहा। हेतु समग्र न होय जहँ काज विभावन होय।
भ्रू धनुष जिह न हेतु सब काज बेध चित होय॥

मूल। चमचमातचंचलनयन बिचघूँघटपटभीन।
मानहुँसुरसरिताविमल जलउछलतजुगमीन॥४६८॥

टीका ।—सखी का वचन नायक से, कै नायक वचन सखी से। चमकते हैं चंचल नैन घूँघट के वस्त्र महीन में। मनौ गंगा के निर्मल जल में उछलती हैं दो मछली ॥ उक्तास्पदवस्तूत्प्रेक्षालंकार ॥

दोहा। पट में दृग मनु मीन जल पट दृग वस्तु विचारि।
वस्तूत्प्रेक्षा है इहाँ उक्त आसपद धारि ॥

मूल। वारौंवलितोदृगनिपर अलिखंजनमृगमीन।
आधोदीठिचितोनिजिहि कियेलालआधीन ॥ ४६६ ॥

टीका ।—सखी का वचन नायका से। वारूँ मैं, हे बलैया लूँ, तेरे नैनों पर भौंरे ममोले हरिन औ मछलीं। आधी दृष्टि के देखने में जिन्हों ने किये श्री-कृष्ण को आधीन (कहँ बस) ॥ प्रतीप औ व्यतिरेकालंकार।

दोहा। वारौं तहँ निंदा उपम है प्रतीप इहिं भाइ।
चख आधो दृग बस करै यह व्यतिरेक बताइ ॥

मूल। जैतवहीतदिखादिखौ भईअमीऊकआँक।
दृगतिरीछीदीठिअब ह्वैबीछीकोडाँक ॥ ४७० ॥

टीका ।—नायका वचन सखी से, कै नायक वचन सखी से। जे तब हीते-ही देखा-देखी के हुई थीं निश्चय कर अमृत दृष्टि। ते जलावैं हैं तिरछी दृष्टि अब ही के बिच्छू के डंक सम ॥

प्रश्न ॥ दृगै तिरीछी दीठि कौं चहिये दृगै बनै न।

उत्तर ॥ उत्तर यह अप कौं कहत दृगै जरत यौं बैन ॥
क्यौंकि तिया तब मुग्ध-ही अमी भई तिहि दाइ।
अब सु तिरीछी लगति ह्वै बीछी डाँक सु भाइ ॥

४७० । जे तब (पूर्वानुराग में) देखा-देखी कीती, तहाँ जो दृष्टि एक अंक (निश्चय) अमी (अमृत-तुल्य भई थी ॥ इति हरिप्रकाशे ॥

पर्यायालंकार।

दोहा। एक विषै सु अनेकजु बास बहु पर्याय।
जिहिं दृग पहिले भ्रमिय अब बीछी डाँक सु भाय॥

नासा बेध वर्णन।

मूल। बेधकअनियारेनयन बेधतकरननिषेध।
बरबटबेधतमोहियौ तोनासाकोबेध॥ ४७१॥

टीका।—नायक वचन नायका से। विछित्ति हाव। छेदनेवाले अनीवाले नैन हैं। तिन्हैं तू छेदते कर मत नही। बल कर छेदता है मेरा हृदय तेरी नाक का छेद॥

चतुर्थ विभावनालंकार।

दोहा। आन हेतु तें होइ जहँ काज विभावन मित्त।
बेधन को कारज नही बेध बेधियत चित्त॥
छंद। बेधे सु कारण चाहि। नथ पहरिवे को आहि॥

नासा भूषण वर्णन।

मूल। जटितनीलमनिजगमगति सींकसुहाईनाक।
मनौअलीचंपकुकली लसिरसलेतनिसंक॥४७२॥

टीका।—सखी का वचन सखी से, कै सखी वचन नायक से। जडी हुई नीलमणी से जगमगाती है सींक सुहावनी नाक पर। मानो भौंरा चंपे की कली पर बस के रस लेता है निसंक॥ वस्तूत्प्रेक्षालंकार।

दोहा। सींक वस्तु तिहि में करी अलि की तर्क बिचारि।
वस्तूत्प्रेक्षा जानिये प्रगट मनौ पद धारि॥

मूल। यदपिलौंगललितीतऊ तूनपहरिदुकआंक।
सदासंकवढियेरहै रहैचढीसीनाँक॥ ४७३॥

४७१। तीक्ष्ण नैन का कौन, ता कौं अनी कहत हैं। बरछी की छुरी की अग्रभाग, सो अनी। तैसे जा के कौन (अनियारे) नैन बेधक हैं (सो बेधत हैं)। ता कौं तूं निषेध मति करै। इति हरिप्रकाशे॥

टीका।—सखी का वचन नायक से। जो भी लौंग सुंदर है तौ भी पहरै मत तू निश्चय कर। सदा भय बढा रहता है हमें, रहै है जो तेरी चढी सी नाक।

तातपर्य यह कि, लौंग पहरे से नाक चढी सो रहै है, औ नाक चढने से मान का भ्रम होता है॥ व्याजस्तुति अलंकार।

दोहा। व्याजस्तुति निंदा विषै अस्तुति व्यंग विचार।
नाक चढी सौं डर रहै डर इहिँ करत सुमार॥

मूल। इहिँ दुहीं मोतीमुगथ तूनथगरबनिसांक।
जिहिँपहिरेंजगदृगग्रसति हँसतिनसतिसीनाक॥४७४॥

टीका।—नायका की नथ की शोभा देखि, सखी वचन नथ से, कै अन्योक्ति। इन दो-ही मोती के अच्छे द्रव्य से, कै गुथने से, हे नथ, तू गर्व कर निसंक। जिस के पहिरने से जग के दृग को पकडे है हँसती सी शोभायमान नाक॥

प्रश्न॥ दो०। इहिँ दै-ही मोती कहे तहँ थोरी गथ-जानि।
ता कौं गर्व न संभवै।
उत्तर॥ सुगथ शब्द तें मानि॥
पुनि प्रश्न॥ दो०॥ गर्व कहा नथ में भयो।
उत्तर॥ तहाँ गर्व इहिँ भाव।
मोहि पहिर जग दृग ग्रसति नाक सु मो पर भाव॥
और प्रश्न॥ दो०। जग दृग ग्रसति सु वचन तें कुलटा रस हत होइ।
उत्तर॥ जग दृग स्याम सु जान हैं ग्रसिबो तिन मन जोइ॥

लक्षणा से मन का ग्रसना जानिये अथवा दृग शब्द देहरी-दीपक है जग के दृग के दृग ग्रहती है नाक॥

काव्यलिंग अलंकार।

दोहा। काव्यलिंग सामर्थता जहँ दृढ रीति लखाति।
मुकतनि बढी समर्थता जिन सौं नाक लसाति॥

मूल। बसरिमोतीधनितुही कोबूझैकुलजाति।
पोवोकविनियओठको रसनिधरकदिनराति॥४७५॥

टीका।—शृंगार रस में अन्योक्ति, नायक प्रोषित का वचन मोती से। मथ के मोती धन्य तू-ही है। कौन पूछे है कुल और जात। पिया कर नायका के होठ का रस निधडक दिन रात॥

अन्योक्ति अलंकार।

दोहा। अन्योकति जहँ और प्रति कहै और की बात।
इहाँ अधम नर सौं कहत बर तिय लही बिख्यात॥

कपोल वर्णन।

मूल। बरनवाससुकुमारता सबबिधिरहीसमाय।
पखुरीलगीगुलाबकी गालनजानीजाय॥ ४७६॥

टीका।—सखी का वचन नायक से। रंग सुगंध सुकुमारता सब भाँति रही है उस में भर के। पँखडी लगी हुई गुलाब की गाल में जानी नहो जाती नायका के॥ मीलित अलंकार।

चौ०। सदृस वस्तु में भेद न लहिये। अलंकार मीलित तहँ कहिये॥

दिठौना वर्णन।

मूल। लौनेमुखदीठिनलगै योंकहिदीनोंईठि।
दूनीह्वैलागनिलगी दियेदिठौनादीठि॥ ४७७॥

टीका।—सखी का वचन सखी से। सलौने मुँह में दृष्टि न लगै किसी की, यों कहि के दिया प्रिय सखी ने। दूनी ही लगने लगी दिये से दिठौने के दृष्टि॥

विषमालंकार।

दोहा। बिषम दृष्ट के उदिम तें है अनिष्ट जहँ जानि।
दीठि न लगै दिठौन दिय सु तौ लगति बहु आनि॥

मूल। पियतियसौंहँसिकैकह्यो लखेदिठौनादीन।
चंदमुखीमुखचंदतें भलोचंदसमकीन॥ ४७८॥

टीका।—नायक वचन नायका से। नायक ने नायका से हँस के कहा देख के दिठौना दिये। हे चंद-मुखी, मुख-चंद तैं ने भला चंद्रमा समान किया॥

प्रश्न॥ दोहा। चंद-मुखी नहि चाहिये संबोधन इहिँ ठौर।
चंद-मुखी जो हुती तऊ कियौ नयौ कहुँ और॥
कोउ कहै अब-ही भई चंद-मुखी यौं नाम।
सु तौ चंद-मुख ने कियौ कीन शब्द इहिँ ठाम॥

दूजा प्रश्न॥ निंदा मुख की कढति यहाँ क्योंव चंद सम कीन।
कह्या कि निकलँक प्रथम हो भो अब शोभा-हीन॥

तीजा प्रश्न॥ जु दिठौना वर्णन कियौ ता की निंदा होइ।
जिन जु बिगारी बदन छवि प्रश्न तीन विधि जोइ॥

उत्तर चंद-मुखी संबोधन का॥
चंद-मुखी कह चंद जो प्रथम अमल हो जानि।
पाछैं सकलंकित भयौ उहि सम काह्नौ बखानि॥

तहाँ प्रश्न॥ चंद-मुखी के कहत-ही इहो चंद परतीति।
अमल प्रथम निकलंक विधु सो न शब्द इहिँ रीति॥

और अर्थ करि उत्तर॥

दोहा। चंद-मुखी जे नायका तिन मुख तैं बर आहि।
और चंद-ह्न तैं भलौ कियौ चंद क्यौं ताहि॥
अर्थ यहाँ कि उपमिय तैं भलौ उपम-ह्न तैं सु।
सो क्यौं कीनौ चंद सम जिहिँ सकलंक कहैं सु॥

इस में भी प्रश्न॥ जहाँ काह्नौ उपमान तैं भलौ तहाँ उपमेय।
तिहिँ तैं भलौ न चाहिये कहिबौ वृथा सु भेय॥
जैसें नृप तैं कहि भलौ मंत्री तैं सु वृथा-हि।
तैसें उपमा कहि काह्नौ उपमिय चहिये नाहि॥

उत्तर॥ जहँ उपमा, उपमेय कौं दुहुँनि श्रेष्टता आहि।
जहँ प्रतीप, तहँ श्रेष्टता उपमेये-ह्न चाहि॥

कैसो है यह चंद जिमि तुव मुख अति छवि देइ।
यह प्रतीप तौ ठौर इहिँ उपमिय बर छवि लेइ॥
या तेँ दोऊ मतनि के लिये दुहुनि कौ नाम।
कह्यौ सु इहिँ बिधि अर्थ मेँ प्रश्न नही गुण-धाम॥

प्रश्न॥ दोहा। जु यह अर्थ इहि बिधि करौ रीति हीनता होइ।
जैसेँ कह्यौ दुहूँनि तेँ भलौ बदन यह जोइ॥
तैसेँ यहाँ चहिये कह्यौ दोउनि सम क्यौँ कीन।
इहिँ रीति न दुहुँ तेँ भलौ क्यौँ इक सम करि लीन॥
या तेँ बनत न अर्थ यहु अरु दु प्रश्न इहिँ माहिँ।
मुख निंदा रु दिठौन की निंदा दोउ सरसाहिँ॥

सिद्धांत अर्थ का उत्तर॥

दोहा। अब तुम इहिँ बिधि अर्थ कौँ सुनौ सु कवि चित लाय।
क्रिया विच्छित्तिहि हाव की कीनी तिय इहिँ भाय॥
रिस मेँ तिय भूषणनि की शोभा धरी उठाय।
सो विच्छित्ति अँग-हीनता दिखवति पियहि रिसाय॥
नित्य कहत है चंद तेँ तौ मुख दुति बर लीन।
सो इनि चितहि रिसाय कै दिखयौ दुति करि हीन॥
तहँ पिय मुख लखि हँसि कह्यौ भलौ चंद तेँ आहि।
क्यौँकि चंद सम की जु तू भई चहति-ही चाहि॥
भई चंद सम कीन तउ शोभा सहित अपार।
या मेँ मुख रु दिठौन की छवि वरणी निरधार॥
काहू सौँ कोऊ कहति चंद-मुखी सुनि बात।
यौँ पिय ने तिय सौँ कह्यौ लखि विच्छित्ति सरसात॥

व्यतिरेकालंकार।

दोहा। वर्ण्य अवर्ण्यहि तेँ जहाँ है विशेष व्यतिरेक।
शशि अशोभ स्यामत्व तेँ तुव मुख शोभ अनेक॥

कर्ण-भूषण वर्णन।

मूल। लसतसेतसारीढक्यौ तरलतरौनाकान।
पर्यौमनौसुरसरिसलिल रविप्रतिबिंबविहान॥ ४७९॥

टीका।—सखी का वचन नायक से, कै कवि की उक्ति। शोभा देती है धौली साडी में ढकी हुई चंचल ढेडी नायका के कान में। पडा है मानो गंगा के जल में सूरज का प्रतिबिंब भोर-ही॥ वस्तूत्प्रेक्षालंकार स्पष्ट है॥

मूल। लसैमुक्तामातियस्रवन यौंमुक्तनिदुतिपाइ।
मानोपरसकपोलके रहेस्वेदकनछाइ॥ ४८०॥

टीका।—सखी का वचन नायक से, कै कवि की उक्ति। सुरासा तरकी। शोभा देती तरकी नायका के कान में यौं मोतियौं की आभा पा कर, मानो छूने से गाल के रहे हैं पसीने के मोती छाय के॥ हेतूत्प्रेक्षालंकार।

दोहा। जड-छ के साच्चिक भयो हेतु सु परस कपोल।
हेतूत्प्रेक्षा जानिये तर्क स्वेद-कण बोल॥

मूल। मालतिहैनटमालसी क्यौंहूँनिकसतिनाहि।
मनमथनेजानौकसी खुभीखुभौमनमाहि॥४८१॥

टीका।—नायक वचन सखी से। खटकै है टूटे काँटे की भाँति, किसी रीति से निकलती नही, मन को मथ के भाले की नौक सो जो चुभो है खुभी मन में। खुभी कान का भूषण है। जो कोई काम के भाले का अर्थ कहै, तो ठीक नही। क्योंकि काम के बान प्रसिद्ध हैं॥ पूर्णोपमालंकार। खुभी उपमेय, नेजा-नौक उपमान, सी वाचक, चुभना धर्म। खुभी खुभी पद यमक॥

मूल। भौनिपटमैंझुलमुलौ झलकतिओपअपार।
सुरतसकौमनुसिंधुमैं लसतिसपल्लवडार॥ ४८२॥

टीका।—नायक वचन सखी से, कै सखी वचन नायक से, कै कवि की उक्ति।

महीन कपडे में झलमली (कहैं पीपल पत्ते) की चमकती है जोति अपार। कल्पवृक्ष की मानो समुद्र में शोभा देती है पत्ते समेत डाली॥ वस्तूत्प्रेक्षालंकार स्पष्ट-ही है॥

दशन वर्णन।

मूल। नेकुहँसौंहीबानितजि लख्यौपरतुमुखनीठि।
चौकाचमकनिचौंधमैं परतिचौंधसीदीठि॥ ४८३॥

टीका।—सखी का वचन नायका से, नायक के साक्षात। तनक हँसने का सुभाव छोड दे, देखा जाता है तेरा मुँह नीठ कर के। दाँत के चौके की चमक से चौंधाई सी हो जाती है दृष्टि हमारी॥ हाँसी को उपमा बिजली से है। इस से दृष्टि को चकाचौंधी लगती है॥ काव्यलिंग अलंकार।

दोहा। काव्यलिंग सु इहाँ जहाँ दृढ समर्थता होति।
लख्यौ परतु मुख नीठि तिहिँ दृष्टि करति रद-जोति॥

चिबुक-गाड वर्णन।

मूल। कुचगिरिचढिअतिथकितचली दीठिमुखचाड।
फिरिनटरीपरियैरही परीचिबुककैगाड॥ ४८४॥

टीका।—नायक वचन सखी से। कुच-रूपी पहाड पर चढ के बहुत हार के चली दृष्टि मेरी मुख की सुंदरता की ओर। फेर न टली पडी-ही रही पडी जो ठोढी के गढे में॥ काव्यलिंग अलंकार।

दोहा। काव्यलिंग सामर्थता जिहीं कहैं कवि-मौर।
परी रही यह दृढ कियो अति थकियो इहिँ ठौर॥

मूल। डारेठोढीगाडगहि नैनबटोहीमारि।
चिलकचौंधमैंरूपठग हाँसीफाँसीडारि॥ ४८५॥

टीका।—सखी का वचन नायका से, के कवि की उक्ति। डारी हैं ठोढी के गढे में पकड नैन पथिकौं की मार के। तेरे मुख की जोति मकर चाँदनी में रूप ठग ने हाँसी-रूपी फाँसी डाल कर॥ सावयवरूपकालंकार स्पष्ट है, ठग के रूपक से॥

मूल। तोलखिमोमनजोलही सोगतिकहीनजाति।
ठोढीगाडगड्योतऊ उड्योरहैदिनराति॥ ४८६॥

टीका।—नायक वचन नायका से। तुझे देख के मेरे मन ने जो पकडी सो रीति कही नही जाती। ठोढी के गढे में गडा है, तौ भी उडा रहता है दिन राति॥

प्रश्न॥ दो०। उड्यौ रहै दिन रैनि तौ गड्यौ पुष्ट नहि होइ।

उत्तर॥ परसै कर कहुँ चिबुक कौं सोच रहत निति सोइ॥

विरोधाभासालंकार।

दोहा। विरुधाभास विरुद्ध सौ भासै अविरुध आइ।
गड्यौ उडै नहि विरुध यह अविरुध मन को भाइ॥

गोदना वर्णन।

मूल। लालितस्यामलोलालालन चढ्योचिबुकछबिबढ़न।
मधुकार्योमधुकरपर्यो मनोगुलाबप्रसून॥४८७॥

टीका।—सखी का वचन नायक से। सुंदर स्याम गोदने की, हे लाल, बढी है चिबुक से शोभा दूनी। मकरंद से मत्त हो भौंरा मानो पडा है गुलाब के फूल पर॥ उत्प्रेक्षालंकार स्पष्ट है मनो पद से॥

मुख वर्णन।

मूल। सूरउदितहूमुदितमन मुखमुखमाकोचोर।
चितैरहतचहुँओरतें निहचलचखनिचकोर॥४८८॥

टीका।—सखी का वचन नायका से, कै नायक वचन सखी से। कै नायका सखी से कहै, तौ रूप-गर्विता। सूरज के उदय होने से भी प्रसन्न मन मुख की शोभा को ओर देख रहते हैं, चारौं ओर से निश्चल नैनौं से चकोर॥

प्रश्न॥ चहुँ ओर तें मुख लखत पाछें तहाँ बनै न।
उत्तर॥ मुख सुखमा चहुँ ओर तें तिहिं वे लखत सुखैन॥

भ्रांत्यालंकार।

दोहा। भ्रांति सु औरै वस्तु में औरै भ्रम जहँ होइ।
धोखे विधु के तिय-मुखहि रहत चकोर सु जोइ॥

मूल। पत्राहीतिथिपाइयै वाघरकेचहुँपास।
नितिप्रतिपून्योईरहै आननओपउजास॥ ४८९॥

टीका।—सखी का वचन नायक से। पत्रे-ही में तिथि पाते हैं। उस घर के चारौं ओर, निरंतर निश्चय पून्यौ-ही रहै है मुख की जोति के उजास से॥

प्रश्न। जो निशि कौं पून्यौ लखी प्रात प्रतिपदा ज्ञान।
होही पत्रा-ही विषै तिथि सु न बनै बखान॥

उत्तर। प्रथम-हि प्रतिपद ज्ञान भौ पुनि पून्यौ निशि देखि।
सब दिन पून्यौ जान-ही तिथि पत्रा-ही लेखि॥

परिसंख्यालंकार।

दोहा। परिसंख्या सु निषेध करि विधि इक थल ठहराइ।
पत्रा-ही तिथि यहाँ नहीं लखियत प्रगटित भाइ॥

मूल। कपौंकवीनौंमुखवलमैं नीलिअंचलचीर।
मनौंकलानिधिझलमलै कालिंदीकेनीर॥ ४९०॥

टीका।—सखी का वचन नायक से, कै कवि की उक्ति। छिपा हुआ सुंदर मुख नायका का शोभा देता है नीले आँचल में चीर के, मानौ चंद्रमा झलकता है यमुना के पानी में॥ वस्तूत्प्रेक्षालंकार स्पष्ट है॥

किनारी वर्णन।

मूल। जरीकोरगोरेवदन बढ़ीरुअलेकबिदेख।
लसतिमनौबिजुरीकियै मारटमसिपरिवेख॥ ४९१॥

टीका।—सखी का वचन नायक से, कै कवि की उक्ति। जरी की किनारी की गोरे मुख पर अति बढी हुई शोभा देखिये है। शोभायमान है मानो बिजली सरद के चंद्रमा पर मंडल सी॥ वस्तूत्प्रेक्षालंकार स्पष्ट है॥

शोभा वर्णन।

मूल। खरीलसतिगोरेगरे धसतिपानकीपीक।
मनौगुलूबँदलालकी लाललालदुतिलीक॥ ४९२॥

टीका।—सखी का वचन नायक से। अति शोभा देती है गोरे गले में धसती हुई पान की पीक। मानो कंठभूषण लालों का है, हे कृष्ण, लाल लकीर की चमक नहीं॥

प्रश्न॥ दो०। दुति सु गुलूबँद लाल की गर चहुघाँ रह छाइ।
लीक कहन यह नहि बने और खरी किहिँ भाइ॥

उत्तर॥ मनौ गुलूबँद लाल की दुति कौं लोक समान।
कहा कि अपयश-दानि है खरी लसनि तें जान॥

वार्त्ता॥ हे लाल, लाल बाहिर तें शोभायमान। पीक भीतर है। तौ भी शोभा अधिक। इस से अति शोभायमान है॥

हेतूत्प्रेक्षालंकार स्पष्ट है। खरी शोभा देती है। इस हेतु से मानो लोक अपयश-दानि रूप है, यह तर्क॥

मूल। पहरतहीगोरेगरे यौंदौरीदुतिलाल।
मनौपरसिपुलकतिभई मौलसिरीकीमाल॥ ४९३॥

टीका।—सखी का वचन नायक से। पहरते-ही गोरे गले में यौं दौडी शोभा, हे कृष्ण। मानो छूने से रोमांचित हुई मौलसिरी की माला॥

प्रश्न॥ दो०। पुलकति सो कीत-हि सदा मौलसिरी की माल।
ताहि कहैं पुलकति भई परसे प्रश्न विशाल॥

उत्तर ॥ सो० । पिय सु दई वह माल तिहिँ पहिरत गोरे गरे ।
यौं बाढो छवि बाल लाल परस पुलकित मनो ॥
हेतूत्प्रेक्षालंकार । मानो लाल के छूने कारण से नायका रोमांचित हुई ॥

कर वर्णन ।

मूल । बड़ेकहावतआपहू भारे गोपीनाथ ।
तौ मानौंगी जौ रखौगे कर देखे निज हाथ ॥४८४॥

टीका ।—सखी का वचन नायक से । बडे कहाते हो, आप भी भारी, हे गोपीनाथ । तौ मैं मानूंगी, जो रक्खोगे, नायका के हाथ को देख के, मन अपना हाथ में ॥
परमार्थ-पक्ष अर्थ ।

दोहा ॥ कौज भलाई नहि लिखी ऐसी लखि मो हाथ ।
तौ बदिहौं जु बिधाजिही लेख मेटि ब्रजनाथ ॥
संभावनालंकार । जो यौं, तौ यौं शब्द से ॥

मूल । बेईकरबीरिन्दई बीरीकीनविचार ।
जिनकोउरझोमोरियो तिनिकोमुरझेभार ॥ ४८५ ॥

टीका ।—नायका वचन सखी से । वे-ई हाथ हैं, जो झाडना भी बद्धी है । भेद किस विचार से है । जिस से उलझा है मेरा मन, तिन-ही से सुलझे बाल ॥ पंचम विभावनालंकार ।

दोहा । कारज होय विरुद्ध तें यह विभावना मानि ।
सुरझावक किरिया भई तिहि तें उरझनि आनि ॥

मूल । गोरीकिमनीलखयकन कनास्यामकविदेइ ।
नखतमुकनिरतिकिनेकयह नैनचिबोमेइ ॥ ४८६ ॥

टीका ।—नायक वचन अपने नैन से । गोरी कनउँगली है सो गंगा है । नख लाल

४८५ । सखी नायिका के केश सँवारे है । तब नायक पीछे सों आइ, सखी को उठाइ करि, आपु केश सँवारे है । तब नायिका नायक के कर को परस पिछानि कैं, कहति है । आगें भी हमारे केश सँवारे थे । वे-ही हाथ हैं । औरनि बड़े । बड़े सँवारनौं है । रे मन, तु औरी (भेद) क्यों न विचारै ॥ इति हरिप्रकाशे ॥

है सो सरस्वती है। छत्ता काला है सो यमुना है। ये तीनों शोभा दें हैं। पाते-ही रति-रूपी मुक्ति छिन एक में, है मैन, यह विवेकी सेय कर॥ रूपकालंकार स्पष्ट है॥

कुच वर्णन।

मूल। चलननपावतुनिगममग जगउपजौअतित्रास।
कुचउतंगगिरिवरगह्यौ मीनामैनमवास॥ ४९७॥

टीका।—कवि की उक्ति। चलने नहीं पाता वेद का पंथ संसार में। हुआ है अति डर। कुच ऊँचे पहाड को पकड़ा है भील काम-देव ने मवास। मवास कठिन ठौर को कहते हैं, जहाँ नया मनुष्य किसी के हाथ न आवै॥

प्रश्न॥ दोहा। अभिप्राय अति त्रास को कह्यो कहा इहिं माहिं।
उत्तर॥ इक मग निगम न परत सुधि विय वसुहर तिहिं ठाहिं॥

वार्त्ता। निगम का अर्थ जिस पंथ की खबर न पड़े। औ मैन-पक्ष में निगम वेद॥

दोहा। मैन त्रास अति यौं भयो उलहत कुच हो त्रास।
अब उतंग कुच मैन है या तें अति परकास॥

रूपकालंकार स्पष्ट है। मीने औ मैन के रूपक से। मीने मारवाड में बटमार को कहते हैं, औ वे बन पहाड पर रहते हैं॥

मूल। गाढेगाढेकुचनिठिलि पियहियकोठहराइ।
उकसौंहैंहीतोहिये सबैदईउकसाइ॥ ४९८॥

टीका।—सखी का वचन नायका से। कठिन कठिन कुच बिन ढीले होंयगे, तब नायक के मन में कौन तेरी सौति ठहरैगो। उकसते-ही तेरे कुचों ने नायक के मन से सब सौतें हटा दीं॥ नायका मुग्धा॥ चतुर्थ विभावनालंकार।

दोहा। अन्य हेतु तें काज जहँ होय विभावन गाइ।
प्रथम उकावत यहाँ दई उकसौंहैं उकसाइ॥

कंचुकी वर्णन।

मूल। दुरतिनकुचबिचकंचुकी चुपरीसारीसेत।
कविआँकनिकेअर्थलौं प्रगटदिखाईदेत॥ ४९९॥

टीका।—सखी का वचन नायक से। छिपते नहीं कुच अँगिया में, औ अतर लगी साडी सेत में। कवि के अक्षरों के अर्थ की भाँति प्रत्यक्ष दिखाई देते हैं कुच नायका के॥

प्रश्न॥ दोहा। कवि अंकनि को अर्थ जो प्रगट धकी-ई होइ।
तो टीका काहे करैं बडे ग्रंथ सब जोइ॥
उत्तर॥ ज्यौं अंकनि के सब अरथ कवि कौं भासैं आन।
त्यौं-ही कुच बिच कंचुकी सखि-जन जानै जान॥

पूर्णोपमा औ दृष्टांतालंकार।

दोहा। अंक-अरथ उपमान है कुच उपमेय सु जान।
लौं वाचक, दीसन धरम पूरण उपमा मान॥
दृष्टांत सु या तें कह्यौ समझहु चतुर समर्थ।
दुरत न कुच बिच कंचुकी ज्यौं अंकनि के अर्थ॥

मूल। भईजुतनकबिबसनसिलि बरनिसकैमुनबैन।
आँगओपआँगोदुरी आँगीओपदुरैन॥ ५००॥

टीका।—सखी का वचन नायक से। हुई जो शरीर की शोभा कपडों की शोभा से मिल कर कोई बरनन न कर सकै, सो बनै नहीं बरनन करते। अंग की ज्योति से अँगिया छिपी, पर आँगी में अंग (कहैं कुच) सो छिपते नहीं॥ मीलित औ विभावनालंकार।

दोहा। मीलित अँग आँगी दुरी आँगी दुरत न अंग।
काज होइ प्रतिबंध जहँ सु विभावन परसंग॥

वार्ता। छिपानेवाली आँगी तिस के होते भी अंग दिखाई देना। बाधक आगे काज होता-ही है। ऐसा अर्थ है॥

मूल। सौनजुही सी जगमगै अँग अँग जोबनजोति।
सुरँगकसुंभी काँगसी दुरँगी दुतिहोति॥ ५०१॥

टीका।—सखी का वचन नायक से। पीत जूही सो जगमगै है अंग अंग में जोबन की जोति से नायका के, लाल कुसुंभी काँगी से दुरंगी शरीर की शोभा होती है॥ पूर्णोपमालंकार।

दोहा। अंग-ज्योति उपमेय है सौनजुही उपमान।
सो वाचक, जगमग धरम पूरण उपमा जान॥

[illegible]

मूल। छमा मानिकी छतिमें डटत घटत तुहदाग।
झलकत याहिरकानुनौ पियहियकौ अनुराग॥५०२॥

टीका।—सखी का वचन नायका से। नायका लक्षिता। छाती में तेरी मानिक की धुकधुकी जो है नायक की दी, इसे सुकर हम से जो डटती है, तो घटती है तेरे दृग की जलन जो न देख कर है। चमकता है बाहर निकल मानो तेरी छाती पर नायक का अनुराग॥

अर्थ॥ दोहा। कहति सु भेद उपाय सखि लई जु निज कर मित्त।
पिय सौं तो सौं प्रीति अति दिढवति कहि तिय चित्त॥
परखि जुवति यह दृग जरनि तुव हिय अति अनुराग।
भखौ अधिक लखि होति सुधि तब सु घटत दृग दाग॥

वस्तूत्प्रेक्षालंकार स्पष्ट है॥

[illegible]

मूल। कर उठाय घूँघट करत उमरति पटगुभरोट।
मुखमोटैनूटैलालन लखिललनाकीलोट॥ ५०३॥

टीका।—सखी का वचन सखी से। हाथे उठा के घूँघट करते छटते हुए देखि

के सलवट खा के। सुख की गठडियाँ लूटी नायक ने देख के नायका की चिबली को॥ जाति अलंकार अष्ट है॥

कटि वर्णन।

मूल। लहलहातिननतरुनई लचिलगिलौंलफिजाइ।
लगैलाकलोयनभरी लोयनलेतिलगाइ॥ ५०४॥

टीका।—सखी का वचन नायक से। शोभा दे रही है शरीर में नायका के तरुणाई, औ लचक कर छडी की भाँति झुक जाय है। लगे है कमर लावण्य भरी पर नैनौं को सीती है लगाय के (कहैं बस कर)॥ पूर्णोपमा औ यमकालंकार।

दोहा। उपमेय रु उपमा धरम अरु वाचक जहँ होइ।
शब्द माहि चारौं जहाँ पूरण उपमा सोइ॥
उपमेय सु लोयन भरी लग उपमान विचारि।
लौं वाचक लफनी धरम पूरण उपम निहारि॥

वार्त्ता। लोयन शब्द दो बार है, औ अर्थ भिन्न है। इस से यमक। लोयन नेत्र, औ लोयन लावण्यता॥

नितंब वर्णन

मूल। लगीअनलगीसोजुकटि करीखरीविधिपीन।
किएमनौघाटीकमरि कुचनितंबअतिपीन॥ ५०५॥

टीका।—सखी का वचन नायक से। लगी न लगी सो औ कमर करी अति सूक्ष्म विधाता ने। किये हैं मानो उसी कमर से कुच औ चूतड कौं बहुत भारी॥

अर्थ॥ दोहा। खरी पीन कह तहँ सुनी जिहिँ सु कमरि कौं पाइ।
हैं वहैं अति पीन किय खरी खीण इहिँ भाइ॥

हेतूत्प्रेक्षालंकार अष्ट है। मानो पद से॥

जंघा वर्णन।

मूल। जंघजुगललोयननिरे करेमनोविधिमैन।
केलितरुनदुखदैनये केलितरुनसुखदैन॥ ५०६॥

टीका।—सखी का वचन नायक से। जाँघ दोनौं लावण्य से निरी मानौ विधाता काम-देव ने बनाई हैं। केले के वृक्षौं को दुख देनेवाली हैं ये, औ काम कलोल में जुवा नायक को सुख देनवाली हैं॥

प्रश्न॥ कदलि जंघ तें उलटि गति क्यौं तिनि दुखद सु बैन।
उत्तर॥ केलि माह विधि केलि तब केलि-तरुनि दुख-दैन॥

वस्तूत्प्रेक्षा औ यमकालंकार।

दोहा। मनौ गिरे लोयन करे वस्तूत्प्रेक्षा होइ।
केलि तरुन पद है यमक अलंकार विधि जोइ॥

लोयन अर्थ लावण्यता॥

सूरमा वर्णन।

मूल। रह्यौ ढीठ ढाढ़स गहे समिह्र गयौ न सूर।
मुरवानि मनमुरवान चुभि भो चूरन चपि चूर॥ ५०७॥

टीका।—सखी का वचन सखी से। रहा ढीठ नायक का मन साहस लिये सहम न गया ऐसा सूरमा है। फिरा नहीं, मुरवान (कई पाँव को कलाइयौं) में गड़ के, हुआ चूड़ौं से दब के चूर॥

अर्थ॥ दोहा। सखी कहति ऐसो सु मन नायक को है सूर।
सो न फिरो मुरवानि भो चूरनि तर चपि चूर॥

संबंधातिशयोक्ति अलंकार।

दोहा। संबंधातिशयोक्ति जहँ योग अयोगहि देत।
चूरनि पाई योग्यता नहि कछु बर यह हेत॥

एड़ी वर्णन।

मूल। पायमहावरदेनकौं नाइनि बैठी आइ।
फिरि फिरि जानि महावरी एड़ी मीड़ति जाइ॥ ५०८॥

टीका।—सखी का वचन नायक से। नायका के पाँव में महावड देने को नाइनि बैठी था के। फिर फिर आन के महावड-ही एडी मीडती जाती है॥

प्रश्न॥ दोहा। नाइनि ठकुराइनि तनहिं जानति किमि भ्रम माहिं।
उत्तर॥ नव दुलही ससुरारि की नाइनि सु लही नाहिं॥

भ्रांति अलंकार।

दोहा। भ्रांति सु औरै वस्तु में छोर और भ्रम आनि।
सहज अछवता में पखो धोखो आवक मानि॥

मूल। कीहरसीएडीनिकी लालीदेखिसुभाइ।
पायमहावरदेनकौं आपभईबेपाइ॥ ५०९॥

टीका।—सखी का वचन नायक से। इंद्रायन के फल सो लाल एडियौं की लाली सुभाव-ही को देख के, नाइनि पाँव में महावड देने को आई थी, सो आप-ही निर्बुद्धि हुई॥ पूर्वोपमालंकार।

दोहा। कीहर है उपमान यहाँ एडी लखि उपमेय।
सी वाचक, लाली धरम पूरण उपमा मेय॥

पाइल वर्णन

मूल। कियहायलचितचायलगि बजिपायलतुवपाय।
पुनिसुनिसुनिमुखमधुरधुनि क्योंनलालललचाय॥५१०॥

टीका।—सखी का वचन नायका से। कियो थकित (वाहिँ मायल) चित के चाव की लग के बज के पाजेब ने तेरे पाँव की। फिर सुन सुन के तेरे सुख की मीठी बानी क्यौं नहीं श्री-लाल ललचायगा॥

प्रश्न॥ दोहा। यहाँ चाय लगि शब्द यह अनमिल अर्थ दिखात।
उत्तर॥ तहँ पहली-ही प्रीति में सखी कहति यौं बात॥
किय हायल चित समझ तू पायल धुनि हो श्याम।
सुख धुनि सुनि ललचे न क्यौं तुझ चाह लगि बाम॥

और प्रश्न ॥ दोहा। पाइल की धुनि सुनि भये हायल चित सु अचैन।
तौ चहिये सुख धुनि सुनत मूरछ ललच बनै न ॥

उत्तर ॥ सो० । पाइल हाइल कीन सुख धुनि सुनि क्यौं होंहि नहि।
या तें कहति प्रवीण क्यौं न लाल सौं ललचरी ॥

काव्यलिंग अलंकार।

दोहा। काव्यलिंग या तें जहाँ सामर्थन दृढ अर्थ।
हाइल करिबे कौं इहाँ मधुर जु धुनि सामर्थ ॥

अनवट-वर्णन।

मूल। सोभनथंभ्रणपायकें अनवट जटित जराइ।
जीत्यौ तिय नवनिद्युतिमुद्रित पर्यौ मनौ मनमाइ ॥ ५१२ ॥

टीका।— सखी का वचन नायक से। शोभा देता है अँगूठे में पाँव के अनवट जडा जडाव का। जीता है टेढियों ने अच्छी शोभा से, इस से पडा है सूरज मानो पाँव हार के नायका के ॥

प्रश्न ॥ दो०। इहाँ एक अनवट सु क्यौं नहि कछु बैठन युक्ति।
उत्तर ॥ तहँ कहिये इक जिनस तें होति दुहुनि की उक्ति ॥
प्रश्न ॥ जो दीज तौ रवि तु इक या तें प्रश्न रहात।
उत्तर ॥ तहाँ अर्थ अर्द्धांग इक अनवट शिवा विख्यात ॥

हेतूत्प्रेक्षालंकार स्पष्ट है। हेतु तरवन-दुति ने जोता ॥

परमार्थ-पक्ष अर्थ।

दोहा। कीज कहतु जु शिष्य सौं ऐसी मन तिहि मारि।
जीत्यौ मन जु कहावई उहि गति तू मन धारि ॥

अर्थ-विधि।

दोहा। ऐसी मन सी हत कहा सो तू मारि कुबाट।
अँग में ठाँ जो पाय कै अनवट अन्त जु वाट ॥

जबौ अपनपौ जारि वह अब जीत्यौ सुनि ताहि।
तरवनि दुति जौ ढरि पत्यौ द्युतनि गति लहि जाहि॥
ज्यौं ज्यौं फलै नवै सु त्यौं तरनि तरे को भाउ।
सो मन जीत्यौ पाय तू या बातहिं करि चाउ॥

दृष्टांतालंकार। तरवनि की भाँति मन ढरि पत्यौ या तें॥

पग-अंगुरी वर्णन।

मूल। अरुनबरनतरुनीचरन अँगुरीअतिसुकुमार।
चुवतिमुरँगरँगसीमनौ चपिबिछियनकेभार॥ ५१२॥

टीका।—सखी का वचन नायक से। लाल रंग नायका के पाँव हैं, औ उँगली अति नरम हैं। चूती है लाल रंग सी, मानो दब के बिछुओं के बोझ से॥ हेतूत्प्रेक्षालंकार स्पष्ट है॥

गति वर्णन।

मूल। पगपगमगअगमनपरति चरनअरुनदुतिझूलि।
ठौरठौरलखियतउठे दुपहरियासेफूलि॥ ५१३॥

टीका।—सखी का वचन नायक से। डग डग बाट में आगे पडती है चरण लाल की कांति झूल के। ठौर ठौर देखते हैं दुपहरिया सी फूल कर॥ सी का अर्थ यहाँ मानो का है॥ लुप्तोत्प्रेक्षालंकार।

दोहा। मनु दुपहरिया से उठे फूलि कहनि इहिं ठाम।
मनौ कहत यहाँ व्यंग तें वस्तूत्प्रेक्षा नाम॥

देह-द्युति वर्णन।

मूल। तनभूषनअंजनदृगनि पगनिमहाउररंग।
नहिसोभाकौंभाजियत कहवेहीकौंअंग॥ ५१४॥

टीका।—सखी का वचन नायक से। शरीर में गहने, काजल आँखों में, औ पाँवों में महावर का रंग, नहीं शोभा को पाते हैं। ये कहने-ही को अंग में हैं॥

तात्पर्य यह कि, शरीर के रंग-ही में मिल जाते हैं। इन की शोभा कुछ दिखाई नहीं देती ॥ मीलित अलंकार।

दोहा। निज निज अँग रँग जात मिलि भूषणादि यौं जाइ।
या तें मीलित सम रँगहि मिले न भेद लखाइ ॥

मूल। मानहुविधितनअच्छछवि स्वच्छराखिबेकाज।
दृगपगपौंछनकौंकिये भृखनपायंदाज ॥ ५१५ ॥

टीका।—सखी का वचन नायक से, कै कवि की उक्ति। मानौ बिधाता ने शरीर की उज्वल शोभा को निर्मल रखने के लिये, आँखौं के पाँव पौंछने को किये हैं गड़ने पायंदाज। पायंदाज बिछौने के आगे जो पाँव पौंछने को छोटा बिछौना रहता है, तिसे कहैं हैं ॥

प्रश्न ॥ दोहा। भूषण लखि अंगनि लखै यह कछु नहि निरधार।
अरु सु कपोलादिकनि पै नहि भूषण परकार ॥

उत्तर ॥ दोहा। जे वर नर तिन काज नहि पायंदाज विचार।
अवर नरनि के काज जिमि पग पौंछन परकार ॥
तैसैं जे दुति रसिक ते लखत न भूषण साज।
जिन की रुचि भूषणनि में तिन हित पायंदाज ॥
उन-ही के दृग मलिन जे धरत भूषणनि दृष्टि।
रसिक सु-नर वर अमल दृग जागत सब विधि सृष्टि ॥

फल-उत्प्रेक्षालंकार।

दोहा। तन छवि स्वच्छ रहै इही फल निमित्त यह काज।
फल-उत्प्रेक्षा असिध पद नहि सिध पायंदाज ॥

मूल। सहजसेतपचतोरिया पहिरैअतिछबिहोति।
जलचादरकेदीपज्यौं जगमगातितनजोति ॥ ५१६ ॥

टीका।— सखी का वचन नायक से, कै कवि की उक्ति। सहज-ही धौली पचतोलिये की साडी पहरने से अति शोभा होती है नायका के शरीर की। पानी

की चद्दर छुटै है, औ उस के पीछे दिये जला रक्खें हैं, तिस भाँति चमकती है शरीर की जोति॥ पूर्णोपमालंकार। तन-जोति उपमेय, जल-चादर उपमान, ज्यौं वाचक, जगमगाना धर्म॥

मूल। देखीसौनजुहीफिरति सौनजुहीसेअंग।
दुतिलपटनिपटसेतहू करतिबनौटीरंग॥ ५१७॥

टीका।—सखी का वचन नायक से। मैं ने देखा पीत जूही की क्यारी में फिरती पीत जूही के शरीर से नायका को। उस की शोभा की लिपटन वस्त्र धौले को भी करती है कपासी रंग॥ तद्गुणालंकार।

दोहा। अपनी गुण तजि संग गुण लहै सु तद्गुण अंग।
दुति लपटनि तें सेत पट भयो बनौटी रंग॥

बनौटी रंग कपास के फूल के रंग को कहते हैं॥

मूल। वाहिलखेलीयनलगै कौनजुवतिकीज्योति।
जाकेतनकीछाँहटिग जोन्हछाँहसीहोति॥ ५१८॥

टीका।—नायक वचन सखी से। पूर्वानुराग। उस के देखने से आँखों में लगै कौन सी स्त्री की शोभा भली। जिस के शरीर की छाँह के पास चाँदनी छाँह सी होती है॥ व्यंग्योत्प्रेक्षालंकार।

दोहा। उत्प्रेक्षा यहाँ व्यंग सौं जानहु बुद्धि समर्थ।
मनौ छाँह है ज्योन्ह यह इहिं विधि प्रगटत अर्थ॥

मूल। कहाकुसुमकहकौमुदी कितिकआरसीजोति।
जाकीउजराईलखे आँखऊजरीहोति॥ ५१९॥

टीका।—सखी का वचन नायक से। क्या है फूल, औ क्या है चाँदनी, औ दरपन में कितनी जोति है। जिस की जोति देखने से आँख की जोति होती है॥ प्रतीपालंकार।

दोहा। जहँ उपमान किमर्थता है प्रतीप वहाँ सोइ।
कुसुम बारसी कौमुदी कहा निंद इम जोइ॥

मूल। कहिलहिकौनसकैदुरी सौनजुहीमेंजाइ।
तनकीसहजसुवासना देतीजोनबताइ॥ ५२०॥

टीका।—नायक वचन सखी से। कह, पा कौन सकता, जब छिपी थी पीली जूही में जा के, शरीर की सहज सुगंध जो देती न बताय के॥ उन्मीलितालंकार।

दोहा। उन्मीलित जहँ सदृस में भेद लहत किहुँ भाइ।
तन सुवास तें तिय लखी सौनजुही में जाइ॥

मूल। बीचलसक्योंकसकरिरह्यौ बसकरिलीनौमार।
भेदुमारकियौहियो तनदुतिभेदीमार॥५२१॥

टीका।—नायक वचन सखी से। रह न सका, बल कर हारा, बस कर-ही लिया काम ने। छेद वार-पार किया-ही मेरे हिये में उस के शरीर की शोभा-रूपी छेदने-वाली शस्त्र ने॥ काव्यलिंग अलंकार।

दोहा। काव्यलिंग सामर्थता जहँ दृढ कहिये होइ।
जो भेदी है सार वह हिय भेदै दै सोइ॥

मूल। कंचनतनधनिवरनवर रह्यौरंगमिलिरंग।
जानीजातिसुवासही केसरलाई अंग॥ ५२२॥

टीका।—सखी का वचन नायक से। कंचन बरन श्रेष्ठ तन नायका का रहा है रंग से रंग मिल के। जानी जाती है सुगंध-ही से, कि केसर लगाई है अंग में॥

दोहा। प्रश्न करत तिय अंग की कही सु क्यौं न सुवास॥
उत्तर॥ वह तौ है-ही अन्य विधि भई सु करी प्रकास॥

दूजा अर्थ॥

दोहा। अँगना अँग लावत कहूँ लागि गई पट माहिं।
या तें कही सुवास-ही लखी और विधि नाहिं॥

उन्मीलितालंकार स्पष्ट है। पूर्वोक्ति तें जानिये॥

मूल। ह्वैकपूरमनिमयरही मिलितनदुतिमुकुतालि।
छिनछिनखरीविचक्षनौ लखतिछायतिनत्यालि॥५२३॥

टीका।—सखी का वचन नायक से। कपूरमणि-मय हो रही है मिल कर शरीर की कांति से मोती की माल। छिन छिन अति चतुरी देखती हैं छला कर तिनका सखीं॥ तद्गुण औ भ्रांति अलंकार।

दोहा। तद्गुण संगी गुण लहै भ्राँति सु भ्रम जहँ होइ।
दुति सँग मुक्त कपूर दुति भ्रम सौं सखि कहँ जोइ॥

मूल। बालकबोलीतियनमें बैठीआपछिपाइ।
अरगटहीफानूससी परगटहोतिलखाइ॥५२४॥

टीका।—सखी का वचन नायक से। नायका छबीली स्त्रियों में बैठी आप छिप कर। घूँघट-ही में फानूस सी प्रगट हो के दिखाई देती है॥ पूर्णोपमालंकार। बाल उपमेय, फानूस उपमान, सी वाचक, प्रगट होना धर्म॥

मूल। करतुमलिनखाबीकरविछि हरतुजुसहजविकास।
अंगरागअंगनिलगे त्यौंआरसीउसास॥५२५॥

टीका।—सखी का वचन नायक से। औ नायका वचन सखी से, तौ रूप-गर्विता। करता है मलीन अच्छी छवि को, और दूर करता है जो सहज के प्रकास को। अंगराग (कहैं केसर चंदनादि लेपन) करने से अंगों में लगे है ज्यौं दरपन में स्वास॥ विषमालंकार।

दोहा। विषम इष्ट के उदिम तें है अनिष्ट जिहिं ठौर।
अंगराग शोभहि सजे सु वह बिगारतु और॥

५२३। नायिका के तव-द्युति सौं मिलि कैं मुक्तालि (जो है मोती की माला, सो) कपूरमणी-मय होय रही है। अर्थ यह, कपूरमणि-ही होय रही है। भांति बस तें, खरी विचक्षणी (अति प्रवीण जो है) चाली (सखी, सो) औ तृष कौं छुपाय कैं लखति है (जानति है)। कपूरमणि कौं हाथ पर धसे, दृग पैं धरि कैं उठावै, तौ तृष कौं लिए-ही उठि आवै॥ इति द्वरिप्रकाशे॥

पूर्णोपमा भी संभवै। अंगराग उपमेय, आरसी उपमान, ज्यौं वाचक, मलिन करना धर्म॥

मूल। पहिरनभूखनकनकके कहिआवतुहिँहेत।
दर्पनकेसेमोरचा देहदिखाईदेत॥ ५२६॥

टीका।—सखी का वचन नायका से। पहरे मति गहनेसोने के, कहने में आता है इस लिये, कि आरसी के से मोरचे तेरी देह में दिखाई देते हैं॥

तात्पर्य यह कि, तू मति जाने कि सखी गहना पहरने की बरजै है। मैं इस लिये कहती हूँ कि तेरे शरीर की शोभा के आगे ये मैले दिखाई देते हैं॥ विषमालंकार।

दोहा। है अनिष्ट जहँ इष्ट के उदिम विषम सुनि गोप।
भूषण पहिरत शोभ-हित सु वे बिगारत ओप॥

मूल। लीनेहूसाहसमनहम कीनेजतनहजार।
लोइनलोइनसिंधुतन पैरिनपावतपार॥ ५२७॥

टीका।—नायक अथवा नायका का वचन सखी से। मन में धरे भी धीरज हजार भी किये यत्न सहस्र। नैन मेरे शरीर के शोभा-रूपी समुद्र में पैर कर पार नहीं पाते॥ छेकानुप्रास औ यमकालंकार।

दोहा। लीने कीने बार इक या तें छेकनुप्रास।
लोइन लोइन यमक दृग लावनि अर्थ प्रकास॥

मूल। दीठिनपरतसमानदुति कनककनकसेगात।
भूखनकरकरकमलगत परसिपिछानेजात॥ ५२८॥

टीका।—सखी का वचन नायक से। दृष्टि नहीं आते समान चमक से सोने के सोने से शरीर में। गहने हाथ में लगने से करकस लगैं हैं, तब पहचाने जाते हैं॥ उन्मीलितालंकार। पूर्वोक्ति तें जानिये॥

मूल। अंगअंगनगजगमगत दीपसिखासीदेह।
दियाबढ़ायेहूरहै बड़ौउजेरौगेह ॥ ५२९ ॥

टीका।—सखी का वचन नायक से। अंग अंग नायका के सब मोती हीरे से चमकते हैं दीप-सिखा सी देह में। दिया बुझाये से भी रहता है बड़ा उजाला घर में॥ अनुगुण औ पूर्णोपमालंकार।

दोहा। निज गुण सिध परसँग अधिक अनगुण लखि निरधारु।
दीप देह इक नग बहुरि सी तें उपमा चारु ॥

देह दीप-सिखा सी जगमगै। देह उपमेय, दीप उपमान, सी वाचक, जगमगाना धर्म ॥

मूल। अंगअंगप्रतिबिंबपरि दरपनसेसबगात।
दुहरेतिहरेचौहरे भूषनजानेजात ॥ ५३० ॥

टीका।—सखी का वचन नायक से। अंग अंग का अंग अंग में प्रतिबिंब पड के दर्पण से सब गात में। नायका के दुहरे तिहरे चौहरे गहने जाने जाते हैं ॥

लुप्तोत्प्रेक्षालंकार ॥

दोहा। मनु दुहरे तिहरे अँगनि भूषण हैं इहिं भाइ।
उत्प्रेक्षा मनु लोप की वस्तु माँझ दरसाइ ॥

मूल। अंगअंगछविकीलपट उपजतिजातिअछेह।
खरीपातरीऊतऊ लगेभरीसीदेह ॥ ५३१ ॥

टीका।—सखी का वचन नायक से। अंग अंग से छवि की छटा उपजती जाती है निरंतर नायका के। अति पतली है शरीर से, तौ भी लगे है भरी सी देह नायका की॥ लुप्तोत्प्रेक्षालंकार। मनौ भरी सी देह पद से। मनौ पद लोप ॥

५३०। उक्तास्पदवस्तूत्प्रेक्षा ॥ इति हरिप्रकाशे ॥
५३१। अनुक्तास्पदवस्तूत्प्रेक्षा ॥ इति हरिप्रकाशे ॥

मूल। रंचनलखियतपहरियौं कंचनसेतनबाल।
फूँभिलानीजानीपरै उरचंपेकीमाल॥ ५३२॥

टीका।—सखी का वचन नायक से। तनक नहीं देखते पहरने से सौने शरीर में नायका के। मुरझाई हुई जानी जाती है छाती में चंपे की माला॥ उन्मीलित अलंकार स्पष्ट है॥

मूल। त्योंत्योंप्यासैईरहत ज्योंज्योंपियतअघाइ।
सगुनसलौनेरूपकी जुनचखतृखावुझाइ॥ ५३३॥

टीका।—परकीया नायका का वचन सखी से। तौं तौं प्यासे-ही रहते हैं, जौं जौं पीते हैं तृप्त हो गुण सहित सलौने रूप की, जो नहीं नैनों की प्यास बुझती है।

प्रश्न॥ दोहा। वस्तु सलौनी भक्ष तें प्यास नीर अति होइ।
यहाँ सलौन सो रूप-ही पियत रूप-ही सोइ॥

उत्तर॥ दोहा। सगुण सलौने कौं कहा मीत सलौनी जानि।
सो उर में बसि की रह्यौ रूप प्यास अति मानि॥

उक्तगुण-विशेषोक्ति अलंकार।

दोहा। होत न कारज हेतु जहँ विशेषोक्ति वह लेखि।
पियत हेतु है प्यास गत कारज होत न देखि॥

वार्त्ता। पर यहाँ गुण कह दिया। सलौने का गुण है। इस से उक्त गुण। गुण-विशेषोक्ति हुआ॥

मूल। लिखनबैठिजाकीसबिहि गहिगहिगरबगरूर।
भएनकेतेजगतके चतुरचितेरेकूर॥ ५३४॥

टीका।—सखी का वचन नायक से। लिखने को बैठे जिस का चित्र कर कर गर्व गरबीले, हुए नहीं कितने संसार के चतुर कूढ़ चितेरे॥

प्रश्न॥ दोहा। अर्थ सु गर्व गरूर को एकै सो पुनरुक्ति।
उत्तर॥ कहत सु किहूँ चितेर सौं है गरूर यह उक्ति॥

वार्त्ता। गरूर गर्वी को कहते हैं। यथा। गिरि तें न गरू रहो, गरूर ही न गाह-ह तें॥

विशेषोक्ति अलंकार। हेतु होय कारज न होय॥

मूल। केसरकै सरकौमकै चंपकाकितिकचनुप।
गातरूपलखिजातदुरि जातरूपकैरूप॥ ५३५॥

टीका।—सखी का वचन नायक से। केसर कर बराबरी क्यौं सकै, औ चंपा कितना एक सुन्दर है। शरीर का रूप देख के जाता है छिप के सोने का रूप, कै रूप का रूप॥ प्रतीपालंकार।

दोहा। सो प्रतीप उपमेय लहि उपम अनादर होइ।
केसर चंपक स्वर्ण को निंदा इहिँ थल जोइ॥

मूल। मो०। तोतनथथाधियनुप रूपलग्योभवजगतकौ।
मोदृगलागेरूप दृगनिलगीचतिचटपटी॥५३६॥

टीका।—नायक वचन नायका से। तेरा शरीर महिमा की सीमा है, औ रूप लगा है सब संसार का। मेरे नैन लगे हैं रूप से, औ नैनौं को लगी अति चटपटी॥ आधारमालालंकार।

दोहा। इक को इक आधार क्रम माल अधार सु चाहि।
तन में रूप सु रूप में दृग दृग चटपटि आहि॥

सुकुमारता वर्णन।

मूल। दो०। भूखनभारसंभारिहै क्यौंइहितनसुकुमार॥
सूधेपायनधरपरत सोभाईकैभार॥ ५३७॥

टीका।—सखी का वचन नायक से। गहने का बोझ सभालेगी क्योंकर इस सुकुमार शरीर से नायका। सूधे पाँव गड़ी भूमि में पड़ते शोभा-ही के बोझ से।

अथवा स्त्री की शोभा कुच नितंब हैं। तिन के बोझ से धरती में सूधे पाँव नहीं धर सकती॥ काकोक्ति (काकूक्ति) अलंकार। काकु-उक्ति, क्योंकर सँभालेगी॥

मूल। नजकधरतहरिहियधरै नाजुककमलाबाल।
भजतभारभयभीतहै घनचंदनबनमाल॥ ५३८॥

टीका।—सखी का वचन नायक से। नहीं चैन पडता, हे कृष्ण, छाती पर लगाने से सुकुमार लक्ष्मी सी नायका को। भाजती है, बोझ से भयमान हो, कपूर चंदन बनमाल से। ऐसी सुकुमार है॥

दूजा अर्थ। नायक-विरह। सखी का वचन नायका से।

सोरठा। हरि न धरत कल हीय धारत नाजुक बाल सुनि।
भजत भार लखि जीय मलय माल तें विरह त्रास॥

वार्त्ता। धारन क्या कि, कपूर, चंदन, माला, इन के धारन करने से चैन नहीं पाते, हे नाजुक बाल। यह विशेषण साभिप्राय है कि, तू भी सुकुमार है, त्रासता के दुख को भली भाँति जाने है॥ परिकरालंकार।

दोहा। परिकर साभिप्राय है कहै विशेषण धार।
नाजुक यह जु विशेषणै साभिप्राय निहार॥

तीजा अर्थ। नायका-विरह। सखी का वचन नायक से।

दोहा। हे हरि न जक धरत हिया नाजुक कमला बाल।
भजत भार भय लखि धरै घन रु मलय जल माल॥

भार के दो अर्थ।

दोहा। घन जल मानत भार सम भार उष्ण थल जानि।
मालहि जानति भार तुल महा बोझ सम मानि॥

व्याघातालंकार।

दोहा। कौन-हुँ एक प्रकार तें सुखद अहित व्याघात।
घन रु मलय जल माल ये भये दुखद विख्यात॥

चौथा अर्थ। धीराधीरा नायका का वचन नायक से।

दोहा। रति प्रस्वेद चंदन चच्यौ सुमन रहे घन माहि।
तहाँ कहति कछु व्यंग सौं धीर अधीरत माहि॥
हरि कल नहि सु लखी हिये नाजुक दबै न बाल।
या तें तनु चंदन सुमन भजत भार भय लाल॥

भजत का अर्थ अंगीकृत॥ लुप्तोत्प्रेक्षालंकार। मानो इस हेतु से दबै नही प्यारी। हलकी माला, पतला चंदन, अंगीकृत किया॥

पाँचवाँ अर्थ। परमारथ पक्ष।

दोहा। जे हरि हियहिँ धरे सु ते जक न धरत श्री जोइ।
भजत मलय बन पंक्ति जहँ अहि भय जाय न कोइ॥

व्यतिरेकालंकार।

हरि की शरण अति सुखद है कमला (लक्ष्मी) से अरु तिय की प्रीति से। इस से इन की जक छोडी व्यतिरेक॥

मूल। छालेपरिबेकीडरन सकैनसायकुबाइ।
झझकतिहियहिगुलाबकें झाँवाँझाँवावतिपाइ॥ ५३६॥

टीका।—सखी का वचन नायक से। छाले पडने के डर से सकती नही हाथ छुला कर नाइन। झिझकती है मन में गुलाब के झाँवे से झँवावती हुई पाँव नायका॥

प्रश्न॥ दोहा। यह सु झँवैयत पद अवन सुवन झँवावत होइ।
अरु धर सेजादिक-हु तें कहा कठिन कर सोइ॥

उत्तर॥ विरहिणि गुरु-जन सासना ध्यावति पग किहुँ दाइ।
नाइनि छाले के डरनि कुसुमनि धोवति पाइ॥

सोरठा। गुरु-जन सासन पाइ पग सु झँवैयत पद बन्यौ।
अरु समैल पग भाइ विरहिणि के यह संभवै॥

सुकुमारता का अर्थ है-ही, पर इस भाँति अति चमत्कार है॥ संबंधातिशयोक्ति अलंकार॥

दोहा। संबंधातिशयोक्ति जहँ योग अयोगहि देत।
हाथ छुवत छाली परै पगहि योग नहि हेत॥

मूल। मैंबरजीकैबारतू इतकितलेतिकरौट।
पखुरीगरैगुलाबकी परिहैगातखरौट॥ ५४०॥

टीका।—सखी अंतरंगिनी का वचन मानवती नायका से, सैन समें इंपती के। मैं ने बरजा कइ बार तू इधर क्यौं लेती है करवट। पँखडी गडैगी गुलाब की। पडैगी शरीर में खरौंट॥

प्रश्न॥ दोहा। इत कित लेति करौट पद या में अर्थ बनै न।
पखुरी तौ सब सेज पर होत अर्थ यह बैन॥

उत्तर॥ फूल गैंद खेलैं दुवौ पिय बच प्रथम दिखात।
किम कर-चौट बचायवौ पुनि तिय बच मृदु गात॥

प्रश्न॥ गातहि मृदु, कहँ कर नही।

उत्तर॥ तहँ सखि सौं तिय बैन।
तू क्यौंकर-हि बचावई सखि-बच मृदु तन ऐन॥

संबंधातिशयोक्ति अलंकार। पूर्वोक्ति तें जानिये॥

कातनेवाली वर्णन।

मूल। ज्यौंकरत्यौंचुहँटीचलै ज्यौंचुहँटीत्यौंनारि।
कविसौंगतिसीलैचलति चातुरकातनहारि॥ ५४१॥

टीका।—नायक वचन सखी से। जिस भाँति हाथ चलै है, तिसी भाँति चुटकी चलत है। जिस भाँति चुटकी चलै है, तिसी भाँति गरदन चलती है। शोभा सी गति सी ले चलती है चतुरी कातनेवाली॥

प्रश्न॥ दोहा। चुहँटी के तौ चलत में कर चलवौ तहँ चाहि।
कर चुहँटी कछु भिन्न नहि कही भिन्न किम चाहि॥

उत्तर॥ सहित घेरनी ज्यौं चलत तिय दृढ कर सुत आइ।
त्यौं बाएँ चुहँटी चलति और जीव तिहिं दाइ॥

प्रथम आरंभ में स्त्री का दाहना हाथ चलता है। तैसे-ही फिर बाएँ हाथ को चुटकी चलती है। फिर तिसी भाँति ग्रीवा चलती है। सो गति की भाँति है॥ जाति अलंकार स्पष्ट है॥

गर्भिणी वर्णन।

मूल। दृगथिरकौंहैंअधखुल्ले देहथकौंहैंढार।
सुरतसुखितसीदेखियत दुखितगरभकैभार॥ ५४२॥

टीका।—सखी का वचन सखी से। नैन चंचल अधखुले हैं नायका के, औ शरीर थके की भाँति है। सुरतांत में जैसे सुखी देखती हैं तैसे दुखी आधान के बोझ से देखती हैं हम नायका को॥ सुरति का सुख औ गर्भ का दुख समान किया॥ जाति अलंकार स्पष्ट है॥

गवारी वर्णन।

मूल। गोरीगदकारीपरे हँसतकपोलनिगाड।
कैसीलसतिगँवारियह सुनकिरवाकीआड॥५४३॥

टीका।—सखी का वचन नायक से। नायक को दिखावै है नायका सखी। गोरी गुदगुदी है औ पड़े है हँसते हुए गालों में गढा। कैसी शोभा देती है गँवारी यह सुनकिरवा की आड दिये। सुनकिरवा एक कीडा है। तिस का पर पत्ते के रंग होता है। उसी के पर की आड सी लगाती हैं॥ जाति अलंकार स्पष्ट है॥

मूल। प्रफुलाहारहियेलसै मनकीबिंदीभाल।
राखतिखेतखरीखरी खरेउरोजनिबाल॥ ५४४॥

टीका।—सखी का वचन नायक से, कै नायक वचन सखी से। प्रफुला एक वृक्ष है। संस्कृत में उसे गन्धफल औ कुज कहते हैं। तिस के फूलों का हार छाती पर शोभा देता है, औ सन के फूल की बेंदी सिर पर शोभायमान है। रखती है खेत खडी खडी खडे कुचों से नायका। खेत रखना पद श्लेष है। मीर रखना औ खेती को रखवाली करना॥ जाति औ श्लेषालंकार स्पष्ट है॥

रति-महिमा वर्णन।

मूल। चमकतमकहाँमीमिमक ममकझपटलपटानि।
एजिहिंरतिमोरतिमुकति औरमुकतिअतिहानि॥५४५॥

टीका।—सुरत समैं नायका बल करै है। तिस से नायक वचन। चौंकना, क्रोध करना, हँसना, सिसकना, मसकना, झपट कर लिपटना। ये जिसे रति हैं, सोई रति मुक्ति है। औ मुक्ति में रति की अति हानि है॥ व्यतिरेकालंकार।

दोहा। व्यतिरेक सु जहँ दुहुन में इकहि अधिकता होइ।
इती अधिक रति मुक्ति में उहि सु मुक्ति तें जोइ॥

मूल। तनकझूठनिमवाद्यौ कौनयातपरिजाइ।
तियसुखरतिआरंभकी नहिझूठियहिमिठाइ॥५४६॥

टीका।—सखी का वचन सखी से, कै नायक से। तनक भी झूठ स्वाद नहीं क्या जानिये कौन सी बात जा पडै। नायका के मुख से रति के आरंभ की नहीं झूठी-ही मीठी लगती है॥ अयुक्तायुक्त अलंकार।

सोरठा। अशुभै शुभ ह्वै जाइ सु वहै अयुक्तायुक्त है।
नहि झूठियै मिठाइ रति में अनठाँ अशुभ है॥

मूल। जोनजुगुतिपियमिलनकी धूरमुकुतिमुहदीन।
ज्यौंलहियेसँगसजनतौ धरकनरकहूकौन॥५४७॥

टीका।—नायका वचन सखी से। जो नहीं है युक्ति पी के मिलने की, तौ धूल मुक्ति के मुँह दी। जौ पाइये संग सज्जन का, तौ डर नरक का भी अंगीकार किया मैं ने॥

प्रश्न॥ छंद। मुँह मुक्ति डारनि धूरि। यह युक्ति नहि शुभ मूरि॥
बिच नर्क सुख न मिलाप। ह्याँ भोगवत फल पाप॥

५४७। जुगुति, उपाय॥ इति व्यतिरेकालंकार॥

उत्तर॥ सखि दूति उत्तर दीन। यह समुझि बात प्रवीन॥
जो मिलन पीय अयुक्त। यह धूरि तुल तुव सुक्ति॥
पर पुरुष दृ न मति मानि। इन मिले दोष न जानि॥

अनुज्ञालंकार।

दोहा। दोष जाचियत किहुँ सु-गुण लखै अनुज्ञ सु जोउ।
गुण बड पिय सँग को तनक दोष नरक यह होउ॥

प्रभात वर्णन।

मूल। कुंजभौनतजभौनको चलियेनंदकिशोर।
फूलतिकलागुलाबको चहुंधाबटचहुँओर॥ ५४८॥

टीका।—सखी का वचन नायक से। कुंज का मंदिर छोड, मंदिर को चलिये, हे श्री-कृष्ण। फूलती है कली गुलाब की, औ चिडियाँ बोलती हैं चारौं ओर॥

प्रश्न॥ दोहा। कुंज छुडावति सखि न रस अरु तज भवन जु अर्थ।
कुंज चली घर तज शबद बनै न बुद्धि समर्थ॥
उत्तर॥ काकी काहूँ काहु सखी चली भवन यह बैन।
सुनि बर सखि बोली सु जिन थपै यही मत-ऐन॥
व्हाँ काकोकति कुंज तजि कह चलिये मधि भौन।
देखौ शोभ गुलाब की यह समयौ नहि गौन॥

काकूक्ति अलंकार स्पष्ट है॥

हिंडोला वर्णन।

मूल। हिंहिंडोरगगनतें परीपरीसीटूटि।
धरीधार्यापियबीचही करीखरीरसलूटि॥ ५४९॥

टीका।—सखी का वचन सखी से। देख हिंडोले-रूपी आकाश से गिरी परी सी टूट के। पकडी दौड के नायक ने अधर-में-ही, और करी अति रस की लूट॥

प्रश्न॥ दोहा। रस की लूट करी सु तौ कही खरी कहँ आहि।
उत्तर॥ बाधक-हू साधक भये सबै सराहत चाहि॥

दूजा अर्थ। वार्त्ता। नायका को गिरते हुए छाती से लगाई यही रस लूट की खडी करी। इस भाँति भी अर्थ है॥

तहाँ प्रश्न॥ परी सी टूटी, यहाँ ऊँचे से गिरी जानिये। उस का खडा होना न जानिये। क्योंकि सुकुमारता-हीन है इस में॥ रूपक, यमक, औ उपमेयलुप्तोपमालंकार॥

दोहा। रूपक-गगन हिंडोर तें यमक परी है बार।
उपमा उपमिय लुप्त की संकर लखि निरधार॥

मूल। बरजँदनीहूँचढै नासकुचैनसँकाइ।
टूटतिकटिदुसचौभचक लचकिलचकिबचिजाइ॥५५०॥

टीका।—सखी का वचन सखी से, की नायक से। बरजने से दूनी ही चढती है हिंडोले पर नायका। न सकुचती है न डरती है। टूटती है कमर दोनौं ओर के बोझ से (कहैं नितंब औ छाती के), झुक कर लचक लचक के बच जाती है। तृतीय विभावना औ वीप्सालंकार।

दोहा। बाधक छत-हू काज जहँ होइ विभावन जानि।
बरजै बढति सु वीपसा लचकि लचकि मधि मानि॥

मूल। नेचुभकोचलिजातितित जितजलकेलिअधीर।
कीजतकेसरनीरसे तितततकेसरनीर॥५५१॥

टीका।—सखी का वचन सखी से। मार की गीता चली जाती है नायका तिधर, जिधर जल केलि का अधीर नायक है। करती है केसर का पानी सा तिधर के तालाब के पानी को॥ यमक औ धर्मलुप्तोपमालंकार। केसर केसर यमक। केसर-नीर उपमान, सर-नीर उपमेय, से वाचक, रंग धर्म नहीं॥

मूल। बिहसतिमकुचातिमोहिय कुचयाँचरबिचबाँह।
भीजेपटघरकौंचली न्हायसरोवरमाँह॥५५२॥

टीका।—सखी का वचन सखी से। हँसती सकुचती सी मन में, छाती औ अंचल को बाँहौं में दबा, भीगे कपड़ौं घर को चली, न्हा के तालाव में, नायका॥ जाति अलंकार स्पष्ट है॥

मूल। मुखपखारिमुंडहरभिजै सोसमजलहथछुवै।
मौरिउचैघुटनिन नारिसरोवरन्हाइ॥ ५५३॥

टीका।—सखी का वचन सखी से, कै कवि की उक्ति। मुख धो, सिर का कपड़ा भिंगो, सिर पर पानी समेत हाथ छुला। जूड़ा ऊँचा कर घुटनौं से झुक कर नायका तलाव में नहाती है॥ जाति अलंकार स्पष्ट है॥

मूल। छिरकैनाइनवोढ़ृदृग करपिचकीजलजोर।
रोचनरंगलालीभई त्रियतियलोचनकोर। ५५४॥

टीका।—सखी का वचन सखी से। छिड़के नायक ने नवोढा के नैन हाथ की पिचकारी कर जल के बल। गोरोचन के रंग लाली हुई दूसरी नायका के नैन के कोयौं में॥ असंगति अलंकार। छिड़के नैन नवोढा के, औ हुए सौति के दृग लाल इस से॥

वन-विहार वर्णन।

मूल। चलतललितस्रमस्वेटकन कढ़ितअरुनमुखबास।
वनविहारथाकीतरुनि खेदयकाथनन॥ ५५५॥

टीका।—सखी का वचन सखी से। चलते हुए सुंदर श्रम से पसीने की बूँदौं सहित लाल मुँह घर शोभा का हुआ। औ बन में फिर कर, कै लीला कर के, थकी जो नायका, तिस के रूप ने नायक के नैनौं को अति आसक्त किया॥ जाति अलंकार स्पष्ट है, औ विभावना भी संभवै, क्यौंकि अकारण वस्तु से काज हुआ। थकी ने थकाये॥

मूल। बढ़तिनिकसिकुचकोरुचि कटतगौरभुजमूल।
मनलुटगोलोटनचढ़त चूँटतिऊँचेमूल॥५५६॥

टीका।—सखी का वचन सखी से, कै नायक वचन सखी से। बढ़ती आँगो से

निकल कुच के किनारे की शोभा औ वस्त्र से उघडते गोरे खवौं के। मन लुट गया चिबली के चढते, तोडते ऊँचे फूल देखि नायका को॥ जाति अलंकार स्पष्ट है॥

मूल। अपनेकरगुहिआपहठि हियपहिराईलाल।
नौलसिरीऔरैचढी मौलसिरीकीमाल॥५५७॥

टीका।—सखी का वचन सखी से। अपने हाथ से गूँध आप-ही हठ कर के छाती में पहनाई श्री-कृष्ण ने। नई शोभा और-ही चढी मौलसिरी की माला से नायका के मुख पर॥ भेदकातिशयोक्ति औ छेकानुप्रास अलंकार।

दोहा। औरै पद तें जानिये भेदकातिशयउक्ति।
नौल सिरी के प्रास तें छेकनुप्रास प्रयुक्ति॥

मूल। [illegible]

टीका।—सखी का वचन सखी से। ज्यौं ज्यौं चौंक कर ढकती है मुख नायका, और निहुडती है, हँसती है, खिजलाती है, त्यौं त्यौं गुलाल की मूँठी झूठी से झिझका-वता है नायक॥ पर्यायोक्ति औ स्वभावोक्ति अलंकार। छल कर इष्ट साधना पर्यायोक्ति। नायक नायका की चेष्टा स्वभावोक्ति॥

मूल। पीठदिएँनेकुसुमि करघूँघटपटटारि।
भरिमुलाबकीमूँठिसौं गईमूँठिसीमारि॥५५८॥

टीका।—नायक वचन सखी से। पीठ फेरे खडी थी नायका, सो तनक मुड कर हाथ से घूँघट का कपडा टाल के, भर के गुलाब की मुट्ठी से गई जादू सा कर के॥ मूँठ मारना, जादू कर मारना॥ जाति अलंकार, औ मूँठि मूँठि यमकालंकार स्पष्ट है॥

मूल। दियौजुपियतनखिचखनिमें खेलतफागुबियाल।
बाढतहूआतिपीरसुन काढतबनतगुलाल॥५६०॥

टीका।—सखी का वचन सखी से। दिया जो नायक ने देख के आँखौं में खेलते हुए होली के खेल में। बढते हुए भी अति दुख के सो नहीं काढते बनता है गुलाल नायका को॥

प्रश्न॥ दोहा। प्रश्न इहाँ पिय हाथ को दृग में पाय गुलाल।
बाढति है अति पीर क्यौं अर्थ न होतु रसाल॥
जो कहिहौ रज-कण परै पीर होति दृग रीति।
तहँ इंद्री आधीन है मन के मन पिय प्रीति॥
या तें पीर जु चखन में बढिबो कहन न योग।
और तहाँ अति शब्द को कौन हेतु सु प्रयोग॥

उत्तर॥ नैननि परतु गुलाल तब पिय को लखिबो नाहिँ।
मूरति दृष्टि न आवई यहो पीर दृहि माहिँ॥
जैसे यहाँ अति अधिक पद क्यौं लखि-हूँ अधिकाइ।
दियो जु पिय ने चखनि में पूर्ण अर्थ इहिँ भाइ॥
लखिबो भाव सुनो अबै जा सौं रस सरसाइ।
लखि को अर्थ किये सु अति अर्थ बूझ लगि जाइ॥
पिय ने लखि कह चाव सौं बडी बार जुनिहारि।
डार्यो चखनि गुलाल तिहिँ बडी पीर हिय धारि॥
और समय सब के दृगनि डारत हुते गुलाल।
क्रम सौं मेरे दृगन-हूँ परत हुतो तिहि काल॥
आज कछू लखि मो दृगनि डार्यो खेलत फाग।
वह लखिबो पिय को भयो बंद सु अति दुख लाग॥

अनुज्ञालंकार।

दोहा। दोष जाचियत किहुँ सुगुण लखै अनुज्ञ सुधीर।
पीय मनोरथ करन बड लाभ दोष तनु पीर॥

मूल। छुटतमुठीसँगहीछुटी लोकलाजकुलचाल।
लगैदुहुनिदृकसंगही चलिचितनैनगुलाल॥ ५६१

टीका।—सखी का वचन सखी से। छुटते मुट्ठियौं के संग-ही छुटी लोक लाज औ कुल की रीति। लगैं हैं दोनौं के, एक साथ-ही चल के, चित नैन औ गुलाल

सहोक्ति अलंकार।

दोहा। सो सहोक्ति सह भाव जहँ मन-रंजन विधि होइ।
मुठी लाज सँगही छुटी ह्याँ यह विधि है सोइ॥

मूल। गिरैकाँपिकछुकछुरहै करपसीजिलपटाइ।
डारतमुठीगुलालकी छुटतभुठीह्वैजाइ॥ ५६२॥

टीका।—सखी का वचन सखी से। गिरै है हाथ काँप के कुछ औ कुछ रहै हाथ पसीज लिपट कर। डालते हुए मूठी गुलाल की छुटते-ही झूठी हो जाती है।

तातपर्य यह कि, नायका को, कै नायक को, देखि सात्विक होता है। तिस से कंप औ खेद होता है॥ विशेषोक्ति अलंकार। मुठी गुलाल भर छोडना कारण है, औ लगना काज नही होता॥

मूल। ज्यौंज्यौंपिटभटकतिहठति हँसतिनचावतिनैन।
त्यौंत्यौंनिपटउदारहू फगुआदैनबनैन॥५६३॥

टीका।—सखी का वचन सखी से। जैसे जैसे नायका कपडा झटकती है, हठ करती है, हँसती है, नचाती है नैन। तैसे तैसे अति दानी नायक से भी फगुआ देते बनता नही।

तातपर्य यह कि, नायका चेष्टा करै है, सो नायक को अच्छी लगै है। तिस से फगुआ नही देता, कि देने से ये चेष्टा न करैगी॥ विशेषोक्ति अलंकार। उदारता कारण है। देना काज नही होता॥

मूल। रसभिजयेदोऊदुहूँनि तउठिकरहैटरैन।
छबिमौकिरकतप्रेमरँग भरेपिचकारीनैन॥ ५६४॥

टीका।—सखी का वचन सखी से। रस के दो अर्थ, प्रीति औ जल। रस से भिंगोये दंपती ने परस्पर, तौ भी जम रहे, टलते नही। शोभा से छिडकते हैं प्रेम का रंग, भर के नैनौं से, औ छिडकते हैं भर पिचकारी रंग प्रेम से नैनौं मैं॥ रूपकालंकार स्पष्ट है, नैनौं की क्रिया होली से रूपक॥

वसंत-ऋतु वर्णन ।

मूल । कुकिरमालमौरभमने मधुरमाधुरीगंध ।
ठौरठौरभौंरतभँपत भौंरभौंरमधुअंध ॥ ५६५ ॥

टीका ।—सखी का वचन नायका से, कै कवि की उक्ति । कुक के मौर की सुगंध से, औ सने मीठी माधुरी लता की गंध से, ठाँव ठाँव गूँजते झुकते हैं भौंरौं के झुंड मकरंद मदिरा से अंधे हो ॥ जात्यलंकार स्पष्ट है ॥

मूल । दिसदिसकुसुमितदेखिऐ उपवनविपिनसमाज ।
मनहुंबियोगिनिकौंजियौं सरपंजरारितुराज ॥५६६॥

टीका ।—सखी का वचन नायका से, कै नायका वचन सखी से । दिसा दिसा में फूले देखे हैं बाग औ बन के समूह । मानो वियोगिनियौं के लिये किया है सर-पंजर (कहैं तीरौं का पिंजरा, जैसे बहेलिये पक्षियौं के मारने को करते हैं, तैसे) वसंत ने । काम के बान हैं फूल । तिन का पिंजरा किया है विरहिणियौं के मारने को । उत्प्रेक्षालंकार स्पष्ट है मानो पद से ॥

मूल । फिरिघरकौंनृतनपथिक चलेचकितचितभागि ।
फूल्योंदेखिपलासबन समुहेसमुझिदवागि॥५६७॥

टीका ।—कवि की उक्ति । फिर के घर को नये बटोही चले, चित में चौंक भाग के । फूला देख के ढाक का जंगल, साम्हने समझ के बन की आग । भ्रांत्य-लंकार स्पष्ट है ॥

ग्रीष्म-ऋतु वर्णन ।

मूल । नाहिनयेपावकप्रबल लुएँचलितचहुँपास ।
मानौंबिरहवसंतके ग्रीषमलेतिउसास ॥ ५६८॥

टीका ।—नायका वचन सखी से, कै कवि की उक्ति । नहीं है यह आग बल-वान । लुएँ चलती हैं चारौं ओर । मानौं बिरह से बसंत के, ग्रीषम लेती है लंबी साँसें ॥ हेतूत्प्रेक्षालंकार स्पष्ट है ॥

मूल । कहलानेएकतरहत अहिमयूरमृगबाघ ।
जगततपोवनसौकियौ दीरघदाघनिदाघ ॥ ५६९ ॥

टीका ।—सखी का वचन नायका से, तौ अभिसार कराना हेतु । औ नायका वचन नायक से, तौ प्रवत्स्यत्प्रेयसी, गमन रोकना हेतु । औ कवि की उक्ति भी संभवै । दुख पा कर इकट्ठे रहते हैं साँप, मोर, हरिन, औ बाघ । संसार को तपोवन सा (कहैं तपस्वियौं का बन कि जहाँ किसी का किसी से बैर नहीं) किया है निरबैर ग्रीषम की बडी गरमी ने ॥ पूर्णोपमालंकार ।

दोहा । जगत इहाँ उपमेय है तपबन है उपमान ।
सौ वाचक, रिपुता तजी रिपु न धर्म सु बखान ॥

मूल । बैठिरही अतिसघनबन पैठिसदनतनमाहँ ।
देखिदुपहरीजेठकी छाहौंचाहतिछाहँ ॥ ५७० ॥

टीका ।—नायका वचन नायक से, तौ स्वयंदूतिका, औ सखी का वचन नायक से, तौ विदेश जाना वारन, औ कवि की उक्ति भी संभवै । बैठ रही अति सघन बन में घुस शरीर-रूपी घर में । देख के दुपहरी जेठ महीने की छाँह भी चाहती छाँह । वृक्ष के तले छाँह आती है । सो मानौ जेठ की दुपहरी देख कै । हेतूत्प्रेक्षालंकार स्पष्ट है ॥

पावस-ऋतु वर्णन ।

मूल । पावसघनअँधियारिमैं रह्यौभेदनहिंआन ।
रातिदीसजान्योपरै लखिचकईचकवान ॥ ५७१ ॥

टीका ।—सखी का वचन नायका से, कै कवि की उक्ति । बरषा के बादलौं के अँधेरे में रहा भेद नहीं कुछ और । रात दिन जाना जाता है, देख के चकवी चकवौं को ॥

तात्पर्य यह कि, हे सखी, देख, रात दिन और भाँति नहीं जाना जाता । एक चकवा चकवी की बोली से जाना जाता है । क्यौंकि दिन संयोग में नहीं बोलते, रात वियोग में बोलते हैं ॥ परिसंख्यालंकार ।

दोहा। अर्थ निषेधे एक थल दूजे थल ठहराइ।
निसि दिन ग्रास न किहुँ सुहै इक चकई चक पाइ॥

मूल। तियतरसौंहैं चितकिये करिमरसौंहैं नेह।
धरपरसौंहैं हरहै करबरसौंहैं मेह॥ ५७२॥

टीका।—कवि की उक्ति। नायकाओं के तरसौंहैं मन किये नेह ने कर के जल के सामने। धरती को छूनेवाले हो रहे हैं हाथ से बरसनेवाले बादल॥

प्रश्न॥ वार्त्ता। जो नायकाओं के तरसौंहैं चित किये, तो क्या नायकों के चित तरसौंहैं नहीं करते बादल॥

उत्तर॥ तिय तरसौंहैं कहैं नायकाओं को तरसैं। ऐसे मन नायकों के किये बरसौंहैं बादलों ने। इस में दोनों अर्थ कढते हैं नायका औ नायक के॥ छेकानुप्रास अलंकार स्पष्ट है तरसौंहैं बरसौंहैं शब्द से॥

मूल। कूढ़ँगकीपतिजरँगरली करतिजुबतिजगजोइ।
पावसबालनगूढ़यह बूढ़निहूँरँगसोइ॥ ५७३॥

टीका।—सखी का वचन मानवती नायका से। अहे, यह बुरी रीति का क्रोध छोड। देख। करती हैं रँग-रलियाँ जवान स्त्रीं जगत में। बरषा ऋतु में यह बात छिपी नहीं, बूढ़ों को भी रंग होता है॥ काव्यलिंग औ श्लेषालंकार स्पष्ट है। रँगरली करना दृढ किया काव्यलिंग। बूढ़ पद श्लेष, बूढा औ बीरबहुटी॥

मूल। हठनहठीलीकरिसकै हठिपावसऋतुपाइ।
आनगाँठिघटिजायत्यौं मानगाँठिछुटिजाइ॥ ५७४॥

टीका।—सखी का वचन मानवती नायका से, कै कवि की उक्ति। हे हठीली स्त्री, हठ नहीं कर सकती, कै हठीली नायका हठ नहीं कर सकती, यह पावस को

५७२। धरपरसौंहैं हरहै करिबरसौंहैं मेह। इति पाठान्तरम्॥ मानो कौं राखी करि कैं, सखी नायक सौं कहति है। तिय जे तरसौंहैं (चाह-भरी) चित किये। तुम कौं बरसैं हैं, या की अर्थ चाहैं हैं। नेह कौं सरसौंहैं करि कैं (अधिक करि कैं)। करि लगाय कैं बरिसौंहैं मेघ हैं (बरिसनवाली है)। तुम पराये घर के सौंहैं (सामने) ही रहे हो, चौरि नायिका पास जाने कौं चाहत हो॥ इति हरिप्रकाशे॥

ऋतु पा कर। ज्यौं और गाँठ छुट जाय है, त्यौं मान गाँठ छुट जाती है पावस में॥ विभावनालंकार। विरह से काज। छुटने के कारण से गाँठ छुटना काज हुआ॥

मूल। बेई चिरजीवी अमर निधरक फिरौ कहाइ।
छिन बिछुरे जिनकौ इहिं पावस मयौ मिराइ॥५७५॥

टीका।—नायका वचन सखी से। वे-ई चिरंजीव औ अमर निधडक फिरी कहा कर, छिन एक बिछुडे जिन की नही इस बरषा ऋतु में मौत हो॥

प्रश्न॥ वार्त्ता। चिरजीवी अमर पुनरुक्ति है॥

उत्तर॥ चिरजीवी बहु-काल जिये, औ अमर सो जो न मरे॥

प्रश्न॥ दोहा। जो वियोगिनी के वचन तौ इहिं जियत बनै न।
पावस बिछुरे नहि जियत कहै सु इमि किमि बैन॥

उत्तर॥ पावस पहिले आइबौ अवधि बदी-ही मित्त।
तहँ तिय की यह पत्रिका सोध देति पिय चित्त॥

तहाँ प्रश्न॥ दोहा। तिया लिखी जियहौं नहीं पिय दिय जियत बताइ।
तब इनि वे सु अमर कही दूरि भूमिका भाइ॥

अर्थ विधि॥ दोहा। यह सु प्रवत्स्यद्वर्त्तिका पियहि चलत तिहिं बैन।
जे पावस बिछुरे जियैं ते वे अमर सुखै न॥

वार्त्ता॥ धुनि यह कि, मैं नही जियौंगी॥ मरणाक्षेप अलंकार स्पष्ट है॥

मूल। अबतजनामउपायकौ आयौसावनमास।
खेल्यौ नरहिबौ खभमयौ कदमकुसुमकौवास॥५७६॥

टीका।—प्रोषितपतिका का वचन सखी से। अब छोड नाम उपाव करने का। आया सावन महीना। यह खेल मेरा न रहैगा कल्यान से कदंब के फूलौं की गंध के आगे॥ लोकोक्ति अलंकार। खेल अच्छा न रहैगा, यह लोक-कहनि है॥

शरद ऋतु वर्णन।

मूल। घनघेरौ छुटि गोहरावत चलौ चहूँ दिसराह।
कियौ मुचैनौ आयजग मरदमूरनरनाह॥५७७॥

टीका।—कवि की उक्ति। बादलों का घेरा, कै बहुत कटक का घेरा, छूटि गया। प्रसन्न ह्वै लोक चले चारौं दिसा की बाट से। किया सुचित आ के जगत को पावस-रूपी राजा को हटाय शरद-रूपी सूरमा राजा ने॥

दोहा। कुनृप गये नृप होत बर तब यह बिधि जग योग।
बहुतनि घेरा छुटत निज मग मग दिस दिस लोग॥

रूपकालंकार स्पष्ट है, शरद औ राजा से।

मूल। अरुनसरोरुहकरचरन दृगखंजनमुखचंद।
समैआयसुंदरिसरद काहिनकरैअनंद॥ ५७८॥

टीका।—कवि की उक्ति। लाल जो है कमल सोई हैं हाथ पाँव, आँख खंजन, औ मुख चंद्रमा है। समय में आय कै सुंदरी शरद ऋतु किस को नहीं करती आनंदित॥ रूपकालंकार स्पष्ट है, शरद ऋतु औ नायका के रूपक से॥

हेमंत-ऋतु वर्णन।

मूल। ज्यौंज्यौंबढतिबिभावरी त्यौंत्यौंबढतुअनंत।
ओकओकसबलोकसुख कोकशोकहेमंत॥ ५७९॥

टीका।—कवि की उक्ति। जौं जौं बढती है रात, तौं तौं बढता है अनगिनत घर घर सब लोगों को सुख, औ चकवा चकवी को दुख हेमंत ऋतु में॥

तात्पर्य यह कि, संयोगी जन को सुख बढता है, औ वियोगियों को दुख हेमंत में, क्या स्त्री क्या पुरुष॥ निदर्शनालंकार।

दोहा। सु निदरशन किहुं हेतु करि सत अरु असत समान।
बढति निशा सुख लोक अरु कोक शोक परमान॥

मूल। मिलिबिहरतबिछुरतमरत दंपतिअतिरसलीन।
नूतनबिधिहेमंतकी जगतजुराफाकीन॥ ५८०॥

टीका।—सखी का वचन मानिनी नायका से, कै कवि की उक्ति। मिल के विहार करते हैं, औ बिछुडते हैं, तो दुख पाते हैं, नायक नायका अति अनुराग में लीन ह्वै। और नई रीती हेमंत की देखी संसार को जुराफा कियो। जुराफा पद अरबी है।

अर्थ। ईरान की भूमि में एक पक्षी होता है। तिसे वहाँ के लोग गावपलंग कहते हैं। पाँव उस के गाय के से होते हैं, औ रंग चीते का सा। तिस से हेतु यह कि, जैसा वह रंग बिरंग होता है, तैसे-ही जगत रंग बिरंग किया। हेतु यह कि, अगहन पूस में लोग जगत के रंग रंग की दुत्ती दुखाई रिजाई शाल बनात पट्टू दगले अँगरखे पहरते ओढते हैं॥ रूपकालंकार। जगत औ जुराफे का रूपक॥

मूल। कियौसबैजगकामबस जीतेजितेअजेइ।
कुसुमसरहिंसरधनुखकर अगहनगहननदेइ॥ ५८१॥

टीका।—सखी का वचन मानवती से। किया सब जगत को काम के बस औ जीते जितने अजीत थे तिन्हें, काम-देव को तीर कमान अगहन का जाडा पकडने नहीं देता।

प्रश्न॥ दोहा। कही सीत की प्रबलता गहि न सकै धनु काम।
तौ हेमंत में चाहिये काम हीन जग धाम॥
यहाँ तो काम अधिक-हि बढत इक यह प्रश्न सुजान।
कियौ जगत जो काम बस तौ अगहन प्रभुता न॥
उत्तर॥ दोहा। जग करि दीनौ स्वामि बस जीत अजित निज बास।
धनुष गहन श्रम देतु नहि कामहि अगहन दास॥

परिकरांकुरालंकार।

दोहा। साभिप्राय विशेष जहँ परिकर-अंकुर गाय।
धनुष गहन वृत्तांत में अगहन साभिप्राय॥

मूल। आवतजातनजानियै तजितेजहिंसियरान।
घरहिजमाईलौंघर्यौ खरौपूसदिनमान॥ ५८२॥

५८१। कुसुम-सर (काम) ता कौं सर औ धनुष कर में (हाथ में) अगहन गहने नहीं देत है॥ इति परिकरांकुरे॥

५८२। दिनं दिनं दिन-मानमिह पौषे परं चिचीति।
श्वशुर-गृहे जामातुरिव मानः स्वयं मिनोति॥

इह पौषे मासि दिनं दिनं प्रति दिनस्य मानं (प्रमाणं) परं यथा भवति तथा चिचीति (चयं प्राप्नोति)। श्वशुर-गृहे वर्तमानस्य जामातुरिव मानः (सम्मानं) यथा स्वयं मिनोति (क्षीयते) इत्यर्थः॥ इति प्रथमः समग्रतिक्षायाम॥

टीका ।—सखी का वचन मानवती से । आता जाता नहीं जानते, छोड कर तेज द्योत से वै ठंढ से । घर में जमाई छोय जैसे अति घटा हुआ, तैसे पूस का दिन मान औ पूस के दिन में मान ॥ पूर्वोपमालंकार । मान उपमेय, जमाई उपमान, लौं वाचक, घटना धर्म ॥

शिशिर-ऋतु वर्णन ।

मूल । तपनतेजतपनातपन तन्ततुलाईमाह ।
सिसिरसीतक्योंहूँनघटै बिनलपटैतियनाह ॥ ५८३ ॥

टीका ।—सखी का वचन मानवती नायका से, कै कवि को उक्ति । सूरज के तेज से, आग के तापने से, रुई की रजाई सिहाली ओढने से, माह महीने में, शिशिर-ऋतु की ठंढ किसी भाँति नहीं घटती, हे तिय, बिना लिपटे नायक के, कै बिन लिपटे नायका के ॥ परिसंख्यालंकार ।

दोहा । इक यहु अर्थ निषेध करि अन्य थलहि ठहराइ ।
और भाँति सीत न घटै तिय लपटै-ही जाइ ॥

मूल । लगतिसुभगसीतलकिरन निसिदिनमधुयवगाहि ।
माहसमोभ्रमसूरलौं रहतिचकोरीचाहि ॥ ५८४ ॥

टीका ।—कवि की उक्ति । लगती हैं सुंदर ठंढी किरनें रात की भाँति दिन में सुख विचार के । माह महीने में चंद्रमा के भ्रम से सूरज को तैसे रहती है चकोरी देख के ॥ तात्पर्य यह कि, सीत से सूरज का तेज नहीं जनाय ॥ भ्रमालंकार स्पष्ट है ॥

मूल । रहिनसकौसबजगतमें सिसिरसीतकेत्रास ।
गरमिभाजगढ़वैभई तियकुचशृंगनमवास ॥ ५८५ ॥

टीका ।—सखी का वचन मानी नायक से, कै कवि की उक्ति । रह न सकी सब जगत में शिशिर-ऋतु के जाडे के डर से, गरमी भाग के गढ में बैठी है नायका के कुच पहाड से मवास में, कै कुच-रूपी गढ में अचल मवास कर रही है ॥ तृतीयोक्षा औ रूपक अलंकार । मानौ गरमी भाग कुच-गढ-मवास में रही । कुच औ गढ का रूपक ॥

समीर वर्णन।

मूल। झनितभृंगघँटावली झरतदानमधुनीर।
मंदमंदआवतचल्यौ कुंजरकुंजसमीर॥ ५८६॥

टीका।—पवन वर्णन। कवि की उक्ति। गूँजते हैं जो भौंरे, सो घंटा की कतार है। फूल का रस जो टपकता है, सोई झडता है गज-मद। सहज सहज आता है चला पवन-रूपी हाथी कुंज में॥ रूपक अलंकार, पवन औ हाथी का रूपक स्पष्ट है॥

मूल। रुक्यौसाँकरैकुंजमग करतझाँझझुकरात।
मंदमंदमारुततुरँग खूँदनआवतजात॥ ५८७॥

टीका।—कवि की उक्ति। रुका हुआ सँकडे कुंज के पंथ में करता है झाँझ औ झुकता है। सहज सहज पवन-रूपी घोडा जमता आता जाता है॥ रूपकालंकार, पवन औ घोडे का रूपक स्पष्ट है॥

मूल। चुवतसुंदमकरंदकन तरुतरुतरबिरमाय।
आवतदच्छिनदेसतें थक्यौबटोहीवाय॥ ५८८॥

टीका।—कवि की उक्ति। मकरंद की बूँदें जो चुएँ सोई हैं पसीने की बूँदें, औ पेड पेड के नीचे ठहरता, आता है दक्षिण देश से थका हुआ पथिक-रूपी पवन। मकरंद पुष्प रस॥ रूपकालंकार, बटोही औ वायु का रूपक स्पष्ट है॥

मूल। रह्यौरुक्यौक्यौंहूँमुचलि आधिकरातिपधारि।
हरतुतापसबदौसकौ उरलगियारबयारि॥ ५८९॥

टीका।—नायका वचन, पुनि सखी वचन, पुनि नायका वचन, औ कवि

५८९। बयारि सोई यार है। सो उर (छाती) सों लागि कै संपूर्ण दिन को ताप (दुख, ना) सों हरति है। कहूँ (कोई तरह सों) दिन में रोकी रही नायिका-गुरुजन के डर सों। आधी रात के पीछे चली, नायिका आधी राति कौं पधारी। इति हरिप्रकाशे॥

की उक्ति। रहा दिन भर रुका फिर चल के यहाँ आय। दूर करता है दुख दिन भर का, छाती से लग के। नायका वचन इतना। पुनि सखी वचन। यार। नायका वचन। पवन॥ छेकापह्नुति अलंकार।

दोहा। छेकापह्नुति कहि उनहिं वच मधि दुरवत धारि।
यार कह्यो पुनि सुकर के कह दिय अर्थ बयारि॥

मूल। लपटीपुहुपपरागपट सनीस्वेदमकरंद।
आवतिनारिनवोढलौं सुखदवायुगतिमंद॥५६०॥

टीका।—कवि की उक्ति। लपटी फूल के पराग में पवन, औ नायका लपटी वस्त्र में। नायका सनी है पसीने में, औ पवन सनी है मकरंद (कहैं फूल के रस) में। आवती है नायका नवोढा की भाँति सुखदाई पौन मंद गति से॥ पुहुप पद अधिक है। पराग पुष्परेणु॥ रूपक औ पूर्णोपमालंकार। नवोढा से पौन का रूपक। वायु उपमेय, नवोढ उपमान, लौं वाचक, मंद गति धर्म॥

इति श्री-कवि-लाल-विरचित-लाल-चन्द्रिकायां विहारि-समग्रतिकाटीकायां शिख-नख-ऋतु-वर्णनं नाम तृतीयं प्रकरणं समाप्तम्। शुभम्॥ ३॥

अथ

प्रस्ताविक-नवरस-इत्यादि-वर्णनं

नाम चतुर्थं प्रकरणम् ॥

सज्जन वर्णन ।

मूल । चटकनकाँडतघटतहू मज्जननेहगँभीर ।
फीकोपरैनवरघटै रँग्योचोलरँगचीर ॥ ५८१ ॥

टीका ।—कवि की उक्ति । मनरंजनता नहीं छोडता, बिन संपत्ति होने से भी सज्जन का नेह, ऐसा गंहिरा है । जैसा फीका पडता नहीं, बल घटने से भी, मजीठ का रँगा कपडा ॥

प्रश्न ॥ दोहा । सज्जन में घटबौ कहा घाट होतु है दीन ।

उत्तर ॥ घटत मित्र पै हित बढ़ी पट-रँग समता लीन ॥

वार्त्ता । पट जीर्ण होइ, तौ भी अपना रंग न छोडै ॥ अर्थांतरन्यास अलंकार ।

दोहा । कह्यो अर्थ जहँ पोषिये अर्थ अर्थ सौं एह ।
रँगे चोल रँग-चीर तें पोष्यो सज्जन नेह ॥

दुर्जन वर्णन ।

मूल । नयेविसमियेअतिनये दुरजनदुमहसुभाव ।
आँटिपरप्राननिहरत काँटेलौंलगिपाव ॥ ५८२ ॥

टीका ।—कवि की उक्ति । हे मित्र, न विश्वास कीजिये अति नीचा होने से दुष्ट भी विश्वास घातो का । दाव पर दुख देते हैं, काँटे की भाँति लग के पाँव में ॥

पूर्णोपमालंकार। दुरजन उपमेय, काँटा उपमान, लौं वाचक, लगना धर्म॥

कृपण वर्णन।

मूल। जेती संपति कृपनकै तेती तू मत जोर।
बढत जात ज्यौं ज्यौं उरज त्यौं त्यौं होत कठोर॥५६३॥

टीका।—कवि की उक्ति। जितनी लक्ष्मी सूम की है, तितनी तू मत इकट्ठी कर। देख बढते जाते हैं ज्यौं ज्यौं कुच, त्यौं त्यौं होते हैं कठोर॥ दृष्टांतालंकार स्पष्ट है॥

नीच वर्णन।

मूल। नीचहियँ हुलसे रहैं गहे गेंद के पोत।
ज्यौं ज्यौं माथे मारिये त्यौं त्यौं ऊँचे होत॥५६४॥

टीका।—कवि की उक्ति। नीच मनुष्य मन में प्रसन्न रहते हैं लिये हुये गेंद का पोत। ज्यौं ज्यौं उन के माथे में मारै, त्यौं त्यौं ऊँचे होते हैं॥ दृष्टांतालंकार स्पष्ट है॥

मूल। कोरि जतन कोऊ करै परै न प्रकृतिहि बीच।
नल बल जल ऊँचे चढै अंत नीच को नीच॥५६५॥

टीका।—कडोड उपाव कोई करै, सुभाव फिरता नही। जैसे नल के जोर से फुहारे का पानी ऊँचा चढता है, निदान नीच नीचे-ही जाता है॥ दृष्टांतालंकार स्पष्ट है॥

प्रस्ताविक वर्णन।

मूल। गढ रचना बरुनी अलक चितवन भौंह कमान।
आघु बँकाई ह्वै बढै तरुनि तुरंग मतान॥५६६॥

टीका।—कवि की उक्ति। गढ की रचना, पपनी, जुलफ, दृष्टि, भौंह, धौ कमान।

इन की महिमा बँकाई-ही से बढ़े है, जवान स्त्री, घोड़े, और हाथ की ॥ दीपकालंकार।

उपमा अरु उपमेय कौं इक पद लागत होइ।
गढ आदिक सब ठाँ लग्यौ आधु बँकाई सोइ॥

मूल। तंत्रीनादकवित्तरस सरसरागरतिरंग।
अनबूडेबूडेतरे जेबूडेसबअंग॥ ५८७॥

टीका।—प्रस्ताविक कवि की उक्ति। बीन की ध्वनि, औ कविता के नव रस शृंगारादि जो भगवत विषय लिये हैं अधिक राग के रंग में प्रीति से। नहीं डूबे, जो डूबे संसार-सागर में। औ डूबे, सो तरे सब भाँति संसार-समुद्र को॥

प्रश्न॥ दोहा। नाद आदि जो रस कहे तिन तें तरिबौ नाहिं।
तरन होत इक भजन तें सो नहि दोहा माहिं॥

उत्तर॥ तंत्री नारद कौं कहत तिन को नाद जु भक्ति।
जो या में बूडे नहीं बूडे भव आसक्ति॥

विरोधाभास अलंकार।

दोहा। विरुधाभास विरुद्ध सौ भासै अविरुध शुद्ध।
अनबूडे बूडे विरुध भव बूडे अविरुद्ध॥

मूल। संपतिकेससुदेसनर नवनिदुहुनिडकवानि।
बिभौसतरकुचनीचनर नरमबिभौकोहानि॥ ५८८॥

टीका।—प्रस्ताविक कवि की उक्ति। संपति के बढ़ने से बाल औ अच्छे पुरुष नम्र होंय। दोनौं की एक रीति है। ऐश्वर्य में ऐंठैं कुच औ नीच नर, नम्र होंय ऐश्वर्य जाने से॥

प्रश्न॥ वार्त्ता। केस सुदेस नर कहे तहाँ दोनौं यह पद कहना वृथा। जो केस सुदेस नर विषै एक-ही भाव कहा, सो संपति विषैं नवैं, और कुच नीच नर संपति विषैं कठिन होंहि, संपति गये नरम होंहि। तहाँ केसौं में दोनौं भाव चाहिये॥

दोनौं का उत्तर॥ कुच औ नीच नर संपति में कठिन होंहि, औ संपति गये नरम होंहि। केस औ सुदेस नर की दोनौं समय एक-ही बान है नवना-ही। नवने की बान दोनौं में है, क्या संपति हुए औ गये से॥ दीपकमालालंकार।

दोहा। जहँ उपमा उपमेय सौं लगै एक पद आइ।
सो दीपकमाला कठिन लगै दुऊँ थल आइ॥

मूल। केसैंछोटेनरनितें सरतबडनिकेकाम।
मढ्योदमामाजातक्यौं नैचूहेकेचाम॥ ५९९॥

टीका।—कवि की उक्ति। किस भाँति छोटे मनुष्यौं से होंय बडौं के काम। दमामा कैसे मँढा जायगा चूहे के चमडे को ले कर। दमामा जँट हाथी पर का नकारा॥ दृष्टांतालंकार स्पष्ट है॥

मूल। ओछेबडनहैसकैं लगिसतरौंहेबैन।
दीरघहौंहिननैकहू फारिनिहारैनैन॥ ६००॥

टीका।—कवि की उक्ति। छोटे बडे नही हो सकते टेढी बात सुन के। बडी होती नही आँख कहीं फाड के देखने से नैन के॥ दृष्टांतालंकार स्पष्ट है।

मूल। प्यासेदुपहरजेठके थकेसबैजलसोधि।
मरुधरपायमतीरहू मारूकहतपयोधि॥ ६०१॥

टीका।—प्रस्ताविक कवि की उक्ति। प्यासे हो जेठ के दोपहर समैं पथिक सब थके जल ढूँढ कै। माडवाड की धरती में पाय के बडे तरबूज को भी माडवाडियौं से कहते हैं बटोही कि, यह क्षीर-समुद्र है। पयोधि दूध के समुद्र को कहते हैं। इस मैं व्यंग यह कि, मतीरे से भूख प्यास पथिकौं की गई। इस हेतु पयोधि कहा॥

प्रश्न॥ दोहा। पथिक कहाँ जान्यो परत शब्द माहिं इहिं ठौर।
इहाँ कह्यो मारू कहत पयनिधि अर्थ न और॥

उत्तर॥ सब जल सोधि फिरे तहाँ मारू जन ते नाहिँ।
वे तौ जल जानत वचन या तेँ पथिक लखाहिँ॥
महा प्यास मेँ बिरस जल सोऊ सुखदा होइ।
इहो देश की श्रेष्टता देत मधुर जल सोइ॥

द्वितीय प्रहर्षणालंकार।

दोहा। बंछत ते जहँ अधिक फल द्वितिय प्रहर्षण मानि।
जल सोधत है तहँ लह्यो मधुर मतीर सु मानि॥

मूल। बिरवमवृखाटितकौतृखा जियमतोरनिमोधि।
अमितअपारअगाधजल मारौमूँडपयोधि॥ ६०२॥

टीका।—कवि की उक्ति। अन्योक्ति। ग्रीष्म के सूर्य मेँ जेठ महीने की प्यास जो सही न जाय, तिस मेँ जो मनुष्य तरबूज को ढूँढ खाय पीजिये सो कहते हैँ बेहद अपार औँडा पानी कोई मारो ले अपने सिर से, समुद्र का हमेँ कुछ काम नही पयोधि से॥ अन्योक्ति अलंकार स्पष्ट है। किसी का काम छोटे-ही से सिद्ध होय, तहाँ कहैँ॥

मूल। अतिअगाधअतिऔथरौ नदीकूपसरवाय।
सोताकौसागरजहाँ जाकोप्यासबुझाय॥६०३॥

टीका।—नायक की लगन किसी कमीनी स्त्री से लगी है। तहाँ सखी वचन नायका से। अति औँडा, कै अति उथला, पानी होय नदी कुए तलाव बावडी का। वह उसे समुद्र है जहाँ जिस की प्यास बुझे॥ अन्योक्ति अलंकार स्पष्ट है। जहाँ छोटे राजा से किसी को बहुत प्राप्ति होय, औ बडे राजा से कुछ न मिले, तहाँ कहिये॥

मूल। मीतननीतिगलीतह्वै जोधरियेधनजोरि।
खायेखरचेजौजुरै तौजोरियेकरोरि॥ ६०४॥

टीका।—प्रस्ताविक कवि की उक्ति। हे मित्र, यह नीति नही कि, अपनी

कुदशा बनाय जो रखिये धन जोड के। खाने खरचने से जो रहै, तौ इकट्ठे कीजे कडोड रुपये॥ संभावनालंकार स्पष्ट है, जो तौ पद से॥

मूल। दुसहदराजप्रजानिकौं क्यौंनकरैअतिदंद।
अधिकअँधेरोजगकरत मिलिमावसरविचंद॥६०५॥

टीका।—प्रस्ताविक कवि की उक्ति। दुराज का दुख ऐसा कि सहा न जाय प्रजा को, क्यौं न करै अति कलह। अधिक अँधेरा जग में करते हैं मिल के मावस को सूरज औ चंद्रमा॥ दृष्टांतालंकार स्पष्ट है॥

मूल। धरघरडोलतदीनह्वै जनजनजाचतजाइ।
दियेलोभचसमाचखनि लघुपुनिबडोलखाइ॥६०६॥

टीका।—प्रस्ताविक कवि की उक्ति। हे मन, तू घर घर फिरता है गरीब हो के, औ मनुष्य मनुष्य से माँगता है जा के। दिये हुये है लालच की ऐनक आँखौं में, इस से तुझे छोटा आदमी बडा दिखाई देता है॥ रूपकालंकार लोभ औ चश्मे के रूपक से॥

मूल। बसैबुराईजासुतन ताहीकौंसनमान।
भलोभलोकहिछाँडिये खोटेग्रहजपदान॥६०७॥

टीका।—प्रस्ताविक कवि की उक्ति। रहती है बुराई जिस में, संसार में उसी का मान है। देखो, भले ग्रह को भला कह छोड देते हैं, औ खोटे ग्रह का जप, दान करते हैं लोक॥ दृष्टांत औ लोकोक्ति अलंकार स्पष्ट है॥

मूल। कहँहैवेदस्मृतिधर्मशास्त्र यहैसयानेलोग।
तीनदबावतनिमकौं राजापातकरोग॥६०८॥

टीका।—प्रस्ताविक कवि की उक्ति। कहते हैं यही वेद औ धर्म-शास्त्र सोई, औ यही चतुर लोग भी। ये तीनौं दबाते हैं अशक्त को, राज्य, पाप, औ रोग॥

प्रश्न ॥ दोहा। नृप पापी अरु रोग तौ निसक दबावत रीति।
अघ तौ सबनि दबावई सुर मुनि नर यह नीति ॥
जो पातकि नृप रोग अरु है-ही करहु बखान।
तौ तहँ तीन दबावहीं शब्द न बनै सुजान ॥

उत्तर ॥ सो०। तहाँ अर्थ इहिँ भाइ जो ज्ञानी तिन कौँ नही।
पाप दबावत आइ जो लोकनि-हूँ संहरै ॥

दोहा। ज्ञानी कौँ पाप न लगै करै जु लोक संहार।
गीता मेँ यह वचन है यहै अर्थ निरधार ॥

निसक बल-हीन को कहते हैँ ॥

अर्थ। राजा पराक्रम-हीन को दबावै। रोग देह-बल-हीन को दबावै। पाप ज्ञान-बल-हीन को दबावै ॥ दीपकालंकार।

दोहा। उपमा अरु उपमेय कौँ इक पद लागै आहिँ।
तहँ दीपक सु दबाव पद लग्यौ सबहिँ थल माहिँ ॥

मूल। इकभीजैचहलैपरै बूडैबहैहजार।
कितैनऔगुनजगकरत नैवैचढतीवार ॥ ६०६ ॥

टीका।—कवि की उक्ति। एक भीगे, एक चहले में पडे, एक डूबे औ बहे हजार एक। कितने अवगुण संसार करता है बैस-रूपी नदी चढती बेर ॥

प्रश्न ॥ दो०। नदी चढे के पच्छ लग भीजे आदि प्रकार।
वय के चढे सु किमि तहाँ भीजनादि विधि चार ॥

उत्तर ॥ दो०। भीजनादि के रूप तेँ कहे सु चार प्रकार।
उहाँ बैस कौ दरस सो चार प्रकार विचार ॥
श्रवण स्वप्न औ चित्र पुनि प्रतिछ लखन इहिँ भाइ।
लगन लगत क्रम क्रम सु दुख पर तेँ पर अधिकाइ ॥
जिनि वय सुनी सु दुख भयौ भीजे कौ सो वाहि।
जिहि सपने देखी सु छवि चहले परे सु चाहि ॥

चित्र देखि डूबे निसम दुख सु भयो तनु रूप।
प्रतिछ माहिँ बढ़िबो सु दुख है अपार जु सरूप॥

उल्लासालंकार।

दोहा। इक के गुण तेँ दोष जहँ सो उलास कवि भूप।
नै-वै को बढिबो सु गुण औरहिँ दोष सरूप॥

मूल। गुनीगुनीसबकोउकहत निगुनीगुनीनहोत।
सुन्योकहूँतरुआकतेँ आकसमानउदोत॥ ६१०॥

टीका।—कवि की उक्ति। गुणी गुणी सब किसी के कहे से निगुनी गुणी नही होता। सुना है कहीँ आक के पेड से होता सूरज के समान चाँदना। अर्थात-न्यास अलंकार पूर्वोक्ति तेँ जानिये॥

मूल। संगतिसुमतिनपावहीँ परेकुमतिकेधंध।
राखोमेलकपूरमेँ होँगनहोइसुगंध॥ ६११॥

टीका।—प्रस्ताविक कवि की उक्ति। मनुष्य संगति से सुमति नही पाता पडने से कुबुद्धि के काम मेँ। कोई रक्खे डाल के कपूर मेँ होँग को, पर उस मेँ कपूर की सुगंध न होगी॥ अतद्गुणालंकार। संगति का गुण न लगने से॥

मूल। सबेहँसतकरतालदै नागरताकेनाँव।
गयोगरबगुनकोसबे बसेगँवारनगाँव॥ ६१२॥

टीका।—प्रस्ताविक कवि की उक्ति। सब-ही हँसते हैँ हाथ से ताली बजा के चतुर के नाम से। गया अभिमान गुण का सब-ही, बसने से गँवारोँ के गाँव मेँ॥ लेशालंकार।

छंद। गुण सु दोष आकार। कह लेशालंकार॥

६१० ८ निगुणी कौँ सब कोऊ गुणी गुणी कहै, तौ गुणी नही होय जाय॥ इति हरिप्रकाशे॥

मूल। सोहतसंगसमानसौं यहैकहैंसबलोग।
पानपीकअोठनिबनी नैंननिकाजरजोग ॥ ६१३ ॥

टीका।—प्रस्ताविक कवि की उक्ति। शोभा देता है साथ बराबरी का, यही कहते हैं सब लोग। पान की पीक लाल है, औ होठ भी लाल हैं, इस से दोनौं मिल शोभा पाते हैं, नैन स्याम औ काजल स्याम, इस लिये दोनौं शोभा योग्य हैं॥ समालंकार।

दोहा। जहाँ मिलै अनुरूप कछु सत असतै सम सोइ।
अधर पान अंजन सु दृग दोऊ रँग सम जोइ ॥

मूल। जोसिरधरिमहिमामही लहियतराजाराउ।
प्रगटतजडताआपनी मुकुटमुपहिरतपाउ॥६१४॥

टीका।—कवि की उक्ति। जिस पदारथ को सिर पर रख कर बडाई संसार में पाते हैं राजा औ राव, प्रसिद्ध करते हैं मूरखता अपनी सो मुकुट को पहिर के पाँव में।

तातपर्य यह कि, श्रेष्ट लोक, गुणी लोक, मुकुट समान हैं। सिर धरना आदर करना। जो आदर करते हैं संसार में बडाई पाते हैं। तिन का निरादर करते हैं, सो अपनी मूरखता प्रकाश करते हैं जगत में॥

अन्योक्ति अलंकार स्पष्ट है॥

मूल। अरेपरेखौकोकरै तूहीबिलोकिबिचार।
किहिंनरकिहिंसरराखियौ खरेबढेपरपार॥६१५॥

टीका।—कवि का वचन अपने मन से। रे मन, पछतावा कौन करै। तू-ही देख कै बिचार। किस मनुष्य औ किस तालाव ने अति बढे पर रक्खा पाड। पाड मर्याद॥ दीपकालंकार। रखना पद नर सर, दोनौं शब्द से लगा॥

मूल। बुरौबुराईजोतजै तौमनखरौसकात।
ज्यौंनिकलंकमयंकलखि गनैलोकउतपात ॥६१६॥

टीका।—कवि की उक्ति। बुरा मनुष्य जो बुराई छोड दे, तो मन अति डरता है उस से। जैसे बिन कलंक चंद्रमा देख के, लोग कहते हैं कि अति उतपात होगा संसार में॥ दृष्टांतालंकार स्पष्ट है॥

मूल। भाँविरचनभाँवरिभरौ करौकोरिबकवाद।
अपनीअपनीभाँतिकौ छुटैनसहजसवाद ॥६१७॥

टीका।—प्रस्ताविक कवि की उक्ति, औ मानवती नायका की सखी का वचन नायक से। पहला अर्थ। कोई फिरो, कै न फिरो, और करो करोड बातें। अपनी अपनी रीति का छुटता नही, जो पडा सहज स्वाद (कहैं चसका)॥

दूजा अर्थ। सखी का वचन नायक से। कि तुम करोड बकवाद करो, औ परिक्रमा दो, अपनी अपनी रीति का सहज सुभाव का स्वाद पडा, सो छुटता नही। तुम्हैं घर घर फिरने का स्वाद पडा, औ इसे मान करने का यह जायगा नही॥ विशेषोक्ति अलंकार।

दोहा। होत न कारज हेतु सब विशेषोक्ति कवि-राज।
कोर उपाय जु हेतु तें सहज छुटन नहि काज॥

अन्योक्ति वर्णन।

मूल। जाकेएकौएकहू जगम्यौसायनकोइ।
सोनिदाघफूलैफलै आकडहडह्यौहोइ॥६१८॥

टीका।—अन्योक्ति कवि की उक्ति। जिस के जग में एक भी नही है। हेतु यह कि उस का कोई सहाय नही, औ न एक कोई सामर्थ है (म्यौसाइ का अर्थ संस्कृत में सामर्थ का है), सो वैसे को निदाघ (कहैं ग्रीषम की ऋतु में) आक को फूल फल औ डहडहापन ईश्वर देता है॥

दूजा अर्थ। जिस के बढने से जग में एक को भी लाभ न होइ। सो नर संसार में ऐसे हैं, जैसे ग्रीषम में फूल फल कर आक डहडहा होता है॥

प्रश्न॥ दोहा। एकौ इक पुनरुक्ति पद।

उत्तर॥ तहँ इहिँ विधि है अर्थ।
एकौ जन इक वस्तु करि नहि ब्यौसाइ समर्थ॥

पुनि प्रश्न॥ दोहा। जग में तौ ब्यौसात हैं बहुत आक तें जीय।
शिव-हित सुमन मृगादि दल फल पय औषधि लीय॥

उत्तर॥ जा कै एकौ-ए पुरुष कहुँ ब्यौसाइ न कोइ।
(इक) अर्कहि हित सु निदाघ यह सुमन फलै दल होइ॥

वार्त्ता। तीनौं पदारथ की प्राप्ति एक आक-ही को होती है। जेठ-रूपी पुरुष से आक-रूपी पुरुष ही सोई ब्यौसाय (कहँ लाभ) उठावै॥ अन्योक्ति अलंकार स्पष्ट है॥

मूल। कौकहिमकंवडेनिमौं लखैवडीयौभूल।
दीनेदईगुलाबकौ इनिडारनिवेफूल॥ ६१९॥

टीका।—अन्योक्ति कवि की उक्ति। कौन कह सकै बडौं से, देख कर भी उन की बडी भूल। दिये विधाता ने गुलाब को इन कँटीली डालियौं में वे सुरंग कोमल सुगंधित फूल॥ जहाँ दुष्ट मनुष्य बढै, तहाँ कहिये॥ अन्योक्ति अलंकार स्पष्ट है॥

मूल। सीतलताममुगंधकौ घटैनमहिमामूर।
पीनसवारेजोतज्यौ सोराजानिकपूर॥ ६२०॥

टीका।—अन्योक्ति कवि की उक्ति। शीतलता औ सुगंध (कहँ अच्छे गुण) की घटती नहीं बडाई कुछ भी। पीनसवाले ने जो छोडा शोरा समझ कर कपूर को॥ पीनस एक रोग नाक में होता है कि उस से नाक बैठ जाती है, औ रोगी को सुगंध दुर्गंध कुछ नहीं जनाती॥ कोई श्रीमान गुणी के गुण को न समझै, तहाँ कहिये॥ अन्योक्ति अलंकार स्पष्ट है॥

मूल। चितदैचितैचकोरज्यौं तीजेभजैनभूख।
चिनगीचुगैअँगारकी पियैकिचंदमयूख॥ ६२१॥

टीका।—पहला अर्थ। अन्योक्ति कवि की उक्ति। मन देकर, देख चकोर, जैसे तीजी भाँति उस की भूख नहीं जाती। कै तौ चिनगारी चुगता है आग की, कै पीता है चाँद की किरण से अमृत। जहाँ कोई एक-ही पर आसक्त होय, औ विस के देखने से सुख पावै, औ न देखने से दुख, तहाँ कहिये॥ अन्योक्ति अलंकार स्पष्ट है॥

दूजा अर्थ। सखी का वचन मानवती से॥

दोहा। कै चिनगी कै चंद छवि पिय चकोर ज्यौं चाहि।
कै तुव बिरह सहारई कै तुव संगहि आहि॥

दृष्टांतालंकार स्पष्ट है। चकोर जैसे, इस शब्द से॥

मूल। चलेजाहुहाकोकरैं हाथिनकोव्योपार।
नहिजानतइहिंपुरबसैं धोबीबेंड़कुम्हार॥ ६२२॥

टीका।—अन्योक्ति कवि की उक्ति। चले जाओ, यहाँ कौन मोल लेता है हाथी की। तुम नहीं जानते इस नगर में बसते हैं धोबी बेलदार औ कुम्हार॥

तात्पर्य यह कि, इन के यहाँ गधौं की गाहकी है॥ कोई गुणी कुनगर में रहा चाहै, तहाँ कहिये॥ अन्योक्ति अलंकार स्पष्ट है॥

मूल। नरकोयसुनरनीरकी एकैगतिकरिजोइ।
जेतोनाचोहैचलै तेतोऊँचोहोइ॥ ६२३॥

टीका।—कवि की उक्ति। मनुष्य की औ फुहारे के नल के पानी की एक-ही चाल देखिये। जितना नीचा हो के चलै, उतना ऊँचा होवै॥ दृष्टांतालंकार स्पष्ट है॥

मूल। बढ़तबढ़तसंपतिसलिल मनसरोजबढ़िजाइ।
घटतघटतसुनपुनिघटै बरुसमूलकुम्हिलाइ॥ ६२४॥

टीका।—कवि की उक्ति। बढने से धन के मन बढ जाता है। औ पानी के बढने से कमल बढ जाता है। फिर संपति के घटने से मन नही घटता, औ जल के घटने से कमल नही घटता, बल्कि मनुष्य मर जाता है औ कमल जड से कुम्हला जाता है॥ रूपकालंकार स्पष्ट है, संपति-सलिल औ मन-सरोज से॥

मूल। समैंसमैंसुंदरसबै रूपकुरूपनकाइ।
मनकीसचिजेतोजिते तितैतितीसचिहोइ॥ ६२५॥

टीका।—प्रस्ताविक कवि की उक्ति। समय समय में सुंदर सभी हैं, कोई रूप बुरा रूप नही। मन की इच्छा जितनी जिधर है, तिधर तितनी रुचि होती है॥

प्रश्न॥ दोहा। रूप कुरूप जु सम जहाँ तहँ अबूझ पिय आहि।
अरु निंदा है रूप की रूप रहत सच चाहि॥

उत्तर॥ दोहा। अपने अपने समय सब सुंदर रूप सु जानि।
नहि कुरूप पर पीय की जहँ रुचि अति रुचि मानि॥

परिसंख्यालंकार। एक थल निषेध कर के, दूजे थल ठहराना॥

मूल। गिरितेंऊँचेरसिकमन बूडेजहाँहजार।
वहेसदापसुनरनिकौं प्रेमपयोधिपगार॥ ६२६॥

टीका।—प्रस्ताविक कवि की उक्ति। पहाड से ऊँचे रसिकों के मन, डूबे जहाँ हजार, वही सदा पशु-मनुष्यों की प्रेम का समुद्र पगार है। पगार पाँव तक पानी आवे, तिसे कहते हैं॥

प्रश्न॥ दोहा। कही रसिक बूडन कठिन तरिबो सिंधु सरूप।
सुगम कही पसु-नरनि कौं है पगार के रूप॥
यह असमंजस बात अरु कहत न नीको भाँति यहाँ
अर्थ करौ कवि-राउ॥

उत्तर॥ दोहा। साधु गिरिमता उच्चता या तें गिरि उपमान।
मूढनि पसु उपमा प्रसिध जिन को अबुध बखान॥

गिरि सुभाव बूडन सु ज्यौं तरिबो पशुनि सुभाव ।
सो तहँ प्रेम पयोधि में कहे दुहुनि के भाव ॥
ज्यौं वारिध के नीर पर धरै कोइ गिरि लाइ ।
सो निहचै बूडै लहै रतन संग तर जाइ ॥
जानै सिंधु महात में शीतल गति दुति देइ ।
जहाँ जु पशु जल में परै सो तरि तीरहि लेइ ॥
रतन संग महिमा जलधि नहि शीतलता ताहि ।
तैसैं रसिकनि प्रेम-रस लाभ बहुत विधि चाहि ॥
रतन संग ज्यौं साध सँग प्रभु महिमा रस लीन ।
मूढ सु प्रेम बखानही रस न भिद्यौ हिय दीन ॥

रूपकालंकार स्पष्ट है, प्रेम औ समुद्र से ॥

मूल । संगतिदोषलगैसबनि कहे जमाचैन ।
कुटिलबंकभ्रुसंगमैं कुटिलबंकगतिनैन ॥ ६२७ ॥

टीका।—प्रस्ताविक कवि की उक्ति । संगति का दोष लगता है सब को। लोकौं ने जो कही है सो सच बात कही है । खोटी टेढी भौंह के साथ से हुए खोटे टेढी चाल के नैन ॥

प्रश्न ॥ दो० । कुटिल बंक पुनरुक्ति क्यौं कही सु यह आसंक ।
उत्तर ॥ दुखदाई सो कुटिल है दीसे वक्र सु बंक ॥

उल्लासालंकार ।

दोहा । इक के दोषहि तें जहाँ और हि दोष उल्लास ।
कुटिल बंक सँग ते भये कुटिल बंक परकास ॥

मूल । मौरचंद्रिकाश्यामभ्रम चढिकतकरतिगुमान ।
लखिबौपायनिपरलुटति मुनियतराधामान ॥ ६२८ ॥

६२८ । लखिबौ देखौंगी ॥ इति हरिप्रकाश ॥

टीका।—पहला अर्थ। प्रस्ताविक कवि की उक्ति। हे मोर-पच्छ की चंद्रिका, श्री-कृष्ण के सिर पर चढ के क्यौं करती है अभिमान। देखना है तुझे पावौं पर लोटते सुनते हैं किया राधा-जी ने मान। कोई छोटा मनुष्य बडी ठौर पा के गुमान करै, उस का मान भंग होता देख कहिये॥

दूजा, शृंगार-पक्ष, अर्थ।

दोहा। प्रिया मान कीनौ कछूँ सुधि न पियहि तिहिँ बार।
कोऊ सखि सुधि देति कहि लखि हरि सजन सिँगार॥
निकट सखी तिहिँ सौं कहति मीतहि वचन सुनाइ।
गर्व करति किमि चंद्रिका लखिवी परसत पाइ॥

प्रश्न॥ दोहा। गर्व सु क्यौं करि जानिये कही चंद्रिका माहिँ।
उत्तर॥ यही गर्व निज उच्चता मानति मो सम नाहिँ॥

पर्यायोक्ति अलंकार।

दोहा। पर्यायोक्ति सु जानि तिहिँ कछु रचना सौं बात।
सूधै मान कह्यौ नही कह्यौ रचन सरसात॥

मूल। गोबनतहरभ्योदियै घरिदुकलिहपुजाइ।
समुझपरैगीमोलिपर परतपमुनिकेपाइ॥ ६२९॥

टीका।—अन्योक्ति कवि की उक्ति। हे गोबर, तू प्रसन्न मन से घडी एक पुजा ले। समझ होगी तुझे तब जब सिर पर पडेँगे ढोरौं के पाँव। कोई छोटा मनुष्य बडा काम पा आप को पुजवावै, तहाँ कहिये, कि राजा के आने से काम छूट, कैसी सजा होगी, अब तू आज्ञा चला ले॥ अन्योक्ति अलंकार स्पष्ट है॥

मूल। नहिपरागनहिमधुरमधु नहिविकासइहिँकाल।
अलीकलीहीतेँबँध्यौ आगेकौनहवाल॥ ६३०॥

टीका।—अन्योक्ति शृंगार, नायक मुग्धा नायका से आसक्त हुआ, तहाँ कवि की उक्ति। नही है पराग (कहैं फूल की धूल जो भौंरा चाटता है), नही है

६३०। आगे जब या में पराग आदि होयगी, तब या की कहा दशा होयगी, नही जाने हैं॥ पहिले बिहारी ने यही दोहा बनायौ, पीछैं महाराज जय सिंह कह्यौ सतसई बनावौ॥ इति हरिप्रकाशे॥

मीठा मकरंद जो भौंरा पीता है, नहीं है प्रफुल्लता इस समैं। भौंरा कली-ही से बंधा, आगे क्या हाल (कहैं दशा) होगी॥

प्रश्न॥ दोहा। अली कली सौं नहिं बिधत् रसिक न शिशुता माहिं।
कहिये विधि समझाय ये दुवौं संभवत नाहिं॥

उत्तर॥ दोहा। नहि पराग माधुर्य नहि मधु जो रस नहि सोइ।
है विकाश इहिं काल कछु तहाँ बिंध्यो अलि जोइ॥
नहि रज-राजस रूप कौ तन; छवि मधु बच हीन।
यौवन तनक विकाश कछु लखि भौ रसिक अधीन॥

अन्योक्ति अलंकार स्पष्ट है॥

मूल। जिनदिननदेखेवेकुसुम गई सुबीतबहार।
अबअलिरहीगुलाबकी अपनकटीलीडार॥६३१॥

टीका।—अन्योक्ति कवि की उक्ति। जिन दिनौं में देखे थे वे फूल, गई वह बीत कर बहार (कहैं बसंत ऋतु)। अब, हे भ्रमर (कहैं, हे मन), रही गुलाब के पेड में बिन पत्ते की काँटौं भरी डाली। धन-यौवन-रूप-हीन जन होय, तहाँ कहिये॥ अन्योक्ति अलंकार।

दोहा। अन्योकति जहँ और प्रति कहै और की बात।
कुसुम सु बर नर ते गये डार नीच सरसात॥

मूल। इहौंआसअटक्योरहै अलिगुलाबकेमूल।
हैहैंफेरिबसंतरितु इनडारनिवेफूल॥६३२॥

टीका।—अन्योक्ति कवि की उक्ति। इसी आस से लगा रहा भौंरा गुलाब की जड से, होंगे बसंत ऋतु में इन डालियौं में वे फूल जो आगे थे॥

प्रश्न॥ दोहा। अलि गुलाब के मूल कहँ अटक्यो रहत सु आन।
वे-ई फूल बनै न पद वैसे फूल प्रमान॥

उत्तर ॥ काकोकति करि कै कहत ह्वैहैं नहि वे फूल।
कहा इहाँ आशा रही अलि गुलाब के मूल।

काकूक्ति गर्वित अन्योक्ति अलंकार स्पष्ट है ॥

मूल। मरमकुसुममडरातअलि नभुकिझपटिलपटात।
टरतनअतिसुकुमारतन परमतमननपत्यात ॥६३३॥

टीका।—अन्योक्ति कवि की उक्ति, औ शृंगार अन्योक्ति में सखी का वचन सखी से। रस सहित फूल है तिस पर भौंरा मँडलाता है, औ नहीं झुक कर झपट के लिपटता है। दिखाई जो देता है अति कोमल शरीर, इस से छूते मन उस का नहीं पतियाता ॥ शृंगार पक्ष। हेतु यह कि अलि-रूपी नायक मुग्धा नायका को अति लघु कोमल देख सरस नहीं करता, औ मन में ललचाता है ॥ अन्योक्ति अलंकार स्पष्ट है ॥

मूल। पेटपाशबसबकौकरै मकरपरैइसंग।
सुखीपरेवाजगतमें एकतुहीविहंग ॥ ६३४ ॥

टीका।—किसी विदेसी को पराधीन देखि कवि की उक्ति, कै कोइ विदेसी तन पेट के लिये कहीं आधीन होइ तिस का वचन। वस पर, औ भोजन कंकर, विदेस फिरना कबूतरी के संग, सुखी है कबूतर जगत में एक तू-ही, ए पक्षी। परिसंख्यालंकार। सुख जगत का निषेध कर, विहंग को सुखी ठहराया ॥

मूल। दिनदसआदरपायकै करलैआपबखान।
जौलगिकागसराधपक्ष तौलगितोसनमान ॥ ६३५ ॥

टीका।—अन्योक्ति कवि की उक्ति। जहाँ कोई थोडे दिन की प्रभुता पा अपनी बडाई करै, तहाँ कहिये। दस दिन के लिये बडाई पा के, कर ले अपनी प्रभुता। जब तक, ए कौवे, कनागत है, तब तक तेरा आदर है ॥ अन्योक्ति अलंकार स्पष्ट है ॥

मूल। स्वारथमुकृतनसमबृथा देखिविहंगविचार।
बाजपरायेपानिपरि तूपच्छीहिनमार॥ ६३६॥

टीका—अन्योक्ति कवि की उक्ति, दुष्ट नर के चाकर पर। अपना काम नही, पुन्य भी नही, मिहनत झूठ मूठ की देख के, ए पच्ची, तू निज मन में समझ। ए बाज, तू पराए बस हो के पच्चियौं को मत मारै॥ अन्योक्ति अलंकार स्पष्ट है॥

मूल। मरतुप्यासपिंजरापरयौ सुआसमैंकेफेर।
आदरदैदैबोलियत बायसबलकीबेर॥ ६३७॥

टीका।—अन्योक्ति कवि की उक्ति। जहाँ गुणवान दुख पावै, औ निर्गुणी का आदर होय, तहाँ कहिये। मरता है प्यासा पिंजरे में पडा तोता काल के फेर से। आज्ञा कर के बुलाते हैं कौवा काग-वास के समैं (कहैं काग-बलि की बिरियाँ)॥ अन्योक्ति अलंकार स्पष्ट है॥

मूल। कोकृत्योंहूंहिंजालपरि मतकुरंगअकुलाय॥
ज्योंज्योंमुरझिभज्योंचहै त्योंत्योंउरझतजाय॥ ६३८॥

टीका।—अन्योक्ति कवि की उक्ति। जो कोई चाहै अपना मनोरथ पूरा कर के वैराग लूँ, तहाँ कहिये। कोन छूटा है इस संसार की माया-रूपी जाल में पड के। मत, हिरन, तू घबरावै। जैसे जैसे तू सुलझ कर भागा चाहता है, तैसे तैसे उलझता जाता है॥ अन्योक्ति अलंकार स्पष्ट है॥

मूल। नहिपावसरितुराजयह तजतरवरमतिभूल।
अपतभयेबिनपाइहै क्योंनवदलफलफूल॥ ६३९॥

टीका।—अन्योक्ति कवि की उक्ति। जहाँ कोई राजा को सेवा में अति दुख पावै, तहाँ कहिये। नही है वर्षा। बसंत है। यह छोड, ए तुच्छ, मति की भूल। निपत्ते हुए बिना, पावेगा क्योंकर नये पात औ फूल फल॥ अन्योक्ति अलंकार स्पष्ट है॥

मूल। अजौं तर्यौ नाहीरह्यौ स्रुतिसेवत इकअंग।
नाकबास बेसरि लह्यौ बसिमुक्तनिकेसंग ॥ ६४० ॥

टीका।—भक्त का वचन परमार्थ-पक्ष, कै प्रस्ताविक कवि की उक्ति। परमार्थ-पक्षार्थ।

दोहा। परमारथ के पक्ष में अर्थ सु इहिँ विधि जानि।
वेद पाठ तें साधकौं संग सु बर करि मानि॥
सु वह तर्यौ नाही सु जिनि श्रुति सेयौ इक अंग।
सुकृत जु साधु सु संग तिनि लह्यौ नाक दिव संग॥
प्रश्न॥ सुनौ अवज्ञा वेद को करनो नाहिन योग।
सबै पदारथ लाभ कौ वेदहि तें संयोग॥
उत्तर॥ वेद अर्थ समझ्यौ न कछु नही मनन कौ भेव।
इहाँ कह्यौ इक अंग कह पाठ मात्र श्रुति सेव॥
प्रश्न॥ पाठ-हु कीनहि चाहियै करी अवज्ञा जोइ।
उत्तर॥ अजौं तर्यौ नाही यहाँ यह ध्वनि तरिहै सोइ॥
और प्रश्न॥ सुकृतनि कौ सँग पाय कै सुकृति चाहियै होइ।
इहाँ नाक-बासहि लह्यौ प्रश्न इहाँ-हूँ सोइ॥
उत्तर॥ सुकृतनि के सँग में बस्यौ कहूँ तीरथनि जात।
संभाषण कृपा नही सँग फल कह्यौ विख्यात॥
प्रश्न॥ सँग-हू कौ फल तुच्छ क्यौं तहँ उत्तर यह जोइ।
स्वर्ग-हु में बेसर लह्यौ बास जिहि न सम कोइ॥

दूजा अर्थ। अब तक तरौना-ही रहा। तरौना उसे कहैं हैं जो बिन मढे मूढे को भाँति खोंमचे के नीचे रहता है। श्री ढेढी करण (कान) को सेवती है एक अंग। नाक पर बसी नथ मोतियौं का संग पा के॥

६४०। जीवन-मुक्त जी हैं भक्त, तिन की प्रशंसा। गुरु शिष्य सौं कहत है। अजौं (अब भी) तू नाही तर्यौ। रह्यौ श्रुति सेवत इक अंग। अंग, तरह। एक तरह सौं श्रुति (वेद) कौं सेवत रह्यौ। किंवा, एक अंग जिमैं श्रुति कौं सेवत रह्यौ। बास मार्ग भी श्रुति में कह्यौ है। अक नाम दुख को, अर्क नाम पाप को। स्वर्ग में दैत्यनि सौं दुख कई बार बीत है। नाही अक (दुख) जा विषैं, ऐसौ जो नाक (वैकुंठ) ता की बास बेसरि ने पायौ। सरि कहिये बराबरि। बे-सरि कहिये नही बराबरि को॥ इति हरिप्रकाशे॥

प्रश्न॥ दोहा। इहाँ श्रवण की न्यूनता मुकुतनि को परभाव।
अँग तें अँग की श्रेष्टता चहिये वर्णन भाव॥

और प्रश्न॥ श्रुति सँग पायो नाम है मुकुतनि के सँग बास।
यह असमंजस एक विधि लाभ न लह्यो प्रकास॥

और प्रश्न॥ अजौं तरौना-ही रह्यो कहा सु ह्वैहै और।
यह न वर्णन प्रश्न त्रय सुनौ सु कवि सिरमौर॥

उत्तर॥ तहाँ कहत यह स्वर्ण कौं जस संगत तस नाम।
जिहिँ श्रुति सेयौ नाम तिहिँ लह्यो तरौना ठाम॥
सु वह तरौना वस्तु इक जा पर राखत थार।
तरै रहत सब पात्र के नाम कर्म अधढार॥
नाक बास बसि पद लह्यो बेसरि असम समर्थ।
अरु मुकुतनि के संग है जा में जोट सु अर्थ।
इहाँ श्रवण की न्यूनता नासा कौ परभाव॥
या में अँग तें अँग वर वर्णन उत्तर भाव।

वार्त्ता॥ एक ने नाम पाया, एक ने बास लिया। इस का भी उत्तर॥

दोहा। दूजो उत्तर उनि लह्यो नाम तरौना सोइ।
उनि बेसरि नामहि लह्यो जा को सरि नहि कोइ॥

तीजो उत्तर अजौं पद का॥

दोहा। यह जु स्वर्ण जब लगि श्रवण तब लगि तरिवन नाम।
अजौं रह्यो या तें कह्यो तीजो उत्तर ठाम॥

उल्लासालंकार।

दोहा। लहै दोष तें दोष इक गुण तें गुण उल्लास।
श्रुति सँग लह्यो तरौन पद बेसर नाक सु बास॥

श्लेषालंकार स्पष्ट है। दूजा अर्थ निकला, इस से॥

मूल। जनमजलधिपानिपअमल भौजगआघुअपार।
रहैगुनीह्वैगरपरयौ भलौनमुकताहार ॥६४१॥

टीका।—अन्योक्ति कवि की उक्ति। कोई सब भाँति श्रेष्ट है, औ किसी के गले पड के रहै, तहाँ कहिये। जन्म तो तेरा समुद्र से है, औ रूप तेरा निर्मल है, औ दुआ संसार में तेरा मोल बडा कै मर्याद बडी। रहता है गुणी (कहैं डोरी सहित, कै बुद्धिमान) ह्वै कर, गले पडा। यह भला नहीं, हे मोती। इस में तेरी हार है (कहैं हीनता है)॥ अन्योक्ति अलंकार स्पष्ट है॥

मूल। गहनगकागुनगरब हँसमकलसंसार।
कुचउचपदलालचरहै गरपरैहरहार ॥ ६४२ ॥

टीका।—अन्योक्ति कवि की उक्ति। मन में रखता नहीं गुण का अभिमान एक भी तू, इस-से हँसते हैं सब संसार के लोग। गुण पद के दो अर्थ, डोरा औ विद्या। कुच-रूपी उच्च पद के लालच से रहै है पर गले पडे भी तेरी हीनता है। हार पद के दो अर्थ, माला औ हीनता। कोई गुणवान उच्च पद के लिये किसी राजा के पास गले पड रहै, औ राजा उसे न चाहै, तहाँ कहिये॥ अन्योक्ति अलंकार स्पष्ट है॥

मूल। मूड़चढ़ायेतऊरहै परपीठकबभार।
रह्योगरेपरिराखियेतऊहियेपरहार ॥ ६४३ ॥

टीका।—अन्योक्ति कवि की उक्ति। किसी संबंध से कुटिल अज्ञानी तम-रूप को सिर चढाया, तौ भी उस से हेत नहीं, औ गुणी ज्ञानी सच-रूप आप-ही से आया, तौ प्रीतम ही, जैसे बाल औ हार की भाँति ही, तहाँ कहिये॥ सिर चढाये तौ भी रहते हैं दूर पीठ पर बोझ दिये। रहा गले पड के, उसे रखिये तौ भी छाती पर हार कर के॥ अन्योक्ति अलंकार स्पष्ट है॥

६४२। कुच जो है ऊँची स्थान, ता के लालच सों मरे परे भी (अनादर सों भी) हार रहत है॥ इति हरिप्रकाशे॥

मूल। पाइतरुनिकुचउच्चपद चिरमिठग्यौसबगाउँ।
कुटैठौररहिहैवहै जुहैमोलकविनाउँ॥ ६४४॥

टीका।—अन्योक्ति कवि की उक्ति। शृंगार-पक्ष भी अर्थ है। पा कर जवान स्त्री के कुच पर ऊँची पदवी घुँघची ने ठगा सब गाँव। कुटने से ठिकाना रहैगा, वही जो है मोलकवि नाम। जहाँ कोई छोटा मनुष्य बडा ठिकाना पाय अभिमान करै, तहाँ कहिये॥

दूजा अर्थ॥

प्रश्न॥ दोहा। ठग्यौ गाउँ कुलटा निरस।

उत्तर॥ देखत सबै लुभाहिँ।
यह मन निश्चल नायका ठगे गये बच माहिँ॥

वार्त्ता॥ जिन के मन-चाहना थी, सो न हुई। तिन के वचन हैँ॥

प्रश्न॥ दोहा। मोल न कवि घटिहै सु तौ नाम घटनि किहिँ भाइ।

उत्तर॥ गुंज-माल सँग गुंज पद चिरमि कुटे यह पाइ॥

उल्लासालंकार।

दोहा। इक के गुण सौँ होइ जहँ औरहिँ गुण उल्लासु।
कुच-सँग तेँ कविवंत पद मोहन गति लहि जासु॥

मूल। बनदहानागरबडे जिनआदरतोआव।
फूल्योअनफूल्योभयो गँवईगाँवगुलाव॥ ६४५॥

टीका।—अन्योक्ति कवि की उक्ति। जहाँ गँवारौँ के गाम मेँ कोई गुणी जाय रहै, तहाँ कहिये। वे नही हैँ चतुर बडे, जिन के मानने से तेरी शोभा बढैगी। फूला अनफला हुआ तू, ए गुलाब, गँवारौँ के गाम मेँ॥ अन्योक्ति अलंकार स्पष्ट है॥

६४५। आव, पानिप, इज्जति। ई गुलाब, तू फूल्यौ सो, बिना फूल्यौ सो भयौ॥ इति इरिमकाशे॥

मूल। करलेसूँघिसराहिकै सबैरहेगहिमौन।
गंधीअंधगुलाबकौ गँवईगाहककौन॥ ६४६॥

टीका।—अन्योक्ति कवि की उक्ति। कोई गुणी मूरखौं में अपना गुण प्रकाश करै, तहाँ कहिये। हाथ में ले, सूँघ, वाह वाह कह, सब चुप रहे। रे गंधी अंधे, गुलाब का गँवारों में गाहक कौन है जो मोल लेगा॥ अन्योक्ति अलंकार स्पष्ट है॥

मूल। करिफुलेलकौआचमन मीठौकहतुमराहि।
चुपरहिरंगंधीसुघर अतरदिखावतकाहि॥ ६४७॥

टीका।—अन्योक्ति कवि की उक्ति। फुलेल को पी, अच्छा मीठा कहता है। चुपका रह, अरे चतुर गंधी। अतर दिखाता है किसे। मूरख को पहिचानि गुणवान उस के आगे गुण प्रकाश करै, तहाँ कहिये॥ अन्योक्ति अलंकार स्पष्ट है॥

मूल। कनककनककेसौगुनो मादकताअधिकाइ।
उहिखायेबौराइजग इहिपायेबौराइ॥ ६४८॥

टीका।—प्रस्ताविक कवि की उक्ति। धतूरे से सौंने में सौ गुना अमल अधिक होता है। उस के खाने से बावले होते हैं, औ इस के पाने से बावले होते हैं जग के लोग॥ व्यतिरेकालंकार स्पष्ट है। दो सम में एक की विशेषता से॥

मूल। बड़नहूजेगुननिबिन विरदबडाईपाइ।
कहतधतूरेसौंकनक गहनोगढ्योनजाइ॥ ६४९॥

टीका।—प्रस्ताविक कवि की उक्ति। बड़े न हूजिये बिन गुणों के, यश औ बडाई पा के। कहते हैं धतूरे को सौंना, उस से गहना नहीं गढा जाता। कनक के दो अर्थ, सौंना औ धतूरा॥ अर्थांतरन्यास अलंकार पूर्वोक्त से जानिये॥

६४६। गुलाब को हाथ में ले कर, सूँघि कर, सब गँवार मौन गहि रहे। "यह क्या है?"। रे गंधी, तू अंध है (बुद्धि-हीन है, नहीं जानता है), मँगई में गुलाब की कौन गाहक है?॥ इति हरिप्रकाशे॥

हास्य-रस वर्णन।

मूल। रविबंदीकरजोरिके सुनतस्यामकेबैन।
भयेहँसौंहेंभवनिके अतिअनखौंहेंनैन ॥ ६५० ॥

टीका।—चीर-हरण लीला का प्रसंग। जिस समैं श्री-कृष्ण गोपियौं के चीर चुराय कदंब पर जाय चढे, तिस काल नंद-लाल से उन्हौं ने वस्त्र माँगे। इन्हौं ने कहा, जल से बाहर आय चीर लो। इन के कहे से, वे कुच देह कर से छिपा, चीर माँगने लगीं। तब इन्हौं ने कहा, सूरज को दँडौत करौ, हाथ जोड कर। ये वचन श्याम के सुन के, हुए, जो गोपियौं के हँसी भरे नैन थे, सो रिस भरे, कै रिस भरे थे सो हँसी भरे हुए॥ पर्यायालंकार स्पष्ट है, एक में अनेक आश्रम से॥

मूल। कनदेवौंसौंप्योंससुर बच्छ्यरुहथोजानि।
रूपरुचटेलगिलग्यौ मांगनसबजगआनि॥ ६५१ ॥

टीका।—प्रस्तावित कवि की उक्ति। अन्न देना सौंपा ससुरे ने बच्छ को, छोटे हाथ की जान के। उस के रूप के लालच से लगे माँगने सब जगत के लोक आन कर॥ विषादालंकार।

दोहा। बिरुध अर्थ की लाभ मधि चाह्यो विषादहि लेखि।
इच्छ अल्प-दत कृपण भन सु-दत गयौ बढि लेखि॥

वार्त्ता॥ इस में विषमालंकार कहते हैं, सो ठीक नहीं। विषम सो जहाँ वस्त्वंतर भेद होय। कि जैसे चूहे को चाह खाने की थी। इस से पिटारी को काटा। उस में साँप था। तिस ने इसी को मार खाया। तौ वस्तु भेद हुआ इष्ट में, चाह थी खाने की, पाई मौत अनिष्ट। और यहाँ सूम के मन में अन्न थोडा उठे, यह इष्ट था। सो अन्न-ही अधिक उठने लगा। यहाँ विरुद्ध हुआ। इस से विषाद-ही है॥

मूल। परतियदोखपरानमुनि हँसमुखकीमुखदानि।
कमिकरिराखौंमिस्यहै मुखआईमुसकानि॥ ६५२ ॥

टीका।—प्रस्ताविक कवि की उक्ति। पर-स्त्री-गमन का दोष पुराण में सुन के, हँसी सुसका के सुख देनेवाली नायका जिस से पौराणिक से प्रीति थी। खैंच कै रक्खी मिश्र ने भी मुँह में आई हुई सुसकान को कहते हुए पुराण॥

प्रश्न॥ दो०। निंदा पौराणिक इहाँ नहीं करन इहिँ भाइ।
जो यह प्रश्न तहाँ अरथ करिये अरु सुख-दाइ॥

उत्तर॥ नहिँ पौराणिक निंद यहाँ हैँ शृंगार रस अर्थ।
सखि प्रति तिय के बच कहति पिय के दोष समर्थ॥
है पर-तिय अब दोष सुनि इहिँ पुराण जिहिँ नाम।
इन की जो सुख दान सो हँसि सुलकी वह बाम॥
कसि करि राखी इन तबै आई जो सुसकानि।
जो पै सुलकनि मिश्रऊ तऊ दुराई बानि॥

दोनौ अर्थ मैं अनुमानालंकार। सुलकने में प्रीति पाई गई॥

मूल। चिंतापितुघातकजोगलखि भयोभयसुतसोग।
फिरहुलस्योजियजोयमी समझोजारजजोग॥६५३॥

टीका।—कवि की उक्ति। किसी योतषी के बेटा हुआ, सो, लग्न साध, योग देखने लगा। सो मन में पितु-घातक (कहैं बाप के मारनेवाला) योग देख के, हुआ होंने से पुत्र के शोक योतषी को। फिर प्रसन्न हुआ वह योतषी समझ के जारज योग को। जारज उसे कहते हैं कि जो अपने बाप का बीज न होय॥ योतषी को निंदा भी न चाहिये, यहाँ ऐसे अर्थ कीजै॥

दोहा। नहीं जोयसी निंद यहाँ है परमारथ अर्थ।
मन कै भयो प्रबोध सुत सो वह समय समर्थ।
नाटक में है यह कथा मन के सुत भो ज्ञान।
तब ता कै भय भो कि यह पितु घातक बलवान।
फिर हुलस्यो मन देखि भो है यहाँ इकरज योग।
ऐसो सुत मन कै भयो तारण कहिहैं लोग॥

जोय-सो का अर्थ। देख सी, शोभा॥ दोनौं अर्थ में लेशालंकार।

दोहा। लेश जहाँ गुण दोष में दोष सुगुण आकार।
जारज दोष सु गुण भयो टरी मृत्यु निरधार॥

मूल। बहुधनलैअहमानकै पारौदैतमराहि।
बैदबधूहँसिभेदसौं रहीनाहमुखचाहि॥ ६५४॥

टीका।—बैद्य की हाँसी। कवि की उक्ति। बहुत रुपये ले और अहसान कर के पारा देता है तारीफ कर। बैद की स्त्री हँस कर भेद से रही पति का मुख देख॥

भेद यह कि बैद नपुंसक था॥ अनुमान औ पर्यायोक्ति अलंकार। अनुमान यह कि, स्त्री के हँसने से नपुंसकता जानी। औ बैद ने छल कर धन इष्ट साधा, यह पर्यायोक्ति॥

करुणा-वचन वर्णन।

मूल। गोपिनकेअँसुवनिभरी सदाअमामअपार।
डगरडगरनैंहैरही बगरबगरकैवार॥ ६५५॥

टीका।—व्रज का विरह-निवेदन। उद्धव का वचन श्री-कृष्ण से। हे कृष्ण, गोपियौं के आँसुओं से सदा अपार भरी रहै है न सूखनेवाली। व्रज की गली गली में नदी ह्वै रही है घर घर के बाहर॥ अत्यक्त्यलंकार स्पष्ट है। पूर्वोक्ति तें जानिये॥

मूल। श्याममूरतिकीराधिका तकतितरनिजातीर।
अँसुवनिकरतितरोमकौ छिनेकखरौंहौंनीर॥ ६५६॥

टीका।—उद्धव का वचन श्री-कृष्ण से, कै सखी का वचन श्री-कृष्ण से। हे श्याम, तुम्हारी सुरति कर के श्री-राधा-जी देखती हैं यमुना के किनारे पर। आँसुओं से करती हैं तट का क्षण एक में खारा पानी यमुना का। तरोस तट को कहते हैं॥ उल्लासालंकार। जहाँ एक के दोष से दोष ह्वो, सो उल्लास॥

६५४। भेद सौं, अभिप्राय सौं॥ इति हरिप्रकाशे॥

रौद्र-रस वर्णन।

मूल। लोपेकोपेइंद्रलौं रोपेप्रलैअकाल।
गिरिधारीराखेसबै गोगोपीगोपाल॥ ६५७॥

टीका।—गोपियौं का वचन ऊधव से। गुण-कथन। पूजा मेटने से कोपे इंद्र ताँई औ रोपा (करैं करने चाहा) प्रलय-काल अकाल में। श्री-कृष्ण-चंद ने गिरि-धारन कर के रक्खे सभी, गाय, गोपी, औ गोपाल॥ परिकरांकुर औ हृत्यनुप्रास अलंकार।

दोहा। साभिप्राय विशेष जहँ परिकर अंकुर जानि।
गिरिधारी यह नाम व्हाँ साभिप्राय बखानि॥
समता वर्ण अनेक की बहु जहँ हृत्यनुप्रास।
लोपे कोपे रोप-ही अनुप्रास इहि भास॥

मूल। हमहारीकैकेहहा पायनपार्योंप्यौरु।
लेहुकहाअजहूँकियें तेहतरेरेत्यौरु॥ ६५८॥

टीका।—सखी का वचन गुरु-मान-वती नायका से। हम सब सखियाँ हारीं हाहा खाय खाय के, औ पायौं में डाला नायक को। लेगी क्या जो अब भी क्रोध से फाड के आँख देख रही है॥ विशेषोक्ति अलंकार। हेतु होय काज न होय॥

वीर-रस वर्णन।

मूल। अनीबडीउमडीलखै असिबाहकभटभूप।
मंगलकरिमान्योहियें भौमुखमंगलरूप॥ ६५९॥

टीका।—वीर रस। राजा जय शाह की सूरता वर्णन। कवि की उक्ति। शत्रु का कटक बडा चारौं ओर से उमडा देख के तरवरिये सूर वीर राजा जय शाह ने, शुभ कर के माना उसे, और हुआ मुख रांजा का लाल रंग। अनी, सेना। असि, तरवार। मंगल का रंग लाल है। मुख लाल रंग हुआ सूरता की शोभा से॥ विभावनालंकार स्पष्ट है। विरुद्ध से काज। शत्रु की सेना देख मंगल उत्साह माना॥

मूल। नाहगरजनाहरगरज बचनसुनायौटेरि।
फसीफौजमेंबंदबिच हँसीसबनिमुखहेरि ॥ ६६० ॥

टीका।—द्रौपदी के रुक्मिणी हरण समय के प्रसंग में। कवि की उक्ति। मत गरजे नाहर को गरज से। यह वचन सुनाया प्रभु ने पुकार के। फसी राक्षसों की सेना की कैद में, हँसी सब राक्षसों का मुख देख के, इसी लिये कि देखूँ अब कौन उन के सनमुख होगा॥ प्रहर्षणालंकार। बिन यत्न इष्ट सिद्ध हुआ॥

भयानक रस वर्णन।

मूल। डिगतपानिडिगलातगिरि लखिसबब्रजबेहाल।
कंपकिसोरीटरसकै खरेलजानेलाल ॥६६१॥

टीका।—सखी का वचन सखी से। डिगते हाथ के हिलता है गोवरधन परवत देख कर, सब व्रज के लोक घबराये। कंप सात्विक हुआ राधिका को देख। इस से अति लज्जित हुए श्री-कृष्ण॥

तात्पर्य यह कि, राधिका को देख श्री-कृष्ण को सात्विक भाव हुआ। इस से अति लजाने कि कहीं ऐसा न हो कि व्रज के लोगों पर प्रीति खुले॥ हेतु अलंकार।

दोहा। हेतु जहाँ कारण सहित काज कहैं कवि-राज।
व्रज बिहाल अरु कंप ए कारण लाज सु काज॥

मूल। प्रलयकरनबरखनलगे जुरिजलधरइकसाथ।
सुरपतिगर्वहर्योहरखि गिरिधरगिरिधरिहाथ ॥६६२॥

टीका।—वीर रस गोवर्द्धन-धारन समय का वर्णन। कवि की उक्ति। प्रलै करने को बरसने लगे इकट्ठे हो बादल एक साथ। इंद्र का गर्व दूर किया प्रसन्न हो श्री-कृष्ण, गोवर्द्धन परवत को उठा हाथ पै॥

प्रश्न॥ जुरि कै अरु इक साथ कौ एकै अर्थ प्रसिद्ध।
इहाँ अर्थ पुनरुक्ति क्यौं कह्यौ कही बुधि इद्ध॥
उत्तर॥ प्रलय काल के मेघ बहु बरषत तौ इक साथ।
कह्या कि इक-ही समय में पाय सासना नाथ॥
पै जुरि कै इकठे नहीं ह्वै बरषत इक ठौर।
क्यौंकि भूमि के बहुत थल देस नगर बन और॥
नास किये सब चाहिये प्रलय मुहूरत माहिँ।
या तें बरषैं भिन्न है जुरिवे बरषत नाहिँ॥
यहाँ ब्रज तौ है एक तहँ भन्ना दी सुर-नाथ।
या तें जुरि सब एकठे बरषत हैं इक साथ॥

काव्यलिंग अलंकार।

दोहा। काव्यलिंग सामर्थता जहँ दृढ करत जताइ।
गर्व हरन सामर्थता दृढ गिरि धरियौ भाइ॥

बीभत्स-रस वर्णन।

मूल। यौं दल्यौ काढ़ि बल खर्व तें जयसाहि भुवाल।
उदर अघासुर कैं पर्यौ ज्यौं हरि गाय गुवाल॥ ६६३॥

टीका।—राजा जय शाह की सूरता वर्णन। कवि की उक्ति। एक समैं बादशाह की फौज बलख बुखारे पर चढ गई, औ वहाँ घेरे में आई ऐसी कि निकलने की राह न थी। तब राजा जय शाह जाय, उस फौज को निकाल लाये। इस भाँति दल काढे बलख से तैं गे, हे जय शाह राजा। जैसे अघासुर के पेट में पडे श्री-कृष्ण-चंद गे निकाले ग्वाल और गायें॥ दृष्टांत अलंकार स्पष्ट है॥

अद्भुत-रस वर्णन।

मूल। मोहनमूरति स्यामकी अति अद्भुतगति जोइ।
बसतसुचित अंतरतऊ प्रतिबिंबितजगहोइ॥ ६६४॥

टीका।—यह अद्भुत रस भगवान की व्यापकता वर्णन। भक्त का वचन। हे मन,

मोहनी मूरति श्री-कृष्ण की है। इस की अति अद्भुत रीति देख तू। बसै है अच्छे मन में औ भीतर, तौ भी छाया इस की संसार में दृष्ट आती है॥

तात्पर्य यह कि, जो ब्रह्म-रूप मन में सोई ब्रह्म-मय जगत दिखाई देता है॥

अर्थ॥ दोहा। मूरति जो है स्याम को ता में अद्भुत भाइ।
ता को अब वर्णन करतु सुनौं सु कवि कवि-राइ॥
चित के अंतर बसति है बाहिर आवति दृष्टि।
सकल जगत में देखिये कही सु अद्भुत सृष्टि॥
कोउ पदारथ किहूँ के अंतर धस्यौ जु होइ।
बाहिर नहि दीसत सु तौ यह सु रीति जग जोइ॥
रीति छाँडि औरै कछू रीति सु अद्भुत जानि।
या तें यह अद्भुत कह्यौ दोहा मध्य बखानि॥
अद्भुत तौ यह अति कहा अति को सुनौ बखान।
स्याम वस्तु मोहै मनहि यह अति अर्थ सु जान॥

प्रश्न॥ दोहा। कोऊ बात न संभवै दोऊ अर्थ सु नाहिँ।
कोऊ कोऊ वस्तु तौ ऐसैं-हीं जग माहिँ॥
बसै सु अंतर बाहिरै दीसति है सब ठौर।
ज्यौं दीपक फानूस में मुख झीने पट और॥
झीने बादर चंद रवि निर्मल जल पाषान।
ऐसे तौ होत-हि सु क्यौं अद्भुत कहत बखान॥
जो कदाचि कोऊ कहै ये सब अद्भुत पाइ।
सु तौ न अद्भुत तिहिं कहैं दूजी ठौर लखाइ॥
स्याम वस्तु मोहति नही यह सत्य नहि बात।
कितियक वस्तु जु स्याम-ही मोहति मन विख्यात॥
नैन-पूतरी केस अरु अंजन तिल इत्यादि।
या तें दूजो अर्थ वह अति को कियो सु बादि॥

उत्तर॥ जो कदाचि ऐसैं कहो फानूसादिक रीति।
एई क्यौं लीजै अवर क्यौं न लेहिँ कर नीति॥

ज्यौं संदूक में बस्त्र धरु ज्यौं घट अंतर दीप।
संपुट में नग ए सु क्यौं कहि न सु-कवि-महीप॥
गाढे गाढे आवरण बहुत वस्तु संसार।
ते तज कै लीजै सु क्यौं फानूसादि विचार॥

प्रश्न॥ तहाँ सुनौं ग्रहाँ तौ कही चित अंतर की बात।
चितं तौ निर्मल रूप है पवन-रूप विख्यात॥
ऐसे के भीतर जु है बाहिर सो झलकाइ।
एते पर चित स्याम के भक्तहि को यौं पाइ॥
संसारी कौ चित नही जाहि जु कही मलीन।
संतन के मन हाँस ये उज्जल कहैं प्रवीन॥
ता तें दोऊ अर्थ नहि समाधान किहिं भाइ।
अंतर की सो बाहिरैं बहुत वस्तु दरसाइ॥

उत्तर॥ स्याम वस्तु मोहति नही सोऊ लखि बहु ठौर।
या तें या कौ प्रश्न-ही रह्यौ सु कवि सिर-मौर॥

और प्रश्न॥ और प्रश्न इक भासई यह जु अर्थ की रीति।
कही सु असमंजस लगै दही न कवि की नीति॥
अंतर वस्तु जु लखि परै सु तौ दरस आभास।
ता कौं प्रतिबिंब न कहैं जे हैं बुद्धि-प्रकास॥
दूजो निर्मल वस्तु में प्रतिबिंब परै जु आइ।
ता सौं प्रतिबिंबित कहैं छाया परै लखाइ॥
यह तौ झीना वर्ण को दरस न वर्ण्यो सोइ।
या तें या के अर्थ कौ शब्द समर्थ न होइ॥

उत्तर॥ तहाँ अर्थ अब यह कहत जा में अद्भुत होइ।
अवर सु पुनि अति अद्भुतौ भासै जहँ विधि दोइ॥
चित अंतर है स्याम को मूरति यह सु बखान।
चित कौं निर्मलता सही करी अर्थ विधि जान॥

जैसैं मधि फानूस के दीप सु थाप्यौ आनि।
जगत रीति तैं विधि नई सो अद्भुत गति जानि॥
पहिले सुनिये रीति जो जो दर्पण ढिग होइ।
तौ फानूस दिया सहित दीसै उहि मधि सोइ॥
सो तौ निर्मल वस्तु में दीसै प्रसिध प्रवीन।
यहाँ तौ जग में लखि परै सो जग महा मलीन॥
सब के मत संसार तौ मैली निर्मल नाहिं।
सु यहाँ कह्यौ प्रतिबिंब तिहिं लखियत है जग माहिं॥
यही सु अद्भुत गति भई नई रीति यह जानि।
जा में प्रतिबिंब न परै तहाँ पर्‌यौ यह मानि॥
यह तौ अद्भुत समुझिये कही जु रीति नवीन।
अब जो अति अद्भुत कह्यौ सो अब सुनौ प्रवीन॥
दर्पण में फानूस अरु दीपक दुवौ लखाहि।
यह न दियौ-ई दीसई फानुस दीसै नाहि॥
तहँ अधार फानूस है दीपक है आधेइ।
दीऊ तहँ दीसैं प्रगट यह सु रीति जग भेइ॥
इहाँ कह्यौ चित अंतरहिं बसति जु मूरति स्याम।
तौ चित है आधार यहाँ मूरति आधिय नाम॥
चहिये दीऊ दीसहीं इहाँ सु इहिं विधि भाइ।
प्रतिबिंबित जग होति है मूरति इकहि लखाइ॥
इक-वाची-ही शब्द है "प्रतिबिंबित जग होइ"।
"होंहिं" शब्द ही तौ तहाँ चित-इक लेते सोइ॥
ता तें चित आधार सौं नहि प्रतिबिंबित भेइ।
यह अद्भुत आधार बिन दीसै जहँ आधेइ॥
तऊ शब्द को अर्थ यह बसति जु मध्य अधार।
तऊ इकहि दीसति यहै अति अद्भुत सु विचार॥

विशेषालंकार।

दोहा। सो विशेष आधार बिन जहँ अधेय दुति होइ।
चित अधार दीसत नहीं मूरति दिपति अधेइ॥

मूल। याअनुरागीचित्तकी गतिसमुझैनहिकोइ।
ज्यौंज्यौंबूडैस्यामरँग त्यौंत्यौंउज्जलहोइ॥ ६६५॥

टीका।—भक्त का वचन कै नायका वचन सखी से। इस प्रेमी मन की रीति समझता नहीं कोइ। जैसे जैसे डूबता है कृष्ण-रंग में, तैसे तैसे शुचि होता है, कै शृंगार-मय होता है। शृंगार शुचि उज्जल ये तीनौं शब्द का एक-ही अर्थ है॥ विषमालंकार औ संभावना है।

दोहा। कारण को रँग और-ही कारज औरै रंग।
स्याम रंग गिरि सित भयो लखौ विषम इहिँ ढंग॥

ज्यौं त्यौं पद से संभावन॥

शांति-रस वर्णन।

मूल। सो०। मैंसमझ्यौनिरधार यहजगकाचौकाचसौ।
एकरूपअपार प्रतिबिंबितलखियतजहाँ॥ ६६६॥

टीका।—शांति-रस ब्रह्म-ज्ञानी का वचन। एक ब्रह्म-मय जगत देखते हैं।

प्रश्न॥ वार्त्ता। जग को काच की कचाई का दृष्टांत दिया। सो काच को भली भाँति रखिये तौ बहुत दिन भी रहै, तौ कच्चा निश्चय नहीं। कच्चे और भी पदार्थ बहुत हैं। जैसे बालू की भीँत औ कच्चा घडा आदि॥

और प्रश्न॥ एक जो है ब्रह्म उस के रूप अपार। जिस में देखते हैं तौ तहाँ काच के टुकडे अनंत होंहिं, तौ बनैं। यहाँ काच सा कहा इस से एक काच जाना जाता है॥

तीजा प्रश्न॥ जो काच का मंदिर है यह भाव कहिये, तौ मंदिर में अनेक प्रतिबिंब दीसते हैं, दायें बायें अपर। तौ भी प्रश्न, क्योंकि वह दीसे तौ एक-ही अनेक ठौर औ एक-ही आकार दीसे जग तौ नाना रूप है नर पशु पक्षी रूप कर॥

उत्तर॥ यहाँ काच में दोनौं साम्यता हैं, कचाई भी, औ प्रतिबिंब का पडना भी। इस से काच-ही की साम्यता दी कचाई, तौ यह प्रगट लोकोक्ति है॥

यथा। श्रीशा-बासा यह प्रसिद्ध है। और प्रतिबिंब-स्थान दर्पण-समान कोई नहीं, ये दोनौं लक्षण, इस से काच-सा-है कहा। और एक जो है, ईश्वर, तिस के रूप जो हैं अपार सो क्या। कि विराट स्वरूप में सब ब्रह्मांड है, सो विराट के रूप सब जगत में देखते हैं। इस से जग काच सा कहा। इस पद से एक-ही काच है, परंतु जग का प्रतिबिंब पडा है, सोई बहु रूप है। उस से बहु रूप दीसे है एक-ही काच में। और तीसरा उत्तर भी इसी में हुआ, क्योंकि नाना आकार के स्वरूप विराट-ही में हैं। इस से नाना-रूप जग दीसे है, यह अर्थ॥ पूर्णोपमालंकार। जग उपमेय, काच उपमान, सो वाचक, देखना धर्म॥

मूल। दो०। कोऊकोरिकसंग्रहौ कोऊलाखहजार।
मोसंपतिजदुपतिसदा बिपतिबिदारनहार॥६६७॥

टीका।—शांति रस। भक्त का वचन। कोई करोड रुपये इकट्ठे करो, कोई लाख हजार। मेरी संपति श्री-कृष्ण-चंद्र हैं। सदा जो बिपत के दूर करनेवाले हैं॥

प्रश्न॥ दोहा। प्रथम कोरि कहि लख सहस कहनि सु दुःक्रम जानि।
उत्तर॥ तहाँ सु लाख हजार को अर्थ कोटि दस मानि॥
वार्त्ता॥ प्रभु-रूपी संपत्ति में यह अधिकाई है॥

दोहा। अरु संपति नहि विपति कौं सदा विदारति हानि।
रोग दुखता बहि नसति प्रभू समर्थ सुख दानि॥

व्यतिरेकालंकार। दो में एक को अधिकता से॥

चेतावनी वर्णन।

मूल। जमकरिमुँहतरहरपर्यौ इहिँधरहरिचितलाउ।
बिखयचिरापरिहरिअज्यौं नरहरिकेगुनगाउ॥६६८॥

६६८। जम जो, सो है करी (हाथी)। ता के मुँह के तरहरि (तरे) पर्यो में हौं। यह बात मन में धारन करि कौं हरि बिषैं चित्त लगाव, किंवा, यह जो धरहरि है (बचाव है), ता में चित्त लगाव। कौन धरहरि?। अब भी विषय (इंद्रिय) के सुख कौं परिहरि (छोडि में) नरहरि (नरसिंह जी, तिन) के गुण को गान कर। सिंह सौं हाथी भाजे है। किंवा, हे नर, हरि के गुण-गान करि सिंह-रूप जो भगवान है, ता को॥ इति हरिप्रकाशे॥

टीका।—शांति रस में प्रस्ताविक। जम-रूपी हाथी के मुँह तले पड़ा है। इस समें धीरज कर के चित लगाव। संसार की तृष्णा छोड के, अब भी, हे नर, हरि के गुण गाव, कै नृसिंह-जी के गुण गाव। तरहर तले को कहते हैं, औ धरहर धीरज औ छुडानेवाला॥ परिसंख्यालंकार।

दोहा। अर्थ निषेधे एक थल दूजे थल ठहराइ।
परिसंख्या तजि विषय कौं नरहरि गुण चित लाइ॥

नरहरि (नृसिंह जी) छुडानेवाले हैं। इस अर्थ में परिकरांकुर अलंकार। क्यौं-कि साभिप्राय विशेष है। सिंह हाथी से बलवान है॥

मूल। जपमालाछापैंतिलक सरैनएकौकाम।
मनकाचैनाचैवृथा साँचैराचैराम॥ ६६८॥

टीका।—कवि की उक्ति। जप की माला, छापे, औ तिलक से होय न एक भी काम। कच्चे मन से नाचै है वृथा, साँच से प्रसन्न हैं राम तौ॥

प्रश्न॥ दोहा। जप-माला छापेन की क्यौं निंदा दरसाइ।
उत्तर॥ तहाँ अर्थ इहिं विधि सुनौं जा में अस्तुति भाइ॥
भक्त-भेष भाँडनि धर्यौ रहै सु भक्त-ही नाम।
नये हुते प्राचीन नहि सर्यौ उन-हुँ को काम॥
यदपि नचे काचे मनहि प्रभु साँचे निज कीन।
जप-माला छापेन कौं प्रभुहि प्रतिष्ठा दीन॥

यह प्रसंग भक्त-माल में है। वे धन की इच्छा करि नाचे थे, भक्ति पाई॥ द्वितीय प्रहर्षणालंकार।

चौपाई। वांछित तें अधिकौ फल होई। द्वितिय प्रहर्षण जानौ सोई॥

तीजा अर्थ।

दोहा। जप-माला तिन कौं कोज नए सरे तिहिं काम।
छाँडि कचाई चित्त की साँच धारि इहिं ठाम॥

परिसंख्यालंकार स्पष्ट है॥

६६८। जा के जप-माला, छापा, तिलक हैं, वैष्णव की वेस धरे हैं। ता सौं जी नए हैं (नम्र भये हैं), तिन कौं जिनि प्रधान किये है, ता को काम सरे (सिद्ध होत है, ता कौं मीच मिलै है)॥ इति हरिप्रकाशे॥

मूल। जगतजनायौजिहिंसकल सोहरिजान्योनाहिं।
ज्यौंआँखनिसबदेखिये आँखनदेखीजाहिं ॥६७०॥

टीका।—कवि की उक्ति। संसार को उपजाया, औ जनाया, जिस ने सब, उस हरि को जाना नहीं। जैसे आँखों से सब देखते हैं, औ आँखें नहीं देखी जातीं॥ दृष्टांतालंकार स्पष्ट है॥

मूल। भजनकह्योतातेंभज्यौ भज्योनएकैबार।
दूरभजनजातेंकह्यो सोतेंभज्योगँवार॥ ६७१॥

टीका।—भक्त का वचन मन से। भजने को कहा, तिस से भागा। औ जपा नहीं एक भी बार तू ने उसे। दूर भागना जिस से कहा, सोई तैं ने जपा, ए गँवार मन॥

तात्पर्य यह कि, भगवान को न भजा, औ विषय को भजता रहा॥ यमकालंकार स्पष्ट है॥

मूल। पतवारीमालापकरि औरनकछूउपाव।
तरिभंसारपयोधिकौं हरिनामैकरिनाव॥ ६७२॥

टीका।—भक्त का वचन मन से। पतवारि-रूपी जो माला है, तिसे तू पकड़। और कुछ उपाय नहीं। पार हो संसार-रूपी समुद्र को, हरि नाम की नाव कर के॥ रूपक अलंकार स्पष्ट है॥

मूल। यहसमयिरियानहिंऔरको तूकिरियाउहिंसोधि।
पाहननावचढ़ायजिनि कीनोपारपयोधि॥६७३॥

टीका।—भक्त का वचन मन से। यह समय नहीं और का। हे मन, तू उस किरिया (कहैं पार उतारनेवाली माँझी) को ढूँढ, जिस ने अपने नाम से पत्थर पर चढ़ाय कटक समुद्र पार किया॥

तात्पर्य यह कि, राम नाम से पत्थर पर चढ़ सब रीछ बंदर का कटक समुद्र पार हुआ॥

---

* ६७०। दोहे ७२६ को देखिये।

छेकानुप्रास औ काव्यलिंग अलंकार। बिरिया किरिया छेक॥ औ राम नाम दृढ समर्थन किया भव सागर पार होने को, सो काव्यलिंग॥

मूल। दूरिभजतप्रभुपीठिदै गुनविस्तारनकाल।
प्रगटतनिरगुननिकट रहि चंगरंगभूपाल॥ ६७४॥

टीका।—भक्त का वचन, कै कवि की उक्ति। चंग औ कलि के राजा को समान कर वर्णन किया। दूर भाजते हैं स्वामी के पास से (गुण शब्द के दो अर्थ डोर औ राजस) बढाने के समय। प्रगटते हैं निर्गुणता स्वामी के निकट रह के चंग औ राजा॥

तात्पर्य यह कि, जब चंग का प्रभु डोर बढावै है, तब चंग दूर जाय है। औ जब राजा को रजो-गुण की शक्ति प्रभु दे है, तब राजा प्रभु को भूले है, विषय-भोग में पड के। औ प्रभु जब वह शक्ति-गुण-रूपी रजो-गुण खैंच ले है, तब आठ पहर प्रभु को मनावै है॥ श्लेषालंकार स्पष्ट है॥

दूजा अर्थ। पीठ देना लोकोक्ति। प्रभु के गुण विस्तारण समय विषय पीठ दे के भाजता है। तब गुण को खोजै है। कोई क्षीर समुद्र में, औ कोई वैकुंठ में बतावै है। जब निर्गुण रूप ठहरावै है, तब सब ठौर ब्रह्म-ही दृष्ट आवै है, औ चंग रंग (कहै चंग की भाँति) गोपाल हैं॥

तात्पर्य यह कि, जब राजस तामस बढै है, तब चंग की भाँति प्रभु से दूर भाजते हैं पीठ दे कै, औ जब एक ब्रह्म समझै हैं, तब प्रभु के निकट होते हैं निर्गुण हो के। लुप्तोपमालंकार। चंग उपमान, रंग वाचक, भूपाल उपमेय, धर्म नहीं॥

तीजा अर्थ पाँच प्रकार से॥

दोहा। चंग रंग पुनि रंग को अर्थ अवर भूपाल।
चंगी रंग सु बंग अरु भुव जो पाल रसाल॥

चंग का वर्णन॥

दोहा। प्रभु सु उडायक चंग वह जब गुण-युत अधिकाइ।
तब सु दूर भाजति रहति निकटहि निर्गुण भाइ॥

चंग में प्रश्न ॥

दोहा। भजत पीठि दै तहँ सु तौ उतै पीठि है चंग।
उत्तर ॥ पीठि दैन को अर्थ वह रहत न निज प्रभु संग ॥

और प्रश्न ॥ वार्त्ता। गुण का भाव क्या कि विस्तार है। उडायक विस्तारै है ॥

उत्तर ॥ तहाँ प्रभु पद है। प्रभु-ही सबको बढावै है विस्तारन काल। इस से कह्या ॥

रंग-पक्ष अर्थ ॥

दोहा। रंग-कार के रंग बहु तब लौं नाँदिनि माहिँ।
जब लौं गुण में प्रविस नहि गुण-युत ह्वै भजि जाहिँ ॥

भूपाल-पक्ष अर्थ ॥

गुण साधनि प्रभु पद लगै रहै विपति के माहिँ।
संपति पाये मिलत नहि राजस मध्य लखाहिँ ॥

बंग-पक्ष-अर्थ ॥

दोहा। बैद जु प्रभु तिहि जात तजि जो सु बंग गुण-वान।
निगुण होइ फिर आवई भिषकहि गेह प्रमान ॥

पाल-के-आँब-पक्ष अर्थ ॥

दोहा। बाग-बान प्रभु के निकट जब लौं मधु गुण नाहिँ।
पाये गुण भाजत भलैं भोगिनि के गृह माहिँ ॥

श्लेषालंकार स्पष्ट है ॥

मूल। लटुवालौंप्रभुकरगहे निगुनौगुनलपटाइ।
वहैगुनौकरतेछुटै निगुनौयैह्वैजाइ ॥६७५॥

टीका।—कवि की उक्ति। लट्टू की भाँति जब प्रभु हाथ में पकडै है, तब निर्गुणी को गुण लिपटता है। वही गुणी हाथ से छुटने से निर्गुणी-ही हो जाता है ॥

तात्पर्य यह कि, राजा जब ग्राह जिस निर्गुणी पुरुष को अपने पास रक्खे है, सो गुण-वान हो जाता है। औ जब उस से छुटै है, तब निर्गुणी होता है लट्टू की भाँति ॥

गुणी पद श्लेष। पूर्णोपमालंकार। निगुनी पुरुष उपमेय, लट्टू उपमान, वाचक, निगुनी होना धर्म॥

मूल। जातजातधितहोतुहै ज्योंजियमेंसंतोख।
होतहोतजोहोयतौ होयघरीमेंमोख॥ ६७६॥

टीका।—शांति-रस-व्यंग। कवि की उक्ति। जाते जाते धन होता है जैसे जीव में संतोष, होते होते भी धन जो संतोष होय, तौ होय घडी में मोक्ष॥ संभावनालंकार स्पष्ट है॥

मूल। ब्रजबासिनकौउचितधन मोधनरुचितनकोइ।
सुचितनआयौसुचितकै कहौकहांतेहोइ॥ ६७७॥

टीका।—कवि की उक्ति। ब्रज-वासियों को जो धन योग्य है (कहैं श्री-कृष्ण, कै श्री-कृष्ण का प्रेम) सो धन किसी के चित में न आया। तौ सुचितई (कहैं, स्थिरता, कै पवित्रता) कहो कहाँ से होगी॥ द्वितीय पर्यायोक्ति, औ आवृत्ति-दीपक अलंकार। कुछ रचना से बात पर्यायोक्ति। धन धन पद आवृत्ति-दीपक॥

मूल। मनमोहनसौंमोहकरि तूघनस्यामसँभारि।
कुंजबिहारीसौंविहरि गिरिधारीउरधारि॥ ६७८॥

टीका।—प्रश्न॥ दो०। वे-ई मन-मोहन सु तौ वे-ई हैं घन-स्याम।
अभिप्राय किहिं लखि धरे चार भाँति वे नाम॥

उत्तर॥ सखी का वचन मानवती नायका से। तू मान से निर्मोही हो रही है। यह भला नहीं। मन-मोहन तेरे विरह से अति व्याकुल हैं। इन घन-श्यामों के समें उन को सँभाल। वे कुंज में बैठे हैं। तू गिरि-रूपी कुच की धारन किये है। उन्हें चल कर छाती से लगाव॥

तात्पर्य यह कि, वे मन-मोहन सब का मन मोहते हैं। तू उन का मन मोह। वे घन-श्याम सब को सुख देते हैं। तू घन-श्याम से बचाय, उन्हें सुख दे। वे कुंज-विहारी हैं। तू विहार कर, उन्हें प्रसन्न कर। वे गिरि-धारी हैं, सब के रक्षक।

तू उन की रक्षा कर, छाती से लगा के। इस में तुझे यश है सब भाँति से। मेरा कहा मान, मान छोड दे॥

पुनरुक्तिवदाभास अलंकार।

दोहा। दिखै अर्थ पुनरुक्ति सौ पुनरुक्तिवदाभास।
नाम इहाँ सब हरि-हि के किये भिन अर्थ प्रकास॥

परमार्थ-पक्ष अर्थ॥

दोहा। चार पदारथ चार हरि इन-ही कौं तू सेइ।
तिन चारनि के भेव तू नामहि में लखि लेइ॥
मन-मोहन रूपहि रमा मोही रमा सु नाइ।
अर्थ-दानि-यौं, धर्म-दत ज्यौं घन-श्याम निबाइ॥

प्रश्न॥ दो०। धन तौ आप करत धरम धर्म दानि किहिँ भाइ।
उत्तर॥ घन-कृत लखि शिक्षा लहत कृत्ति धर्म तिहिँ दाइ॥
काम विहारी नाम तें लहि जे करत विहार।
गिरि-धर रक्षक मृत्यु तें मोक्ष न पुनि संसार॥

परिकरांकुरालंकार।

दोहा। साभिप्राय विशेष्य जहँ परिकर-अंकुर जानि।
सब नामनि में इहाँ कह्यौ अभिप्राय बर दानि॥

मूल। तौलगियामनमदनमें हरिआवहिंकिहिंबाट।
निपटविकटजबलगिजुटे खुलैंनकपटकपाट॥६७९॥

टीका।—शांति-रस भक्त का वचन। तब तक इस मन-रूपी घर में हरि आवैं किस बाट से, निपट कठिन जब तक भिडे हैं सो खुलैं नहीं कपट-रूपी किवाड॥ रूपकालंकार स्पष्ट है मन औ घर शब्द से॥

मूल। बुधिअनुमानप्रमानस्रुति कियेनीठिठहराइ।
सूक्ष्मगतिपरब्रह्मकी अलखलखीनहिजाइ॥६८०॥

६७९। जौ लौं विकट जो निपट कठिन जडे जो कपट-रूप कपाट खूटे नहीं (छूटे नहीं)॥
इति हरिप्रकाशे॥

टीका।—शांति-रस-व्यंग। कवि की उक्ति, औ कटि वर्णन। बुद्धि से निश्चय किये नीठि ठहरे है मन में कि नायका की कटि है। औ वेद के प्रमाण से आवै है मन में कि ब्रह्म है। पर सूक्ष्म गति परब्रह्म की अलख है (लखी नहीं जाती)। कटि भी ऐसी सूक्ष्म है कि दिखाई नहीं देती॥ अनुमानालंकार स्पष्ट है॥

मूल। याभवपारावारकौं उलघिपारकोजाय।
तियकविछायाग्राहनी गहेबीचहीआय॥ ६८१॥

टीका।—कवि की उक्ति। इस संसार समुद्र को लाँघ के पार कौन जा सके। स्त्री की छवि छाया-ग्राहनी है, सो पकडै है बीच-ही आय के। छाया-ग्राहनी एक राक्षसी है, कि जिस ने हनुमान जी को पकडा था॥

तातपर्य यह कि, स्त्री से संसार में कोई जन मुक्त होता है॥ रूपकालंकार स्पष्ट है, स्त्री और ग्राहनी से॥

मूल। तजतीरथहरिराधिका तनदुतिकरअनुराग।
जिहिंब्रजकेलिनिकुंजमग पगपगहोतप्रयाग॥ ६८२॥

टीका।—युगल-किशोर की शोभा वर्णन। भक्त का वचन मन से। हे मन, अब तू तीरथ का भटकना छोड, श्री-कृष्ण औ श्री-राधिका-जी के शरीर की शोभा से प्रीति कर। क्योंकि जिस ब्रज की विहार कुंज के पंथ में डग डग में प्रयाग होता है। औ सब तीर्थों का राजा प्रयाग है। प्रयाग से अधिक फल और तीर्थ में न होगा। प्रयाग का रूपक। श्री-कृष्ण की शोभा श्याम, सोई यमुना। औ श्री-मती की शोभा गौर, सो गंगा। औ उन के पाँव की महावड के दोनौं का अनुराग, सो सरस्वती। अनुज्ञालंकार॥

दोहा। किहुँ के बच तीरथ तजन तनक दोष यह काज।
बडो लाभ दंपति पगनि पग पग तीरथ राज॥
अलंकार यहाँ जानियौं नाम अनुज्ञ विचार।
अंगीकृत तनु दोष जहँ बड गुण लाभ निहार॥

दूजा अर्थ। कोई पथिक यात्रा को ब्रज में सकुटुंब आया है। उस की स्त्री रथ में बैठी है, तिस से कहै है। हे तिय, रथ छोड। यह वृंदावन धाम है। हरि औ राधिका

के तन दुति से प्रीति कर। जिस व्रज-विहार कुंज के पंथ में प्रयाग का फल होता है पेंड पेंड पर। आगे प्रयाग का रूपक वैसे-ही॥ काव्यलिंग अलंकार। प्रयाग के फल का दृढ समर्थन किया॥

मूल। अपनेअपनेमतलगे वादमचावतभोर।
ज्योंत्योंसबकोसेइबो एकैनंदकिसोर॥ ६८३॥

टीका।—भक्त का वचन मन से। अपने अपने मत (कहैं द्वैत अद्वैत विशिष्टाद्वैत) में लगे बाद कर, कै हथा, मचावते हैं शोर लोक। जैसे तैसे सब को सेवना, सो एक-ही नंद-किशोर को सेवना है। बाद को निषेध कर, एक नंद-किशोर को सेवना ठहराया इस से॥ परिसंख्यालंकार।

दोहा। अर्थ निषेधै एक थल दूजे थल ठहराइ।
मत निषेध किय सेव इक नँद-नंदन सुख-दाइ॥

मूल। तौअनेकअवगुनभरी चाहैयाहिबलाय।
जौपतिसंपतिहूबिना जदुपतिराखेजाय॥ ६८४॥

टीका।—कवि की उक्ति। कोई कहै संपति बिना पति नहीं रहै, तहाँ कहिये प्रस्ताविक। संपति अनेक औगुण भरी है इसे चाहै हमारी बलाय। संपति बिना भी जो पति रक्खैं जाय श्री-कृष्ण-चंद्र तो। संभावनालंकार, जो तौ पद से स्पष्ट है॥

मूल। दीरघसाँसनलेहिदुख सुखसाईंहिनभूल।
दईदईक्योंकरतुहै दईदईसुकबूल॥ ६८५॥

टीका।—भक्त का वचन मन से। लंबी साँसें दुख से न ले, औ भगवान के सुख को; कै सुख-रूप भगवान को, मत भूल। दैया दैया क्यों करता है। देव ने जो दिया, सो अंगीकार कर॥ यमकालंकार स्पष्ट है॥

मूल। दियोमुसीमचढायलै आकीभाँतिअरि।
जापैचाहतमुखलयो ताकेदुखहिनफेरि॥ ६८६॥

टीका।—भक्त का वचन मन से, औ शृंगार में सखी का वचन नायका से। भगवान ने जो दिया, सो सिर चढ़ा ले, औ अच्छी भाँति से अंगीकार कर। जिस से चाहता है सुख लिया, तिस के दुख को मत फेरै॥

दूजा अर्थ॥ नायक ने किसी और स्त्री से आसक्त हो, नायका को दुख दिया। तहाँ सखी की शिक्षा नायका से॥ विचित्रालंकार।

दोहा। सो विचित्र जहँ यतन तें इच्छा फल विपरीति।
दुख फेरन व्यवहार हत लै न चहत सुख प्रीति

वक्रोक्ति भ्रांति स्वर वर्णन।

मूल। नीकीदई अनाकानी फीकी परी गुहारि।
मनौ तज्यौ तारन बिरद बारिक बार न तारि॥ ६८७॥

टीका।—भक्त का वचन भगवान से। अच्छी दी आनाकानी तुम ने। इस से मेरी पुकार सुन के न सुनी गई। मानो छोड़ा तारने का यश, एक बार हाथी को तार के॥ हेतूत्प्रेक्षालंकार स्पष्ट है।

मूल। कौनभाँतिरहिहै बिरद अबदेखिबी मुरारि।
बीधेमोसों आयके गीधेगीधहितारि॥ ६८८॥

टीका।—भक्त का वचन भगवान से। किस रीति से रहैगा यश तुम्हारा अब देखना है, हे मुरारि। अटके हो मुझ से आ के, औ परचे हो गिद्ध को तार के॥

तात्पर्य यह कि, तुम कौं तो रस संबंधी बल है, क्योंकि सुर दैत्य को मारि सोलह सहस्र राज-कन्या ब्याहीं। औ गिद्ध को तारा, इसी से पतित-तारन नाम का यश संसार में हो रहा है। अब मुझ महापतित से आ अटके हो। सो देखैं कैसे तुम्हारा यश रहै॥ काव्यलिंग अलंकार, पतिताई का दृढ समर्थन किया॥

मूल। बंधुभयेकादीनके कौताख्यौरघुराय।
तृठेतृठेफिरतहौ झूठेविरदकहाय॥ ६८८॥

टीका।—भक्त का वचन भगवान से। बंधू हुए किस दीन के, औ कौन तारा तुम ने, हे राम-चंद्र। प्रसन्न प्रसन्न फिरते हो झूठा यश लोकों से कहला के॥ काकूक्ति अलंकार स्पष्ट है॥

मूल। थोरेहूगुनरीझते बिसराईवहबानि।
तुमहूंकान्हमनौभये आजकालिकेदानि॥ ६८९॥

टीका।—भक्त का वचन भगवान से। आगे थोडे-ही गुण से रीझते। भुलाई अब वह बान। तुम भी हुए, हे कृष्ण, आज के समय में केदान (कहैं नट का ढोली)॥

तातपर्य यह कि, जैसे नट किसी रीति से बाजो करै, औ वह ढोल बजा कहै कि यह भी कला न बदी, तैसे तुम भी कोई कला नहीं मानते॥ उत्प्रेक्षालंकार मनौ पद से॥

मूल। कबकोटिकतदीनरट होतनस्यामसहाय।
तुमहूलागीजगतगुरु जगनायकजगबाय॥ ६९०॥

टीका।—भक्त का वचन भगवान से। कब का पुकारता हूं दीनता कर रट लगाये। होते नहीं, हे श्याम, तुम सहाय। तुम्हैं भी लगी, हे जगत-गुरु, हे जग-नायक, क्या जगत की वायु॥

प्रश्न॥ श्याम, जगत-गुरु, जग-नायक, पुनरुक्ति है॥

उत्तर॥ परिकरांकुर से साभिप्राय नाम है, औ अर्थ भिन्न भिन्न हैं॥

तातपर्य यह कि, श्याम घन दाता हो, औ नहीं देते। औ कहिये कि कुछ कमी होइ, तौ जगत-पति हो, तुम्हारे किस वस्तु की कमी है। औ जो कहिये दान देना भूले हो, तौ तुम जगत के गुरु हो, और कौं शिक्षा देते हो, तुम कैसे भूलोगे॥ लुप्तोत्प्रेक्षालंकार, मानौ तुम्हैं भी जगत की लगी बयार, इस पद से॥

मूल। ज्यौंहौंहौंत्यौंहौंहुंगो हौंहरिअपनोचाल।
हठनकरौअतिकठिनहै मोतारिबोगुपाल॥ ६६२॥

टीका।—भक्त का वचन भगवान से। ज्यौं हूँगा त्यौं होऊँगा मैं, हे कृष्ण, अपनी रीति से। तुम हठ मत करो। मैं महापापी हूँ। मेरा तारना अति कठिन है, हे गोपाल॥ निषेधाभास औ आक्षेपालंकार। ऊपर से निषेध औ मन में चाह है इस से॥

मूल। करौकुबतजगकुटिलता तजौंनदीनदयाल।
दुखीहोहुगेसरलहिय बसतत्रिभंगीलाल॥ ६६३॥

टीका।—भक्त का वचन भगवान से। करै मेरी निंदा सब संसार, पर मैं कुटिलता न छोड़ूँगा, हे दीन-दयाल। क्योंकि तुम दुखी होगे सीधे हृदे में बसते, हे त्रिभंगी लाल। तीन ठौर से टेढ़े हैं कृष्ण। पाँव, कमर, गले से, इस से त्रिभंगी कहा॥

प्रश्न॥ यह कुटिलता रक्खा चाहता है, औ कुटिल मन में ईश्वर न आवै। पुनि दीन-दयाल संबोधन दीन हो सो करै, यह कुटिल दीन कैसे होय॥

उत्तर॥ कुबजा का वचन भगवान से। मेरी कुटिलता की निंदा जग करी। तुम दीन-दयाल हो। तुम को मैं न छोड़ूँगी। अंग-हीन को दीन जानिये। काकूक्ति कहती है, क्या दुखी होगे सरल हिय में बसते, हे प्रभु, मैं कुटिल, तुम त्रिभंगी॥ समालंकार औ काव्यलिंग। यथा योग्य का संग सम, औ कुटिलता दृढ़ करी सो काव्यलिंग॥

मूल। मोहितुम्हंबाढ़ोबिबम कौजीतैजदुराज।
अपनेअपनेबिरदकी दुहूँनिबाहनिलाज॥ ६६४॥

टीका।—भक्त का वचन भगवान से। मुझ से तुम से बढ़ा है विवाद, देखें कौन जीते, हे कृष्ण। अपने अपने नाम की दोनों को निबाहनी है लाज॥

तात्पर्य यह कि, मैं पतित हूँ अपनी पतितारई न छोड़ूँगा। तुम पतित-तारन हो। बिन तारे न रहोगे॥ विरोधाभास अलंकार स्पष्ट है॥

मूल। समैंपलटपलटैप्रकृति चीनतजैनिजचाल।
भौचकरूनकमनाकरौ यहकपूतकलिकाल ॥६६५॥

टीका।—भक्त का वचन भगवान से, कै कवि की उक्ति। समय बदल कर बदले है सुभाव, औ कौन नही छोडै अपनी रीति। हे दीन-दयाल, तुम भी दया छोड निर्दई हुए। अब दया करो मुझ कपूत पर इस कलि-युग के समैं में ॥ सहोक्ति अलंकार।

दोहा। सो सहोक्ति सब भाव जहँ मन-रंजन विधि होइ।
समैं पलटि सँग प्रकृति-इ पलटति यह विधि जोइ ॥

मूल। तौबलिहारीभलीबनी नागरनंदकिशोर।
जौतुमदेखैकरनीमेरी मोकरनीकीओर ॥ ६६६ ॥

टीका।—भक्त का वचन भगवान से। तौ बलिहारी अच्छी बनी, हे चतुर नंद-कुमार। जो तुम भली रीति से कर के देखो मेरी करतूत की ओर तौ ॥

तात्पर्य यह कि, तुम मेरी करनी को न देखो। मैं महा कुकरमी हूँ। तुम पतित-तारन हो। उद्धार करो॥ संभावनालंकार स्पष्ट है, जो तौ पद से ॥

मूल। हरिकोजतुतुमसौंयहै विनतीबारहजार।
जिहिंतिहिंभाँतिडर्योरहौं पर्योरहौंद्वारबार ॥ ६६७ ॥

टीका।—भक्त का वचन भगवान से। हे हरि, करता हूँ तुम से यही विनती हजार बार। जिस तिस भाँति डरता हुआ पडा रहूँ तुम्हारे द्वार-बार पर॥ लोकोक्ति अलंकार।

दोहा। लोक कहन वर्णन जहाँ लोकोक्ति यह जान।
डर्यो रहौं यह लोक को कहनावत पहिचान ॥

मूल। निजकरनीसकुचौंहिकत सकुचावतिदृहिचाल।
मोहूसेचितविमुखसौं सनमुखरहिगोपाल ॥६६८॥

टीका।—भक्त का वचन भगवान से। एक तौ अपनी करनी से सकुचता-ही-हूँ, और क्यौं सकुचाते हो इस रीति से, कि मुझ से भी अति विमुख से सन्मुख रह कर, हे गोपाल॥

तात्पर्य यह कि, सकुची को सन्मुख रह क्यौं सकुचाते हो॥ अनुगुण औ परिकरांकुरालंकार। सकुच पर सकुच बढाना अनुगुण। औ गोपाल नाम साभिप्राय है, इस से परिकरांकुर। गो-पाल कहैं भू-पाल॥

मूल। कीजैचितसोईतगैं जिहिंपापिततनकैसाथ।
मेरेगुनअवगुनगननि गनौनगोपीनाथ॥ ६६६॥

टीका।—भक्त का वचन भगवान से। करिये चित में सोई जिस से मैं तरूँ पापियौं के साथ। मेरे गुन और औगुन के समूह को गिनो मत, हे गोपी-नाथ॥ दीपकालंकार। गनौ पद दो ठौर लगा, गुण औ अवगुण में, इस से॥

मूल। प्रगटभएद्विजराजकुल वसेसुबसमब्रजआय।
मेरेहरौकलेससब केशौकेशौराय॥ ७००॥

टीका।—कवि की उक्ति भगवान से। प्रगट हुए चंद्रवंश में और बसे सुबास कर ब्रज में आ के। मेरे दूर करो कलेश सब केशव, हे केशव-राय। केशव केशव पद श्लेष। केशव बिहारी के पिता का नाम, औ केशव-राय भगवान॥ श्लेषालंकार।

दोहा। श्लेष अर्थ केशव पिता अरु हरि केशव राय।
वे द्विज-कुल ये चंद्र-कुल प्रगटे अर्थ जताय॥

मू०। सो०। मोहूदीजैमोख ज्यौंअनेकअघमनिदियौ।
जौबाँधेहीतोख तौबाँधौअपनेगुननि॥७०१॥

टीका।—भक्त का वचन भगवान से। मुझे भी दीजे मुक्ति जैसे अनेक पापियौं को दी। जो बाँधने-से-ई तुष्ट हो, तो बाँधो मुझे अपने गुणौं से॥ श्लेषालंकार। गुण शब्द रस्सी औ लेह॥

नृप-स्तुति वर्णन।

मूल। दो०। चलतपायनिगुनीगुनी धनमनिमोतीमाल।
भेटभयेजयसाहिसौं भागचाहियतभाल॥१०२॥

टीका।—कवि की उक्ति। चलते हैं पा कर निर्गुणी औ गुणी धन रत्न औ मोती की माला। भेट हुए राजा जय शाह से कपाल में भाग्य चाहिये है॥

प्रश्न॥ दोहा। भाग भाल-ही जौ भये कहा बडाई भूप।

उत्तर॥ कहा भाग कछु चाहियत काकोक्ति इहि रूप॥

काकूक्ति अलंकार स्पष्ट है॥

मूल। रहतिनरनजयसाहिमुख लखिलाखनकीफौज।
जाचिनिगाखरहचले लैलाखनकौमौज॥१०३॥

टीका।—कवि की उक्ति। रहती नहीं रण में राजा जय शाह का मुख देख के लाख मनुष्य की फौज। औ माँग के मूरख भी ले जाँय हैं लाखों का दान राजा जय शाह से॥ लाटानुप्रास अलंकार स्पष्ट है, लाख लाख शब्द से॥

मूल। प्रतिबिंबितजयसाहिदुति दीपतिदरपनधाम।
सबजगजीतनकौकियौ कायव्यूहमनुकाम॥१०४॥

टीका।—कवि की उक्ति। शीश-महल में राजा बैठा है। तिस का वर्णन। प्रतिबिंब पडा राजा जय शाह की छवि की जोति का शीश-महल में। सो सब जग के जीतने को किया है मानो अपनी काया का व्यूह काम-देव ने। व्यूह समूह की सैन्य रचना॥ हेतूत्प्रेक्षालंकार स्पष्ट है॥

मूल। घरघरहिंदुनितुरकिनी देतिअसीससराहि।
पतिनुराखिचादरचुरी तैंराखीजयसाहि॥१०५॥

टीका ।—एक समें दिल्ली-पति का कटक माडवाड के राजा अजीत सिंह पर चढि आया, औ इधर से राजा भी केशरिये बागे रंग चढ खडा हुआ । जब दोनौं दल से सुटभेड होने को हुई, तब राजा जय शाह ने आ बीच बिचाव कर दिया, औ लडने न दिया । दोनौकटक जीते जागते पहुंचे अपने अपने स्थान पर । तिन की स्त्रियौं का वचन । कवि की उक्ति । घर घर में हिंदुनी औ तुरकिनी देती हैं असीस सराह कर । हमारे स्वामियौं को रख के पडदा औ सुहाग तैं ने रक्खा, ए जय शाह राजा ॥ हेतूत्प्रेक्षालंकार स्पष्ट है ॥

मूल । सामासेनसयानकौ सबैमाहिकैमाय ।
बाहुबलीजयमाहिजू फतैतिहारैहाथ ॥ ७०६ ॥

टीका ।—कवि की उक्ति । सामग्री फौज औ चतुराई की सभी दिल्ली-पति के साथ है । हे बाहु-बली जय शाह जी, जय तुम्हारे-ही हाथ है ॥

तात्पर्य यह कि, जहाँ तुम चढ जाते हो, तहाँ जीतते हो ॥ असंगति अलंकार स्पष्ट है ॥

मूल । हृकुमपायजयमाहिकौ हरिराधिकाप्रसाद ।
करीबिहारीसतसई भरीअनेकसवाद ॥ ७०७ ॥

टीका ।—कवि की उक्ति । आज्ञा राजा जय शाह की पा, औ श्री-कृष्ण-चंद्र औ श्री-राधिका-जी के अनुग्रह से, बनाई बिहारी कवि ने सतसई भरी हुई अनेक स्वाद से ॥

मूल । सम्वतग्रहसमिजलधिछिति कृतितियबासरचंद ।
चैत्रमासपछकृष्णमें पूरनग्रानँदकंद ॥ ७०८ ॥

टीका ।—सम्वत १७१८, चैत्र बदी ६, चंद्रवार के दिन, ग्रंथ आनंद कंद पूरा किया कवि ने ॥ इति ॥

अथ परिशिष्ट यथा ।

मूल । गुरुजनदूजेब्याहकौं नितिउठिरहतरिसाय ।
पतिकौपतरावतिबहू आपुनिबाँझकहाय ॥ ७०९ ॥

टीका।—सखी का वचन सखी से। नायका स्वकीया सुर विवाहिता। सास ससुर अपने बेटे का दूसरा ब्याह करने की बहु से निति रिसाये रहते हैं, इस लिये कि संतान नही होती। पति की पत रखती है बहु, आप बाँझ कहा के॥

तातपर्य यह कि, पति की नपुंसकता नही कहती। आप बाँझ कहाय रहती है॥ जाति अलंकार स्पष्ट है॥ यह दोहा प्राचीन टीकाओं में नही, इस से पीछे लिखा॥

मूल। अंतमरैंगेचलिजरैं चढ़िपलासकीडार।
फिरिनमरैंमिलिहैंसखी यैनिरधूमअँगार॥ ७१०॥

टीका।—प्रलाप-दशा। नायका वचन सखी से। अंत तो हम मरैं-हीं-गे इस से चल जलैं चढ के ढाक की डाली पर। फिर मरने से न मिलैंगे, हे सखी, ये बिना धुएँ के अँगारे। भ्रांत्यलंकार स्पष्ट है। पलास फूल में अँगार का भ्रम॥ यह दोहा किसी प्राचीन टीकाकार ने नही लिखा। एक हरि प्रकाश टीका में हैं। इस से पीछे लिखा॥

मूल। अरेहंसपुरानगरमें जैयौआपविचारि।
कागनसौंजिनिप्रीतिकरि कोयलदई निकारि॥ ७११॥

टीका।—कवि की उक्ति। अरे हंस, इस नगर में तू आप विचार कर के जैयो, क्योंकि नगर निवासियों ने कौवों से प्रीति करि के कोयल को निकाल दी॥ अन्योक्ति अलंकार स्पष्ट है॥ मूरखों के गाम में कोई गुणी जाया चाहै, तहाँ कहिये॥ यह भी दोहा हरि-प्रकाश टीका में है। और में नही। इस से पीछे लिखा॥

मूल। जदपिपुरानेबकतऊ सरवरनिपटकुचाल।
नयेभयेतुकहाभयौ यैमनहरनमराल॥ ७१२॥

टीका।—कवि की उक्ति। जो भी पुराने बगले हैं, तो भी, हे सरोवर, ये निपट कुचाल हैं। नये हुए तो क्या हुआ, ये मन के हरनेवाले हंस हैं॥ अन्योक्ति अलंकार स्पष्ट है॥ कोई राजा पुराने मूरख चाकरों से प्रीति करै, औ नये गुणवान से प्रीति न करै, तहाँ कहिये॥ यह भी दोहा हरि-प्रकाश टीका में है। और में नही॥

मूल। सखीसिखावतिमानविधि मैंननिवरजतिबाल।
हरयेकहिमोहियबसत सदाबिहारीलाल ॥७१३॥

टीका।—सखी का वचन सखी से। सखी सिखातो है मान की रीति, तब आँख से बरजती है नायका। हौलि से कह मेरे हिये में बसते हैं सदा बिहारी लाल। वे न सुने॥ प्रेमालंकार स्पष्ट है॥ यह दोहा और टीकाओं में नही। अमर-चंद्रिका भी हरि-प्रकाश टीका में है। इस से पीछे लिखा॥

मूल। ठाढीमंदिरपैलखे मोहनदुतिसुकुमारि।
तनथाकैहुनाथकै चखचितचतुरनिहारि॥७१४॥

टीका।—सखी का वचन सखी से। खडी हुई कोठे पर देखै है श्री-कृष्ण-की शोभा सुकुमारी नायका। शरीर थकने से भी नही थकै नैन औ मन। हे चतुर, तू देख॥ विशेषोक्ति अलंकार स्पष्ट है। तन थकने से भी मन नैन नही थकैं॥ यह दोहा भी हरि-प्रकाश औ अमर-चंद्रिका में है। और में नही। तिस से पीछे लिखा॥

मूल। सामिवदनीमोसौंकहत मोयहसांचीबात।
नैननलिनयेरावरे न्यायनिरखिनेजात॥७१५॥

टीका।—नायका वचन नायक से। नायका धीराधीरा। चंद्र-मुखी मुझे कहते हो, सो यह सच बात है। नैन-कमल ये आप के इसी लिये मेरा मुँह देख झुके जा हैं॥ हेतूत्प्रेक्षालंकार स्पष्ट है॥ यह दोहा भी हरि-प्रकाश औ अमर-चंद्रिका में है। और में नही॥

मूल। जामृगनयनीकिसदा बेनीपरसतिपाय।
ताहिदेखिमनतीरथनि बिकटनिजायबलाय॥७१६॥

टीका।—नायक वचन मन से, की नायका से। जिस मृग-लोचनी के सदा वेणी (पद श्लेष, चोटी औ त्रिवेणी) छूती है पाँव। तिसे देख, हे मन, विकट तीरथों में तेरी बलाय जाय॥

तातपर्य यह कि, श्री-मती-राधिका-जी को देख, जिस से पाप जाय ॥

प्रश्न ॥ दोहा । मृग-नयनी सब-ही तरणि यहाँ किहिँ बल कौँ पाय ।
तीरथ बेणी की करी अवज्ञा सु इहिँ भाय ॥

उत्तर ॥ वृषभासुर के बध बिषैँ कही किहूँ सखि आय ।
प्रिया कही तीरथ करी तहाँ श्याम बच पाय ॥

काव्यलिंग अलंकार स्पष्ट है । वेणी में त्रिवेणी का दृढ किया ॥ यह दोहा भी अमर-चंद्रिका श्री हरि-प्रकाश में है । और में नही । इस से शेष लिखा ॥

अथ ११७ ।

मूल । तजतअहानन हठपर्यो मठमतिआठौँजाम ।
रहैबामबाबामकौ भयौकामबेकाम ॥ ११७ ॥

टीका ।— सखी का वचन नायक से । विरह-निवेदन । छोडता नही अनकरनी बात । हठ पडा कूढ-मति आठौँ पहर । रहता है बना हुआ वैरी उस नारी का काम बिन काम ॥

प्रश्न ॥ दो० । विरहिणि जारन काम इहि कह्यौ सु क्यौँ बे-काम ।
उत्तर ॥ सिद्धि कहा अबला-विजय जिन जीते गुण-धाम ॥

वार्त्ता ॥ अति सबल हो अबला पर बल करै आठौँ पहर । इस से उस की कूढ मति का दृढ हुआ ॥ इस में काव्यलिंग अलंकार स्पष्ट है ॥

वाम शब्द वैरी औ स्त्री औ शिव ॥

तातपर्य यह कि, शिव के नाम संसर्ग से काम वैरी आठ पहर बना रहे है नायका का । यमकालंकार स्पष्ट है, बाम बाम शब्द से ॥

मूल । पायलपायलगीरहै लगैअमोलकलाल ।
भोडरहूकौभामिहै बैदीभामिनिभाल ॥ ११८ ॥

टीका ।—शृंगार में अन्योक्ति । सखी का वचन नायक से, कै कवि की उक्ति ।

पाय जेब पाँव-ही में लगी रहैगी, जो अनमील लाल लगे हैं तौ भी। अभ्रक की शोभायमान होमी बिंदी नायका के माथे पर॥

अर्थ॥ दोहा। उत्तम संपति-हीन-ह्व तउ उच आसन योग।
अधम नीच तौऊ रहै सेवक भाव संयोग॥

प्रश्न॥ पायल में कह नीचता बेंदी कह उच भाइ।
उत्तर॥ पायल पग हेतहि बनत बेंदी भालहि ताइ॥
अन्योक्ति अलंकार।

दोहा। अन्याकात अरु प्रति कहै अरु की बात विख्यात।
पायल बेंदी प्रति कही ऊँच नीच की बात॥

दूती-वचन कुलीन नायका की बडाई। इस से शृंगार॥

मूल। बामतमासेकररही बिबसबाहनीसेइ।
झुकतिहँसतिहँसिहँसिझुकति झुकिझुकिहँसिहँसिदेइ॥७१९॥

टीका।— मद-पान समय, सखी का वचन। नायका तमासे कर रही है। बे-बस हुई मदिरा पी के। खिजलाती है, हँसती है, हँस हँस, झुक झुक कर, खिजला खिजला, हँस हँस दे है॥ जाति अलंकार स्पष्ट है॥

मूल। भौयहएमोईसमौं जहाँसुखददुखदेत।
चैतचाँदकीचाँदनी डारतिकियेअचेत॥ ७२०॥

टीका।—प्रोषितपतिका वचन सखी से। हुआ यह ऐसा-ही समाजिस में सुख-दाता दुख दे है। चैत के चंद्रमा की चाँदनी किये डालती है अचेत॥ व्याघात अलंकार।

छंद। सुखद दुखद ह्वै जात सो कहिये व्याघात॥

मूल। जदपिनाहिंनाहींनहीं बदनलगोजकजाति।
तदपिभौंहहाँसीभरिनु हाँसीयेठहराति॥ ७२१॥

टीका।—सखी का वचन सखी से, कै नायक से। जो भी नहो नहो नहो को नायका के मुख से रट लगी है। तौ भी हँसी भरी भौंहौं से हाँसी-ही ठहरती है जो देखे उस के मन में॥ क्रिया क्रिया विरोधालंकार।

दोहा। नाहीं हाँ जैसी भई क्रिया क्रिया विरुद्ध।
अलंकार सु विरोध यहाँ जानत जे मति-शुद्ध॥

मूल। रूखकरैंवमिसगौरवमुख कहतिरुखौंहैंबैन।
रूखैकैसैंहौंतये नेहचीकनैनैन॥ ७२२॥

टीका।—सखी का वचन नायका से। चहरा रूखा किया क्रोध के बहाने से, औ मुख से कहती भी है रुखाई लिये वचन। रूखे कैसैं होंगे ये नेह से जो चिकने नैन हैं तेरे॥ काव्यलिंग अलंकार। चिकने नैनौं ने प्रीति का दृढ समर्थन किया॥ नेह, तेल औ प्रीति॥

मूल। लग्योसुमनहैहैसुफल आतपरोसनिवार।
बारीबारीआपनी सींचसुहृदनावार॥ ७२३॥

टीका।—स्वकीया नायका से सखी का वचन मान छुडाना हेतु। लगा है अच्छा मन (कै अच्छा फूल)। होगा सो फल धूप-रूपी क्रोध से बचाव। हे बाली, बाडी कै बारी अपनी को सींच अच्छे मन-रूपी पानी से॥

तातपर्य यह कि, मान न कर। नायक से प्रीति कर। अभिलार्थ भिन्नपद मिश्रित श्लेष, औ रूपक अलंकार स्पष्ट है। सुमन औ फल पद श्लेष, औ धूप औ क्रोध का रूपक॥

मूल। ललनचलनसुनिचुपरही बोलीआपनदीठ।
राख्योगहिगाढैगरौ मनौगलगलीदीठ॥ ७२४॥

टीका।—सखी का वचन सखी से। नायका मध्या प्रवत्स्यत्पतिका। नायक का चलना सुन कर, चुप रही बोली आप नहीं प्रीतम से। रक्खा पकड कस कर गला मानो आँसू भरी दृष्टि नायका की ने नायक का॥ उत्प्रेक्षालंकार स्पष्ट है॥

मूल। सकैसतायनतमबिरह निसिदिनसरससनेह।
वहैरहैलागीटगनि दीपसिखासीदेह॥ ७२५॥

टीका।—मानी प्रोषित नायक का वचन सखी से। सकता नहीं सता कर तम-रूपी विरह रात दिन अधिक सनेह से। वही रहे है लगी आँखौं से दीप-शिखा सी देह नायका की।

प्रश्न॥ दोहा। जहाँ न विरह सतावई तहाँ न पूरन प्रीति।
पिय के तौ तिय हिय मिटी पुरुष विरह की रीति॥
जो कहिहौ यह सुमृत तौ स्मृति में नहि सुधि भाइ।
यहाँ तौ लखियत विरह है पै नहि सकत सताइ॥
उत्तर॥ सो०। दीप-सिखा सी देह नेह सहित हिय में बसै।
देखौ अद्भुत एह विरह-तमहि न सतावई॥

विशेषोक्ति अलंकार। दीपक है औ तम नहीं जाता।

मूल। जगतजनायौजिहिंसकल सोहरिजान्यौनाहिं।
ज्यौंआँखनिसबदेखिये आँखनदेखीजाहिं॥ ७२६॥

टीका।—शांति-रस। भक्त का वचन मन से। जगत को पैदा किया जिस ईश्वर ने, तिस ईश्वर को तैं ने जाना नहीं। जौं आँखौं से सब देखते हैं, औ आँख नहीं देखी जाती॥ दृष्टांतालंकार॥

इति श्री-कवि-लाल-विरचित-लाल-चंद्रिकायां विहारि-सप्तशतिका-टीकायां प्रस्ताविक-अन्योक्ति-नवरस-नृपस्तुति-परिशिष्ट-त्रुटित-वर्णनं नाम चतुर्थं प्रकरणं समाप्तम्॥ ४॥ श्री-राधा-कृष्ण-प्रसादात् संपूर्णो ग्रन्थो निर्विघ्नः समाप्तः॥

शुभमस्तु॥

७२६। दीखे ६७० वी दोहरे।

ADDITIONAL NOTES.*

दोहा ७६ ।

और सब प्रसन्न फिरती हैं आनंद से भरी गाती (हुई)। है बहू, तू-ही देवर के व्याह में क्यों बिलखी फिरती है ?

बिलखना = शोक-मग्न होना और गंभीर भाव धारण करना, अर्थात हर्ष शोकादि का न प्रकाश करना। बि = विशेषरूप से, लखना = देखना वा दिखाई पड़ना॥

इस दोहे में 'बिलखी' का अर्थ शोकमग्ना नहीं है। गंभीरा है। अर्थात औरों की भाँति उत्साह से पूर्ण हो के गाती नहीं फिरती (देवर के व्याह से संबद्ध अनेक कार्यों के प्रबंध में संलग्न होने के कारण, न्योते में आई हुई निश्चिंत स्त्रियों की भाँति गाने बजाने चुहुल करने आदि का अवकाश नहीं पाती)। ऐसी दशा में उस (नायिका) से उस की भ्रातृ-तरुणि (भौजाई) रस-ऐन (परिहास-पूर्ण) वचन कहती है कि, बहू, तू-ही क्यों मुँह लटकाए फिरती है।

भौजाई का ननद से परिहास करना इस देश की रीति है, और परिहास के अवसर पर जैसे साला बहनोई को अपना साला बनाता है, वैसे-ही भावज ननद को अपनी भौजाई बनाती हैं, और भौजाई की संबोधन, वधू (बहू) शब्द से प्रसिद्ध है। व्याह के अवसर में सभी सब से परिहास (दिल्लगी) करते हैं। और देवर भौजाई तथा ननद भावज का सभी काल में परिहास हुआ करता है॥

किहिं तिय सों = किसी स्त्री से (नायिका से)। रस = हँसी। चुहुल = दिल्लगी। ऐन = घर। रस-ऐन = परिहास-पूर्ण। यह बैन (वचन) का विशेषण है। नायिका से (उस की) भ्रातृ-तरुणि के रस-ऐन बैन इत्यर्थः॥

---

*The Editor has to thank several learned native friends for supplying him with materials for these notes. He would specially mention his obligations to the late Pandit Pratāpa-nārāyaṇa-miçra, to Pandit Ambikā-datta-vyāsa, to Pandit Sarayu-prasāda-miçra, and to Babu Rāma-dīna-sinha.

"बिलखी, बिलखि, बिलखना" आदि का गंभीरता सूचक अर्थ यदि संदिग्ध समझिए, तो रामायण के इस दोहे के अर्थ का विचार कीजिए कि,

सुनहु भरत भावी प्रबल
बिलखि कहा मुनि-नाथ।
लाभ हानि जीवन मरन
जस अपजस विधि-हाथ॥

मुनि-नाथ बसिष्ठ जी वेदांत शास्त्र के आचार्य हैं। उन को किसी के जन्म मरणादि में हर्ष-शोकादि के वश गाना रोना (बिलखना) शोभा नहीं देता। इस से यही अर्थ युक्ति युक्त होगा कि, मुनि-नाथ ने गंभीरता से (विशेषता से देख के = विचार के) कहा। क्योंकि लाभ हानि जीवन मरन जस अपजस ज्ञान-पूर्ण आश्वासन वाक्य है, जो बिलख कर (रो कर) कहना संभावित नहीं है॥

---

७१ दोहे की टीका।

दान-सूर किहु माहिं = किसी दान-शूर (दान-वीर) के वर्णन में। दान के शूर के (वा ऐसे-ही) किसी के वर्णन में॥

कवि लोग बहुधा दानी वा वीरों-ही का वर्णन अत्युक्ति में करते हैं (संस्कृत और भाषा में अधिकतः ऐसे-ही स्थल पर इस अलंकार के उदाहरण मिलेंगे) इस से दान और शूर शब्द का विशेष उल्लेख कर के फिर किहुँ माहिं (किसी में = किसी Subject में) कहा है। "अर्थ" किसी शब्द (वा किन्हीं शब्दों = किसी के वर्णन) ही में होता है, इस से "दान" "शूर" (वा "दान-शूर") और "किहुँ" शब्दों से दान वा शूर आदि का वर्णन समझना चाहिए॥

नैन लगाना वा मन लगना भी मनो-दान (दिल देना, दिलदिही) के पर्याय हैं। और मन का देना भी एक प्रकार का दान-ही है। वरंच जिसे मन दे दिया जाता है, उसी को तन प्राण और धनादि भी प्रसन्नता पूर्वक दिए जाते हैं॥

ऊपर वाले दोहे के अर्थ में इतनी खींच खाँच के बल लाल कवि की टीका के अनुरोध से करनी पड़ती है। नहीं तो जब परकीयत्व मात्र-ही धर्म विरुद्ध है, देवर जेठ कैसा? सतसई धर्म-शास्त्र तो है-ही नहीं। कविता का ग्रंथ है। सो उस

म परकीया का वर्णन हुआ-ही करता है। वरंच देवर से प्रकाश्य रूप में हँसी जो लगी का नाता होने के कारण परकीयत्व में बडा सुभीता रहता है। इसी से बहुधा ऐसी स्त्रियाँ अपने उपपति को देवर-ही कहा भी करती हैं। अस्मात यदि टीकाकार के प्रश्न का अनुरोध न किया जाय, तो नायिका से अंतरंगिनी सखी का वचन और देवर शब्द को पति के भाई के अर्थ में न ले के, उपपति के अर्थ में मान लेने से, कोई हानि नहीं है। दयानंद स्वामी ने वेद भूमिका में, नियोग के प्रकरण में, देवर का अर्थ द्वितीय वर (पति) लिखा है॥

८७ दोहे की टीका।

नामादूषण। इस का तात्पर्य यह है, कि दोनों का कहना अधिक है और अधिकनामक दूषण भी है॥ (नामा-दूषण अर्थात उसी पूर्वोक्त नामवाला दूषण) "अधिक" नामक दूषण के लक्ष्य लक्षण प्रसिद्ध हैं।

लल्लू-जी-लाल संस्कृतज्ञ न थे। इस लिये संस्कृत ढङ्ग की लिखावट में गलती करते हैं। लिखना यों था "अधिक है और तन्नामक दूषण भी है"। पर उन ने पुंलिङ्ग तन्नामा के सदृश केवल नामा लिख मारा॥

१२१ दोहे की टीका।

द्युति-यै=थी-ही॥ अर्थात महावर देखने के कारण (एक तो) रिस थी-ही। (वह रिस) पय अँगुरिन लाली लखै (और भी बढ़ गई)॥

"यै" शब्द "ही=निश्चयार्थे"। बहुत प्रान्तों में बोला जाता है॥ यथा, पूब प्रान्त में "यह बात दैयें रची है," अर्थात यह बात दैव (दई) ही ने रची है॥

देव कवि, "चेती मरू करि कै चितई जब चारि घरी लौ मरी-यै धरी रही" अर्थात मरी-ही रक्खी रहे॥

केशव (उरछा-वाले), "मारन हार उबारन हार सु तौ सब के सिर ऊपर है-यै" अर्थात है-ही॥ इत्यादि बहुत प्रमाण मिल सकते हैं। और यही यहाँ पर पूरा अर्थ भी देता है॥

१२४ दोहे की टीका।

जहाँ किसी कारण से दोष को गुण के रूप में प्रकाशित करें, वहाँ लेशालंकार होता है। यथा सौतियों का (नायक को) वश में रखने का ढंग टोना (जादू= वशी-करण आदि) दोष था। अर्थात मारण मोहन उच्चाटनादि बुरे प्रयोग हैं, पर जब तू ने (नायिका ने) नायक को अपने गुण रूपादि से अपने वश कर लिया, तो वही वशी-करण का दोष गुण हो गया। अर्थात ऐसी दशा में नायक बहुत स्त्रियों की आसक्ति छोड कर, एक स्त्री पर स्नेह करने लगा। सब और टोल शब्द से अनेक नारी सिद्ध होती हैं। नायिका नई और स्वकीया है। उस के पक्ष में पति का अनेक नारी अनुरक्त होना, उस के (नायिका के) रूपादि में न्यूनता का दोष, और नायक में कामुकता का दोष दिखाता था। पर जब नायिका ने उन्हीं कामों से (जिन से सौतें नायक पर वशी-करण सा किए थीं) नायक को अपने वश कर लिया, तो नायिका नायक के दोनों दोष मिट गए। अतः वशी-करण का दोष गुण हो गया॥

---

१३८ दोहे की टीका।

बाल (नायिका) हृदय में सोच रही थी कि मैं (संयोग के समय नायक से) कहा करती थी कि, "(तुम्हारे) बिछुडते-ही मर जाऊँगी" (और अब बिछोह हो गया, इस से मर कर अपनी बात को पूरा करना-ही उचित है)। (ऐसे दुःख के अवसर को दशा) सब सखी खडी देख रही थीं (कि) क्षण क्षण पर (नायिका की) विथा अधिक (विशाल) हो रही है। अर्थात नायिका मरने का दृढ संकल्प करने के कारण चित्त में धैर्य को स्थान नहीं देती, इस से विरह वेदना बढती-ही जाती है। जिस (वेदना) के (बाहरी) चिन्ह देख कर एक पडोसिन (सौत=नायक की दूसरी स्नेह-भागिनी*) ने (विचार किया) कि, अब यह (नायिका) देह छोडती है। इस से (पडोसिन) यह सोच कर बिलखने (रोने) लगी कि, "आहा, ऐसा (बढा बढा) स्नेह-युक्त विरह † कहीं (बिरही-

---

* सौत विवाहिता और अविवाहिता दोनों प्रकार की होती है।

† विरह की बहुवचन (बिरहन) कहना स्नेह की विलक्षता के कारण है। या विरह के अनेक अंग लक्षणों को भी विरह के नाम से पुकार सकते हैं। पूर्व प्रान्त में कई एक एकवचनवाली शब्दों की बहु-वचन की भाँति बोलते भी हैं, यथा "इन भगतइन (भगतई=भक्ति का बहुवचन) ने (से) मिरिछी (मूर्छा की बाई का (खोंकर) रही (रहेनी)"। भक्ति में अनेक लक्षण होने से या बोलचाल के ढंग से बहुवचन के रूप में बोलते हैं नहीं, भक्ती का बहुवचन जैसा।

ही स्त्री में) देखने में आता है"। अथवा यह अर्थ भी हो सकता है कि, इन स्नेह (के लक्षणों) से संयुक्त विरह कहीं-ही देख पडता है। "विरहन" के स्थान पर "विरहिनि" पाठ हो, अथवा विरहिन (बिरही का बहु-वचन) हो, तौ भी "इन" शब्द को आदरार्थे बहुवचनं—वा—इन नेह-युक्त विरहियों (को कहूं लखी = किसी-ही ठौर देख सकते हैं) अर्थ हो सकता है। तब (सौत को बिलखते देख कर) (नायिका ने) जाना कि अब प्रेम का पूर्ण लक्षण (इस) तिय (स्त्री = सौत) में (पाया जाता है), क्योंकि मेरी विरह व्यथा यह भी नहीं सह सकती (इसी से बिलखती है)। किसी के दुःख से दुखी होना प्रेम का लक्षण है। जो हृदय का कोमल होता है, वही ऐसा करता है। और ऐसा न होगा वह प्रेम का निर्वाह क्या करेगा? (यहाँ पूर्ण का अर्थ संपूर्ण न मान कर "भरा हुआ" मानें, तो इस प्रश्न को भी स्थान न रहेगा कि, नायिका अपनी सौत को प्रेम के पूर्ण लक्षणवाली कैसे मान लेगी? अतः "लक्षण से पूरित प्रेम" यह अर्थ अधिक सुंदर जान पडता है। यह (पराई सहानुभूति नामक प्रेम का लक्षण) देख के नायका इस अनुमान से हर्षित हुई कि, सौत सुझ में मत्सु के से चिह्न पा कर दुःख करती है (यहाँ नायिका अपने प्रेम में इतना प्रभाव देखती है कि सहज विरोधिनी तक के चित्त पर आधिपत्य कर लिया)। ऐसे स्थल पर दुःखी मुमूर्षु का हर्षित होना अयोग्य नहीं है। और पातिव्रत्य की अपेक्षा—सौति-साल की अधिकता—भी नहीं पाई जाती। वरंच प्रेम का आधिक्य सिद्ध होता है, जो नायिका के और दूसरे रूप से सौत के हृदय पर भी प्रभाव दिखा कर मरणोन्मुख व्यक्ति तक को हर्ष दान कर के सच्चे पातिव्रत्य की छटा दर्शाता है। रोते को बिना कारण हँसाना वा हँसते को रुलाना प्रेम-देव का सहज खेल है। और पातिव्रत्य भी प्रेम-ही का एक रूप है॥

१४३ दोहे की टीका।

सीप (पानिप, आबदारी, शोभा)। अनूप, जिस की उपमा न हो (बे नजीर)। टीकाकार ने 'अनूप' का अर्थ नया लिखा है, सो यद्यपि अपूर्व शब्द का अर्थ है, तौ भी कभी कभी अनूप को भी अपूर्व के अर्थ में ले आते हैं॥

१४६ दोहे की टीका।

यह प्रश्न-ही व्यर्थ है। छाती बत्तीसी, औ दंपती के नेत्र-ही का काम हुलसना बिहसना तथा हँसना है। हाथ, पाँव, नाक, मुँह कभी किसी के नहीं हँसते बिहसते। अतः अक्षरों में न हो, तौ भी अर्थ में जो जिस अंग का काम है, वही लिया जायगा। दोनों का, अर्थात नायिका और अंतरंग सखी का, अथवा दंपती का ऐसे अवसर पर हँसना (दर्शन की प्रसन्नता से) भी असमंजस नहीं है। हँसना यहाँ ठट्ठा मारने के अर्थ में नहीं है। आनंद सूचनार्थ मुसकिराने मात्र से प्रयोजन है। सो सैकडों बहिरंग लोगों के मध्य में भी हो सकता है, जिस का अस्तित्व केवल दो-ही (एक चित्तवाले) समझ लेते हैं। विशेषतः यह नायिका परकीया है, जिस को चतुरता के विना काम-ही नहीं चल सकता। यों-ही परकीया की अंतरंग सखी के उपपति भी ऐसे मूर्ख नहीं होते कि इतर (गैर) के सामने अपने मन का भाव (आपस में) न जतला सकें। टीका-कार का "दंपती की आँखें" कहना भी व्यर्थ है। क्योंकि उपपति नायक के आगमन के साथ-ही परस्पर दर्शन भी सहज नहीं है। स्वकीया वा गणिका-ही के पति बाहर से आते-ही अपनी प्यारी को देख सकते हैं। उपपति को ऐसा अवसर तभी मिल सकता है, जब नायिका प्रेम वा देव के वश उसी (नायक) का मार्ग देख रही हो। सो किसी अक्षर से ऐसा अर्थ निकलता-ही नहीं है, कि नायिका को तत्क्षण प्रिय-दर्शन का सुयोग प्राप्त था। अतः हँसना बिहसना आदि नायिका और समाचार देने-वाली का बन सकता है। न कि नायक नायिका का। यदि नायक का जिक्र होता, तो "हुलसे, बिहसे," आदि शब्द होते। पर मुख्य दोहे में "बिहसी हँसो" का प्रयोग किया है, इस से "दुहुन निहारि" की हँसनेवाली स्त्रियाँ-ही सिद्ध होती हैं, पुरुष कभी नहीं॥

यह कहना भी निरर्थक है "क्या एक आँख हँसती है जो दो कहा?" यहाँ "हँसने" का कर्म आँख की ओर नहीं है (जैसे छाती, बत्तीसी आदि किसी शब्द का अर्थ नहीं लक्षित हुआ, वैसे-ही नेत्र का भी कहीं नाम नहीं है, फिर ऐसी शंका क्यों?)। हँसने बिहसने-वाले दोऊ हैं, और यही दोऊ शब्द से पाया जाता है, अतः आँखें तो होती हैं चार! – एक आँख किस अक्षर में पाई जाती है, जो ऐसा संदेह उठाया जाय॥

हाँ, यदि टीका-कार-ही अर्थ पक्षपात वशतः मान लें, तो सिद्धांतार्थ-वाली कहानी अनुचित रीति से नहीं गढी गई। पर हैं प्रश्न और उत्तर दोनों वाहियात। इस से तो कहानी यों बनाई जाती, तो प्रेमाधिक्य के कारण रसीली हो जाती कि:—

नायिका अपनी अंतरंग सखी से वियोग जनित वेदना का वृत्तांत कह रही थी। इतने में किसी ने नायक के आने का समाचार किसी से पुकार कर कहा, जिसे सुनते-ही वह (नायिका) द्वार पर वा कोठे पर उसी समय जा पहुँची। वहाँ दोनों (नायिका नायक) परस्पर दर्शन लाभ कर के, हुलस, विहस, और हँस उठे। पर एक पुरुष और एक स्त्री होने के कारण "हुलसी, विहसी, हँसी" के स्थान पर "हुलसे, विहसे, हँसे", ऐसा पाठ बदलना पडेगा। टीका-कार ने इस का ध्यान न रख कर "हँसी दंपती की आँखें" लिख मारा है॥

यदि पाठ बदलना अनुचित जान पड़े (है-ही), तो "दोऊ" शब्द से नायिका और सखी-ही का मंगल समाचार सुन कर हँसना, विहसना, मानने योग्य है। नायक नायिका का नहीं॥

अब टीका के दोहाओं का अर्थ सुनिये॥

बहिरंग सखी यह (सोच कर) हुलसी, कि आज (नायिका की) चोरी (गुप्त-स्नेह) जान ली। जहाँ हुलास (प्रसन्नता) होता है, वहाँ अंगों में सुख का साज और विहसना (होता-ही है)। यह दोनों (नायिका और अंतरंग सखी) विहसीं (प्रसन्न हुईं) कहिए (अर्थात*) फिर मुसकिरा के हँसीं (बहिरंगिनी के, संकोच से खुल के न हँसीं)। और बहिरंगिनी (दोनों को मुसकिराते) देख के, हँसी (कि) नेह को (नायिका) छिपा न सकी। वह (बहिरंगिनी सखी) चतुर थी, (इस से) यह (सोच कर भी) हँसी कि, अब तक (मैं ने) बात (नायिका के स्नेह की) लखी (समझी) ही न थी॥

सोचे साचे यही अर्थ निकला है नहीं, दोहे तो यहाँ पर स्पष्ट अर्थ से दूर-ही हैं॥

---

* बहुत स्थान "अर्थात" के स्थान पर "कही" वा "कहिए" बोलते हैं, यथा "धेनुवृंद" धेनु कही (वा कहिए) गाय, तिन का वृंद कही (अर्थात) समूह॥

दोहा १६२।

भागन = भाग्य बल से (भाग्यों से वा भागों से)। ठाकुर कहते हैं "भागन भेंट भई कब-हूँ पै घरीक विलोके अघैयत नाहीं", अर्थात कभी भागों से (उन के = नायक) के साथ भेंट हुई (भी) पर घरी भर देख के तृप्त नहीं होती हूँ॥

भाग (भाग्य) नसीब आदि को दिल्ली लखनऊ आदि के साधारण लोग तथा कवि भी एक-वचन बहु-वचन दोनों में प्रयोग करते हैं। यथा सौदा (दिल्ली के प्रसिद्ध कवि) "नसीबों से अगर था जय शबरात"। इत्यादि बहुत प्रमाण हैं।

अर्थ यह है कि (संकेत स्थल के) आधे मार्ग में चंद्रमा (का उदय देख के नायिका को) छटपटी पड गई (कि कोई जाते हुए देख न ले), पर साथ के भ्रमरों ने भाग्य से (नायिका के) गली को (घिर कर) अंधकार पूर्ण कर दिया (बिना उपाय किए छटपटी जाती रही, यही भाग्यों की उत्तमता है)॥

१७७ दोहे की टीका।

स्वकीया नायिका (नायक को अन्य स्त्री के पास से आया हुआ देख के) कहती है (कि), हे सखी, युक्त (ठीक बात) तो यह है कि, काम-देव इन्हें हाथी की भाँति घेर लाया है, नहीं तो (मेरे पास) इन का आना कैसे बनता, (पर) इन को प्रिया (परकीया) नहीं मिल सकती (इस से काम-वेदना मिटाने को मेरे पास आए हैं)॥

युक्त = ठीक, सत्य, यथा "आप का कहना युक्त है"॥

१७९ दोहे की टीका।

मूल में केवल "सबैकहाउरहैं" लिखा है। टीका-कार महाशय "तुम्हारा" शब्द न जाने कहाँ से ले आए। ठीक अर्थ यह जान पडता है कि, सभी कहाउ (कहाव = "कहना" शब्द की संज्ञा, यथा "बत-कहाव") रहते हैं। अर्थात ऐसी (झूठी) बातें तो सभी बनी-ही रहती हैं, (पर) महाउर की लीक (प्रत्यक्ष हम) लखती हैं। फिर तुम्हारे कहने को सत्य और तुम्हें निर्दोष कैसे मान लें?

यदि टीका-कार के पक्ष से "उर" का अर्थ, "तुम्हारा मन मान लें", तो भी ध्वनि

से यह अभिप्राय निकलेगा कि. तुम्हारा ऐसा मन सब का नहीं है, कि प्रत्यक्ष दोष देख कर भी केवल बनावटी बातों पर रीझ जाय। अर्थात तुम प्रत्यक्ष देखते हो कि, यह पराई स्त्री है, तौ भी उस की मीठी मीठी बातों में आ कर, उसे अपनी स्त्री से तुल्य आदर देते हो॥

---

१८६ दोहे की टीका।

दोनों (मेरे और अन्य स्त्री के) मुंह लगते हो, दोनों को दुःख देते हो, यह अर्थ हुआ। अर्थात वह भी झूठी बातों से क्या सुख पाती होगी। (जब कि) प्रिय की हिय-लाग (हार्दिक प्रीति = सच्चे जी से स्नेह) नहीं है, (तो) मुख मीठी (केवल मुख से मीठी मीठी बातें = मिठ-बोलापन) सब व्यर्थ है। अर्थात मन से प्रीति न हुई, तो मौखिक स्नेह में क्या रक्खा है। जिस में मुंह-लाग (अर्थात झूठ बोलना और निर्लज्जता करना) है, उसी को मुंह लगना (दुःख देना) कहते हैं। (तदनुसार) वह अनुराग दुःख देता है जो हृदय से न हो (केवल) ऊपर-ही से झलकता हो। मूल दोहे में "सनेह सौं पागि" शब्द है, और पागना कहते हैं किसी वस्तु को केवल ऊपर-ही ऊपर खटाई मिठाई आदि से युक्त कर देने को। अर्थात तुम में ऊपर-ही ऊपर का स्नेह है, भीतर (मन में) कुछ नहीं। इस से प्रीति में कच्चे हो, तिस पर भी मुंह लगते हो (धृष्टता करते हो), अतः सूरण की भाँति दुःख-दायक हो॥

मुंह लगना = झूठ बोलना, ढिठाई करना, और दुख देना॥

पागना मिठाई-ही आदि के साथ बोलते हैं, घी तेल आदि के साथ कोई कोई लोग अवसर विशेष पर ऐसे-ही बोल लेते हैं। जैसे प्रीति उठी (जाती रही), वा अंग की प्रीति छुटा चाहती है। यहाँ उठना बैठना छुटना लगना आदि व्यक्ति वा वस्तु के कार्य प्रीति में युक्त नहीं हैं, तौ भी कभी कभी बोलने में आते हैं, पर और क्रियाओं (verbs) का प्रयोग इस प्रकार से नहीं होता॥

२२६ दोहे की टीका।

पाँचवें दोहे में कह आए हैं कि "भिन्न भिन्न को अधिकई प्रीति अधिक तहँ

मानि"। छठें दोहे में उसी को पुष्ट करते हैं कि, जैसे राजा राजा और धनी धनी की मित्रता में (परस्पर) कौन नए सुख (प्राप्त होते हैं), जो स्नेह कर के (दोनों मित्र) चाहें? (क्योंकि दोनों को) निज गेह-ही में एक से सुख (मिल सकते हैं), अर्थात एक को दूसरे की सहायता की आवश्यकता-ही क्या होती है? (पर हाँ), एक महाधनी हो, औ दूसरा राजा हो, तो दिन दिन प्रीति बढ सकती है, (क्योंकि) एक (अर्थात राजा) अपनी आज्ञा के पुष्ट रूप से प्रचार होने का सुख चाहता है (सो जब एक प्रतिष्ठित धनी मित्रता के कारण सब प्रकार की आज्ञा मान लेगा, तो उस के अनुरोध से सर्व साधारण अवश्य-ही मानेंगे, और राजा के लिए यह बात बडे-ही संतोष का हेतु है)। तथा दूसरा (धनी) धन का सुख चाहता है (जिस की वृद्धि राजा की सहायता से सहज में हो सकती है)। रीति यही है (जिस से मित्रता के सुख की दिन दिन वृद्धि होती है)। इस दृष्टांत से तात्पर्य यह है कि, एक वृषभानु-जी की कन्या हैं, दूसरे हलधर-जी के भाई हैं, ऐसे भिन्न संबंध में आपस के प्रेम की अधिक संभावना है। एक की कन्या दूसरे को पुत्र, वा एक को किसी की भगिनी दूसरे को भाई कहने में, सम संबंध होने के कारण, स्नेह की पुष्टता का इतना संभव न होता॥

यहाँ भी केवल बात का बतंगड किया है। नहीं तो "वृषभानुजा" और "हलधर के बीर" कहने में सखी का सखी से परिहास भी अयुक्त न था॥

२२८ दोहे की टीका।

इस (भाविक अलंकार) के उदाहरण का रूप कवि (लोग) यों वर्णन करते हैं। (नायक) विदेश में भी (प्रेम प्रावल्य के कारण) देखता है (अनुभव करता है) मानो प्रिया मुसकान समेत (मुसकिराती हुई, मुझे) पान दे रही है। तात्पर्य यह है कि, नायक विदेश में अपनी प्यारी से दूर रहने पर भी ऐसा अनुभव करता है। यहाँ दूर को निकट के रूप में माना है। इस से भाविक अलंकार हुआ। वर्तमान=निकटस्थ (समय, व्यक्ति, वस्तु आदि), और भूत भविष्य=दूरस्थ (पुरुष, पदार्थ, काल, कर्मादि)॥

स्निग्ध-शब्द कठोर होने से भाषा के योग्य नहीं है, इस से "देत बिहँसि

मोहिं पान" वा "हँसी मुत पान", ऐसा पाठ उत्तम होगा। स्मित सुखकिराहट को कहते हैं, पर संस्कृत-ही में अच्छा लगता है, भाषा में नहीं॥

---

२३१ दोहे की टीका।

अन्योक्ति (अन्योक्ति) दूसरे पर ढाल कर किसी से कुछ कहने को अन्योक्ति कहते हैं। यथा—चोल्ह के घौंसले में मास नहीं बच सकता—अर्थात दूती के पास रह कर तू (हे सुंदरि) नहीं बचेगी (अछूती न रहेगी)॥

बहिनापन वा बहिनापा=वास्तव में बहिन न हो, पर प्रीति के कारण बहिन बनती हो, उस का संबंध॥

ऐसी बहिन को "बहिनेली" वा "मुंह बोली बहिन"। और उस के बर्ताव को "बहिनापन", "बहिनपन", "बहिनापा", "बहिनपौ", "बहिनाचार", वा "बहिनियाचार" कहते हैं॥

दूती चतुर है। नायिका भोली है। इस से सखी नायिका को समझाती है कि, इस (दूती) के बहिनापे में न भूली॥

दोहे का अर्थ। यह (नायक) महा छबीला है, नगर में सुहले सुहले इस की चाह है। (इस से) जहाँ जायगा, वहीं की (नायिका) अपना-ही नाह (पति) कर लेगी॥

अर्थात ऐसे सुंदर पुरुष और ऐसी चतुर दूती के मध्य, तेरे सतीत्व का विनाश-ही होगा॥

---

२६० दोहे की टीका।

दु वे लगाये एक से इत्यादि॥ जो वे (बाण) एक (रीति से) लगाए जाने पर अबाधित रूप से जा कर लगें, अर्थात पवन अथवा (दो बाण संचालकों के अतिरिक्त) और किसी वीर के वारों से बच कर (आपस में) मिल जायें, तो दो वे दोनों (बाण) कट कर गिर पड़ते हैं (भूमि पर)। चलानेवालों पर बाधा नहीं आती (बाण-ही व्यर्थ जाते हैं)। पर वेध, लाघ को बाधा को बचा कर, यदि लगें

घा लगाए जायें, तो दोनों ओर के चलानेवालों को मूर्छित कर देते हैं। अर्थात नैन-बाण जिस पर चलाए जाते हैं उस पर तो चोट करते-ही हैं। वरंच जो चलाता है उस को भी विकल किए बिना नहीं छोड़ते—नेत्रों के द्वारा स्नेह की पीड़ा दोनों (प्रेमी और प्रेम पात्र) के हृदय में उत्पन्न हो जाती है। (इस बात के उदाहरण अनेक हैं)। इन नैन-बाण के संचार में विषमता यही है कि, वहाँ (युद्ध क्षेत्र में) आपस में टक्कर खाने (मिल जाने) से बाण गिर पड़ते हैं, और यहाँ (प्रेम-देव के विहार-स्थल में) नैन-बाण के स्वामी (प्रेमिक और प्रेमिणी—अबाधित रूप से नैन-बाण का संमेलन हो जाने पर) गिरते हैं—स्नेह से विकल (लोट पोट) हो जाते हैं। और खरी विषमता यह है कि, बाण (नेत्र) का रूप जैसा था वैसा-ही बना रहता है॥

तात्पर्य यह है कि, बाण जिस पर चलाया जाता है, उसी को घायल करता है, चलानेवाले को नहीं विधता। हाँ, जिस पर चलाया जाय वह भी अपना बाण छोड़े तो दोनों के लगना संभव है, किंतु बीच में पवन वा किसी तीसरे बाण आदि की बाधा से बच कर दोनों बाण आपस में मिल जाँय, तो किसी को भी दुःख नहीं देते (आप-ही गिर कर बे-काम हो जाते हैं)। पर नैन-बाण की गति बड़ा विषम है। वह, जिस पर चलाए जाते हैं, उस को तो विकल करते-ही हैं, किंतु चलानेवाले का भी हृदय बेधे बिना नहीं मानते (जो इन बाणों को चलाता है, वह पहिले-ही से स्नेह-बाण-विद्ध होता है, नहीं तो ऐसा कर-ही न सके), और यदि लोक-लज्जादि की बाधा न होने के कारण दोनों ओर के चलाए हुए बाणों का संघट्ट हो जाय, तो भी बाणों का कुछ नहीं बिगड़ता, दोनों चलानेवाले-ही घायल होते हैं॥

२७७ दोहे की टीका।

छकने का अक्षरार्थ है कि नशा छूट के चैतन्य भाव होना। छिन छाकने का अर्थ है क्षणेक में नशा प्राप्त होना। क्षणेक में जहाँ नशा प्राप्त होती है, वहाँ (नशा) उतर जाती है। यहाँ पर छिन-हूँ के छवे का अर्थ है, कि जब भर जी द्युति देखी, उस से नशा चढ़ी, फिर वह नहीं उतरी। इस लिये बाल विषय से नशा नाश नहीं

होती है ऐसा कहा। तात्पर्य यह है कि, छिन भर में जो नशा चढ़ी, वह उतर जानी चाहिये। पर वह नहीं उतरी। इस कारण काल के स्वभाव में व्यत्यय पड़ा। उसी व्यत्यय को "हरे न काल विपाक" यह इतना अंश जताता है। उस का हेतु, "वाक्यछिन छाकै उछकै न फिर", यह है। इस कारण पुनरुक्त दोष नहीं॥

३०५ दोहे की टीका।

"हेतु समय न होय जहँ" इत्यादि दोहार्धों का अर्थ यह है, कि कारण तो हो, पर पूरा कारण न हो तो भी कार्य उत्पन्न हो, ऐसे स्थल में भी विभावनालङ्कार होता है। उस के दो उदाहरण देते हैं। एक तो, "तरुणी कटाक्ष-रूपी बाण छोड़ती है", और दूसरा, "भूषण के बिना भी भूषणवती देखी जाती है"। पहिले उदाहरण में, यद्यपि नेत्र कारण हैं, पर पूरे कारण नहीं हैं। पर चोट का लगना पूरा कार्य होता है। और जिह्वा मधुर-वाणी-रूपी भूषण से भूषित है। ऐसा तात्पर्य होने से, यद्यपि मधुर वाणी पूरा कारण नहीं है, तो भी जिह्वा का भूषित होना कार्य हुआ है। कारण किसी दूसरे कार्य का हो, और जो कार्य उत्पन्न होना हो, उस का जो प्रसिद्ध कारण हो अपने उस प्रसिद्ध कारण को छोड़ के, जहाँ दूसरे न्यारे किसी कार्य के कारण से, जहाँ कार्य की उत्पत्ति कही जाय, वहाँ भी विभावनालङ्कार होता है। इस का उदाहरण यथा, "देखो गङ्ग से वीणा का शब्द हो रहा है"। इस का तात्पर्य यह है कि कण्ठ गङ्ग के समान है। उस से वाणी का शब्द ऐसा निकल रहा है, मानो वीणा का शब्द हो रहा है, हे प्रवीण लोगो। यहाँ वीणा के शब्द का कारण गङ्ग नहीं है। तैसे-ही ज्वालामुखी के मध्य में अग्नि की उत्पत्ति के कारण इन्धनादि नहीं हैं। वहाँ कारण न होने से, वह नियत स्थान-ही अग्नि का कारण जाना जाता है, क्योंकि न्यारे किसी स्थल में इन्धनादि के विना अग्नि उत्पन्न नहीं है। पर्वत पत्थर की उत्पत्ति का हेतु स्थान है, यह बात प्रसिद्ध है, परन्तु वहाँ पर अग्नि की उत्पत्ति देखने में आई, इस कारण यहाँ विभावनालङ्कार माना गया है। तैसे यहाँ प्रेम को अग्नि विचार के उपमा दी है। अग्नि के कारण काष्ठादि निश्चित, परन्तु प्रेम में काष्ठादि कारण नहीं हैं। प्रेम-रूपी अग्नि तो प्रेमियों के परस्पर नेत्रों के मिलाने से होता है। उस प्रेम-रूपी अग्नि की पहिचान भी प्रेमियों के परस्पर नयनों के मिलने से होता है। इस प्रकार से यहाँ विभावनालङ्कार प्रगट है॥

३१३ दोहे की टीका।

भोर की खडी पा के ओठों में हलकेपन से, अर्थात धीरे से, प्यारी प्यारे से जो बात कह के चली, वह बात खटकती है, यह कैसे हो सकता है। क्योंकि भोर में दूसरी ओर ताक के, धीरे धीरे ओठ हिला। जो बात कही जाती है, वह सुनाई नहीं देती। जो सुनाई नहीं दी, उस का अज्ञात आशय कैसे खटक सकता है। हरवाइ = हलकापन, अर्थात धीरे॥

---

३३३ दोहे की टीका।

